सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0


RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-31 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 18 जुलाई 2025
22 मोहर्रम 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com

# भारत का दोहरा शक्ति प्रदर्शन

## पृथ्वी-2 व अग्नि-1 बैलिस्टिक मिसाइलों का किया सफल परीक्षण

■ ट्रेनिंग लॉन्च ने सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों को पूरा किया



**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को दो स्वदेशी कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों पृथ्वी-2 और अग्नि-1 का सफल परीक्षण किया। दोनों मिसाइलों को ओडिशा तट के पास स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से लॉन्च किया गया। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों के मुताबिक, सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किए गए इस ट्रेनिंग लॉन्च ने सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया। जानकारी के अनुसार, अग्नि-1 मिसाइल का परीक्षण पहले अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया, जबकि कुछ समय बाद पृथ्वी-2 मिसाइल को चांदीपुर स्थित आईटीआर के लॉन्च पैड नंबर-3 से दागा गया। अग्नि-1 मिसाइल की मारक क्षमता 700 किलोमीटर तक की है। इस मिसाइल का भार 12 टन है और यह 1,000 किलो के परमाणु हथियार को अपने साथ ले जा सकती है। अग्नि 1 मिसाइल को उन्नत सिस्टम प्रयोगशाला ने रक्षा अनुसंधान विकास प्रयोगशाला और रिसर्च सेंटर इमरात के साथ मिलकर विकसित किया है। मिसाइल को हैदराबाद स्थित भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने पूरा किया है। इस मिसाइल को सबसे पहले साल 2004 में सेवा में लिया गया था। जमीन से जमीन पर वार करने वाली इस मिसाइल को सॉलिड प्रॉपलैंट्स द्वारा बनाया गया है।

पृथ्वी-2 बैलिस्टिक मिसाइल को स्वदेशी तरीके से विकसित किया है। पृथ्वी-2 मिसाइल की मारक क्षमता 350 किमी है। पृथ्वी-2 500 से 1,000 किलोग्राम भार तक के हथियारों को लेकर जाने में सक्षम है। सतह से सतह पर साढ़े तीन सौ किमी मार करने वाली इस मिसाइल में तरल ईंधन वाले दो इंजन लगाए गए हैं। इसे तरल और ठोस दोनों तरह के ईंधन से संचालित किया जाता है। मिसाइल में एडवांस गाइडेंस सिस्टम लगा है जो अपने लक्ष्य को आसानी से मार गिरा सकता है। पृथ्वी मिसाइल 2003 से सेना में है। पृथ्वी डीआरडीओ द्वारा निर्मित पहली मिसाइल है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जुड़ेंगे दो नए जिले : मुख्यमंत्री

**योगी का बड़ा एलान**

■ 200 करोड़ रुपये से अधिक लागत का बनेगा कोर्ट





**चंदौली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिले के विकास के लिए हमारी डबल इंजन की सरकार की ओर से कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वाराणसी रिंग रोड से चंदौली को जोड़ने के साथ बाबा कीनाराम मेडिकल कालेज का संचालन बीते वर्ष से हो रहा है। आने वाले दिनों में दो सौ करोड़ रुपये की लागत से इंटीग्रेटेड जनपद न्यायालय का निर्माण कराया जाएगा।

एक ही छत के नीचे अधिवक्ताओं के चैंबर तो बनेंगे ही न्यायिक अधिकारियों के आवास का निर्माण भी कराया जाएगा। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के जरिए लखनऊ से गाजीपुर तक लोग लाभ उठा रहे हैं। अब इसे चंदौली से सोनभद्र होते हुए शक्तिनगर तक भी जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री गुरुवार को कलेक्ट्रेट में कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

अपने सात मिनट के भाषण में उन्होंने कहा कि अब जनपद वासियों को गंगा एक्सप्रेस वे का भी लाभ मिलेगा। मेरठ से प्रयागराज तक काम लगभग अंतिम चरण में है। आगे इसे मीरजापुर, भदोही, वाराणासी से चंदौली होते हुए गाजीपुर तक जोड़ा जाएगा। यह जनपद के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

ग्रीन फिल्ड के तहत वाराणसी से कोलकाता तक मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है। मेडिकल कालेज में बाबा कीनाराम की मूर्ति की स्थापना कराई जाएगी। कहा कि नौगढ़ क्षेत्र में नौकरी की नई संभावनाओं के लिए औद्योगिक विकास पर बल दिया जा रहा है। आने वाले दिनों में यह विकास की धुरी बनेगा। कृषि प्रधान जनपद के साथ यह औद्योगिक जनपद के रूप में विकसित होगा। कहा कि जनपद के कालेजों में विज्ञान वर्ग की कक्षाओं के संचालन की मांग को पूरा किया जाएगा। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने कलेक्ट्रेट परिसर में रुद्राक्ष के पौधे का रोपण किया। प्रभारी मंत्री संजीव गौड़, विधायक सुशील सिंह, रमेश जायसवाल, कैलाश आचार्य, राज्य सभा सदस्य दर्शना सिंह, साधना सिंह, डीएम चंद्रमोहन गर्ग व एसपी आदित्य लांग्हे सहित अन्य जन प्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ 2.24 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचे। सर्व प्रथम पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत रुद्राक्ष के पौधे का रोपण किया। इसके बाद सीधे सभागार में विकास कार्य व कानून व्यवस्था की समीक्षा करने पहुंचे। 50 मिनट तक उन्होंने समीक्षा बैठक की। इसके बाद मीडिया को संबोधित किया। सीएम सन मेरिनो एकेडमी में बनाए गए हेलिपैड के लिए रवाना हो गए।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

सीएम के आगमन को लेकर गुरुवार को जिला मुख्यालय पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट से परिसर में प्रवेश करने के लिए जांच के बाद ही किसी को प्रवेश की अनुमति दी जा रही थी।

# मोदी का बिहार और बंगाल दौरा कई परियोजनाओं की देंगे सौगात

■ लखनऊ-दिल्ली के लिए चार नई अमृत भारत ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को बिहार और पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी दोनों राज्यों में हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। बिहार के मोतिहारी और पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में जनसभाओं को भी संबोधित करेंगे।

पीएम मोदी बिहार के मोतिहारी में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और दोपहर लगभग 3 बजे दुर्गापुर में विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने के अलावा कुछ प्रोजेक्ट को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। लगभग 4,080 करोड़ रुपये की दरभंगा-नरकटियागंज रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना का भी शिलान्यास होगा। इससे अधिक यात्री ट्रेन और मालगाड़ियों का संचालन संभव होगा, और उत्तर बिहार की कनेक्टिविटी देश के अन्य हिस्सों से मजबूत होगी। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को बिहार के विभिन्न स्थानों से लखनऊ और दिल्ली के लिए चार नई अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

# पेट्रोल-डीजल जल्द होगा सस्ता कीमतों में होगी भारी कटौती

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि अगर मौजूदा वैश्विक हालात ऐसे ही बने रहे और कच्चे तेल की कीमतें मौजूदा 65 डॉलर के आसपास बनी रहीं तो तीन-चार महीनों में पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा कीमतों में कमी आ सकती है। देश में हाइड्रोकार्बन क्षेत्र पर आयोजित सेमिनार ऊर्जा वार्ता-2025 को संबोधित करते हुए पुरी ने कहा सरकारी क्षेत्र की कंपनियों के पास 21 दिनों का भंडार है। गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत 67 डॉलर प्रति बैरल रहीं।



वैश्विक स्तर पर भारी अनिश्चितता के बावजूद भारत में कमोवेश पिछले साढ़े तीन वर्षों में पेट्रोल, डीजल की खुदरा कीमतें स्थिर रही हैं। पेट्रोलियम मंत्री ने अमेरिका की तरफ से भारत पर रूस से तेल खरीदने के बढ़ते दबाव को दरकिनार किया है। उन्होंने कहा कि हम अपनी जरूरत के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में जहां एनर्जी उपलब्ध होती है, वहां से खरीद रहे हैं और आगे भी ऐसा किया जाएगा। जहां तक किसी एक देश से तेल खरीदने की बात है तो अभी अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कच्चे तेल के पर्याप्त विक्रेता हैं और भारत के पास पर्याप्त तेल भंडार भी है।

# सीएम नीतीश ने की 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा


■ चुनाव से पहले बिहार सरकार का बड़ा फैसला



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आगामी विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़ा लोकलुभावन कदम उठाते हुए गुरुवार को राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की घोषणा की। कुमार ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा करते हुए कहा कि 1.67 करोड़ परिवारों को इसका लाभ मिलेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि मुफ्त बिजली योजना एक अगस्त से लागू होगी। सीएम कुमार ने कहा, इसका मतलब है कि जुलाई के बिलों से ही 125 यूनिट तक बिजली के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने यह दावा भी किया कि हम पहले से ही सभी उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली प्रदान कर रहे हैं।

सबसे लंबे समय से बिहार के मुख्यमंत्री पद पर आसीन नीतीश कुमार काफी वक्त से ''एक राष्ट्र, एक शुल्क'' के समर्थक रहे हैं और दावा करते रहे हैं कि मौजूदा परिस्थितियों में बिहार को उच्च दर पर बिजली मिल रही है। नीतीश से पहले बिहार के पूर्व उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अपनी सरकार बनने पर 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया था। तेजस्वी यादव की पार्टी राजद राज्य में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का नेतृत्व कर रही है।

# लेखपालो की लगेगी ड्यूटी, खतौनी से होगा खाद वितरण, लापरवाही पर कार्रवाई तय




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जनपद में यूरिया वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं नियमावली के अनुरूप संचालित कराने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने गुरुवार को एनआईसी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए एसडीएम, सीओ और एसएसबी के तीनों बटालियन कमांडेंट के साथ अहम बैठक की। बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उर्वरक वितरण की प्रक्रिया पूर्णतः नियमबद्ध, नियंत्रित एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों एवं विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी डीएम ने कहा कि हर एसडीएम अपने क्षेत्र की सोसाइटी पर लेखपाल और राजस्व निरीक्षकों की तैनाती सुनिश्चित करें, जो वितरण की निगरानी करेंगे। खाद वितरण कृषकों की खतौनी देखकर ही किया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि जरूरत से ज्यादा उर्वरक का आवंटन किसी को न मिले डीएम ने स्पष्ट कहा कि टैगिंग या ओवररेटिंग करते पाए जाने पर निजी विक्रेताओं का लाइसेंस रद्द कर एफआईआर दर्ज की जाएगी। सभी एसडीएम को निर्देश दिए गए कि वह खुद फील्ड में जाएं, उर्वरक दुकानों की जांच करें और देखें कि दुकानें बंद न हों तथा स्टॉक की नियमित जांच हो भारत-नेपाल सीमा पर उर्वरक की तस्करी न हो, इसको लेकर प्रशासन ने मोर्चा कस लिया है। एसएसबी की 39वीं, 70वीं और थर्ड बटालियन के कमांडेंट को निर्देश दिए कि बॉर्डर पर कड़ी निगरानी रखी जाए। डीएम ने कहा कि यूरिया की एक भी बोरी सीमा पार नहीं जानी चाहिए, वाहनों की सघन चेकिंग हो।एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने-अपने थानों से समन्वय बनाते हुए फोर्स की ड्यूटी सोसाइटीज पर लगाएं और खुद भी फील्ड में उतरें। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि लेखपालों की ड्यूटी और उपस्थिति की मॉनिटरिंग की जाएगी। एसडीएम खुद मौके पर पहुंचकर वितरण व्यवस्था की निगरानी करेंगे। बैठक में जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता रजनीश प्रताप सिंह, जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## आठ किसानों के यहां अज्ञात चोरों ने मचाया तांडव

**सहारनपुर।** गंगोह नगर सहित गांव कोठड़ा और बंदाहेड़ी में चोरों ने बीती रात आठ किसानों के नलकूपों को निशाना बनाते हुए केबल, विद्युत सामग्री और कृषि उपकरण चोरी कर लिए। चोरी की लगातार बढती घटनाओं से किसानों का रोष लगातार बढ रहा है।

गांव कोठड़ा के किसान नासिर, हाजी गय्यूर, जब्बार चौधरी और बंदाहेड़ी के किसान नरेश सिंह, बाबू सिंह तथा नरेश सिंह पुत्र नारायण सिंह के ट्यूबवेल से चोर केबल काटकर ले गए। बाबू सिंह के खेत में बने मकान की दीवार में सेंध लगाकर चोर अन्य विद्युत उपकरण भी उठा ले गए। किसानों का कहना है कि यह चौथी बार चोरी की घटना हुई है। घटना की सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान सुशील सिंह, नरेश सिंह, बाबू सिंह, सुशील कुमार, नाज़िम चौधरी, नासिर समेत अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इसी तरह गंगोह में जोगीपुरा उर्फ हमजागढ़ मार्ग स्थित प्रमोद कुमार के खेत में भी चोरों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर स्प्रे मशीन, केबल स्टार्टर, कटआउट समेत अन्य कृषि उपकरण चोरी कर लिए।

# सीडीओ ने की कार्यशाला में अपील, सभी विभाग वास्तविक डाटा पोर्टल पर कराएं फीड



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** ग्राम पंचायतों की प्रगति का आकलन अब आंकड़ों के आधार पर किया जाएगा। पंचायत स्तर पर चल रही विभिन्न योजनाओं की वस्तुस्थिति को परखने और जरूरत के अनुसार बेहतर योजना निर्माण के लिए पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स पोर्टल एक अहम कड़ी बनेगा। इसी उद्देश्य से गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता सीडीओ अभिषेक कुमार और संयोजन डीपीआरओ विशाल सिंह ने किया।कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स पोर्टल, ग्राम पंचायतों की वास्तविक स्थिति को जानने और योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए एक क्रांतिकारी पहल है। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि सभी संबंधित विभाग ग्राम पंचायत स्तर का सटीक और अद्यतन डेटा पोर्टल पर फीड करें, जिससे योजनाएं ज़मीनी हकीकत के अनुसार बनाई जा सकें सीडीओ ने निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति, योजनाओं की पहुंच, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता जैसे सभी पहलुओं का सत्यापन कर ही डेटा फीड कराया जाए। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों के आधार पर ही आगे की कार्ययोजना तैयार होगी और ग्रामों की रैंकिंग भी तय की जाएगी डीपीआरओ विशाल सिंह ने बताया कि इंडेक्स के जरिए जिन ग्राम पंचायतों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहेगा, उन्हें ÷पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार÷ भी मिलेगा। यह पहल केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यही आंकड़े भविष्य में ग्राम पंचायतों के लिए दीर्घकालिक विकास योजनाओं का आधार बनेंगे। ब्लाकों पर कार्यशाला का रोस्टर जारी कर दिया गया है, टायर रोस्टर के मुताबिक वहां भी कार्यशालाएं आयोजित होगी कार्यशाला में समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, तकनीकी सहायक, डेटा ऑपरेटर तथा पंचायत राज विभाग से जुड़े कर्मचारी मौजूद रहे। सभी को पोर्टल संचालन प्रक्रिया, लॉगिन प्रणाली, और सत्यापित डाटा एंट्री के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

## खाद के लिये पूरे जनपद में हाहाकार पुलिस द्वारा किसानों की पिटाई का विडियो वायरल

**लखीमपुर खीरी।** जिले में खाद न मिलने से किसान परेशान हैं। समितियों पर मारामारी की नौबत बन रही है। शंकरपुर समिति में खाद का वितरण बंद होने से परेशान किसानों ने सड़क पर जमकर हंगामा किया। इस दौरान किसानों की पुलिस से झड़प भी हुई। सिपाहियों ने एक युवक को डंडों से पीटा इसका वीडियो वायरल होने के बाद सीओ सदर को जांच सौंपी गई है। आरोप है कि सचिव बिना खाद वितरित किए चले गए थे। इस पर किसान भड़क गए थे। जाम खुलवाने के लिए पहुंची पुलिस से किसानों की झड़प हुई। इससे बौखलाए सिपाही ने युवक को पीट दिया जानकारी के मुताबिक शंकरपुर समिति में खाद वितरित हो रही थी।

किसानों के साथ दर्जनों महिलाएं भी आईं थीं। समिति के सचिव कुछ लोगों को खाद देने के बाद मशीन खराब बताकर चले गए। शंकरपुर निवासी अखिलेश कुमार, अरविंद कुमार, उपेंद्र, कृष्णामोहन दीक्षित, रामशरन, फत्तेपुर निवासी रामचंद्र सिंह आदि किसानों का कहना है कि सचिव ने समिति पर 20 से 25 किसानों को खाद दी। जिन्हें पहले पर्ची दी गई थी उनको खाद नहीं दी गई। नई पर्ची बनाकर उनको दो-चार बोरी देने के बाद मशीन खराब बताकर खाद वितरण बंद कर दिया गया किसानों का कहना था कि समिति में खाद थी, लेकिन उन्हें नहीं दी गई। नाराज महिलाओं और किसानों ने लखीमपुर-मोहम्मदी मार्ग जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। सड़क जाम होने की वजह से दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं। सूचना पाकर पुलिस जाम खुलवाने के लिए मौके पर पहुंची और सड़क पर बैठीं महिलाओं को हटाने लगी। इससे पुलिस और महिलाओं में झड़प हो गई। आरोप है कि सिपाहियों ने एक युवक को डंडे से पीटा। उसके साथ आई महिला उसे बचाने का प्रयास करती रही, लेकिन सिपाही उस पर डंडा बरसाता रहा। इसका वीडियो वायरल हुआ है।

## वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना खीरी पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 0373/25 धारा 74/351(2) क्नहस व 9रू10 पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त शब्बन खाँ पुत्र हमीदुल्ला खाँ नि0 मो0 सैय्यदवाड़ा कस्बा व थाना खीरी गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही करके अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

## दो आरोपियों को पीसीआर पर लेकर अवैध तमंचा किया बरामद

**सहारनपुर।** थाना रामपुर मनिहारान पुलिस ने दो आरोपियों को पुलिस कस्ट्डी रिमाण्ड पर लेकर उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध अस्लाह बरामद किया है।

थाना रामपुर मनिहारान प्रभारी सतेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 3 जून को वादी पंकज पुत्र जगपाल निवासी ग्राम चान्दनपुर थाना रामपुर मनिहारान की तहरीर पर आरोपी कुनाल पुत्र ज्ञानसिह व दीपक पुत्र मामचन्द निवासी ग्राम कवादपुर रसूलपुर थाना बेहट के खिलाफ वादी के पुत्र निशान्त के साथ लाठी डण्डो से मारपीट करने व जान के मारने की नियत से तमंन्चे से फायर करने के सम्बन्ध में थाना रामपुर मनिहारान में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। श्री सिंह ने बताया कि आज दोनों आरोपियों कुनाल पुत्र ज्ञान सिंह व दीपक पुत्र मामचन्द को पुलिस कस्टड्डी रिमाण्ड पर लेकर उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक 315 बोर तमन्चा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 चाकू बरामद किया गया।

# सांसद इकरा हसन के साथ दुर्व्यवहार को लेकर सपाई भड़के

## अपर जिलाधिकारी प्रशासन के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग



### सपा कार्यकर्ताओं ने मण्डलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कैराना सांसद इकरा हसन के साथ अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) द्वारा की गई अभद्रता के विरोध में आज सपा कार्यकर्ताओं ने मण्डलायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया और मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए संबंधित अधिकारी के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

आज सपा कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद के नेतृत्व में मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचे। उन्होंने मंडल आयुक्त अटल कुमार राय को दिए ज्ञापन में बताया गया कि विगत् एक जुलाई को सांसद इकरा हसन पूर्व सूचना देने के बाद नगर पंचायत छुटमलपुर की अध्यक्ष श्रीमती शमा परवीन के साथ अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) से मिलने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय पहुँची थीं। परंतु निर्धारित समय पर भी अधिकारी न तो कार्यालय में उपस्थित थे और न ही उन्होंने सांसद के फोन कॉल का उत्तर दिया।

जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने बताया कि दो घंटे की लंबी प्रतीक्षा के बाद जब अधिकारी उपस्थित हुए, तो सांसद द्वारा विषय उठाए जाने पर उन्होंने न केवल टालमटोल किया, बल्कि एक निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। जब सांसद ने इस पर आपत्ति जताई तो अधिकारी ने उन्हें कार्यालय से बाहर जाने और 'जहां चाहो, शिकायत कर लो' जैसे शब्दों से अपमानित किया।

प्रदेश सचिव मजिहर राणा प्रदेश सचिव, पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप, प्रदेश सचिव रूही अंजुम, महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी ने कहा कि यह न केवल लोकसभा सांसद का अपमान है, बल्कि लोकतांत्रिक मर्यादाओं का भी घोर उल्लंघन है। उन्होंने मंडलायुक्त से मांग की कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए शासन को संस्तुति भेजकर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी लोकसेवक जनप्रतिनिधियों के साथ इस प्रकार का दुर्व्यवहार न कर सके।

इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता साजिद चौधरी, जिला पंचायत सदस्य ममता चौधरी, वरिष्ठ नेता मोहसीन, वीरेंद्र ठाकुर, परवेज़ मलिक, विधायक आशु मलिक प्रतिनिधि मोनिस रजा, चौधरी सलीम अख्तर, चौधरी अब्दुल गफ्फूर, फ़हाद आलम गाढ़ा, अनुज मदनुकी, इसरार चौधरी, विलास राणा, मोहसिन मलिक, फैसल सलमानी, फ्हाद सलीम, अहमद मलिक, चौधरी नियाज, गुलशन खान, महजबी खान, जमाल साबरी, काशिफ अल्वी, वासिल तोमर, चौधरी मेहरबान आदि मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रियों की बढ़ती संख्या को लेकर पुलिस विभाग अलर्ट

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** एसएसपी आशीष तिवारी ने कहा कि पंच्चक की समाप्ति के बाद काँवड़ यात्रियों की संख्या तेजी से बढेगीं, जिसको देखते हुए ड्यूटी प्वाइंटों पर लगातार चैकिंग व ब्रीफिंग की जा रही है। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों व एन्ट्री प्वाइंटो पर सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। एसएसपी आशीष तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि एन्ट्री प्वाइंट्स पर डीजे की ऊंचाई को कम कराकर गंतव्य की ओर रवाना किया जा रहा है। बिना साइलेंसर वाली मोटर साइकिलों को एन्ट्री प्वाइंट्स पर रोककर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है और गाईड लाइन्स के विषय में जानकारी दी रही है। एन्ट्री प्वाइंट्स पर कांवड़ गाईड लाइन के विषय में जानकारी के लिए सहारनपुर पुलिस द्वारा पम्पलेट वितरित किया जा रहे है। उन्होंने बताया कि कांवडियों को लाउड स्पीकर व पीए सिस्टम के माध्यम से शासन द्वारा जारी गाईड लाइन्स के विषय में जानकारी दी जा रही है। ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों की ड्यूटी चैक कर ब्रीफिंग की जा रही है। कांवड़ शिविरों में शिविर संचालकों से वार्ता कर मोबाइल चोरी के सम्बन्ध में पीए सिस्टम के माध्यम से लगातार जानकारी दी जा रही है तथा बैनर लगवाने के लिए भी बताया गया है।

एसएसपी आशीष तिवारी ने बताया कि शुक्रवार की नमाज को देखते हुए जनपद सहारनपुर में सभी जगह विशेष पुलिस व्यवस्था की गयी है। इसके अलावा जनपद सहारनपुर में कांवड़ मार्ग सहित मिश्रित आबादी वाले कुल 44 क्षेत्रों पुलिस व्यवस्थापन के साथ 03 कम्पनी पीएसी, 01 कम्पनी आरएएफकी लगायी गयी है।

# आगामी पंचायत व विस चुनाव की तैयारियों में जीजान से जुट जायें कार्यकर्ताः डॉ. मेघराज

## सभी पदाधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से करें निर्वहनः जगपाल

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** मण्डल के मुख्य प्रभारी पूर्व एमएलसी डॉ.मेघराज सिंह जरावरे ने कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठन की मजबूती के लिए जीजान से जुट जाये, क्योंकि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते है। उन्होंने कहा कि बूथ कार्यकर्ता मजबूत होगा, तो पार्टी भी मजबूत होगी। उन्होंने पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़ने का आह्वान किया।

डॉ.मेघराज सिंह जरावरे आज यहां देहरादून रोड स्थित बसपा कार्यालय पर आयोजित पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी कार्यकर्त्ताओं, विधानसभा अध्यक्षों और सैक्टर अध्यक्षों को बसपा सुप्रीमो बहन मायावती द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों की जानकारी दी और सभी कार्यकर्ताओ की समस्या को सुनकर उनका समाधान कराने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्यकर्ता को पहचानने के लिए उसके पास पांच गुण होने आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पहला समय, दूसरा समझ, तीसरा समझाना, चौथा दृढ़ इच्छा शक्ति व पांचवा सहनशीलता होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता आगामी पंचायत व विधान सभा चुनाव की तैयारियों में जीजान से जुट जाये, ताकि बसपा का परचम लहराया जा सकें।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य मण्डल प्रभारी राजेश प्रधान, मंडल कॉर्डिनेटर सरफराज राइन, जिला अध्यक्ष जगपाल सिंह ने कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारियों को अपनी-अपनी विधानसभा में जो भी जिम्मेदारी मिली हुई है, उसे वह पूरी ईमानदारी से निभाने का काम करें, ताकि आने वाले 2027 के चुनाव में बहन मायावती को मुख्यमंत्री बनाया जा सकें। बैठक में ऋषि पाल गौतम, जिला संयोजक सुशील जायसवाल, रति राम गौतम, बेहट विधान सभा प्रभारी वेदपाल गौतम, विशाल शर्मा, नकुड़ विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र पालीवाल, मनीष काम्बोज, सचिव विजयपाल, नगर विधानसभा से अनिल धारिया, गुलफाम अंसारी, डॉ. आहतेशाम मलिक, शीतल, मोहकम सिंह, हर्षित तोमर, मुकेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, हर्षित प्रधान, राजू पालीवाल, शीतल कुमार, ओमपाल सिंह, नरेंद्र ओलरी, जितेंद्र कश्यप, धर्मेंद्र गौतम, सुनेश प्रधान, सुखबीर प्रधान, केआर भाटला, सुशील बौद्ध, नरेश सिंह, कंवर सैन लाम्बा, अमर सिंह, रामसिंह, सुरेश चंद, वसीम चौधरी, प्रमोद गौतम आदि मौजूद रहे।

# पोर्टल पर राशन डिस्ट्रीब्यूशन की फीडिंग की जाए शत-प्रतिशतः डीएम

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने पोषण ट्रैकर एप पर



मेजरिंग एफिशिएंसी, होम विजिट, टेक होम राशन डिस्ट्रीब्यूशन की फीडिंग तथा अन्य सभी घटकों की फीडिंग प्रत्येक माह शत प्रतिशत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी मनीष बंसल कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होने संभव अभियान की फीडिंग के संबंध में समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि संभव अभियान में नामित नोडल अधिकारियों द्वारा जब सर्वेक्षण पूर्ण कर लिया जाएगा तब उनके मानकों को पोषण ट्रैकर ऐप पर संशोधित किया जाए। पोषण ट्रैकर पर चिन्हित कुपोषित तथा अति कुपोषित बच्चों को वीएचएसएनडी पर लाकर उनकी स्वास्थ्य जांच तथा आवश्यकता पड़ने पर सीएचसी, पीएचसी, एनआरसी संदर्भित करने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि प्रत्येक वीएचएसएनडी सत्र पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने समस्त वेइंग स्केल लेकर उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। डीसी एनआरएलएम को निर्देशित किया गया कि जनपद में स्थापित 7 टेक होम राशन इकाइयों में गुणवत्तापूर्ण पोषाहार का उत्पादन करना सुनिश्चित करें साथ ही उनका समय से वितरण भी कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, पीडीडीआरडीए प्रणय कृष्ण, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.एमपी सिंह गौर, डीसी एनआरएलएम इन्द्रपाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी पंकज कुमार, समस्त खंड विकास अधिकारी तथा पोषण समिति के समस्त सदस्य, जनपद के समस्त सीडीपीओ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## नगरायुक्त ने कांवड़ शिविरों में व्यवस्थाओं का लिया जायजा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज शहर के कांवड़ शिविरों का निरीक्षण कर निगम द्वारा पेयजल व पथ प्रकाश आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। देहरादून रोड स्थित एक कांवड़ शिविर में नगर विधायक राजीव गुंबर, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई व नगरायुक्त शिपू गिरि का पटका पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर अभिनंदन भी किया गया।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज देहरादून रोड़ के सभी कांवड़ शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविरों में पेयजल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई और शौचालयों की व्यवस्था तथा कांवड़ मार्ग पर निगम द्वारा की गयी साज-सज्जा का भी निरीक्षण किया। एक कांवड़ शिविर संचालक ने शिविर के बाहर लाइट खराब होने की समस्या से अवगत कराया, जिस पर नगरायुक्त ने तुरंत पथ प्रकाश प्रभारी/अधिशासी अभियंता वी पी सिंह को निर्देश देकर ठीक कराया।

नगरायुक्त ने कांवड़ संचालकों से कांवड़ यात्रा को पूरी तरह प्रतिबंधित पॉलीथिन व प्लास्टिक से मुक्त रखने की अपील करते हुए कहा कि पॉलीथिन प्रदूषण का एक बड़ा माध्यम है जो लोगों के जीवन में जहर घोल रहा है। उन्होंने कहा कि अपनी भीवी पीढ़ियों को सुरक्षित व संतुलित पर्यावरण देने के लिए आवश्यक है कि हम प्रतिबंधित पॉलीथिन व प्लास्टिक का उपयोग न करें।

# स्वच्छताः देश में सहारनपुर को 16 वीं रैंक

## वर्ष 2024 स्वच्छ सर्वेक्षण के परिणाम घोषित, प्रदेश में मिला 11वां स्थान

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** सहारनपुर ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में 60 स्थानों की छलांग लगाते हुए देश में 16वीं रैंक प्राप्त की है। सहारनपुर ने तीन लाख से दस लाख की जनसंख्या वाले नगरों में राष्ट्रीय रैंकिंग के लिए निर्धारित 12500 अंकों में से 10338 स्कोर के साथ 82.70 प्रतिशत अंक हासिल किये है। इस श्रेणी में सहारनपुर ने 101 शहरों के साथ स्पर्धा की है। वर्ष 2022 में राष्ट्रीय स्तर पर सहारनपुर को 40वीं तथा 2023 में 76वीं रैंक प्राप्त हुई थी। जबकि प्रदेश में इस वर्ष 11वीं रैंक हासिल की हैं।

अपर नगरायुक्त/प्रभारी अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन मृत्युंजय ने जानकारी देते हुए बताया कि गार्बेज फ्री सिटी में सहारनपुर को वन स्टार तथा ओडीएफव वाटर श्रेणी में वाटर प्लस (सीवरेज पानी को उपचारित कर दोबारा प्रयोग करने वाली श्रेणी वाटर प्लस के अंतर्गत आती है) प्राप्त हुआ है। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में निगम ने सौ प्रतिशत नंबर हासिल किये है। जबकि कूड़ा पृथक्करण में 43 प्रतिशत, रेजीडेंशियल सफाई में 95 प्रतिशत, बाजारों में सफाई के लिए 91 प्रतिशत, नाला व तालाबों की सफाई में 100 प्रतिशत तथा शौचालयों की सफाई में 95 प्रतिशत नंबर हासिल किये हैं।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने स्वच्छता रैंकिंग में जबरदस्त सुधार के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर निगम की टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नगर निगम लगातार स्वच्छता के क्षेत्र में नया इतिहास लिख रहा है, आगामी वर्षो में पहले हम टॉप फाइव में अपना स्थान सुनिश्चित करते हुए जनता के सहयोग से प्रथम स्थान की दौड़ में शामिल होंगे। नगरायुक्त शिपू गिरि ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणामों ने नगर निगम की टीम में और अधिक उत्साह का संचार किया है। निगम की टीम सहारनपुर को और अधिक स्वच्छ रखने के लिए नयी ऊर्जा और समर्पण के साथ काम करेगी। महापौर और नगरायुक्त ने इस उपलब्धि का श्रेय स्वच्छता से जुड़े प्रत्येक कर्मचारी तथा शहर वासियों को दिया है। उन्होंने कहा कि जन सहयोग और सफाई से जुड़े कर्मचारियों के सहयोग के बिना यह संभव नहीं था।

अवधनामा



# पूर्व कमिश्नर द्वारा श्रावण मास में श्री शिव वीथिका का शुभारम्भ

**अवधनामा संवाददाता**



**उरई।** श्री शिवजी को अति प्रिय श्रावण मास में इन्टैक उरई अध्याय, प्रान्तीय कला धरोहर समिति संस्कार भारती और भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा के संयुक्त तत्वावधान में भगवान श्री शिवजी की वीथिका का उद्घाटन शंख ध्वनि के मध्य जनप्रिय पूर्व कमिश्नर ऐक्साईज मुम्बई श्री शम्भूदयाल जी द्वारा ने प्रथम पूज्य श्री गणेशजी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि श्री शम्भूदयालजी ने कहा कि इस श्री शिव वीथिका को देखकर ऐसा लगता है कि भगवान भोलेनाथ साक्षात यहां पर विराजे हैं। नर्मदेश्वर महादेव के विभिन्न अलौकिक स्वरुपों को देखकर मैं हतप्रभ हूं। अपने देश की सांस्कृतिक पहचान को जन जन तक पहुंचाने का जो कार्य डा0 हरी मोहन पुरवार और उनकी धर्म पत्नी श्री मती सन्ध्या पुरवार द्वारा किया जा रहा है, वह स्तुत्य है। उन्होंने श्री विष्णु गुप्त चाणक्य का उदाहरण प्रस्तुत करते हुये कहा कि राष्ट्रीय कार्यों में जो भी बाधाएं आयें, उनका नाश होना ही चाहिये।

इस वीथिका के उद्घाटन के पश्चात श्री नटराज जी की प्रतिमा के समक्ष पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ तथा सामूहिक रुप से श्री रुद्राष्टक और रावण रचित श्री शिव ताण्डव स्त्रोत का वाचन हुआ। इस श्री शिव वीथिका में भगवान श्री शिवजी तथा उनकी शक्ति के प्रिय आयुध विभिन्न आकार प्रकार के त्रिशूल, त्रिशूल से सम्बन्धित मुद्रायें, डाक टिकटों के साथ श्री शिव जी की बारात में उपयोग में आये, डमरू, चिटकोला, सिंगारी, शंख, ढोलक, रमतूली, घड़ियाल, मजीरा आदि का भी प्रदर्शन किया गया।

वीथिका में गंगा यमुना, भागीरथी, ब्रह्मपुत्र, चम्बल आदि ग्यारह नदियों से प्राप्त ग्यारह प्रकार के शिवलिंगों, सूर्य की रश्मि के सात रंगीं श्री शिवलिंग के तथा मां नर्मदा की कोख से प्राप्त विभिन्न दैवीय आकृतियों से युक्त दिव्य श्री नर्मदेश्वर महादेवों का भी प्रदर्शन किया गया। वीथिका में अकीक पत्थरों पर प्रकृति की तूलिका से उकेरे गये भिन्न भिन्न प्रकार के श्री शिव आकृतियों का प्रदर्शन अति विशिष्ट है जिनमें कैलाश पर्वत पर भ्रमण करते मानव स्वरूप में श्री शिव, उनका त्रिशूल, उनका त्रिपुण्ड, , श्री मक्कार महादेव, श्री केदारनाथ जी, श्री अमरनाथ जी आदि की आकृतियां विशेष आकर्षक हैं। इनके साथ ही एक हजार एक सौ रुद्राक्षों से श्री शिव जी का अलंकृत स्वरूप अत्यन्त मन मोहक है। रुद्राक्ष में एक मुखी रुद्राक्ष से लेकर दस मुखी तथा गौरी शंकर रुद्राक्ष का भी प्रदर्शन हुआ।

वीथिका में श्री शिव के पिण्डीय स्वरूपों से युक्त इक्यावन पिण्डीय तथा सहस्र पिण्डीय शंखों के साथ साथ अन्य विभिन्न आकार प्रकार के श्री शिव लिंग युक्त शंखों का प्रदर्शन अति मोहक है। इसमें कैलाश पर्वत की छवि वाले शंख अद्भुत हैं। श्री शिव लिंग के विषय में डा0 हरी मोहन पुरवार ने बतलाया कि मानव शरीर में शीर्ष एवं मेरुदंड के मध्य स्थित अंग जिसे चिकित्सक गण मैड्युला औबलन्गेटा के नाम से पुकारते हैं, यह श्री शिव लिंग के आकार का होता है और यह अभी तक अभेद्य एवं मानवीय क्रिया कलापों से ऊपर है। यही स्थिति श्री शिव लिंग की है।

वीथिका में नेपाल, चस्का, भूटान, कम्बोडिया, इण्डोनेशिया, श्री लंका, पलाऊ आदि देशों के श्री शिव आकृति से युक्त डाक टिकट एवं सिक्के भी प्रदर्शित किये गये हैं। इनके साथ साथ मैसूर, शिवगंगा, मदुरै आदि दक्षिण भारतीय रियासतों की 14 वीं शताब्दी से 16 वीं शताब्दी के मध्य प्रचलित लघु ताम्र मुद्रायें भी प्रदर्शित की गई। मदुरै की 16 वीं शताब्दी की श्री शिव पार्वती के चित्र से युक्त सिंहासन मुद्रा का स्वर्ण तथा ताम्र का सिक्का दर्शनीय है। मुद्राओं में ईसा से लगभग 200 वर्ष पूर्व के श्री शिव के विभिन्न स्वरुपों से युक्त कुषाण कालीन, 400 वर्ष ईसा पूर्व के मगधके सिक्के विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे।

वीथिका में प्रदर्शित श्री शिव की समस्त सामग्री श्रीमती सन्ध्या पुरवार व डा0 हरी मोहन पुरवार के निजी संग्रह से प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शम्भूदयाल जी का अंग वस्त्र उढाकर डा0 हरी मोहन पुरवार तथा डा0 उमाकांत गुप्त ने स्वागत किया तथा श्रीमती ऊषा सिंह निरंजन, श्री मती सन्ध्या पुरवार, श्रीमती रेखा वर्मा, श्री मती स्वर्णलता सेठ ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। वीथिका संयोजन में श्री मती प्रियन्का अग्रवाल, कु0 काजल राजपूत, राहुल पाटकर कु0 अंजली का विशेष योगदान रहा।

बाद में वीथिका अवलोकनार्थ पधारे, लखनऊ लाल चंदैया, श्रीमती गीता चंदैया, बहिना डा0 माया सिंह, राम प्रकाश सेठ, श्रीमती अनीता गुप्ता महावीर सरावगी, उनकी धर्म पत्नी, श्री मती खुशबू पाटकर, गुडिया परी पाटकर, कु0 अंकिता पुरवार, श्रीमती निर्मल पुरवार आदि का आभार व्यक्त किया और फिर सभी ने श्री नटराज पूजन का प्रसाद ग्रहण किया। बाद में वीथिका अवलोकनार्थ पधारे लखनलाल चंदैया, श्रीमती गीता चंदैया, बहिना डा0 माया सिंह, डा0 एस पी बुधौलिया, राम प्रकाश सेठ, अनीता गुप्ता, महावीर सरावगी, उनकी धर्म पत्नी, श्रीमती खुशबू पाटकर, गुडिया परी, अंकिता पुरवार आदि का आभार व्यक्त किया।

# दाऊदपुर गांव में 21वीं मोहर्रम का मातमी जुलूस देर शाम संपन्न हुआ

**पद्मनाभि मिश्रा/दानिश मेहदी**



**हजपुरा, अंबेडकरनगर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के दाउदपुर गांव में अंजुमन मोइनुल अजा सादात के तत्वावधान में 21वीं मुहर्रम का मातमी जुलूस गुरुवार को देर शाम संपन्न हुआ। कर्बला के महान बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बड़ी संख्या में अजादार पहुंचे। इनमें विभिन्न वर्ग के लोग शामिल थे।

जुलूस से पूर्व हुई मजलिस को मौलाना सैयद जामिन अब्बास ने खिताब करते हुए कहा कि इमाम हुसैन (अ.स.) की शहादत इस्लाम की हिफाजत के लिए थी। उन्होंने यजीद की फौज के सामने झुकने से इनकार कर दिया और अपने साथियों के साथ शहीद हो गए। यह बलिदान आज भी इंसानियत और सच्चाई का प्रतीक है। मौलाना ने आगे कहा कि कर्बला की जंग आतंकवाद के खिलाफ पहली जंग थी। इमाम हुसैन ने अपने साथियों के साथ मिलकर यजीद की फौज का मुकाबला किया और इस्लाम को बचाने के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। दौराने जुलूस अंजुमन अब्बासिया निमौली अयोध्या, अंजुमन हैदरिया मनिहारपुर सुल्तानपुर, अंजुमन असगरिया कदीम अमहट सुल्तानपुर, अंजुमन अजाए हुसैनी सेथल बरेली समेत अंजुमन सफीरे नासिरूल अजा कटघर कमाल व अंजुमन मोइनुल अजा दाउदपुर ने नौहाख्वानी सीनाजनी किया। वहीं सुल्तानपुर से आए मौलाना मुशीर अब्बास ने नबी-ए-करीम के घराने वालों को कैदी बनाये जाने की मार्मिक घटना का वर्णन किया तो वातावरण शोकपूर्ण हो गया। मौलाना नूरुल हसन रिजवी, मौलाना प्रवेज कमाल, मौलाना अमीर हसन ने भी कार्यक्रम पमें तकरीर किया। दरमियानी जुलूस के दौरान जुहैर सुल्तानपुरी ने दर्दनाक सलाम पेशकर माहौल को गमगीन कर दिया। जुलूस का संचालन मोलवी मीर तालिब अब्बास ने किया।

**कटघर कमाल में जुलूस आज**

अंजुमन सफीरे नासिर-उल-अजा द्वारा जुलूस शोहदाए कर्बला का वार्षिक कार्यक्रम शुक्रवार को होगा। इसमें अनेक जनपदों की मातमी अंजुमनें भाग लेकर नौहा मातम करेंगी। मौलाना सैयद फसीह हैदर मुजफ्फरनगर, मौलाना डॉ अब्बास रजा नैय्यर जलालपुरी सहित अन्य वक्ता भी संबोधित करेंगे। अंजुमन से जुड़े नसीम अब्बास के मुताबिक कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से आरंभ होकर देर शाम तक चलेगा।

# पुलिस टीम ने एक वारण्टी अभियुक्त सोहेल को गिरफ्तार किया

**अवधनामा संवाददाता**

- एक अभियुक्त देशी शराब के साथ उदयपुर रोड से गिरफ्तार किया गया

**अलीगढ़।** थाना बन्नादेवी पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त खाँ पुत्र बन्ने खाँ निवासी लोको कालोनी गली न02 शमशाद मार्केट थाना सिविल लाइन जनपद अलीगढ़ को नाबालिक से छेड़छाड़ व अश्लील शब्दो का प्रयोग करना के सम्बन्ध में आमजन के सहयोग से भारत पैट्रोल पम्प के पास खैर बाईपास रोड थाना बन्नादेवी अलीगढ़ से गिरफ्तार गया।

थाना सासनीगेट पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 335/25 धारा 70(2)/127(2)/137(2)/351(2)/ बीएनएस व 5जी/6 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त रवि उर्फ लुक्का पुत्र बिसम्बर निवासी गली नं0 3 महेन्द्रनगर थाना सासनीगेट जनपद अलीगढ़ को अभियुक्त के मस्कन से गिरफ्तार किया गया।

थाना खैर पुलिस टीम ने एक शातिर अभियुक्त रवि कुमार पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी बिसारा थाना खैर जनपद अलीगढ़ को मय 22 अवैध पाउच देशी शराब के साथ उदयपुर रोड से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना पर मु0अ0सं0 473/25 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

थाना छर्रा पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 191/25 धारा 137(2)/64/87/115(2) बीएनएस व 3/4 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त शान मियां पुत्र फहीमुद्दीन निवासी बाईकला थाना छर्रा जनपद अलीगढ़ को ग्राम बाईकला के पास पेट्रौल पम्प के पीछे मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया।

# परिवार परामर्श केन्द्र के प्रयास से पांच जोड़ों का कराया मिलाप

- आपसी मतभेद भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

**अवधनामा संवाददाता**



**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ संजीव सुमन के निर्देशन में पारिवारिक समस्याओं/मतभेदों के मामलों को परिवार परामर्श केन्द्र में काउंसलरों द्वारा दोनों पक्षों को साथ बैठाकर उनकी समस्याओं को सुनकर 05 जोड़ों के समझौते कराकर उनके परिवारों को टूटने से बचाया गया।

परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी उपनिरीक्षक शिखा त्यागी, काउंसलर्स डॉ. देवेंद्र कुमार और श्री बृजेश मिश्रा द्वारा प्रभावशाली काउंसलिंग कर कुल पाँच परिवारों को टूटने से सफलतापूर्वक बचाया गया। विभिन्न पारिवारिक मतभेदों एवं घरेलू विवादों से जूझ रहे इन परिवारों को आपसी संवाद, समझदारी और परामर्श की मदद से पुनः एक सूत्र में बांधने का सराहनीय कार्य किया गया।

1.पहला प्रकरण प्रिंसी (परिवर्तित नाम) निवासी हरदुआगंज व जीतू (परिवर्तित नाम) निवासी थाना गांधी पार्क, अलीगढ़

2.दूसरा प्रकरण फिरदौस (परिवर्तित नाम) निवाड़ी थाना जवा अलीगढ़ व गुलफाम (परिवर्तित नाम) निवासी थाना जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर

3.तीसरा प्रकरण बीना (परिवर्तित नाम) निवासी थाना क्वार्सी अलीगढ़ तथा दीनदयाल(परिवर्तित नाम) निवासी थाना ज्योतिनगर शाहदरा दिल्ली

4.चौथा प्रकरण सरस्वती (परिवर्तित नाम) निवासी थाना जवा अलीगढ़ तथा लोकेश (परिवर्तित नाम) निवासी थाना अरनिया जनपद बुलंदशहर

5.पांचवा प्रकरण फातिमा (परिवर्तित नाम) निवासी थाना रोरावर अलीगढ तथा अबरार (परिवर्तित नाम) निवासी जनपद मैनपुरी का था।

इन सभी मामलों में परिवार परामर्श केंद्र की टीम ने दोनों पक्षों से विस्तारपूर्वक वार्ता की, पारिवारिक मूल्यों की महत्ता को समझाया तथा सुलह-समझौते की दिशा में प्रभावी पहल कर उनका पारिवारिक जीवन संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# एथेनॉल के बाई प्रोडक्ट से बन रहा पशु आहार

**अवधनामा संवाददाता**

- हाई प्रोटीन पशु आहार को लेकर पशुपालकों के फीडबैक से गीडा स्थित आईजीएल प्रबंधन उत्साहित
- मक्का व चावल के अवशेष से प्रतिदिन 5 से 6 कुंतल पशु आहार उत्पादन की तैयारी
- आईजीएल प्रबंधन ने कहा-काम आ रहा सीएम योगी का 'अनुसंधान और विकास' पर जोर देने का मंत्र

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'अनुसंधान और विकास' पर जोर देने के मंत्र को अपनाकर गोरखपुर के गीडा क्षेत्र में स्थित इंडिया ग्लाइकॉल्स लिमिटेड (आईजीएल) ने आम के आम गुठलियों के दाम वाली कहावत को चरितार्थ किया है। अनाज से एथेनॉल बना रही आईजीएल ने अब इसके बाई प्रोडक्ट (सह उत्पाद) से प्रोटीन से भरपूर पशु आहार का उत्पादन शुरू किया है। इसका ट्रायल सफल रहा है। अब कंपनी इसके वाणिज्यिक उत्पादन से जुड़ने जा रही है।

आईजीएल गीडा क्षेत्र में स्थित बड़े उद्योगों में से एक है। इसके डिस्टलरी प्लांट में ग्रेन बेस्ड (अनाज आधारित) एथेनॉल भी बनता है। एथेनॉल बनाने के कंपनी मक्का और चावल का इस्तेमाल करती है। एथेनॉल बनाने के बाद बचे अनाज के अवशेष से आईजीएल ने पशु आहार बनाना शुरू किया है। आईजीएल के बिजनेस हेड एसके शुक्ला बताते हैं कि बाई प्रोडक्ट में कुछ और पोषक तत्व मिलाकर इसका ट्रायल शुरू किया। यह डीडीजीएस (डिस्टिलर्स ड्राईड ग्रेन्स विथ सॉल्यूबल्स) पशु आहार है। इसमें प्रोटीन और फाइबर प्रचुर मात्रा में है। आईजीएल ने तैयार पशु आहार को क्षेत्र के कई पशुपालकों को प्रयोग के तौर पर दिया गया। पशुपालकों से प्राप्त फीडबैक के अनुसार पंद्रह दिन लगातार यह पशु आहार देने के बाद प्रति दुधारू पशु दो लीटर अधिक दूध प्राप्त होने लगा। बिजनेस हेड के अनुसार अब कंपनी ने 'प्रोटीजीएस' ब्रांड से वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने की तैयारी कर रही है। शुरुआती चरण में प्रतिदिन 5 से 6 कुंतल उत्पादन किया जाएगा है। अभी पचास किलो की पैकिंग में पशु आहार उपलब्ध कराया जाएगा और इसके बाद यह 25 और 5 किलो के पैक में भी उपलब्ध होगा। एसके शुक्ला का मानना है कि उद्यमिता क्षेत्र में मुख्यमंत्री की अनुसंधान और विकास की अपील काफी काम आ रही है। एथेनॉल के बाई प्रोडक्ट से पशु आहार का उत्पादन होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर करेन्तर की समीक्षा बैठक संपन्न हुई



**समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ**

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई,

समीक्षा में वाणिज्य कर विभाग की बसूली लक्ष्य से कम पाई गई, स्टाम्प एवं निवन्धन विभाग की राजस्व प्राप्ति कम पाई गई ,आबकारी विभाग की बसूली कम पाई गई,परिवहन विभाग का बसूली कम पाई गई,खनन विभाग की बसूली कम पाई गई, मंडी फरूर्खाबाद की बसूली कम पाई गई, विद्युत विभाग की बसूली कम पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि खनन विभाग, वाणिज्य कर विभाग, परिवहन विभाग, विद्युत विभाग, स्टाम्प व निबंधन विभाग प्रवर्तन का कार्य बढ़ाये, जिन विभागों की बसूली कम है वह बढ़ाये, जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्रतिदिन सी0एम0 डैशबोर्ड के पैरामीटर चेक करेंगे व उसमे सुधार लायेंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उप जिलाधिकारी अमृतपुर, उप जिलाधिकारी कायमगंज, उप जिलाधिकारी अमृतपुर व सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जोगराज राजपूत श्री सिद्ध विनायक कमेटी के अध्यक्ष बने

**फर्रुखाबाद।** कस्बा शमशाबाद नगर के मोहल्ला दुबे निवासी हिरदेश पांडे एडवोकेट के आवास पर बुधवार की देर शाम को श्री सिद्धिविनायक कमेटी की वार्षिक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता राजेश पांडे नेकी।

बैठक में सर्वसम्मति से एक राय होकर सभी लोगों ने जोग राज राजपूत निवासी मोहल्ला दलवीर खान को श्री सिद्ध विनायक कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा की द्य जिसको सुनकर बैठक में मौजूद लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी ञ्ज लोगों ने श्री राजपूत को फूल मालाओं से लाद कर एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया तथा बैठक में मौजूद लोगों में मिष्ठान वितरित किया गया।

स्वागत समारोह से गदगद होकर श्री राजपूत ने कहा कि आज जो कुछ भी हूं वह गणपत बाबा की कृपा से हूं द्ध मैं कई वर्षो से गणेश महोत्सव का कार्यक्रम आप लोगों के सहयोग से कर रहा हूं। इतने बड़े कार्यक्रम को संपन्न करा ना मेरे बस की बात नहीं है।

# पैरा बैडमिंटन विजेता स्वाति सिंह का व्यापार मंडल ने किया सम्मान



**उरई (जालौन)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जालौन के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में जिला परिषद परिसर स्थित बजरंग होटल में आयोजित समारोह में कोंच क्षेत्र के ग्राम अमीटा की पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी स्वाति सिंह का भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। युगांडा से हाल ही में लौटकर आई स्वाति सिंह ने अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर व्यापार मंडल के सदस्यों ने स्वाति को बुके भेंट कर सम्मानित किया, साथ ही उन्हें पट्टीका ओढ़ाकर मोमेंटो प्रदान किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि, हमारा संगठन समय-समय पर शिक्षा, खेल और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करता रहता है। स्वाति सिंह की यह उपलब्धि जनपद के लिए गर्व की बात है। क्षेत्रीय संयोजक अशोक राठौर, जिला महामंत्री प्रदीप द्विवेदी,संजीव सिपोलिया, जिला महामंत्री संगठन बबलू दुबे,जिला उपाध्यक्ष बंटू गुर्जर,बलवीर जादौन,धर्मेंद्र कुलश्रेष्ठ, जिला कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल,जिला मंत्री उत्तम सिंह राजावत, उदय करण प्रजापति,रामकुमार प्रजापति, युवा नेता गौरव राठौर, उत्कर्ष गुप्ता,नगर अध्यक्ष उमेश शर्मा, नगर उपाध्यक्ष रमेश यादव, सत्यम राठौर एवं कई व्यापारीगण, पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ संगठन समीक्षा प्रभारी हुए नामित

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी फर्रुखाबाद इन दिनों फ्रंटल संगठनों की समीक्षा कर निष्क्रिय पदाधिकारियों की छंटनी कर नए लोगों को मौका देने एंव संगठन को चुस्त-दुरुस्त करने का काम कर रही है। इसी क्रम में आज समाजवादी पार्टी के जिला सचिव एंव स.मीडिया प्रभारी राधेश्याम सविता ने मीडिया के साथ जानकारी साझा करते हुए बताया कि जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ की विधानसभा-बार संगठन समीक्षा हेतु प्रभारी नामित किए हैं जिसमें *रामाधार सिंह यादव प्रदेश सचिव सैनिक प्रकोष्ठ को 192 कायमगंज विधानसभा, बृजेश कुमार राव सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी सैनिक प्रकोष्ठ को 193 अमृतपुर विधानसभा, छोटे सिंह यादव सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी सैनिक प्रकोष्ठ को 194 फर्रुखाबाद सदर तथा श्री रामविलास सिंह यादव को 195 भोजपुर विधानसभा में संगठन समीक्षा एंव पीडीए जन-पंचायतों को गति देने हुए प्रभारी नामित किया गया है।

# सांड के हमले से दो लोग घायल, हालत गंभीर

**गोरखपुर।** पिपरौली कस्बे में एक छुट्टा सांड का आतंक करीब एक सप्ताह से चल रहा है। मुख्य बाजार में लावारिस हालत में घूम रहे सांड को देखकर ग्रामीण घर से निकला बन्द कर देते है। रास्ते से गुजर रहे सांड को देखकर ग्रामीण रास्ते छोड़ कर भागना शुरू कर देते है। जैसे ही कोई ग्रामीण आता दिखाई देता है। तो उन्हें मारने के लिए दौड़ा ले रहा है। जिसकी चपेट में पिपरौली निवासी राजेन्द प्रसाद 62 वर्ष,अब्दुल मलिक 55 वर्ष आ चुके है।इसके पूर्व कई ग्रामीण सांड के हमले से गंभीर रूप से घायल हो चुके। ग्रामीणों द्वारा सांड को पकड़ने के लिए आईजीआरएस पर भी शिकायत दर्ज कराया गया। लेकिन सांड का आतंक अभी भी जारी है। इस संदर्भ में वन दरोगा आशुतोष तिवारी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। सांड को पकड़ा जायेगा।

# किशोरियों को भगाने का आरोप, केस दर्ज

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांव की किशोरियों को बहला फुसला कर भगाने का आरोप लगा है। जिसमें पुलिस ने आरोपियों के फिलाफ केस। दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी को मंगलवार को दिन मे 11 बजे के करीब एक लड़का उसे बहला फुसला कर भगा ले गया है। किशोरी पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विशाल चौहान के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे गांव की एक किशोरी ने एक अज्ञात लड़का मोबाइल पर बात करता था। वह बुधवार को दिन में 10 बजे के करीब किशोरी को जबरन भगा ले गया है। जिसमें गांव के दो सहयोगियों भी शामिल है। किशोरी के मां की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात युवक और गांव के दो सहयोगियों पर अपहरण का केस दर्ज कर लिया है।

# दुकान के सामने खड़ी बाइक चोरी, केस दर्ज

**गोरखपुर।** थाना क्षेत्र श्यामदेऊरवा जिला महराजगंज के छतीराम निवासी अजय कुमार सिंह जो वर्तमान में शिवपुर कालोनी सहबाजगंज में किराए का मकान लेकर रहते है। 24 जून को शाम 7 बजे के करीब बाइक से मंगल बाजार में सब्जी लेने गए थे। और बाइक को एक दुकान के सामने खड़ी कर बाजार में सब्जी लेने चले गए थे। जब वापस लौटे तो बाइक नहीं थी। खोजबीन के बाद पता नहीं चला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# महिला के साथ छेड़छाड़, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला 13 जुलाई को सुबह 7 बजे के करीब किसी काम से गांव में जा रही थी अकेला देखकर गांव का एक सिरफिरा उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा था। विरोध करने पर महिला को जान से मारने की धमकी दे रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला 13 जुलाई को सुबह 7 बजे के करीब अकेली किसी कार्य से गांव में जा रही थी। रास्ते में उसे अकेला देखकर गांव का ही एक सिरफिरा उसका हाथ पकड़ कर रोक लिया। और छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। महिला ने जब विरोध किया तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।

# चार ओवरलोड वाहन सीज कर एक का किया चालान और लगाया रू 3.19 लाख रुपए का जुर्माना

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देश पर एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा राजेपुर तथा मोहम्मदाबाद क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। राजेपुर थाना क्षेत्र में चार ओवरलोड वाहनों को थाना राजेपुर में सीज कर दिया गया तथा उन पर रू 2.10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में यातायात प्रभारी के साथ चेकिंग करते हुए एक ओवरलोडेड डंपर को चालान कर उसे पर रू 1.09 लाख का जुर्माना तथा 70000 का टैक्स लगाया गया।

# राजकीय इंटर कालेज, सुल्तानपुर के गौरव को दीमक बन कर चट कर रहे प्रधानाचार्य

- जीआईसी के प्रधानाचार्य पर 3,57,955 रुपए गबन करने की हुई पुष्टि

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** राजकीय इंटर कालेज, सुल्तानपुर के प्रधानाचार्य डॉ मनोज कुमार तिवारी पर शैक्षिक भ्रमण के नाम पर 357955 रुपया गबन करने की पुष्टि हुई है। जांच अधिकारी द्वारा जीआईसी के प्रधानाचार्य पर गबन किए गए उपरोक्त शासकीय धन की वसूली करने और कार्यवाही करने की संस्तुति की गई है।

शिकायतकर्ता अमित कुमार ने जीआईसी के प्रधानाचार्य पर पुरातन छात्र सम्मेलन में प्राप्त धन, शैक्षिक भ्रमण के नाम पर आवंटित राशि एवं विद्यालय के अन्य मदो के सरकारी धन उपयोग अपने हित में करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की थी। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने शिकायतकर्ता के द्वारा जीआईसी के प्रधानाचार्य पर लगाए गए वित्तीय आरोप की जांच के लिए सह जिला विद्यालय निरीक्षक सुल्तानपुर और सहायक वित्त एवं लेखाअधिकारी सुल्तानपुर को दो सदस्यीय जांच समिति बनाते हुए अनियमितता की जांच कराई।

जांच समिति की जांच आख्या में राजकीय इंटर कॉलेज सुल्तानपुर के प्रधानाचार्य ने विद्यालय के विकास के लिए शासन द्वारा आवंटित कंपोजिट ग्रांट, स्पोर्ट्स ग्रांट, टीएलएम ग्रांट, यूथ एवं इको क्लब ग्रांट, कैरियर गाइडेंस उपचारात्मक शिक्षण ग्रांट, सामुदायिक सहभागिता ग्रांट, एसएमडीसी प्रशिक्षण ग्रांट, खेलकूद सामग्री ग्रांट, गणित क्लब एवं विज्ञान क्लब ग्रांट, कंपोजिट ग्रांट, सामुदायिक सहभागिता ग्रांट, हेल्थ कैंप ग्रांट आदि के भुगतान में वित्तीय नियमों का पालन नहीं किया गया है। तो दूसरी तरफ राजकीय इंटर कॉलेज सुल्तानपुर के छात्रों के शैक्षिक भ्रमण संबंधी भुगतान में प्रधानाचार्य के द्वारा गंभीर वित्तीय अनियमितता की गई है। प्रधानाचार्य द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज सुल्तानपुर के 1404 छात्रों को राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान, जायस में शैक्षिक भ्रमण के लिए भेजना दिखा कर 696955 रुपए का आहरण किया गया। राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान,जायस ने बताया है कि राजकीय इंटर कॉलेज सुल्तानपुर से कुल 678 छात्रों ने शैक्षिक भ्रमण किया है। जांच अधिकारी ने स्पष्ट लिखा है की प्रधानाचार्य द्वारा शैक्षिक सत्र 2024-25 में शैक्षिक भ्रमण पर भेजे गए विद्यार्थियों की वास्तविक संख्या 678 के अतिरिक्त अन्य छात्रों हेतु किया गया 357955 रुपए का भुगतान गबन की श्रेणी में आता है।

# आबकारी विभाग द्वारा छापा मार कर 14 लीटर कच्ची शराब बरामद कर दुकानों का निरीक्षण किया गया

**अता उल्लाह खान, फर्रुखाबाद।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं जिलाधिकारी, फरूर्खाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी फर्रुखाबाद श्री जी0पी0गुप्ता के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 17/07/2025 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 रीता वर्मा मय स्टाफ द्वारा थाना राजेपुर के अंतर्गत आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया7 स्टाक रजिस्टर, श्च्शह्य से बिक्री, श्ठ्ठद्वद्गठ्ठ क्कश्4द्गद्गठ्ठ, ष्टष्टञ्जङ्क कैमरा का परीक्षण किया गया। संदिग्ध ग्राम कुइयां डेरा में 14 लीटर कच्ची शराब मौके से बरामद बरामद हुई7आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में1 अभियोग पंजीकृत किया गया जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा। ?

# मंसूरी सोसाइटी के जिला महासचिव पद पर अरमान मंसूरी की हुई घोषणा

**नाजिम हसन, फर्रुखाबाद।** मंसूरी सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के नेता डॉ अरशद मंसूरी ने कायमगंज के गढ़ी नूर खां निवासी जनाब कयामुद्दीन के सुपुत्र अरमान मंसूरी को मंसूरी सोसाइटी-फर्रुखाबाद का जिला महासचिव नियुक्त किया है! मंसूरी सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अरशद मंसूरी ने मनोनयन पत्र जारी करते हुए कहा कि मंसूरी समाज को संगठित करना एवं मंसूरी समाज में राजनीतिक चेतना पैदा करना मंसूरी सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य है! मंसूरी सोसाइटी पूरे उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि 12 राज्यों में क्रियाशील होकर अनवरत कार्य कर रही है! जिससे मंसूरी समाज उत्थान की तरफ अग्रसर है और मंसूरी समाज में अपने अधिकारों के प्रति व्यापक जागरूकता देखने को मिल रही है! वही श्री अरमान मंसूरी के मनोनयन से समाजसेवी संगठनो व व्यापारियों में हर्ष व्याप्त है! स्थानीय लोगों का अरमान मंसूरी के घर बधाई देने वालो का ताँता लगा हुआ है!

# एसपी ने कोटरा थाने का किया निरीक्षण



**उरई (जालौन)।** पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने कोटरा थाने का औचक निरीक्षण कर थाने की ब्यवस्थाओं को गंभीरता के साथ परख तथा सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, आईजीआरएस, महिला हेल्प डेस्क आदि निरीक्षण करने के साथ ही थाने के अभिलेखों की प्रविष्ठियों का बारीकी से निरीक्षण कर सर्वसम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।इस दौरान उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप पीड़ित को न्याय मिलना चाहिए तथा अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अभियान चलाकर अमल में लायी जाये।

# स्वच्छता रैंकिंग में अयोध्या की लंबी छलांग, 28 वें पायदान पर पहुंचा

## 100वीं रैंक थी 2023-24 के सर्वे में, इस बार 9291 अंक हासिल किया



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** स्वच्छ भारत मिशन 2024- 25 के सर्वे में पूरे देश में 28 वीं रैंक हासिल कर अयोध्या ने स्वच्छता के पैमाने पर पूरे देश में लंबी छलांग लगाई है। वर्ष 2023-24 में अयोध्या रैंकिंग के मामले में 100वें पायदान पर था। स्वच्छ भारत मिशन की इस उपलब्धि पर महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त श्री जयेंद्र कुमार ने मिशन से जुड़ी टीम की सराहना की है। अयोध्या नगर निगम ने लगातार चार वर्षों से स्वच्छता के पैमाने पर अपनी रैंकिंग में निरंतर सुधार किया है। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आने के चलते आई चुनौती के बावजूद इस बार उसकी रैंकिंग पूरे देश में 28 वीं रही। उसे इस वर्ष मई माह में हुए स्वच्छता सर्वेक्षण के कुल पूर्णांक 12500 में 9291 अंक मिले, जो 74 फीसदी रहा, जबकि वर्ष 2023 में उसे 73 फीसदी अंक प्राप्त हुए थे और उसकी रैंकिंग 100वीं थी। वर्ष 2022 में हुए सर्वे में अयोध्या नगर निगम को कुल 53 फ़ीसदी अंक प्राप्त हुए थे और उसकी रैंकिंग 120 वीं थी। इसके पहले 2021 में नगर निगम 158 वें पायदान पर था। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल ने बताया कि मई माह में हुए सर्वे में 28 इंडिकेटर पर स्वच्छता की हकीकत परखी गई थी। इसमें डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन एवं उसका निस्तारण, नगर में प्रतिदिन निकलने वाले कूड़ा और उसका प्रबंधन, व्यावसायिक क्षेत्र की स्वच्छता, फुटपाथ की स्वच्छता, पेयजल की स्वच्छता, शौचालय की स्वच्छता सर्वे में शामिल था। उन्होंने बताया कि सर्वे दल ने नागरिकों से बातचीत कर उनकी राय भी जानी थी। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडे ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के प्रभारी सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद पांडेय एवं मंडल कार्यक्रम प्रबंधक वैभव पांडे की निगरानी में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान को कामयाब बनाने में मुख्य सफाई निरीक्षक राजेश झा एवं कमल कुमार, स्वच्छ भारत मिशन के कोऑर्डिनेटर सूर्य प्रताप सिंह, जिओ स्टेट अनुराग मौर्य ऋषि सिंह, सौरव यादव तथा अन्य कर्मचारियों की अहम भूमिका रही।

> लाखों श्रद्धालुओं के निरंतर आगमन के बावजूद नगर को स्वच्छ बनाये रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान में नगर निगम की टीम ने जो भूमिका निभाई है, वह काबिल-ए-तारीफ है। उम्मीद है कि अगले सर्वे में हम रैंकिंग श्रेष्ठतम स्थान हासिल करेंगे।
>
> **महंत गिरीशपति त्रिपाठी, महापौर**
>
> स्वच्छता रैंकिंग में 28 वां स्थान हासिल होना नगर निगम के लिए बड़ी उपलब्धि है। यह उपलब्धि स्वच्छता मिशन से जुड़े सभी कर्मचारियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उम्मीद है कि निरंतर योजनाबद्ध ढंग से सफाई कर हम उच्च पायदान प्राप्त करेंगे।
>
> **- जयेंद्र कुमार, नगर आयुक्त**

### सैनिक एनर्जी स्टेशन का उद्घाटन चंद्रा देवी ने फीता काटकर किया

**अयोध्या।** बीकापुर के बिलारी माफी में सैनिक एनर्जी स्टेशन का उद्घाटन चंद्रा देवी ने फीता काटकर किया। इस पेट्रोल पंप का संचालन सेना से रिटायर्ड सूबेदार मेजर संतोष यादव करेंगे। संतोष यादव ने कहा कि सेना में देश की सेवा करने के बाद अब वे समाज की सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि पेट्रोल पंप पर ग्राहकों को शुद्ध ईंधन मिलेगा। साथ ही नाप-तौल में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं होगी और दाम भी उचित रखे जाएंगे। उद्घाटन के शुभ अवसर पर मौजूद है जिसमें और प्रमुख अशोक यादव मंसाराम यादव शिवराम यादव महाराज यादव मनोज यादव राजू यादव प्रेमचंद यादव राकेश यादव जयशंकर पांडे दिनेश पांडे आलोक पांडेय उपस्थित रहे।सूबेदार यादव ने बताया कि वे खुद पेट्रोल पंप पर मौजूद रहेंगे। उनका उद्देश्य है कि क्षेत्र के लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। वे सभी ग्राहकों का सम्मान करते हुए अपना व्यवसाय चलाएंगे।

## जंग खा रहा जटायु क्रूज, लाखों खर्च का बना मज़ाक

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** राम मंदिर निर्माण के साथ अयोध्या को वैश्विक धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने के लिए सरकार ने कई योजनाओं की झड़ी लगाई थी। इन्हीं में से एक महत्वाकांक्षी योजना थी जटायु क्रूज सेवा, जिसका भव्य उद्घाटन सितंबर 2023 में किया गया था। उद्देश्य था कि सरयू नदी पर श्रद्धालु नौका विहार करते हुए घाटों का सौंदर्य निहारेंगे और उन्हें आध्यात्मिक यात्रा का एक नया अनुभव मिलेगा। लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। यह योजना अब उपेक्षा का शिकार हो चुकी है।उद्घाटन के समय ही यह सेवा तकनीकी दिक्क़तों में उलझ गई थी। पर्यटन मंत्री जगवीर सिंह के हाथों उद्घाटन की औपचारिकता तो पूरी हुई, लेकिन क्रूज चालू नहीं हो पाया। बाद में कुछ दिन यह सेवा चली भी, तो उसे तकनीकी खराबी का हवाला देकर बंद कर दिया गया।तब प्रशासन का तर्क था कि सरयू में जलस्तर कम है। जब जलस्तर बढ़ा, तो अत्यधिक पानी को खतरा बताकर सेवा स्थगित कर दी गई। आज स्थिति यह है कि करोड़ों की लागत से बना यह क्रूज सरयू किनारे खड़ा-खड़ा जंग खा रहा है। स्थानीय लोग इसे फोटोजेनिक टूरिज्म मॉडल की नाकाम कोशिश करार दे रहे हैं।

जटायु क्रूज की दुर्दशा पर अब जनता सवाल उठा रही है, क्योंकि नवंबर 2025 में राममंदिर में फिर से भव्य आयोजन की तैयारियाँ हो रही हैं और इसी क्रम में सरकार द्वारा टाइम मरीना, शाही नौका विहार और आध्यात्मिक यात्रा अनुभव जैसी नई योजनाओं की घोषणाएं की जा रही हैं।

लेकिन शहरवासियों और श्रद्धालुओं के मन में अब एक ही सवाल है

क्या ये भी 'जटायु' की तरह उद्घाटन तक ही सिमट जाएंगी?

स्थानीय पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि योजनाओं का यही हश्र होना है, तो लाखों-करोड़ों का निवेश केवल दिखावे की भेंट चढ़ता रहेगा। जरूरत है ईमानदार क्रियान्वयन और नियमित संचालन की, वरना ये योजनाएं जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाती रहेंगी।

## पीएनबी अयोध्या मंडल ने आयोजित किया भव्य रिटेल आउटरीच कार्यक्रम



*अवधनामा संवाददाता*

अयोध्या। पंजाब नेशनल बैंक, मंडल कार्यालय अयोध्या द्वारा गुरुवार को एक भव्य रिटेल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएनबी मुख्यालय दिल्ली से आए उप महा प्रबंधक श्री एस.एन. गुप्ता ने की।

इस अवसर पर मंडल प्रमुख अवधेश तिवारी, नगर पालिका परिषद गोसाईगंज की अध्यक्षा श्रीमती विजय लक्ष्मी जायसवाल, अनुप टंडन, श्रवण देव पाठक, कैलाश, अशोक पांडेय, पुनीत मिश्रा सहित कई गणमान्य अतिथि मंच पर उपस्थित रहे।मंडल प्रमुख श्री तिवारी ने अयोध्या मंडल के अंतर्गत आने वाले सातों जिलों अयोध्या, अंबेडकरनगर, बस्ती, बलरामपुर, गोंडा, सिद्धार्थनगर व सुलतानपुर से आए शाखा प्रबंधकों, ग्राहकों और कार एजेंसियों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया। उन्होंने पीएनबी के प्रमुख ऋण उत्पादों जैसे वाहन ऋण, आवास ऋण, पेंशन ऋण, संपत्ति पर ऋण, हाउसिंग ओवरड्राफ्ट और व्यक्तिगत ऋण-की विस्तृत जानकारी दी और कहा कि बैंक ग्राहकों को पारदर्शी, सहज और गरिमापूर्ण सेवा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है।श्री गुप्ता ने कहा कि पीएनबी की सेवा संस्कृति, डिजिटल दक्षता और ग्राहक केंद्रित सोच ही उसकी पहचान और साख का आधार है। उन्होंने बैंक स्टाफ और ग्राहकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऋऋक हर ग्राहक के लिए समर्पित है।

कार्यक्रम में मनोज वर्मा, आकाश गिरी, श्रीमती नेहा, श्रीमती विभा, अजीत यादव और श्रीमती इशिता मिश्रा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं ग्राहक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## राम भवन मौर्य को मिला नया जीवन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राम भवन मौर्य, निवासी अयोध्या, ने मंगलवार रात हृदयाघात (स्टेमी) जैसी गंभीर अवस्था से जंग जीतकर नया जीवन पाया। रात लगभग 1:00 बजे सीने में असहनीय दर्द उठने पर परिजनों ने उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय, अयोध्या के आपातकालीन विभाग में भर्ती कराया।

ड्यूटी पर तैनात चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने त्वरित जांच के लिए ईसीजी कराया, जिसमें गंभीर हृदयाघात (ST-Elevation Myocardial Infarction - STEMI) की पुष्टि हुई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए राम भवन को डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान की संस्तुति पर टेनेक्टा प्लेस इंजेक्शन दिया गया। इस महंगे जीवनरक्षक इंजेक्शन की बाजार कीमत ?4900 है, परंतु उत्तर प्रदेश सरकार की योजना के तहत यह जिला अस्पताल में निशुल्क उपलब्ध कराया गया।टेनेक्टा प्लेस इंजेक्शन कोरोनरी धमनी में जमे रक्त के थक्के को तुरंत घोलने में सक्षम है, जिससे हृदय को पुनः रक्त संचार मिलने लगता है। समय पर उपचार मिलने से राम भवन की जान बच गई और उन्होंने मौत को मात दी। डॉक्टर वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि जिला चिकित्सालय द्वारा हृदयाघात के मरीजों के लिए टेनेक्टा प्लेस जैसी जीवनरक्षक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। यह पहल राज्य में आकस्मिक हृदय रोग से होने वाली मृत्यु दर को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।परिजनों ने राम भवन के जीवन की रक्षा के लिए चिकित्सकों और सरकार का आभार व्यक्त किया।

## सर्व वैश्य वैवाहिक परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कुमारगंज में बैठक, 15 अगस्त को होगा आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**कुमारगंज-अयोध्या।** वैश्य समाज के एकीकरण और सामाजिक सुधार के उद्देश्य से 15 अगस्त को अयोध्या के तुलसी भवन में आयोजित होने वाले सर्व वैश्य वैवाहिक परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर कुमारगंज में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी और वैश्य समाज के प्रखर नेता भागीरथ पचेरीवाला ने की। बैठक में वैश्य समाज की विभिन्न उपजातियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और परिचय सम्मेलन के महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। भागीरथ पचेरीवाला ने बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्य समाज में गोत्र विवाह को पूरी तरह बंद किया जाना चाहिए, क्योंकि यह सामाजिक और धार्मिक दृष्टिकोण से पाप माना जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वैश्य समाज की सभी उपजातियां चाहे वह अग्रहरि, अग्रवाल, सोनी, मोदनवाल, रस्तोगी, कसौधन, चौरसिया, केसरवानी, जायसवाल, साहू, कौशल, मद्धेशिया, गुप्ता या अन्य कोई हों आपस में विवाह संबंध स्थापित करें। इस एकता से सामाजिक समरसता और मजबूती होगी। पचेरीवाला ने बताया कि 15 अगस्त को अयोध्या के तुलसी भवन में होने वाले इस परिचय सम्मेलन में वैश्य समाज के पंद्रह सौ से दो हजार लोग एकत्रित होंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए उपयुक्त जीवनसाथी की तलाश को आसान बनाना है।उन्होंने कहा हम चाहते हैं कि डॉक्टर को डॉक्टर, सीए को सीए, इंजीनियर को इंजीनियर जैसे समकक्ष योग्यता वाले जीवनसाथी मिलें। आज वैश्य समाज शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रहा है, क्योंकि हमारा पारंपरिक व्यापार धीरे-धीरे कम हो रहा है और हमारे बच्चे पढ़-लिखकर उच्च पदों पर पहुंच रहे हैं,। भागीरथ पचेरीवाला ने बताया कि उन्होंने पूरे उत्तर प्रदेश में भ्रमण कर वैश्य समाज की 38 उपजातियों से संपर्क स्थापित किया है। इन सभी उपजातियों के विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिजनों को इस परिचय सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य है कि वैश्य समाज के सभी लोग एक मंच पर आएं और अपने बच्चों के लिए बेहतर जीवनसाथी चुनें। यह आयोजन समाज के लिए एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा।बैठक में उपस्थित व्यापारी नेता बैजनाथ वैश्य ने इस पहल को स्वागत योग्य बताते हुए भागीरथ पचेरीवाला की प्रशंसा की। उन्होंने पचेरीवाला को पूर्वांचल वैश्य समाज का दूसरा गांधी की संज्ञा दी और कहा कि यह आयोजन वैश्य समाज को एकजुट करने और सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने में मील का पत्थर साबित होगा।

## आर्टिका एव पल्सर बाईक की टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे पर कल्याणी नदी के निकट आर्टिका एव पल्सर बाईक मे आमने सामने हुई जोरदार टक्कर मे बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे गंभीर हालत मे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार को छोटा जैन मंदिर बाराबंकी निवासी जितेंद्र सिंह सैनी पुत्र जय प्रकाश सैनी अपनी पल्सर बाईक नम्बर यूपी 32 एच ए 3485 से रामनगर से बाराबंकी की ओर जा रहा था तभी सामने से आ रही आर्टिका गाड़ी 32 जेड एन 7122 ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे थाना मसौली से उपनिरीक्षक राजकरन सिंह आकाश मौर्या ,प्रियाशु यादव ,सुरेंद्र यादव ,राकेश चौरसिया ने एम्बुलेंस की सहायता से घायल को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया जिसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

## किसी भी संगठन की जान उसका कार्यकर्ता होता है: मोहम्मद मोहसिन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** संगठन सृजन अभियान की बैठक रामनगर में ब्लाक अध्यक्ष सौरभ पाण्डेय एवं सिरौलीगौसपुर के ब्लाक अध्यक्ष मुरली रावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि, किसी भी संगठन की जान उसका कार्यकर्ता होता है। संगठन सृजन अभियान के द्वारा निष्क्रीय कार्यकर्ताओं को नयी सोच के साथ सक्रीय करना ही। संगठन सृजन का मुख्य उद्देश्य है। जिस प्रकार संगठन सृजन आयोजनों में कार्यकर्ताओं का मनोबल पूर्व सांसद श्री पी0एल0 पुनिया जी एवं सांसद माननीय तनुज पुनिया जी के द्वारा बढ़ाया जा रहा है। वह मनोबल ही संगठन की ताकत व हिम्मत है। मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि जिस प्रकार यह अभियान जनपद बाराबंकी के ब्लाक स्तर पर हर्ष उल्लास के साथ आयोजित हो रहा है जिसकी



जानकारी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं सांसद राहुल गांधी जी इन आयोजको से अवगत हो रहे है। अभियान का संचालन कर रहे जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष रामहरख रावत ने कहा कि इस अभियान के द्वारा जिस प्रकार ब्लाक स्तर पर नये नये कार्यकर्ता संगठन की नीतियों से प्रभावित होकर जुड़ रहे हैं यह अभियान केवल जनपद बाराबंकी में ही नही पूरे उत्तर प्रदेश एवं कई प्रदेशों में आयोजित हो रहा है। जिससे वर्तमान सरकार काफी भयभीत है। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, जिला प्रवक्ता केसी श्रीवास्तव, नेकचन्द त्रिपाठी, अनुराग यादव, आर0डी0 राव, सौरभ पाण्डेय, मुरली रावत, संजीव मिश्रा, धनन्जय सिंह, अनूप सिंह, अमित त्रिवेदी, बेचन दीक्षित, अनीता गौतम, रामकुमार लोधी, संतोष रावत, अकील इदरीसी, संदीप सिंह, शिव कुमार वर्मा, मोहम्मद जीसान, औन मियां, बदरूद्दीन, विजय बहादुर लोधी, डा0 शुऐब कटका, सचिन त्रिपाठी, इरफान, परवेज खान, मोहम्मद वैस, अश्वनी रावत, दिलीप मिश्रा, रामकुमार रावत, अमरेश सिंह यादव, अमर सिंह वर्मा, राजू यादव, सोनू, सद्दाम हुसैन, शिव देवी प्रधान इत्यादि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त सैनिकों के हवाले अस्पतालों की सुरक्षा, 77 की तैनाती, जल्द बढ़ेगी संख्या

**अयोध्या।** स्वास्थ्य विभाग ने जनपद अयोध्या के अस्पतालों में मरीजों व तीमारदारों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से अब यह जिम्मेदारी सेवानिवृत्त सैनिकों को सौंप दी है। वर्तमान में जिले के विभिन्न अस्पतालों में 77 रिटायर्ड सैनिकों की तैनाती की जा चुकी है, जबकि आगामी 10 दिनों में और सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सैनिक कल्याण बोर्ड, गोरखपुर के अयोध्या प्रभारी सूबेदार राजेंद्र भारती ने बताया कि उनकी संस्था अब तक कई सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों, जैसे एलआईसी आदि में सुरक्षा सेवाएं दे रही है। अब राज्य सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आने वाले अस्पतालों में भी सेवानिवृत्त सैनिकों की तैनाती की गई है।उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय, राजकीय श्रीराम चिकित्सालय, सीएचसी सोहावल, पूरा बाजार व रुदौली में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती पूरी कर दी गई है।

## पुलिस ने लापता बुजुर्ग महिला को 4 घंटे के खोजकर परिजनो को सुपुर्द किया



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** फतेहपुर पुलिस ने गुमशुदा बुजुर्ग महिला को मात्र 4 घण्टे के अन्दर ही सकुशल बरामदकर परिजनों को सुपुर्द किया। ज्ञात हो कि सुरेन्द्र वर्मा पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी शम्शीपुर फतेहपुर ने थाना फतेहपुर पर सूचना दी गयी कि उनकी 60 वर्षीय माता सुबह घर से थोड़ी दूर पर शारदा सहायक नहर के पास शौच के लिए गयी थीं किन्तु वापस नहीं आयी उन्हें शक है कि वह शारदा सहायक नहर में गिर गयी हैं। उक्त सूचना पर पुलिस द्वारा तत्काल शारदा सहायक नहर में गोताखोरों की मदद से तथा अन्य सम्भावित स्थानों पर पुलिस टीम द्वारा खोज की गयी। पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास कर 4 घण्टे के अन्दर गुमशुदा उपरोक्त को ग्राम कटैया हार थाना देवा से सुकशल बरामद किया गया। परिजनों द्वारा पुलिस का आभार प्रकट कर भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

## उर्वरक विक्रय को लेकर जिला प्रशासन सख्त

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज जनपद में किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने, ओवर रेटिंग, अवैध खाद भंडारण, उर्वरक के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग को रोकने के संदर्भ में कृषि विभाग और सहकारिता विभाग के साथ बैठक की गई। जिलाधिकारी ने एआर कोऑपरेटिव से खाद की उपलब्धता की जानकारी ली । एआर कोऑपरेटिव ने बताया कि जनपद में 1900 मै. टन यूरिया उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि एचयूआरएल की 491 मै. टन की रैक कल प्राप्त हुई थी, जिसे 27 समितियों पर प्रेषित किया गया। आज पुनः यारा की 530 एम.टन यूरिया की रैक प्राप्त हो रही है, जिसे 29 समितियों को प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि कृभको की 1300 मै. टन यूरिया की रैक कल जनपद को प्राप्त होगी। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि खाद का प्रेषण समितियों को इस प्रकार करें किसी भी समिति पर खाद की उपलब्धता शून्य न होने पाए।



समितियों पर पारदर्शी तरीके से उर्वरक वितरण सुनिश्चित करें। यदि कहीं भीड़ ज्यादा है, तो नजदीकी थाने से सम्पर्क कर पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में खाद वितरण कराए। कहा कि उर्वरक के साथ कोई अन्य उत्पाद न दिया जाए। जिलाधिकारी ने निजी उर्वरक विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश जारी करें कि दुकानें समय से खोलें और उचित दर पर उर्वरक बिक्री करें। उन्होंने कहा कि जिन उर्वरक विक्रेताओं के पॉस मशीन में उर्वरक का स्टॉक ज्यादा दिख रहा, उनकी जांच कर स्टॉक का सत्यापन कर आवश्यक कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने कहा कि उर्वरक की बिक्री नियमानुसार हो सभी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें।

### कई जगहों पर अधिकारियों ने की छापेमारी

**महराजगंज।** श्याम खाद भंडार गनेशपुर में स्टॉक रजिस्टर में 177 मेट्रिक टन यूरिया के सापेक्ष मौके पर कोई यूरिया नहीं पाया गया है। दुकान को एसडीएम नौतनवां द्वारा सील किया गया। शिव खाद भंडार गणेशपुर की दुकान बंद पाई गई। सूची के अनुसार 40 एमटी खाद उठान किया गया है, मौके पर खाद न होने की बात दुकान संचालक द्वारा बताया गया। प्रथम दृष्टया अनियमितता पाते हुए एसडीएम नौतनवा द्वारा दुकान को सील कर दिया गया है। बृजमनगंज में औद्योगिक खाद भंडार का संचालक दुकान बंद कर भाग गया। एसडीएम फरेंदा द्वारा लाइसेंस निलंबित करने की संस्तुति की गई। जिला कृषि अधिकारी द्वारा चौधरी खाद भंडार फरेंदा को स्टॉक व बिक्री रजिस्टर न होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

## गरजा बुल्डोजर जमीध्वस्त हुआ नौ मकान



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिले के नगरपालिका परिषद अमरुतिया वार्ड नंबर 4 में बृहस्पतिवार को हाईकोर्ट के आदेश पर प्रशासन ने सड़क की अवैध जमीन पर बने नौ मकानों पर चला बुलडोजर। वर्षों से कोर्ट में लंबित इस विवाद में जब हाईकोर्ट ने स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए,तो नगर प्रशासन ने तुरंत संज्ञान लेते हुए अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 4 में सरकारी सड़क और रास्ते की जमीन पर कुछ लोगों ने गैरकानूनी रूप से मकान बना रखे थे। लंबे समय से यह मामला न्यायालय में विचाराधीन था। हाल ही में कोर्ट ने इन अतिक्रमणों को हटाने का निर्देश देते हुए प्रशासन को नोटिस भेजा था। उसी के क्रम में इन अवैध मकानों को ध्वस्त कर दिया गया।

कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल की तैनाती रही। बुलडोजर जैसे ही चला,पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। कुछ लोगों ने इसका विरोध भी किया,लेकिन प्रशासन ने साफ कहा कि यह कार्यवाही पूरी तरह से कोर्ट के निर्देशानुसार की गई है।

## क़ासिम सभासद के प्रयास से क्षेत्र का कायाकल्प और सौन्दरीकरण हुआ

*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** कस्बा छोटी बाजार वार्ड स्थित छोटा इमामबाड़ा अपने नए स्वरूप से लोगों का ध्यान खींच रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दाऊद अलीम और वार्ड सभासद मोहम्मद कासिम के प्रयासों से इस क्षेत्र का कायाकल्प और सौन्दरीकरण किया जा रहा है। इमामबाड़े के आसपास के क्षेत्र में बेहतरीन रंग बिरंगी इंटरलॉकिंग की गई है। साथ ही आकर्षक लाइटों से इसे सजाया गया है।

इस नए स्वरूप ने स्थानीय लोगों का ध्यान खींचा है। जैदपुर कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग यहां सेल्फी लेने के लिए रुक रहे हैं। वार्ड छोटी बाजार के सभासद मो कासिम से बात करने पर उन्हौने बताया बोर्ड ने छोटे इमामबाड़ा की दयनीय स्थिति को



सजाने और संवारने मे हमारे प्रस्ताव पर सहमति दी और आज छोटा इमामबाड़ा जैदपुर वासियो के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बना है सैकड़ो नौजवान सेल्फी ले रहे और खुशियाँ मना रहे है इसके लिए अपने बोर्ड के साथियों और अध्यक्ष प्रतिनिधि दाऊद अलीम और अधिशाषी अधिकारी जी का आभार व्यक्त किया.नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राम जनक तिवारी ने बताया कि आने वाले समय में जैदपुर नगर पंचायत जिले में पहले स्थान पर होगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों से जैदपुरवासियों की सुविधाओं में वृद्धि होगी।

# लेखपालों ने मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील में आज बृहस्पतिवार को उतर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले धरना-प्रदर्शन किया इस धरने के लिए संघ ने 15/7/2025 को ही लिखित पत्र उप जिलाधिकारी को दिया था आज सुबह कार्य काल शुरू होते ही संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य काम काज छोड़कर धरने पर बैठ गये जिससे लोगों को अपना कार्य करवाने में परेशानी उठानी पड़ी संघ के लोगों का कहना था कि एक तहसील प्रशासन द्वारा प्रदेश में नंबर एक की उपाधि लेने के चक्कर में तहसील के सभी ग्रामों के खतौनी में किसानों का अंश गलत लगा दिया गया है।

प्रशासन के गलती के कारण सैकड़ों किसान प्रतिदिन तहसील का चक्कर लगाने को मजबूर है। गलती तहसील प्रशासन /तहसीलदार व उपजिलाधिकारी ने किया और किसान ये समझती है कि लेखपाल ने मेरा अंश गलत लगा दिया। जिस प्रकार से तहसील प्रशासन द्वारा प्राइवेट ऑपरेटरों से किसान का अंश गलत कर दिया उसी प्रकार से तत्काल उनका अंश सही किया जाएगा। और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही किया जाय। लेखपाल वरासत कर देते है, लेकिन फीडिंग समय से नहीं होता। समय से वरासत का फीडिंग कराया जाय और परिषदादेश के अनुसार मृतक किसानों के वारिसान को निःशुल्क खतौनी दिया जाय। पट्टेदार किसानों को भूमिधरी अधिकार प्रदान किया जाए जिससे वे तमाम सरकारी योजनाओं का लाभ ले सके।

तहसीलदार डुमरियागंज द्वारा नियम बिरुद्ध तरीके से 29 लेखापाल का हल्का स्थानांतरण किया गया। हल्का स्थानांतरण का आदेश किसी भी लेखपाल को नहीं दिया गया तथा तहसीलदार द्वारा दिनांक 8 जुलाई 2025 की रात 9 बजे लेखपालों को व्यक्तिगत फोन करके मौखिक रूप से सभी लेखपालों को यह कहकर हल्का का चार्ज का मौखिक रूप से बैंक डेट ने परिवर्तन करा लिया गया कि जिलाधिकारी मुझे सस्पेंड कर देंगे, मै आप लोगों को हल्का स्थानांतरण का आदेश नहीं दे पाया मुझे बचा लो और जिलाधिकारी महोदय से झूठ बोलकर खुद की कमी और गलतियां छिपाने के लिए तीन निर्दोष लेखपालों को निलंबित करा दिया गया। तीनों लेखपालों का निलंबन तत्काल वापस हो और हल्का स्थानांतरण आदेश न देने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही किया जाय।

लेखपालों का अंकपत्र तहसील के अधिकारियों द्वारा गायब कर दिया गया है। लेखपालों का अंक पत्र दिलाया जाय। अंक पत्र गायब करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही किया जाय वहीं संघ के मंत्री देवेन्द्र कुमार ने कहा कि यदि उपरोक्त बातों को नहीं माना जाएगा तो संघ ये धरना प्रदर्शन चालू रखेगा।

## मेरा युवा भारत के तत्वावधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की इकाई मेरा युवा भारत के तत्वावधान में विश्व युवा कौशल दिवस पर जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानन्द जूनियर हाईस्कूल अहिरौला ब्लॉक् बढ़नी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे विश्व युवा कौशल दिवस के बारे में बताया गया की हमें जीवन में कौशल की बहुत उपयोगिता है कौशल से ही सही से जीवन जिया जा सकता है।

वर्ष 2025 की थीम- एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण वर्ष में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने युवाओं को रोजगार, अच्छे कार्य और उद्यमिता के लिए कौशल से लैस करने के रणनीतिक महत्व को मनाने के लिए 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में घोषित किया था। वर्ष 2014 से ही मनाते चले आ रहे हैं। इस दौरान युवाओं के सर्वांगीण विकास पर व्यापक रूप से चर्चा की गई।

# डुमरियागंज में दिव्यांग बच्चों व उनके अभिभावकों के साथ आयोजित हुई बैठक

**पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के प्रशिक्षण हाल में दिव्यांग बच्चों व उनके अभिभावकों के साथ एक बैठक का आयोजन गुरुवार को किया गया। जिसमें योजनाओं से संबंधित तमाम जानकारी दिव्यांग बच्चों व अभिभावकों को दी गई। बैठक के उपरांत पांच नेत्र विहीन दिव्यांग बच्चों को चश्मा वितरित किया गया।

पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति, सेंज इंटरनेशनल इंडिया, स्पर्श बधिरांद परियोजना के अंतर्गत आयोजित बैठक में विशेष शिक्षकों ने सरकारी योजनाओं के संबंध में बताया कि दिव्यांग बच्चों के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसका लाभ बच्चों को मिल रहा है। इस मौके पर विशेष शिक्षक गणेश गौड़ ने बताया कि दिव्यांग पेंशन, रोजगार से संबंधित प्रशिक्षण, शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना आदि के विषय में यह बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि सभी विशेष शिक्षक प्रत्येक दिव्यांग बच्चों पर कार्य कर रहे हैं। जिससे उनका सीधा लाभ मिल सके। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर गोरखपुर बालमुकुंद पांडेय ने बताया कि 18 वर्ष से ऊपर के दिव्यांग युवाओं को जोड़कर एक समूह का गठन किया जाना है प्रत्येक समूह में पांच दिव्यांग युवा शामिल होंगे। स्वरोजगार से संबंधित जानकारी देकर दिव्यांग बच्चों को आगे बढ़ाना है। इस मौके पर ब्लॉक समन्वयक सोनू नाई,सिस्टर मार्था, रामकुमार चौधरी, अंजनी सिंह ,शिवम शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

### 19 अगस्त को आयोजित होगा दिव्यांगता चिकित्सा कैंप

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। आगामी 19 अगस्त को ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के परिसर में दिव्यांगता चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें दिव्यांग बच्चों की जांच कर प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए विशेष शिक्षक गणेश गौड़ ने बताया कि कैंप का आयोजन परिसर में दिन में 10 बजे आयोजित होगा। दिव्यांग बच्चों के अभिभावक कैंप से पूर्व आधार कार्ड व फ़ोटो के साथ संपर्क करें।

# दहेज हत्या आरोपी दो अभियुक्त को भवानीगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के निर्देशन मे एवं थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा के कुशल नेतृत्व में दिनांक 14.07.2025 को ग्राम भैसहिया टोला हैदरडीह में हुई दहेज हत्या हुई थी। जिस पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 91/2025 धारा 85, 80(2) बीएनएस व ड डीपी एक्ट पंजीकृत हुआ था, से सम्बन्धित 2 नफर वाछिंत अभियुक्त को गुरुवार की शाम ग्राम हिसामुद्दीनपुर चौराहे से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेज दिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम अजय कुमार वर्मा पुत्र चन्द्रभान वर्मा निवासी ग्राम भैसहिया राजा फार्म टोला हैदरडीह और अवधेश वर्मा पुत्र चन्द्रभान वर्मा निवासी ग्राम भैसहिया राजा फार्म टोला हैदरडीह थाना भवानीगंज है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा, उ0 नि0 राजेन्द्र प्रसाद, का0 रामवीर यादव, का0 सिद्धार्थ सिंह हैं।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए मेडिकल कॉलेज में विशेष ओपीडी सुविधा

**अम्बेडकरनगर।** वरिष्ठ नागरिकों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज में विशेष ओपीडी की व्यवस्था की गई है। इस पहल के तहत प्रत्येक गुरुवार को कमरा नंबर 183 में वरिष्ठ नागरिकों के मानसिक रोगों की जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

मौजूदा समय में वृद्धजनों में अकेलापन, तनाव, अवसाद, घबराहट, भूलने की समस्या एवं साइकोसिस जैसे मानसिक रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार समय पर इलाज मिलने से न केवल इन समस्याओं पर नियंत्रण पाया जा सकता है, बल्कि आत्महत्या जैसे गंभीर कदमों को भी रोका जा सकता है। मानसिक रोग विभाग द्वारा संचालित इस विशेष ओपीडी की सराहना करते हुए प्रोफेसर डॉ. मुकेश यादव ने कहा कि इस प्रयास से वरिष्ठ नागरिकों को मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद मिलेगी और उनका जीवन स्तर बेहतर होगा।

# बन्द कमरे में मिली दवा व्यवसाई और उसकी पत्नी की लाश

**पुलिस ने लाश को भेजा पोस्टमार्टम के लिए**

अवधनामा संवाददाता





**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बढ़नी में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, नगर के पुलिस चौकी मुहल्ले में स्थित केडिया भवन में किराए के मकान में रहने वाले दवा व्यवसाई और उसकी पत्नी की खून से सनी लाश बंद कमरे से पुलिस ने बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए कमरे को सील कर दिया और लाश को अपने कब्जे में लेते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गुरुवार की सुबह बढ़नी कस्बे के वार्ड नं 11 पुलिस चौकी मुहल्ले में स्थित केडिया भवन में किराए पर रहने वाले मदन मोहन अग्रवाल उम्र लगभग (60 ) वर्ष का गला कटा हुआ व उसकी पत्नी अंजू अग्रवाल उम्र लगभग (55) वर्ष संदिग्ध परिस्थितियों में मृत अवस्था में कमरे में पाए गए। बताया जाता है कि कमरे का दरवाजा मृतक के पुत्र राहुल अग्रवाल के खोलने पर दोनों मृत अवस्था में पड़े थे, फर्श पर खून फैला हुआ था। शोर मचाने पर आस पास के लोग इकट्ठा हो गए और मृतक मदन मोहन अग्रवाल को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बढ़नी ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना पाकर चौकी प्रभारी बढ़नी अनिरुद्ध सिंह, थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिंह, सी ओ सुजीत राय, एसडीएम राहुल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार व एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी मय टीम मौके पर पहुंच कर सीसी टीवी फुटेज सहित हरेक दृष्टिकोण से मामले की तहकीकात में जुट गए। बताया जाता है कि जांच के दौरान फोरेंसिक टीम को सुसाइड नोट भी प्राप्त हुआ है।

## अगस्त माह के लिये नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण योजना का शेड्यूल जारी

**अम्बेडकरनगर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत माह अगस्त 2025 के लिए पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण की योजना जारी कर दी गई है। आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के अनुसार यह वितरण 20 जुलाई 2025 से 10 अगस्त 2025 तक किया जाएगा।

जिला पूर्ति अधिकारी शिवाकांत पांडेय ने बताया कि उचित दर विक्रेताओं द्वारा ई-वेइंग लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से प्रत्येक अन्त्योदय राशनकार्ड धारकों को प्रति राशन कार्ड 35 किलोग्राम खाद्यान्न तथा पात्र गृहस्थी राशनकार्ड धारकों को प्रति यूनिट 5 किलोग्राम खाद्यान्न निःशुल्क वितरित किया जाएगा।खाद्यान्न वितरण की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारु बनाने के लिए समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षक के साथ अन्य संबंधित अधिकारी भी सतत भ्रमणशील रहकर वितरण की निगरानी करेंगे।

# डीएम ने किया खाद की दुकान का निरीक्षण, नोटिस देने का निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मेसर्स अली ट्रेडर्स लुम्बिनी रोड मोहाना चौक तथा मे0 कैफ ट्रेडिंग कम्पनी मोहाना चौक की खाद की दुकान का गुरुवार को जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान स्टाक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर का मिलान किया गया। मौके पर यूरिया की बोरी की गिनती कराई गयी सही पाया गया। इसके साथ विक्री रजिस्टर से किसान से दूरभाष द्वारा वार्ता किया गया। इसके साथ-साथ दुकाकनदार को निर्देश दिया कि जो भी खाद लेने आ रहा है उसका मोबाइल नम्बर के साथ खेत का रकबा भी दर्ज करे।

मेसर्स अली ट्रेडर्स लुम्बिनी रोड मोहाना चौक का विक्री रजिस्टर पूर्ण न होने पर तथा खेत का रकबा रजिस्टर पर दर्ज न होने पर जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को मेसर्स अली ट्रेडर्स लुम्बिनी रोड मोहाना चौक को नोटिस देने का निर्देश दिया।

# फागुशाह बाबा मजार को लेकर डुमरियागंज में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



**तहसीलदार को दिया ज्ञापन, मजार के पुनर्निर्माण की मांग**

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील के ग्राम चौखड़ा के बदलिय में स्थित पीर फकीर फागू शाह बाबा की मजार को विगत 15 जुलाई को भोर में बिना किसी नोटिस के प्रशासन द्वारा बुलडोजर से ध्वस्त करा दिए जाने के विरोध में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डुमरियागंज तहसील परिसर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद की अगुवाई में धरना दिया। और महामहिम राज्यपाल जी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा जिसमें उनसे घटना की जांच करा कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने एवं फागू शाह बाबा की मजार के पुनर्निर्माण की मांग की गई है।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष काजी सुहेल अहमद एवं उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि फागू शाह बाबा की मजार 105 साल पुरानी थी और वह मजार जनपद में हिन्दू मुस्लिम एकता की प्रतीक थी मजार से हिन्दू मुस्लिम दोनों धर्म के लोगों की आस्था जुड़ी हुई थी इसलिए हम कांग्रेस के लोग मजार को ध्वस्त किए जाने की निन्दा करते हैं। हमने उपरोक्त घटना से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय राय एवं शीर्ष नेतृत्व को अवगत करा दिया है और हम कांग्रेस पार्टी के लोग क्षेत्र में साम्प्रदायिक सद्भाव के लिए लगातार प्रयास करते रहेंगे।

कांग्रेस नेता डा बख्तियार उस्मानी एवं कांग्रेस उपाध्यक्ष कृष्ण बहादुर सिंह ने कहा कि कुछ साम्प्रदायिक ताकतें अपने राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं जिन्हें हम कांग्रेस के लोग कभी सफल नहीं होने देंगे सिद्धार्थनगर में हिन्दू मुस्लिम मिल जुल कर भाई की तरह रहते चले आए हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता बदरे आलम, जिला उपाध्यक्ष सादिक अहमद, महासचिव राजन श्रीवास्तव, रियाज़ मनिहार, मुकेश चौबे, अकबर अली, अर्जुन कन्नौजिया सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पीडब्ल्यूडी की भूमि से अवैध निर्माण को गिराने की प्रक्रिया शुरू

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अंबेडकर नगर।** जलालपुर बसखारी मार्ग पर पुल के समीप सड़क लोक निर्माण विभाग की जमीन पर बने अवैध हिस्से को उप जिला अधिकारी के नेतृत्व में विभिन्न विभागों की टीम द्वारा गिराने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई ।

जलालपुर बसखारी मार्ग पर पुल के पास सड़क पी डब्लू डी की भूमि पर अवैध रूप से नवी अहमद निवासी पश्चिम तरफ द्वारा निर्माण कार्य कर लिया गया था । जिसके क्रम में राजस्व टीम बनाकर उक्त भूमि की पैमाइश कराई गई। जिसके तहत निर्धारित सीमा के अंदर निर्माण को लेकर लोक निर्माण विभाग को राजस्व टीम पर नगर पालिका पालिका प्रशासन द्वारा पैमाइश की रिपोर्ट उप जिलाधिकारी को सौंपा गई जिसका संज्ञान लेते हुए तत्कालीन उपजिलाधिकारी ने सड़क लोक निर्माण विभाग की जमीन का पैमाइश कराकर चिन्हित किया गया था और अवैध निर्माण कर्ताओं को नोटिस जारी कर उन्हें अपने द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की हिदायत दी गई थी जिसके तहत निर्माण कर्ता ने अवैध निर्माण नहीं गिराया । जिसे गुरुवार को पोकलैंड मशीन लगाकर गिराया गया। लोक निर्माण विभाग द्वारा 53 अवैध निर्माण के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने बताया कि सड़क को जमीन पर अवैध तरीक़े से किया गया कब्जा हटाया जा रहा है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता तहसीलदार पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता जयशंकर चौबे अवर अभियंता अमितेश कुमार विजय बहादुर सिंह कोतवाल संतोष कुमार सिंह समेत तमाम पुलिस बल मौजूद रहे।

# भीटी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संगठन की बैठक हुई सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** आज संगठन सृजन अभियान को धार देने के लिए और भीटी ब्लाक की बूथ स्तर की कमेटी बनाने के लिए बैठक की गयी उक्त बातें जिला उपाध्यक्ष भीटी ब्लाक प्रभारी सुखीलाल वर्मा ने कही। उन्होंने कहा आप सभी कांग्रेसजनो के सहयोग से यथाशीघ्र बूथ स्तर की कमेटी बनाई जाये मै आपलोगो के साथ हर सम्भव मदद के तत्पर रहूंगा।

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार पाल, द्विजेंद्र नारायण शुक्ला, जय प्रकाश तिवारी, नंद कुमार गुप्ता ÷दद्दू÷, जगराम साहू, अनंत बहादुर सिंह ने कहा बूथ स्तर की कमेटी होने से प्रदेश अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष की बात बूथ अध्यक्ष तक आसानी से पहुंच जायेंगी।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सेवाराम वर्मा ने उपस्थित कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त करतें हुए कहा आप सभी इसी प्रकार से सहयोग करते रहें तों भीटी ब्लाक के प्रत्येक गांव और बूथ की कमेटी बनेंगी।

कांग्रेस मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र बब्लू ने बताया आज ब्लाक कांग्रेस कमेटी भीटी की संगठन सृजन की बैठक पिछवारा ग्राम सभा में की गयी। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष भीटी सेवा राम वर्मा संचालन अनंतबहादुर सिंह ने किया मुख्य अतिथि प्रभारी सुखी लाल वर्मा व द्विजेंद्र नारायण शुक्ला रहे। कार्यक्रम को प्रमुख रूप से प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राम कुमार पाल, जिला उपाध्यक्ष प्रभारी भीटी सुखीलाल वर्मा, द्विजेंद्र नारायण शुक्ला, जय प्रकाश तिवारी, जिला महासचिव नंद कुमार गुप्ता ÷दद्दू÷, जिला कार्यकारिणी सदस्य अनंत बहादुर सिंह, विनोद कुमार उपाध्याय,जगराम साहू, मनोज कुमार,केशव राम, रमेश कुमार, राम शब्द, राजाराम, राज कुमार पाण्डेय, रमाशंकर , श्याम नारायण, विश्वनाथ, महेंद्र कुमार, राम चरन, धीरज, ननकऊ, दिनेश कुमार, उमेश कुमार, दयाराम विश्वकर्मा, मोहित कुमार, मनोज कन्नौजिया समेत अनेक कांग्रेसजनों ने सम्बोधित किया।

## गोंडा में नाबालिग लड़की लापता, पुलिस ने तलाश तेज किया

**गोंडा।** कोतवाली नगर क्षेत्र के पोर्टरगंज पथवलिया मोहल्ले से एक नाबालिग बालिका के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। मामले में स्थानीय थाने पर अपहरण की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, पोर्टरगंज पथवलिया निवासी पारसनाथ की पुत्री रोशनी बीते दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। इस संबंध में पीड़िता की मां ननकू द्वारा थाने पर तहरीर दी गई, जिसके आधार पर मु0अ0सं0 479/2025 धारा 87 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना कर रहे उप निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि बालिका की तलाश के लिए हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर पूछताछ व संभावित ठिकानों पर दबिश के बावजूद अभी तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस का कहना है कि बालिका को सकुशल बरामद करना बाल हित में अत्यंत आवश्यक है।

# मुफ्त बिजली योजना पंजीकरण शिविर का आयोजन

**पीएम सूर्य घर**

अवधनामा संवाददाता



**गोंडा ।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से विद्युत विभाग एवं नेडा (नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण) विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक विशेष पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। यह कैम्प विद्युत विभाग परिसर, गायत्री पुरम चौराहा के निकट आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने प्रतिभाग किया।कैम्प का निरीक्षण जिलाधिकारी गोंडा श्रीमती नेहा शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने लाभार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं और शंकाएं सुनीं तथा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने उपस्थित लाभार्थियों को योजना के लाभों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना न केवल आम नागरिकों को सौर ऊर्जा की ओर प्रेरित करेगी, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से भी सशक्त बनाएगी।जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना हर घर को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके माध्यम से 3 किलोवाट तक के सोलर पैनल लगवाने पर 60 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक योजना की जानकारी पहुंचाई जाए तथा उन्हें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में हर संभव सहायता दी जाए।मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन ने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने नेडा और विद्युत विभाग के संयुक्त प्रयासों की सराहना की और कहा कि विभागीय समन्वय से ही योजनाओं को जमीनी स्तर पर सफल बनाया जा सकता है।जिलाधिकारी ने अंत में आम जनता से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करें।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में अधिक से अधिक लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन कर लाभ दिलाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही उन्होंने यह कहा है कि योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराया जाय ताकि इस योजना से अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता विद्युत, जिला परियोजना अधिकारी नेडा, अन्य विभागीय अधिकारी एवं तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थित रहे। कैम्प में आए लोगों ने योजना की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं कई लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन मौके पर ही संपन्न कराया गया।निरीक्षण के दौरान नेडा विभाग एवं विद्युत विभाग के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण तथा सभी वेंडर्स उपस्थित रहे।

## विजिलेंस विद्युत के नाम पर साइबर ठगी का नया अवैध वसूली का जाल

**अंबेडकरनगर।** जनपद में एक नया फर्जीवाड़ा प्रशासन और आम जनता की चिंता बढ़ा रहा है। 'विजिलेंस' टीम के नाम पर कुछ ठग सक्रिय होकर फोन पर लोगों से अवैध वसूली कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह गिरोह फोन कॉल, मैसेज और फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से लोगों को डराकर मोटी रकम ऐंठ रहा है।

सूत्रों के अनुसार, ये साइबर ठग खुद को विजिलेंस अधिकारी या कर्मचारी बताकर भ्रष्टाचार या अन्य शिकायतों की जांच की धमकी देते हैं। डर और शर्मिंदगी के चलते कई लोग बिना पुष्टि किए ही इन फर्जी विजिलेंस अफसरों को पैसे ट्रांसफर कर रहे हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि अधिकतर लोग इस जाल में फंसकर चुप्पी साध लेते हैं, जिससे शिकायतें सामने नहीं आ पातीं और ठगों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे ऐसे किसी भी कॉल या संदेश पर बिना पुष्टि के कोई भुगतान न करें।

# पुलिस ने चोरी करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना को0 देहात पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-321/25, धारा 331(4),305(ए) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मो0 शरीफ उर्फ बाडे पुत्र लालू नि0 ग्राम पूरे तिवारी थाना को0 देहात जनपद गोण्डा को ए0बी0सी0 भठ्ठा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने/चांदी के आभूषण व नगदी बरामद किया गया।

वादी प्रदीप कुमार पुत्र राम आसरे नि0 पूरे तिवारी थाना को0 देहात गोण्डा द्वारा थाना को0 देहात में लिखित तहरीर दी गयी कि रात्रि वह अपने घर पर सो रहा था कि लगभग 01:00 बजे अचानक नींद खुलने पर प्रार्थी ने देखा कि घर का दरवाज़ा खुला है, जिससे संदेह हुआ। इसी दौरान कमरे के अंदर हलचल महसूस होने पर जैसे ही प्रार्थी कमरे की ओर गया, एक अज्ञात चोर कमरे से निकलकर उसे धक्का देकर भाग गया। अज्ञात चोर द्वारा उसके घर से सोने/चांदी के आभूषण व नगदी की चोरी की है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0 देहात में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। देहात पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान प्रकाश में आये आरोपी अभियुक्त मो0 शरीफ उर्फ बाडे पुत्र लालू नि0 ग्राम पूरे तिवारी थाना को0 देहात जनपद गोण्डा को ए0बी0सी0 भठ्ठा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने/चांदी के आभूषण व नगदी बरामद किया गया।

## महाराष्ट्र और नक्सलवाद

महाराष्ट्र विधान सभा में अर्बन नक्सल बिल ध्वनिमत से पास हो गया है। नक्सल प्रभावित जिलो की संख्या 180 से घटकर 18 रह गई है। महाराष्ट्र में सिर्फदो जिले नक्सल प्रभावित है। इसके लिये इतना बड़ा कानून लाने का मतलब साफ नहीं है। शक है राजनीतिक दबाव बनाने के लिये इसका प्रयोग न किया जाये। फ्र्डनवीस के लिये राज्य में इस कानून का जरूरत है। अर्बन नक्सलियों पर सख्त कारवाई के लिये लाया गया है। पर उग्रवादी प्रचार धारा की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं बताई गई है। राज्य मे नक्सलवाद से इनकार नहीं किया जा सकता। पर इसके विरोध में वैचारिक विरोध और असहमति को न दबाया जाये। उग्रवादी विचार धारा की कोई स्पष्ट व्याख्या नहीं है न परिभाषा है। कानून में स्पष्टता होनी चाहिये जिस इस्तेमाल करने पर कोई जटिलता न आये।

हालाकि देश में कई जगह ऐसे कानून है पर महाराष्ट्र में ऐसा कानून लाने की क्या जरूरत पड़ी। नक्सल वादी विचार धारा तो बहुत बड़ी गिरावट पर है। महाराष्ट्र में यूएपीए जैसे स्पष्ट के साथ जोड़ कर लाने से यह आशंका मजबूत होती है कि इसका उपयोग आम लोगो की असहमति दबाने के लिये न किया जाने लगे। बेहतर है इस कानून को लागू करने से पहले इन आशंकाओं को दूर कर लिया जाये। इस पर ध्यान देने की जरूरत आवश्यक है जिसे अन अंशकायें दूर किया जा सके।

लार्डस पर पांच वीकेट लार्डस के मैदान पर इंग्लेण्ड के खिलाफ बुमराने पहली बार झटके पांच विकेट और इंग्लैड की पारी पर ब्रेक लगाया। बुमरा पांचवे भारतीय बालर है एक से ज्यादा बार 5 विकेट लेने वाले। विदेशी धरती पर पांच और उससे ज्यादा विकेट लेने वालों में बुमरा, कपिलदेव, अनिल कुम्बले और इशान्त है। इस मैच को बुमरा वर्सेस आर्चर देख जा रहा है। बुमरा ने दुनिया के सबसे प्रतिष्ठा आनर बोर्ड पर अपना नाम दर्ज करा कर साबित किया कि इस समय उनके मुकाबले में कोई नहीं है। इंग्लैड की पारी 387 पर समेटने में बुमरा अहम भूमिका निभाई। इस टेस्ट में चल रही पारी में राहुल ने शतक जोड़ा। बुमरा की आंधी में लग रहा था इंग्लैड 300 पर सिमट जायेगा। पर स्मिथ ने मोर्चा संभाल लिया। के.एल.राहुल ने अपने संयम से इंग्लैड के बालरों को परेशान किया। ऋषम जल्दीबाजी में हर गेद पर शाट नहीं लगा रहे थे। यशस्वी के आउट हो जाने पर रनो की गति सामान्य हो गई।


## सुको के सुझाव के साथ पूरे देश में होगी वोटर लिस्ट समीक्षा


प्रेम शर्मा

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में वोटर लिस्ट की समीक्षा के लिए आधार, राशन और वोटर कार्ड को भी मान्यता देने का सुझाव देकर आम लोगों की मुश्किल हल करने की कोशिश की है। इससे प्रक्रिया आसान होगी और आशंकाओं को कम करने में मदद मिलेगी। बेशक, फर्जी नाम मतदाता सूची में नहीं होने चाहिए लेकिन ऐसे अभियानों के दौरान आयोग का जोर ज्यादा से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से निकालने के बजाय, इस पर होना चाहिए कि एक भी नागरिक चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित न रह जाए।बिहार में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान को लेकर भले ही कांग्रेस सहित कुछ विपक्ष दलों की ओर से अभी भी सवाल खड़े किए जा रहे है लेकिन सुप्रीम कोर्ट के रुख को देखने के बाद चुनाव आयोग अब इस मुहिम को देश भर में छेड़ने की तैयारी में है। वह जल्द इसकी अधिकारिक घोषणा भी कर सकता है। उनमें अगले दो सालों में इसे चरणबद्ध तरीके से सभी राज्यों में लेकर वह जाएगा। जिसकी शुरूआत अगले महीने से पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम और केरल सहित पांच राज्यों से हो सकती है। इन सभी राज्यों में अगले साल विधानसभा के चुनाव भी है। आयोग का मानना है कि कोर्ट के दिशा-निर्देशों के बाद उसे इस काम करने में और आसानी होगी। गौरतलब है कि आयोग ने यह मुहिम तब शुरू की, जब कांग्रेस सहित उसके सहयोगी दलों ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार के बाद मतदाता सूची में गड़बडी के बड़े गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद ही चुनाव आयोग ने ठाना था, वह मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाकर ही दम लेगा।

बिहार में चुनाव आयोग स्पेशल इंटेंसिव रिवीज़न करवा रहा है। चुनाव आयोग का तर्क है कि इस प्रक्रिया से मतदाता सूची में सुधार किया जा रहा है। यानी वोटर लिस्ट से डुप्लीकेट, मृत लोगों के नाम या फिर ऐसे नाम हटाए जाएंगे जो ग़लत पते पर दर्ज हैं।विपक्ष का आरोप है कि यह एक श्साफ़-सुथरी प्रक्रियाश् नहीं, बल्कि राजनीतिक साज़िश है। विपक्ष का दावा है कि इससे लाखों नाम हटाए जा रहे हैं। जो ख़ासकर एक समुदाय और आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों को प्रभावित करेगा। लेकिन मामला इसलिए भी संवेदनशील है क्योंकि हाल ही में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में वोटर लिस्ट और मतदान संबंधी आंकड़ों में गड़बड़ी का आरोप लगाया था। राहुल गांधी ने इस विषय पर देश के प्रमुख अख़बारों में लेख लिखा था।

बहरहाल आधार और राशन कार्ड को मान्य दस्तावेजों की लिस्ट से बाहर रखने के कारण बड़ी आबादी के सामने संकट खड़ा हो गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, केवल किशनगंज जिले में एक हफ्ते के भीतर निवास प्रमाण पत्र के लिए दो लाख से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। कई जगह घर-घर जाकर गणना प्रपत्र बांट रहे कर्मियों ने लोगों से कहा है कि वे आधारकार्ड की कॉपी ही जमा करा दें। इस तरह के कंफ्यूजन से बेहतर है, आयोग बीच का रास्ता निकाले।शीर्ष अदालत ने विशेष गहन पुनरीक्षणपर रोक तो नहीं लगाई, लेकिन टाइमिंग को लेकर जो सवाल उठाया, वह बिल्कुल वाजिब है। बिहार में इसी साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इतनी विस्तृत कवायद के लिए शायद उतना वक्त न मिल पाए, जितना मिलना चाहिए। बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर जो असमंजस है, उसकी एक वजह टाइमिंग भी है। जिनके पास जरूरी डॉक्युमेंट नहीं हैं, वे इतनी जल्दी उनका इंतजाम नहीं कर पाएंगे। हालांकि आयोग ने भरोसा दिलाया है कि किसी को भी अपनी बात रखने का मौका दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह मुद्दा लोकतंत्र की जड़ों से जुड़ा है और लोकतंत्र में सबसे अहम है। लेकिन, चुनाव आयोग की मौजूदा प्रक्रिया में जनता को ही सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। यह रिवीजन जुड़ा है वोटर लिस्ट से, लेकिन मेसेज जा रहा है कि इससे नागरिकता तय होगी। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी से राहत मिलेगी कि निर्वाचन आयोग का किसी व्यक्ति की नागरिकता से कोई लेना-देना नहीं। यह मामला केवल बिहार तक सीमित रहने वाला नहीं है। दूसरे राज्यों में वोटर लिस्ट की समीक्षा किस तरह होगी, यह बिहार में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। ऐसे में जनता की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि सुप्रीम कोर्ट में आखिरकार इस प्रक्रिया का कैसा स्वरूप तय होता है।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**जेनरिक या ब्रांडेड दवाओं पर बहस छिड़ी है। पिछले साल नेशनल मेडिकल कमीशन ने एक नियम लागू किया था। इसमें कहा गया था कि डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं भी लिखनी होगी। नियम न मानने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एनएमसी के इस फैसले के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इस नियम पर सवाल खड़े किए थे। कई डॉक्टर एसोसिएशन ने भी नए कानून का विरोध कर इसको वापिस लेने की मांग की थी। तर्क यह दिया गया था कि ब्रांडेड दवा न लिखने से मरीजों को नुकसान हो सकता है।**

# जेनेरिक दवाओं पर सुनियोजित अभियान की दरकार


डॉ. ओपी त्रिपाठी

भारत में कैंसर और एचआईवी जैसी गंभीर बीमारियों की बेहद महंगी दवाएं बड़ी समस्या बनी हुई हैं। इनमें से कुछ दवाओं की एक डोज ही लाखों रुपए की है। ये दवाएं कमजोर और गरीब तबकों की पहुंच के बाहर हैं। जेनेरिक दवाएं इनका विकल्प हो सकती हैं, लेकिन शिकायतें आम हैं कि डॉक्टरों और दवा कंपनियों की मिलीभगत के कारण जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता बढ़ नहीं पा रही है। इसी साल अप्रैल में दवाओं की कीमतों से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि डॉक्टर सिर्फ जेनेरिक दवाएं लिखें तो मरीजों पर अनावश्यक बोझ डालने पर अंकुश लगाया जा सकता है। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा नवंबर 2016 को घोषित प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना में सरकार द्वारा उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयां बाजार मूल्य 50 से 80 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध कराई जाती है। इसके लिए सरकार द्वारा देश भर में अब तक 15000 से ज्यादा 'जन औषधि केंद्र ' खोले गए हैं, जहां 2047 प्रकार की जेनरिक दवाइयां और 300 से अधिक सर्जिकल उत्पाद उपलब्ध कराई जाती हैं। देश में फार्मा इंडस्ट्री 1.20 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की है और इसकी सालाना ग्रोथ 11 प्रतिशत है। देश में सालाना करीब 1.27 लाख करोड़ की दवाएं बेची जाती हैं, इसमें 75 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा जेनरिक दवाओं का है। भारत सस्ती यानी जेनेरिक दवाइयों का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर है। दुनिया भर की डिमांड की 20 प्रतिशत दवाइयां भारत सप्लाई करता है। अमेरिका में 40 प्रतिशत और यूके में 25 प्रतिशत दवाइयां भारत सप्लाई करता है।

पिछले काफी समय से जेनरिक या ब्रांडेड दवाओं पर बहस छिड़ी है। पिछले साल नेशनल मेडिकल कमीशन ने एक नियम लागू किया था। इसमें कहा गया था कि डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं भी लिखनी होगी। नियम न मानने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एनएमसी के इस फैसले के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इस नियम पर सवाल खड़े किए थे। कई डॉक्टर एसोसिएशन ने भी नए कानून का विरोध कर इसको वापिस लेने की मांग की थी। तर्क यह दिया गया था कि ब्रांडेड दवा न लिखने से मरीजों को नुकसान हो सकता है। विरोध के बाद एनएमसी से अपना फैसला वापस ले लिया था। सरकार मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करवाने के लिए कानून में संशोधन की तैयारी कर रही है। इसके बाद डॉक्टर्स को मरीजों के लिए सिर्फ जेनेरिक दवा लिखनी होंगी, न कि किसी विशेष ब्रांड या कंपनी की। इसके बाद भी मरीजों को सस्ती दवाएं मिलने लगेंगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है, क्योंकि जेनेरिक दवाओं के चलन से बड़ी फार्मा कंपनियों को सीधे नुकसान होगा।



जेनेरिक दवाओं के मुद्दे से इतर अब सरकार गंभीर बीमारियों की करीब 200 दवाएं सस्ती करने की तैयारी में है। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआइ) के एक पैनल ने इनमें से कुछ दवाओं पर कस्टम ड्यूटी पूरी तरह हटाने और बाकी पर घटाकर पांच फीसदी करने की सिफारिश की है। अगर सिफारिश मंजूर की जाती है तो गंभीर बीमारियों के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। सरकार ने इससे पहले 2016 में कैंसर, मधुमेह, विषाणु संक्रमण और उच्च रक्तचाप जैसी कई गंभीर बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 56 दवाओं की कीमतों की सीमा तय की थी। इससे दवाओं की कीमतें 25 फीसदी तक घट गई थीं। फिर भी समय-समय पर दवाओं की ऊंची कीमतों को लेकर सवाल उठते रहे हैं।

आम तौर पर सभी दवाएं एक तरह का केमिकल सॉल्ट होती हैं। इन्हें शोध के बाद अलग-अलग बीमारियों के लिए बनाया जाता है। जेनेरिक दवा जिस सॉल्ट से बनी होती है, उसी के नाम से जानी जाती है। जैसे- दर्द और बुखार में काम आने वाले पेरासिटामोल साल्ट को कोई कंपनी इसी नाम से बेचे तो उसे जेनेरिक दवा कहेंगे। वहीं, जब इसे किसी ब्रांड (जैसे- क्रोसिन) के नाम से बेचा जाता है तो यह उस कंपनी की ब्रांडेड दवा कहलाती है। जेनेरिक दवाइयां या ब्रांडेड दवाइयों में कोई फर्क नहीं होता यह दोनों एक जैसे ही काम करती हैं फर्क सिर्फ इतना है कि ब्रांडेड दवाइयां महंगी होती है क्योंकि उन पर दवा कंपनियों द्वारा मार्केटिंग करने का खर्च शामिल होता है इसलिए वह महंगी होती है इसके अलावा उनका रिसर्च एंड डेवलपमेंट का खर्च भी शामिल होता है बल्कि जो जेनेरिक दवाइयां हैं उनमें दवा कंपनियों का सिर्फ बनाने का खर्चा होता है इसलिए वह सस्ती होती हैं।

ब्रांडेड दवाई महंगी होतीं हैं क्योंकि ब्रांडेड दवाई के साल्ट का अविष्कार किसी कंपनी द्वारा किया जाता है। जो उसके मूल्य में उसमें अविष्कार का खर्च, उसकी मार्केटिंग का खर्च, डॉक्टरों में दवाई का प्रचार करने का खर्च और उसके अलावा उस दवाई को बनाने के लिए जो उन्होंने पूंजी लगाई उसका ब्याज जुड़ा होता है। इसके अलावा दवाई के मूल्य में अत्यधिक लाभ भी जोड़ा जाता है। इन सबको मिलाने से दवाई का दाम काफी ज्यादा हो जाता है। जिस दवाई का आविष्कार जिस कंपनी ने किया होता है उसे उस दवाई का पेटेंट मिल जाता है। लेकिन 10 साल के बाद उसका दवाई का पेटेंट यानी अकेले दवाई बनाने का अधिकार खत्म हो जाता है। अब उसे कोई भी बनाकर बेंच सकता है ऐसे में छोटी छोटी कंपनियां उसका एक मॉलिक्यूल थोड़ा सा बदल के जेनेरिक के रूप में पेश कर देती हैं, जिसका मूल्य ब्रांडेड मूल्य के 20त्न तक होता है। यानी ब्रांडेड दवाई का मूल्य जेनेरिक दवा के मूल्य से 4 या 5 गुना और 10 गुना तक महंगी होती है।

दरअसल, फार्मा कंपनियां ब्रांडेड दवाइयों की रिसर्च, पेटेंट और विज्ञापन पर काफी पैसा खर्च करतीं हैं। जबकि जेनेरिक दवाइयों की कीमत सरकार तय करती है और इसके प्रचार-प्रसार पर ज्यादा खर्च भी नहीं होता। कई जानलेवा बीमारियों जैसे एचआईवी, लंग कैंसर, लीवर कैंसर जैसी बीमारियों में काम आने वाली दवाओं के ज्यादातर पेटेंट बड़ी-बड़ी कंपनियों के पास हैं। वे इन्हें अलग-अलग ब्रांड से बेचती हैं। अगर यही दवा जेनेरिक में उपलब्ध हो तो इलाज पर खर्च 200 गुना तक घट सकता है। सवाल यह भी है कि अपेक्षाकृत सस्ती जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता बढ़ाने पर ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है? भारतीय चिकित्सा परिषद ने 2013 में दिशा-निर्देश जारी किए थे कि जहां तक संभव हो, डॉक्टर जेनेरिक दवाएं लिखें। इस पर अमल होता तो गंभीर बीमारियों का इलाज सस्ता हो सकता था। जेनेरिक दवाओं पर सुनियोजित अभियान की दरकार है। समान गुणवत्ता और असर वाली जेनेरिक दवाओं के प्रति लोगों को भी जागरूक किया जाना चाहिए। कई डॉक्टर जेनेरिक दवाओं के बदले उन बड़ी कंपनियों की दवाएं लिखते हैं, जिनसे उन्हें कमीशन, उपहार और दूसरी सुविधाएं मिलती हैं। चिकित्सा क्षेत्र की इस परिपाटी के निदान के लिए सरकार समय-समय पर कदम उठाती रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर ठोस नतीजे देखने को नहीं मिलते।

# फिलवक्त बिहार में विपक्षी राजनीति का चक्का जाम

**बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी।**


डॉ. आशीष वशिष्ठ

चुनाव आयोग द्वारा बीती 25 जून से बिहार में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है जहां इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने है। इस प्रक्रिया का विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस' यानी इंडी गठबंधन विरोध कर रहा है। विपक्ष इस मसले पर कानूनी लड़ाई भी लड़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट में विपक्ष की 9 राजनीतिक पार्टियों ने याचिका दाखिल की है, जिस पर सर्वोच्च अदालत 10 जुलाई को सुनवाई करेगा। वहीं दूसरी ओर विपक्ष ने नौ जुलाई बिहार में चक्का जाम करने का निर्णय किया है। विपक्ष की राजनीति और बॉडी लैंग्वेज से ऐसा आभास हो रहा है मानो मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण से उसका बना बनाया खेल बिगड़ गया है। फिलवक्त बिहार में विपक्ष की राजनीति का चक्का जाम दिखाई दे रहा है। निर्वाचन आयोग देश में अवैध रूप से बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार से आकर जो लोग रह रहे हैं, जिन्होंने मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा लिया है। वैसे लोगों को मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जो भी अवैध रूप से बिहार आकर बस गए हैं, उनका वोट विपक्ष को जाता है। यही कारण है कि इंडिया गठबंधन के घटक दल हो या ओवैसी, इनको इस बात का डर सता रहा है कि मतदाता सूची से यदि इनका नाम कट गया तो उनका राजनीतिक रूप से नुकसान होगा। बिहार में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं, जबकि पांच राज्यों- असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 में होने हैं। बांग्लादेश और म्यांमार से आने वाले अवैध प्रवासियों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में की जा रही कार्रवाई के मद्देनजर यह कवायद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है। इसी वजह से पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बहुत बेचैन है।



बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी। केंद्र सरकार ने जब पूरे देश में एनआरसी लागू करने की बात कही थी तो बिहार में इस इलाके से भी विरोध के सुर उठे थे।

जाति आधारित सर्वेक्षण आंकड़ों के अनुसार बिहार में करीब 17.70 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। वहीं, बिहार की 243 विधानसभा सीटों में से 47 सीटें ऐसी हैं, जहां मुस्लिम वोटर अहम भूमिका अदा करते हैं। इन इलाकों में मुस्लिम आबादी 20 से 40 प्रतिशत या इससे भी अधिक है। बिहार की 11 सीटें हैं, 10 से 30 फीसदी के बीच मुस्लिम मतदाता हैं। जानकारों का मानना है कि चुनिंदा क्षेत्रों में अगर एक निश्चित मात्रा में नाम कट जाएं तो मुकाबला कमजोर हो जाएगा।

वहीं ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहाद उल मुस्लिमीन यानी एआईएमआईएम ने भी विपक्ष के सामने संकट पैदा कर दिया है। एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तर उल ईमान ने लालू प्रसाद को चिट्ठी लिख कर कहा कि एमआईएम को महागठबंधन में शामिल किया जाए। राजद की ओर से पहली प्रतिक्रिया में पार्टी के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने इसके लिए मना कर दिया है। असल में एआईएमआईएम ने राजद और कांग्रेस दोनों को उलझा दिया है। ये दोनों पार्टियां कहती रही हैं कि ओवैसी की पार्टी भाजपा की बी टीम है और हर बार राजद, कांग्रेस को हराने के लिए चुनाव लड़ती है। लेकिन इस बार उन्होंने अपनी ओर से तालमेल की पहल की है। अगर राजद, कांग्रेस तालमेल के लिए तैयार नहीं होते हैं तो फिर कैसे एमआईएम पर भाजपा की बी टीम होने का आरोप लगाएंगे! राजद और कांग्रेस की स्थिति सांप छछूंदर वाली हो गई है।

इंडी गठबंधन बिहार विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ एनडीए को टक्कर देने के लिए दो तरफा योजना बना रहा है। इसके तहत वह कल्याणकारी योजनाओं के वादों के साथ-साथ सामाजिक न्याय का एक बड़ा मुद्दा भी पेश करेगा। विपक्ष रोजगार की तलाश में गरीब बिहारियों के बड़े पैमाने पर पलायन को रोकने के उपाय के रूप में विशेष रोजगार सृजन योजनाओं की पेशकश करने के लिए भी काम कर रहा है। विपक्षी गठबंधन को उम्मीद है कि वह स्थानीय भावनाओं को भी प्रभावित करने के लिए एक अभियान चलाकर यह दावा कर सकेगा कि बिहार में कुछ नौकरशाहों के माध्यम से एक दिल्ली गिरोह छद्म सरकार चला रहा है, वह भी ऐसे समय में जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की शारीरिक फिटनेस पर सवाल उठ रहे हैं।

लेकिन विपक्ष के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि बिहार चुनाव में उसका चेहरा कौन होगा? विपक्ष अभी अपना चेहरा तय नहीं कर पाया है। राजद तेजस्वी को भावी मुख्यमंत्री और विपक्ष के चेहरे के तौर पर पेश कर रहा लेकिन गठबंधन में इस पर कोई सहमति नहीं है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि इस मुद्दे पर सहमति बनना मुश्किल है। गठबंधन का कोई भी दल अपनी दावेदारी कम नहीं करना चाहता। ऐसे में विपक्ष भले ही ऊपरी तौर पर ताकतवर दिखने के लिए एकजुटता दिखा रहा है, लेकिन अंदरखाने विपक्ष के चेहरे यानी सीएम प्रत्याशी के नाम को लेकर भारी उथल पुथल मची है। सत्तारूढ पक्ष की ओर से साफ किया जा चुका है कि वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव मैदान में उतरेगा। और चुनाव जीतने के बाद मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नीतीश कुमार बैठेंगे। बिना चेहरे के चुनाव मैदान मे उतरने से विपक्ष का पलड़ा कमजोर होना तय है, क्योंकि इस से यह मैसेज जायेगा कि विपक्ष एकजुट नहीं है।

बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्ष खासकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और जन सुराज के संयोजक जिन मुद्दों को आधार बनाकर बिहार सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उनके हर मुद्दे की लगातार हवा निकाल रहे हैं। चाहे बिहार की सरकारी नौकरियों में डोमिसाइल नीति लागू करने की बात हो या सामाजिक पेंशन की राशि में बढ़ोत्तरी का मुद्दा। यानी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्ष से दो कदम आगे चल रहे हैं। चुनाव में अभी लगभग तीन महीने का वक़्त है, तब तक राजनीति का ऊंट किस करवट बैठेगा ये अभी कह पाना मुश्किल है। फिलवक्त बिहार मे विपक्ष की राजनीति उलझी और फंसी हुई दिख रही है। चुनाव आयोग की कार्रवाई से विपक्ष की हताशा भी सामने आ चुकी है। ऐसा लग रहा है मानो विपक्ष की सारी उम्मीदें मतदाता सूची पर ही टिकी हुई थी। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में पुनरीक्षण शुरू करके उसका बना बनाया काम बिगाड़ दिया हो।

# सुपरस्टार राजेश खन्ना की सांसें आज ही थमी थी

**बतौर अभिनेता उन्होंने कुल 180 फिल्मों और 163 फ़ीचर फ़िल्मों में काम किया, 128 फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाई, 22 में दोहरी भूमिका अभिनीत करने के अतिरिक्त, सत्रह छोटी फ़िल्मों में भी काम किया, साथ ही 1969-71 के बीच 15 सुपर हिट फिल्मों में अभिनय करके, उन्होंने स्वयं को बॉलीवुड के सुपरस्टार के रूप में स्थापित कर लिया। उन्हें फिल्मोंमें सर्वश्रेष्ठ अभिनय हेतु, तीन मरतबा फिल्म फ़ेयर पुरस्कार मिला था तथा 14 मरतबा मनोनीत भी किया गया।**


मुहम्मद क़मर खाँ

देश में मनोरंजन की दुनिया में साठ के दशक के अंत से ही प्रारंभ हो चुका था, सुपरस्टार रहे थे, राजेश खन्ना के स्टारडम का युग। साथ ही वह लोकसभा के पूर्व सदस्य भी रहे, उन्हें ब्लड कैंसर हुआ था जो 18 जुलाई 2012 को अन्ततो गत्वा उनकी मौत का कारण बना। यही कैंसर बाद में उनके लीवर तक फैल गया, इस जानलेवा रोग का पता उन्हें अपनी मौत के डेढ़ वर्ष पूर्व चल गया था, फ़िर भी अपार साहस का प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने अपना शेष जीवन जिया। इस क्रम में अपनी मौत के तीन सप्ताह पूर्व, उन्होंने अपने परिवार को बता दिया था ''मैं जानता हूँ, दवाइयां अपना काम नहीं कर रही हैं, लगता है मेरा टाइम आ गया है।'' और इस तरह उन्होंने मुंबई स्थित अपने बंगले ''आशीर्वाद'' में आखिरी सांस लेकर इस दुनिया को अलविदा कहा। राजेश खन्ना ने अंतिम सांस लेने से पहले, यह वाक्य बोलते हुए दम तोड़ा ''समय हो गया है, पैक अप करो''। मुंबई में राजेश खन्ना के अंतिम संस्कार में लगभग नौ लाख फैन्स शामिल हुए, जिस कारण से इस भीड़ को नियंत्रित करने हेतु पुलिस को, लाठी चार्ज करना पड़ा था। अपने परिवार, मित्रों एवं प्रशंसकों हेतु, रिकॉर्ड किए गए अपने संदेश में, अभिनेता ने अपने प्यार और प्रशंसा युक्त समर्थन के लिए अपने फैंस को सलाम करते हुए, उन्हें धन्यवाद दिया, साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने बिना किसी गाडफादर के, किस प्रकार सफलता अर्जित की। राजेश खन्ना नई दिल्ली लोकसभा सीट से वर्ष 1991-1996 तक कांग्रेस पार्टी के सांसद रहे, बाद में उन्होंने राजनीति से संन्यास ले लिया। मगर बतौर अभिनेता उन्होंने कुल 180 फिल्मों और 163 फ़ीचर फिल्मों में काम किया, 128 फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाई, 22 में दोहरी भूमिका अभिनीत करने के अतिरिक्त, सत्रह छोटी फिल्मों में भी काम किया, साथ ही 1969-71 के बीच 15 सुपर हिट फिल्मों में अभिनय करके, उन्होंने स्वयं को बॉलीवुड के सुपरस्टार के रूप में स्थापित कर लिया। उन्हें फिल्मों में सर्वश्रेष्ठ अभिनय हेतु, तीन मरतबा फिल्म फ़ेयर पुरस्कार मिला था तथा 14 मरतबा मनोनीत भी किया गया। बंगाल फिल्म जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा हिंदी फिल्मों के सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भी, अधिकतम चार मरतबा उनके नाम रहा जबकि 25 मरतबा उन्हें मनोनीत किया गया। सन् 2005 में उन्हें ज बवह गिरगांव के सेण्ट सेबोरियन सोआन हाई स्कूल में पढ़ रहे थे, तो वहां उनके क्लास फ़ेलो थे रवि कुमार जो बाद में अपने फिल्मी नाम ''जितेंद्र'' के नाम से जाने गए। राजेश खन्ना ने धीरे-धीरे थियेटर में रुचि लेना शुरू कर दिया, अपने स्कूल-कॉलेज के दिनों के दौरान कई स्टेज और थियेटर नाटक किये, और कॉलेज में नाटक प्रतियोगिताओं में अनेक पुरस्कार जीते।



फ़िल्मफ़ेयर का लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड उन्हे दिया गया। राजेश निर्विवादित रूप, में हिन्दी सिनेमा के पहले सुपरस्टार थे। सन 1966 में ''आखिरी खत'' नाम फिल्म से उन्होंने अभिनय की शुरुआत की, जिनमें से 'राज़' 'आखिरी खत' नॉर्मल रहीं, किन्तु 'बहारों के सपने' पूर्णतया असफल रही। उन्होंने 1966-1991 के बीच 74 स्वर्ण जयंती फिल्में कीं 22 रजत जयंती फिल्मों में काम किया। इस प्रकार 1966-2012 के बीच उन्हें 163 फिल्मों में अभिनय का अवसर प्राप्त हुआ, उनमें से 105 फिल्में हिट रहीं।

अमृतसर के एक हिंदू पंजाबी परिवार में गत 29 दिसंबर 1942 को जतिन खन्ना नाम से जन्मे बच्चे का पालन पोषण, लीलावती चुन्नी लाल खन्ना के हाथों हुआ। जतिन के माता-पिता भारत विभाजन के पश्चात पाकिस्तान से आकर अमृतसर में बस गए। खन्ना दम्पत्ति, जो जतिन के सगे रिश्तेदार थे, द्वारा इस बच्चे को गोद लेकर पालन पोषण के क्रम में पढ़ाया लिखाया गया। राजेश खन्ना एक बॉलीवुड अभिनेता के अतिरिक्त निर्माता निर्देशक भी थे। उन्होंने कई हिन्दी फिल्में बनाई'। उनकी शिक्षा पुणे के नौरोसनी वाडिया कॉलेज में 1959-61 तक, और तत्पश्चात के0सी0 कॉलेज, में 1961-1963 तक हुई। जबकि जीतेंद्र ने अपनी शिक्षा सिद्धार्थ जैन कॉलेज में अर्जित की। राजेश खन्ना ने जीतेंद्र को उनके पहले फिल्म ऑडिशन की तैयारी हेतु ट्यूशन पढ़ाया। जब खन्ना ने फिल्मों में क़दम रखने का फैसला किया तो खन्ना के चाचा के0 के0 तलवार ने उनका फ़िल्मी नाम राजेश खन्ना रख दिया। यूनाइटेड प्रोड्यूर्सस एवं फिल्म फेयर द्वारा 1965 में आयोजित ''अखिल भारतीय प्रतिभा प्रतियोगिता'' में दस हजार से अधिक प्रतिभागियों में से, चुने जाने वाले आठ फाइनलिस्टों, में राजेश खन्ना भी एक थे। उनके साथ एफ्टीआईआई के अन्य छात्र, सुभाष घई और धीरज कुमार भी थे। खन्ना ने फरीदा जलाल के साथ प्रतियोगिता जीती। एक प्रयास के अंतर्गत बीआर चोपड़ा, विमल राय, जीपी सिप्पी, नासिर हुसैन, एचएसरवैल, मोहन सहगल, जे ओम प्रकाश शक्ति सामन्त, सुबोध मुखर्जी, इत्यादि ने यूनाइटेड प्रोड्यूर्सस संगठन स्थापित किया। अब आइये राजेश खन्ना के स्टारडम के दौरे की ओर रुख़ करते हैं। वर्ष 1969, राजेश खन्ना के लिये, गेम चेन्जर सिद्ध हुआ। और यही वह समय था कि जब उनके सुपर स्टारडम का उदय हुआ जिसकी शुरुआत शक्ति सामंत की रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म ''आराधना'' से हुई। जिसमें इस हर्षोत्साहित धुन के तुरंत बाद जारी इस गाने के बोल ''कोरा कागज़ था यह मन मेरा'' ने थियेटर में बैठे दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस फिल्म में टैगोर ने बतौर हीरोइन उनके साथ काम किया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफ़िस पर बड़ी ब्लाक बस्टर बनी और देखते ही देखते उस फिल्म नें राजेश खन्ना को समय का स्टार बना दिया। एसडी बर्मन द्वारा रचित,एवं आनंद बख़्शी द्वारा लिखे इसके साउन्ड ट्रैक, 1960 से बनाए गए रिकॉर्ड के अनुसार यह दशक की तीसरी सबसे अधिक बिकने वाली हिन्दी फिल्म थी। साथ ही इसने किशोर कुमार को हिन्दी सिनेमा का अग्रणी पार्श्व गायक बना दिया। इस फिल्म के अंतर्गत ''कोरा कागज़ था यह मन मेरा'' से पूर्व, नायक के रूप में राजेश खन्ना द्वारा अपनी फ़िल्म प्रेयसी को किए जाने वाले आकर्षक संबोधन की गूंज को सुनने और देखने वाले छप्पन वर्षों बाद भी शायद ही इस यादगार धुन और बोली को भूल पाए हों। फिल्म के गानों ने सन 1969 में हर तरफ धूम मचा दी थी। यही नहीं फिल्म में ''रूप तेरा मस्ताना'' जैसे गाने के दौरान फिल्म के दृश्यों को सजीव बनाने हेतु तदनुसार किए जाने वाले सारे प्रयास, साकार होते देखे जा सकते हैं दृष्य के वातावरण के अनुकूल बोलों, मधुर संगीत छायांकन व अभिनय ने संयुक्त रूप से दृश्यों में जान फूंकने का काम किया। राजेश खन्ना व किशोर कुमार दोनों ही अपने-अपने फिल्मी क्षेत्रों में न केवल, शिखर तक पहुंचे बल्कि वहां पहुंचने के पश्चात, स्वयं को स्थापित कर पाने में भी यह दोनों कलाकार सफल रहे ।

# 'थाकबंदी के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करें'

## जन सुनवाई में 79 शिकायतों को सुना गया

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में आमजन की शिकायतों को सुना। जन सुनवाई में कुल 79 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई के दौरान मौके पर ही पात्रों की वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन व दिव्यांग पेंशन बनवायी गयी। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाये गए।

पेंशन धारकों के लिए आज वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय में अलग से आयुष्मान कार्ड केंद्र स्थापित किया गया। 26 पेंशनरों सहित आज कुल 28 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनवाये गए। इस प्रकार अब अब तक जिलाधिकारी अनुनय झा की जन सुनवाई में कुल 194 आयुष्मान कार्ड बनवाये जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि

■ पैमाइश व अंश निर्धारण की शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये

पैमाइश व अंश निर्धारण की शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब न किया गया जाये। भूमि विवाद के स्थायी समाधान के लिए थाकबंदी के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कराया जाये।

सुदामा नाम की महिला को जन सुनवाई के दौरान वृद्धावस्था पेंशन से आच्छादित कराया गया। निर्मला नाम की एक महिला जिनके पति का देहांत हो चुका है, को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना से आच्छादित कराया गया। इसके साथ ही उनके दो बच्चों को बाल सेवा योजना का लाभ दिलाया गया। एक दिव्यांग महिला की एक बच्ची को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी नहने राम व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### चिकित्सा प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन किया जाए : अनुनय

**हरदोई।** आज कलेक्ट्रेट कक्ष में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की जिला इकाई की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने संगठन के सदस्यों से बातचीत के दौरान कहा कि जनपद के सभी चिकित्सा प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित किया जाए। सभी प्रकार के अनापत्ति प्रमाण पत्र व लाइसेंस ससमय प्राप्त कर लिए जाएं।

■ आमजन की सुविधा हेतु प्रतिष्ठानों में सभी प्रकार की आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, उप जिलाधिकारी सदर सुशील कुमार मिश्रा, उप जिलाधिकारी नहने राम, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व आईएमए के सदस्य गार्ड उपस्थित रहे।

## सहकारी समिति पर लगा मिला ताला, स्पष्टीकरण मांगा

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा सहकारी समिति रैपुराजाट विकास खण्ड फरह का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सहकारी समिति रैपुराजाट के समस्त कक्षों में ताले लगे हुए पाए गए तथा कोई भी कार्मिक निरीक्षण के समय उपस्थित नहीं पाया गया। निरीक्षण के दौरान दूरभाष पर वार्ता करने पर सचिव दुर्गा प्रसाद द्वारा अवगत कराया गया कि वह बैंक में हैं तथा अन्य 02 कार्मिक श्री कमल सिंह, आंकिक एवं सुनील सहयोगी भी बैंक में हैं। निरीक्षण के समय सहकारी समिति बंद पाई गई तथा खाद की उपलब्धता का स्टॉक विवरण भी प्रदर्शित नहीं पाया गया। समिति बंद होने के दृष्टिगत किसानों को सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने समिति कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए समस्त कार्मिकों का स्पष्टीकरण मांगा है। समिति अनाधिकृत रूप से बंद पाए जाने के संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही हेतु 03 दिन के अन्दर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

# वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान

## निकटवर्ती ग्राम मिर्चवारा में लगया जन जागरूकता शिविर

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा प्रायोजित तीन माह का वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर तक अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को ग्राम पंचायत मिर्चवारा में एक वित्तिय साक्षरता कैम्प का अयोजन आरबीआई, नाबार्ड, पीएनबी व आरोह फाउंडेशन से एफसी सोहिब खान द्वारा किया गया।

इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण व दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को बैंकिंग सेवाओं, बीमा योजनाओं तथा पेंशन योजनाओं से जोड़ते हुए वित्तीय समावेशन को सशक्त करना है। कार्यक्रम में अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान एलडीएम रंजीत कुमार ने उपस्थित सैकड़ों महिला पुरुष से उनकी समस्या सुनी और समाधान करने का आश्वासन दिया। वहीं उपस्थित समूह की महिलाओं से समूहों के बारे में जानकारी लेकर उसको आगे कैसे बढ़ाया जाए उसके बारे में बताया। साथ ही सीएम युवा उद्यमी योजना के बारे में भी बताया।

मौके पर किसानों के केसीसी की जानकारी देते हुये बताया कि अगर समय से पैसा जमा करते है तो ब्याज में भी छूट दी जाती है। वहीं मिर्चवारा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक से उपस्थित प्रबन्ध ने भी ग्रामीणों को संबोधित कर बैंकिंग सेवाओं से जुडने़ और हो रहे डिजिटल फ्रॉड से कैसे बचा जा सके बताया। इस अवसर पर ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न वित्तीय एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और मौके पर ही लाभार्थियों को सेवाओं से जोडने़ की प्रक्रिया शुरू की गई।

इस अभियान में विशेष रूप से पीएम जनधन योजना के तहत बैंक खाता खोलना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, बचत खातों की री- केवाईसी प्रक्रिया, डिजिटल लेनदेन एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता जैसी योजनाओं पर जोर दिया गया।

# भाषा विश्वविद्यालय की सभी सीटें हुईं फुल

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में इस वर्ष प्रवेश प्रक्रिया को लेकर छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश निरंतर जारी है, और इच्छुक अभ्यर्थी 20 जुलाई 2025 तक प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

विशेष रूप से विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित बी.ए. एल.एल.बी. और एल.एल.बी. कार्यक्रमों में छात्रों की भारी रुचि देखने को मिली है, जिसके चलते इन पाठ्यक्रमों की सभी सीटें पूर्ण रूप से भर चुकी हैं। यह दर्शाता है कि विश्वविद्यालय के विधिक शिक्षा कार्यक्रमों की गुणवत्ता और प्रतिष्ठा में लगातार वृद्धि हो रही है।

विधि विभाग के प्रमुख डॉ. पियूष द्विवेदी ने जानकारी दी कि बी.ए. एल.एल.बी. और एल.एल.बी. पाठ्यक्रमों में छात्रों का रुझान तेजी से बढ़ा है, जो विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली और अनुशासित शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा की दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता और सतत मार्गदर्शन में यह प्रवेश प्रक्रिया सफलतापूर्वक संचालित की जा रही है। उनके प्रयासों के कारण विश्वविद्यालय न केवल प्रदेश में, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एक नई पहचान बना रहा है। जो छात्र अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक हैं, वे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, अथवा विश्वविद्यालय के प्रवेश प्रकोष्ठ से संपर्क कर सकते हैं।

## किसान समस्याओं को लेकर महापंचायत 16 अगस्त को

**बलदेव (मथुरा)।** भाकियू चढूनी की बैठक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान की अध्यक्षता में निरीक्षण भवन पर हुई। जिसमें सर्वसम्मिति से निर्णय लिया कि क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं को लेकर यूनियन की महापंचायत 16 अगस्त को आयोजित होगी। जिसमें यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

बैठक में मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर, जिला अध्यक्ष संजय पाराशर ने कहा कि तहसीलों में किसानों का उत्पीड़न हो रहा है। किसानों की खतौनी में गड़बड़ी व तहसील स्तर पर पुरानी खतौनियों को बदलकर, हिस्सेदारी में मनमानी कर संपत्ति विवाद बढ़ गया है। इससे किसान कानूनी पचड़ों में फंस रहे हैं। बरौली, अवैरनी, दघेंटा के किसानों के खसरा, खतौनी में रकवा, बल्दियत गलत कर दिए हैं जिससे किसानों के सारे काम रुके पड़े हैं।

# ब्रज की पावन भूमि वृन्दावन में भक्ति के रंग में डूबी सांसद हेमा मालिनी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मथुरा की सांसद विश्व प्रसिद्ध सिने अभिनेत्री हेमा मालिनी पर कॉरिडोर निर्माण के मामले में ब्रजवासियों के अपमान करने का कुछ तथाकथित लोग आरोप लगा रहे हैं साथ ही ब्रजविरोधी छवि को दर्शाने का प्रयास रात दिन कॉरिडोर विरोधी लॉबी करती रहती है इसके बावजूद भी सांसद द्वारा हमेशा ब्रज और ब्रजवासियों का सम्मान हृदय से किया उनका भगवान कृष्ण और राधा की भक्ति प्रेम जग जाहिर है। सभी विरोधियों को आईना दिखाते हुए सांसद हेमा मालिनी द्वारा वृंदावन के राधा रमण लाल जी मंदिर में चल रहे आयोजन में पहुंच कर अपनी प्रतुति दी,76 साल की अवस्था में पूरे जोश के साथ भगवान राधा रमण लाल जू को रिझाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जहां सांसद हेमा मालिनी ने ठाकुर जी के आगे 30 मिनिट तक



■ राधा रमण लाल के तिरोभाव कार्यकम में दी अपनी प्रस्तुति

नृत्य किया जिनके साथ सखियों और कान्हा के रूप में कलाकारों की टीम थी।

सांसद हेमा मालिनी के द्वारा मंदिर के रास पंडाल में सखियों के साथ कान्हा को पायलों की झनझन से रिझाने का कार्य किया कान्हा भी अपनी मधुर बंशी बजाते झूमते दिखाई दिए भक्ति के भाव में लीन हेमा मालिनी ने ठाकुर स्वरूप को शीश नवा कर प्रणाम किया ठाकुर स्वरूप में भगवान कृष्ण द्वारा गले की माला सांसद के गले में पहनाई सांसद हेमा मालिनी की भक्ति के रस में उपस्थित भक्त झूमते नजर आए। नृत्य कार्यक्रम के बाद सांसद हेमा मालिनी ने कहा आज मुझे तीसरी बार ठाकुर राधा रमण लाल जू के सामने अपनी प्रस्तुति देने का अवसर मिला ऐसा मौका हर किसी को नसीब से मिलता है तिरोभाव कार्यकम में पहुंची सांसद हेमा मालिनी का स्वागत पुजारियों ने भगवान की माला और अंग वस्त्र भेंट कर किया, मंदिर सेवायत प्रख्यात कथा वाचक पुंडरीक महाराज के सानिध्य में तिरोभाव उत्सव का आयोजन चल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### संस्कार भारती जिला इकाई की कार्यकारिणी का गठन



**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** संस्कार भारती की साधारण सभा प्रांतीय मंत्री डा.शील कुमार कोपरा के मुख्य आतिथ्य तथा संजय तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में की गई। बैठक का विधिवत शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रजलित कर संस्कार गीत के साथ किया गया। सर्वप्रथम प्रान्त मंत्री द्वारा इकाई के कार्यकाल की समाप्ति की घोषणा कर सर्वसम्मति से ब्रजमोहन संज्ञा को अध्यक्ष, जयशंकर द्विवेदी, लक्ष्मीनारायण शर्मा को उपाध्यक्ष, के.के.पाठक को सचिव, डा. दीपा सिंधी को कोषाध्यक्ष, सुदेश सोनी को साहित्य, सर्वेश श्रीवास्तव को दृश्य कला, बृजेश शर्मा को धरोहर कला प्रमुख मनोनीत की घोषणा करते हुए कहा ललितपुर इकाई और अधिक गति प्रदान कर नए आयामों को पहुंचेगी।

### एसबीआई क्षेत्रीय कार्यालय ने देवगढ़ में किया वृक्षारोपण



**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** एसबीआई क्षेत्रीय कार्यालय ने देवगढ़ स्तिथ श्रीदेवोदय तीर्थ क्षेत्र में बृहद वृक्षारोपण किया। इस दौरान क्षेत्र के महामहिम महामंत्री संजीव सीए ने कहा कि वृक्षारोपण जिसे पौधारोपण भी कहा जाता है। पर्यावरण संरक्षण और मानव जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल प्रकृति के साथ हमारे संबंध को मजबूत करता है, बल्कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और जैव विविधता के नुकसान जैसी वैश्विक समस्याओं से निपटने में भी मदद करता है। आज के समय में, जब पर्यावरणीय संकट चरम पर है, वृक्षारोपण का महत्व और भी बढ़ गया है। एसबीआई के सहायक महाप्रबंधक सर्वेश त्रिपाठी ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पेड़ लगाना ही नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और संतुलित पर्यावरण की नींव रखना है। यह हमारी भावी पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य उपहार है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर कम से कम एक पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए।

### आठ गौवंशों को नगर पालिका कर्मियों ने पहुंचाया गौशाला

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** नगर पालिका ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में जिले में अन्ना जानवारों को पकडने़ के लिए वार्ड नं. 8 मोहल्ला जुगपुरा व नेहरू नहर में अभियान चलाया गया। इस दौरान 8 अन्ना जानवरों को पकड़कर दैलवारा स्थित कान्हा गौवंश आश्रय स्थल में छोड़ते हुए पशु पालकों से जुर्माना वसूली की कार्यवाही की गयी। एसआई राजेश जैन टीम के साथ मोहल्ला जुगपुरा में पहुंचे, जहां उन्होंने सड़कों पर विचरण कर रहे अनेक अन्ना जानवरों को पकडने़ हेतु अभियान चलाया। अन्ना पशु मालिकों को सड़क पर जानवर न बांधने, गोबर आदि नालियों में फेकने हेतु उन्हें जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अन्ना जानवरों के सड़क पर खड़े होने के चलते राहगीरों को आवागमन में परेशानी होती है। वहीं अन्ना जानवर दुर्घटनाओं को कारण भी बनते है। जिसके चलते नगर पालिका परिषद ईओ के निर्देशन में अन्ना जानवारों को संरक्षित किये जाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

# वरूणावतार भगवान झूलेलाल का चालिहा महोत्सव शुरू

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** लगातार 40 दिन तक चलने वाले वरूणावतार भगवान झूलेलाल का चालिहा महोत्सव बुधवार को शुरू हो गया है। अब सिंधी समाज द्वारा लगातार 40 दिन पूजा, आरती, व्रत संग धार्मिक अनुष्ठान होते रहेंगे।

मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी ने बताया कि गोवर्धन रोड स्थित कृष्णा आर्चिड में सिंधी महाराज स्वामी पंडित मोहनलाल शर्मा के निवास स्थान पर भगवान झूलेलाल का मंदिर सजाया गया है, जहां प्रतिदिन चालिहा पर्व की धूम रहेगी। लगातार चालिस दिन सिंधी समाज का हर परिवार वरूणावतार झूलेलाल की भक्ति में मगन दिखेगा। बुधवार सुबह चालिहा महोत्सव के शुभारंभ मौके पर यात्रा निकालकर कलश स्थापना संग ही ज्योत प्रज्वलित करके आरती पूजन वंदन के उपरांत भगवान झूलेलाल के जयकारों और



■ सिंधी समाज द्वारा लगातार 40 दिन तक होंगे धार्मिक अनुष्ठान

तरानों में हर कोई डूबा दिखा। लगातार चालिस दिन श्रद्धापूर्वक व्रत रखने वाले भक्तों ने व्रत करने का संकल्प लिया वहीं सिंधीजनों ने दर्शन कर पुण्य कमाया।

महाराज स्वामी पंडित मोहनलाल शर्मा ने बताया कि अखंडभारत के सिंध प्रांत के शासक मिर्खशाह ने सिंध में रहने वाले हिन्दु सिंधीजनों पर धर्मपरिवर्तन को लेकर लागतार अत्याचार की हदें पार कर दी थी, उत्पीड़न से परेशान बड़ी संख्या में सिंधी समुदाय सिंधु नदी के किनारे कई दिनों तक प्रार्थना करने लगे, तब खुश होकर जलदेवता ने वरूणावतार भगवान झूलेलाल के रूप में दर्शन देकर ने केवल अवतार लेने की बात कही, बल्कि उन्होने उस क्रूर शासक को सबक सिखाकर सिंधी समुदाय को उनके जल्म से मुक्ति भी दिलवाई। तब से हर साल प्राचीन सिंधु सभ्यता से जुड़ा चालिहा पर्व श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाता है।

## चोरों ने 29 बिजली के पोल से उड़ा दिए तार

**मथुरा।** फरह के भीमनगर स्थित 33 केवी बिजली घर से चुरमुरा होते हुए मंडोरा सब स्टेशन तक जा रही मुख्य लाइन से चोरों ने 29 पोल से बिजली के तार उड़ा दिए। इस बड़ी चोरी की वारदात से क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांव अंधेरे में डूब गए हैं। ग्रामीणों को गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चोरों ने मंगलवार रात सुनियोजित तरीके से चुरमुरा होते हुए मंडोरा सब स्टेशन तक जा रही मुख्य लाइन के 29 बिजली के खंभों से तार काटकर गायब कर दिए। बिजली विभाग को जब बुधवार सुबह आपूर्ति बाधित होने की सूचना मिली तो टीम मौके पर पहुंची। सैकड़ों मीटर तक गायब तार देख बिजली कर्मियों के होश उड़ गए। चोरी हुए तारों की कीमत लाखों रूपये बताई जा रही है। सूचना पर फरह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में पहले भी इस प्रकार की बिजली तार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं।

# जीवन मे श्रद्धा से ही मिलता मोक्ष मार्ग : आचार्य निर्भय

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** जैन सन्त आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज ने धर्म सभा में कहा जीवन में श्रद्धा से ही संसार और मोक्ष का मार्ग मिलता है। श्रद्धा पागलों में नहीं होती है।

श्रद्धा दीपक की कांपती हुई लौं के समान नहीं होना चाहिए बल्कि अंगारे के समान होना चाहिए चाहे कितना भी तूफान आए तो भी अंगारा बुझाता नहीं है बल्कि और धधकता है इसी प्रकार कितनी भी भौतिकता भोगवादिता और पाश्चात्य संस्कृति का तूफान आए तो भी हमारी श्रद्धा नहीं बुझाना चाहिए। जिसे अपने किए कर्मों पर भगवान के द्वारा बतलाए धर्म पर गुरु के द्वारा चलाए गए मार्ग पर और जिनवाणी में लिखे वाक्यों पर सच्चा श्रद्धा होती है। वह सदा धर्म मार्ग पर चलता है पाप से डरता है और घर में बैरागी बनकर चक्रवर्ती की तरह रहता है। उसके लिए चक्रवर्ती की संपदा और स्वर्ग के इंद्र जैसे भोग मिलने पर भी वह विचलित नहीं होता है। आचार्यश्री ने आगम शब्द की परिभाषा बताते हुए कहा जो आप्त अर्थात भगवान के द्वारा कहा गया हो गणधराचार्य के द्वारा गूथा गया हो और मुनियों द्वारा लिखा गया हो वह जैन आगम है।

जैन आगम पढ़ने और सुनने से विषय वासना ईर्ष्या और कषायों की आग शांत होती है। उक्त विचार आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज ने पार्श्व नाथ जैन अटा मंदिर में धर्म सभा में व्यक्त किए। आज प्रातः काल भारतीय स्टेट बैंक के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सर्वेश त्रिपाठी, मुख्य प्रबंधक संजीव लोहिया एवं हिमांशु तिवारी ने आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन किया।

# नशा मुक्ति केंद्र में इलाज के नाम पर मानवता को किया शर्मसार

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** थाना हाईवे के एक नशा मुक्ति केंद्र में उपचार के नाम पर अमानवीयता की हद पार कर दी गई। इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचे युवक को वहां मौजूद कर्मचारियों ने इस कदर पीटा कि वह चलने-फिरने लायक भी नहीं रहा। पीड़ित के पिता ने थाना हाईवे में लिखित शिकायत देकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

थाना सुरीर के गांव इरौली गुर्जर निवासी चंद्रपाल सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने पुत्र पंकज सिंह को सात जुलाई की शाम पांच बजे खाटू श्याम नशा मुक्ति केंद्र अटरी वाटिका के पास धौलीप्याऊ रोड चंद्रपुरी में भर्ती कराया था। लेकिन जब अगले दिन आठ जुलाई को उन्होंने केंद्र से अपने बेटे से बात कराने की बात कही तो स्टाफ ने बातचीत नहीं कराई। इससे उन्हें शक हुआ। नौ जुलाई को चंद्रपाल सिंह स्वयं केंद्र पहुंचे और अपने बेटे से मिलने की मांग की।





जब पंकज को बुलाया गया तो उसकी हालत बेहद गंभीर थी। वह सही से चल भी नहीं पा रहा था। पिता के पूछने पर पीड़ित युवक ने बताया कि आठ जुलाई की रात करीब आठ बजे केंद्र के 4-5 स्टाफ सदस्यों ने उसे जमीन पर गिराकर डंडों, बेल्टों, जूतों और पट्टों से बेरहमी से पीटा। पिटाई इतनी भीषण थी कि वह बेहोश हो गया। पिटाई से उसकी आंख, पेट, घुटना और गुप्तांगों पर गंभीर चोटें आई हैं। चंद्रपाल सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र में इलाज के नाम पर मरीजों को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने थाना हाईवे पुलिस से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# हर घर नल में हर घर को मिला भ्रष्टाचार का पानी

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी हर घर नल योजना अब अपने मकसद से भटकती नजर आ रही है। गांधीनगर क्षेत्र की श्रीवास्तव गली में किए जा रहे कार्य ने न सिर्फ तकनीकी मानकों की धज्जियां उड़ाई, बल्कि पारदर्शिता की नींव को भी हिला कर रख दिया है।

**क्या है मामला :** पाइपलाइन बिछाने के लिए नियमानुसार दो फीट चौड़ी नाली होनी चाहिए थी, लेकिन ठेकेदार की चालाकी कहें या अफसरों की मिलीभगत से काम सिर्फ डेढ़ फीट में निपटा दिया गया। और ज़्यादा चौंकाने वाला खुलासा ये है कि फिलअप कार्य में डाली जा रही है 40 मिमी की गिट्टी सीधे मिट्टी में। जबकि मानक यह कहता है कि पहले 20 मिमी गिट्टी, फिर 40 मिमी गिट्टी व डस्ट और अंत में 10 सेंटीमीटर सीमेंट मिश्रण में जीरा गिट्टी मिलाकर परत डालनी चाहिए। लेकिन यहां तो मानक को बोरवेल में डाल दिया गया है। कई जगह नाली खोदकर उसे अधूरा छोड़ दिया गया है। नतीजा, राहगीरों को परेशानी, छोटे बच्चे गिरकर हो रहे हैं घायल, गली-मोहल्ले में बना है खतरे का गड्ढा।

■ क्या हमारे घर की नल में पानी आएगा या सिर्फ घोटालों की स्याही बहेगी ?



**सब जानते हैं... पर चुप हैं।**

इस योजना में हो रहे भ्रष्टाचार के गवाह खुद जिम्मेदार अधिकारी बनते जा रहे हैं। इतिहास गवाही देगा कि इनके कार्यकाल में पारदर्शिता नहीं, बल्कि परत-दर-परत भ्रष्टाचार भरा गया था।

**जनता जानना चाहती है जवाब**

कहां है एस्टीमेट की प्रति? कितनी गहराई? कितना सीमेंट और कितनी गिट्टी का इस्तेमाल होना था? सरकार से पारदर्शिता की उम्मीद रखने वाले नागरिक अब सवाल कर रहे हैं कि क्या हमारे घर की नल में पानी आएगा या सिर्फ घोटालों की स्याही बहेगी?

**क्या यही है मानक**

मोहल्लेवासियों का कहना है कि 200 एमएम की जगह 150 एमएम पाइप और 150 एमएम की जगह 100 एमएम की पाइप डाली जा रही।

## डीएम का फर्जी सोशल मीडिया एकाउंट बनाया

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह का फर्जी वाट्सअप एकाउंट बनाने के बाद अब किसी ने उनका फर्जी सोशल मीडिया एकाउंट बना कर लोगों व अधिकारियों से रुपये की डिमांड की जा रही है। ऐसी ही डिमांड जब डीएचओ से की तो इसकी जानकारी जिलाधिकारी को हुई उन्होंने तुरंत सदर थाने में एफआईआर दर्ज करा दी। जनपद में साइबर अपराधियों पर लगातार तबाड़तोड़ कार्यवाही के बाबजूद भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे है। जनपद में लगातार साइबर अपराध का मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। आम लोगों के साथ साइबर अपराधी अधिकारियों को भी निशाने पर ले रहे हैं। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने लोगों से अकाउंट से न जुड़ने की अपील की है। इससे पहले भी फर्जी अकाउंट बनाने और पैसे मांगने का मामला भी सामने आया था। डीएम ने कहा कि फर्जी अकाउंट बनाने के संबंध में जिलाधिकारी के फर्जी अकाउंट से हड़कंप मच गया है। गत माह पूर्व डीएम का फर्जी व्हाट्सअप एकाउंट बनाकर साइबर ठगों ने जिला उद्यान अधिकारी (डीएचओ) से 50 हजार रुपये की मांग की थी।

# झूलों के बिना सावन अच्छा नहीं लगता



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** कौमी एकता की प्रतीक साहित्यिक संस्था हिन्दी उर्दू अदवी संगम के बैनर तले वरिष्ठ कवि काका ललितपुरी के निवास स्थान पर सावन की फुहारों के बीच कवियों के हास्य, व्यंग श्रृंगार रस के गीतों गजलों के साथ कवि सम्मेलन का आयोजन किया। आयोजन की अध्यक्षता पूर्व सीएमएस एवं कवि डा.खेमचन्द्र वर्मा ने की। संचालन संस्था अध्यक्ष रामकृष्ण कुशवाहा एड. किशन ने करते हुये उन्होंने सावन में अपने दिल के अहसास को शेरों में इस तरह पेश किया। उन्होंने कहा कि झूलों के बिना

■ सावन महीने को लेकर कवियों ने पेश की रचनाएं

सावन अच्छा नहीं लगता, दुआओं के बिना दामन अच्छा नही लगता, तुलसी से है घर के आंगन की शोभा, तुलसी के बिना आंगन अच्छा नही लगता। सुमनलता शर्मा चांदनी ने गजल पेश करते हुये कहा कि प्यास शवनम से नही बुझती जबतक वरसात ना हो, जुल्फों से अधेंरा नही होता जबतक रात ना हो। रामस्वरूप नामदेव अनुरागी ने गजल पेश करते हुये कहा कि बरसात का मौसम है कोई बात सी लगती है, ऐसे में चले आओ मुलाकात सी लगती है।

अवधनामा



# कजली मेले में लाटरी सिस्टम और ठेका प्रथा के खिलाफ दुकानदार एकजुट

अवधनामा संवाददाता



■ दुकानदारों ने डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए 15 दिनों तक दुकाने संचालित करने की उठाई मांग

**महोबा।** जिले के ऐतिहासिक कजली मेला शुरू होने से पहले ही दुकानों का आवंटन लाटरी सिस्टम से कराए जाने की चल रही प्रक्रिया के विरोध मे दुकानदारों ने एकजुट होकर विरोध जताया और कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। डीएम द्वारा बैठक कर मेले की व्यवस्थाओं की रणनीति बनाए जाने के साथ मेले में लगने वाली दुकानों को लाटरी सिस्टम के तहत दुकानदारों को दिए जाने और अन्य सुविधाओं को दिए जाने के निर्देश दिए थे। मेले में लाटरी सिस्टम और ठेके प्रथा का विरोध करते हुए दो दर्जन से अधिक दुकानदारों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए लाटरी सिस्सट और ठेका प्रथा को समाप्त कर पूर्व की भांति दुकान आवंटन की मांग उठाई है साथ ही एक सप्ताह के बजाय 15 दिन तक मेला लगाए जाने की मांग की गई। जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि कीरत सागर तट पर लगने वाले ऐतिहासिक कजली मेले में समस्त दुकानदार कई सालों से दुकान लगाते चले आ रहे है। मेले में दुकान लगाने के लिए जमीन दी जाती रही है, जिससे वह निर्धारित कच्ची जमीन पर अस्थाई दुकाने लगाकर दो जून की रोटी का इंतजाम करते थे, लेकिन इस साल लाटरी सिस्टम से दुकान का आवंटन किए जाने से दुकानदारों को दुकान न मिलने की अशंका बढ़ गई है। वहीं ठेका प्रथा शुरू होने से लोगों को अधिक खर्च करना होगा। बताया कि पूर्व में दुकानदारों द्वारा मेले में निर्धारित जगह पर दुकाने लगाते आ रहे हैं वहां से दूसरे स्थान पर जाने से उन्हें दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। जो दुकान मेले के अगले हिस्से में थे उन्हें पीछे की जगह मिलने से उनकी दुकानदारी भी प्रभावित हो सकती है। बताया कि पिछले वर्ष दुकानदारों को 15 दिन तक मेले में दुकाने लगाने की अनुमति मिली थी, लेकिन इस वर्ष एक सप्ताह कर दिए जाने से उन्हें नुकसान उठाना पड़ेगा, जिससे उनकी मेहनत भी बर्बाद हो जाएगी। दुकानदारों ने जिलाधिकारी से पूर्व की भांति कच्ची जमीन पर निर्धारित भूमि पर दुकान लगाने, एक सप्ताह की जगह 15 दिन तक दुकाने संचालित करने और दुकानदारों को बिजली सुविधा दिए जाने की गुहार लगाई है। ज्ञापन देने वालों में आरिफ खान, मुकेश, अजय, सद्दाम, जुगल चौरसिया, संजय, शफीक, सलमान, शहीद, मुबीन, मैकू सहित दो दर्जन से अधिक दुकानदार शामिल हैं।

## मानसिक तनाव में पिता ने दिव्यांग बेटे संग गंगा में लगाई छलांग

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** उन्नाव के कल्याणी मोहल्ला में बुधवार दोपहर करीब 12 बजे एक दर्दनाक घटना सामने आई, जब मानसिक तनाव से जूझ रहे एक पिता ने अपने दिव्यांग पुत्र के साथ गंगा नदी में छलांग लगा दी। कल्याणी मोहल्ला निवासी ब्रजकिशोर अस्थाना अपने बेटे शोभित अस्थाना के साथ गंगाघाट पहुंचे थे। कुछ देर घाट पर बैठने के बाद उन्होंने अचानक बेटे के साथ नदी में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और स्नान कर रहे श्रद्धालुओं ने तत्काल सतर्कता दिखाई और दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी स्थिति सामान्य बताई। उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, ब्रजकिशोर लंबे समय से पारिवारिक कलह, आर्थिक तंगी और दिव्यांग पुत्र की देखभाल की जिम्मेदारियों से मानसिक रूप से परेशान थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# निमंत्रण में न बुलाने से नाराज दबंग ने लाठी डंडो से पीटकर महिला की करदी हत्या

■ वृद्ध महिला को बचाने गए दो ग्रामीणों को भी किया लहूलुहान

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** थाना खरेला के बसौठ गांव में शिवपूजन कार्यक्रम में निमंत्रण में न बुलाने से आक्रोशित युवक ने कूड़ा फेंकने जा रही वृद्ध महिला की लाठी डण्डों से पीट पीटकर हत्या कर दी। महिला को बचाने आए दो युवकों पर भी हमलावर द्वारा हमला किए जाने से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जानकारी के मुताबिक बसौठ गांव निवासी सावित्री देवी 65 पत्नी गुलराम का विवाह करीब 45 वर्ष पूर्व ग्राम मब्लिगांव थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर में हुआ था। करीब 20 साल पहले पति का निधन हो जाने व निःसंतान होने के कारण 15 वर्ष पूर्व ग्राम बिलगांव को छोड़कर ग्राम बसौठ में अपना निजी मकान खरीदकर अपने भाई मूलचन्द्र तिवारी के पुत्र अम्बिका तिवारी उर्फ रज्जू महाराज के साथ रही रही थी। मृतक वृद्धा सावित्री देवी ने 16 जुलाई को सावन मास में शिवअर्चन पूजन का कार्यक्रम रखा था जिसमें गांव के रिश्तेदारों को भोज में आमंत्रित किया था, लेकिन पड़ोसी ललितेश गुप्ता पुत्र रामसेनही गुप्ता को आमंत्रित नहीं किया था जिससे वह नाराज चल रहा था। गुरूवार को सुबह करीब 5:30 बजे जब वृद्ध महिला कूड़ा फेंकने जा रही थी, तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे ललितेश ने महिला को देखते ही लाठी डण्डों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। महिला के चिल्लाने पर बचाने के लिए पड़ोसी प्रेम सिंह यादव पुत्र रामेश्वर यादव व राघवेन्द्र कुशवाहा पुत्र जयकरन कुशवाहा पहुंचे तो उनपर भी हमला कर दिया। जिससे दोनों युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को देखते हुए जब भीड़ जुटना शुरू हुई तो अभियुक्त मौका पाकर भागने लगा और हड़बड़ाहट में गिर पड़ा जिससे वह भी घायल हो गया। मौजूद लोगों ने हमलावर को दबोचते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। घायल महिला को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने महिला का पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भतीजे अम्बिका तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने अभियुक्त के विरूद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए जांच प्रारम्भ कर दी है।

## बैंक से रुपये निकालने आए वृद्ध से दो युवकों ने ठगे सात लाख

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र में धोखाधड़ी की एक बड़ी घटना सामने आई है। दो अज्ञात युवकों ने मिलकर एक बुजुर्ग को बैंक से सात लाख रुपये निकलवाकर, उन्हें नाश्ते के बहाने रेस्टोरेंट ले जाकर पैसे से भरा बैग पार कर दिया और मौके से फरार हो गए। घटना मौरावां थाना क्षेत्र के गुलरिहा गांव निवासी रामदास पुत्र राम नारायण के साथ घटी। रामदास उन्नाव शहर के आईबीपी चौराहा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा से 7 लाख रुपये निकालने पहुंचे थे। रामदास के मुताबिक जैसे ही वह बैंक पहुंचे, वहां दो युवक पहले से मौजूद थे। उन्होंने मदद का बहाना बनाकर रामदास से बातचीत शुरू की और खुद ही चेक भरकर, हस्ताक्षर करवाकर बैंक से पैसे निकलवा दिए। बुजुर्ग को लगा कि दोनों युवक ईमानदार हैं और वास्तव में मदद कर रहे हैं। पैसे निकालने के बाद दोनों युवकों ने रामदास से कहा कि उन्हें भूख लगी है और पास ही चलकर कुछ खा लेते हैं। बुजुर्ग ने विश्वास कर लिया और सभी पास के एक रेस्टोरेंट पहुंचे। वहां तीनों ने नाश्ता किया और रामदास का बैग जिसमें सात लाख रुपये थे, उनके पास ही रखा रहा।

## नवाबगंज में भूमाफियाओं का आतंक कायम

**उन्नाव।** नगर पंचायत नवाबगंज क्षेत्र में भूमाफियाओं का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है, और अब तो ये लोग सरकारी ज़मीन को भी अपनी बताकर बेचने से बाज़ नहीं आ रहे। ताज़ा मामला दुर्गारोड़ वार्ड 1 का है, जहां संजय कुमार विश्वकर्मा नामक व्यापारी ने दिनेश कुमार और उसकी पत्नी गुड़िया पर धोखाधड़ी और अवैध कब्जे का आरोप लगाया है। पीड़ित ने अपनी तहरीर में बताया कि दिनेश कुमार जो पहले भी जालसाजी के मामलों में फंसा रहा है, ने नगर पंचायत की 38 वर्ग फुट ज़मीन को कागज़ों में हेर-फेर कर अपनी बताकर संजय से बेचा। आरोप है कि तहसील और नगर पंचायत कर्मियों की मिलीभगत से इस ज़मीन पर एक पूरा निर्माण कार्य भी करवा लिया गया। अब सवाल यह उठता है, क्या हमारे प्रशासन की नींद सिर्फ ज़मीन के रेट बढ़ने तक ही है? संजय ने आरोप लगाया कि उसने इस ज़मीन के लिए 12 लाख रुपये दिए थे। जब उसने सच्चाई का पता चलने पर विरोध किया, तो आरोपी ने उसे धमकी दी, जो करना है कर लो, पैसा वापस नहीं मिलेगा।

# सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई जाएगी आरओ व एआरओ की परीक्षा



अवधनामा संवाददाता

■ 27 जुलाई को होने वाली परीक्षा को संपन्न कराने के लिए बैठक में बनी

**महोबा।** आरओ और एआरओ की परीक्षा निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक अपर जिलाधिकारी, वित्त एक राजस्व रामप्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जिले के 05 परीक्षा केंद्रों में आरओ व एआरओ की परीक्षा 27 जुलाई को संपन्न कराई जाएगी। जिसमें 2120 अभ्यर्थी भाग लेंगे। बैठक में परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा.निर्देश जारी किये गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जिले में 27 जुलाई को आरओ व एआरओ की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 12:30 के बीच संपन्न कराई जाएगी। मुख्यालय के वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्लॉक ए, वीर भूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ब्लॉक बी, राजकीय इंटर कॉलेज महोबा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा और राजकीय पॉलिटेक्निक महोबा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा के दौरान कोई भी परीक्षार्थी टाई, बेल्ट, आभूषण या इलेक्ट्रॉनिक घड़ी पहनकर केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं कर सकेगा। सघन चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को एंट्री दी जाएगी। परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित आधिकारिओं को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारीगण आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, डिप्टी कलेक्टर राजकुमार, डिप्टी कलेक्टर सल्तनत परवीन सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## उनीस लोगों ने बसपा छोडकर ली सपा की सदस्यता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** समाजवादी पार्टी की नीतियों व सिद्धांतो से प्रभावित होकर डेढ दर्जन से अधिक बसपा नेताओं ने पार्टी के प्रति आस्था जताई। जिसपर छिबरामऊ विधानसभा प्रभारी सुनैना चौहान ने समर्थकों के साथ सभी लोगों को समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाकर पार्टीहित में कार्य करनें की आशा व्यक्त की। जिसपर सभी लोगों ने समाजवादी विचारधारा को जनजन तक पहुंचानें का संकल्प लिया। गुरूवार को क्षेत्र के ग्राम बनियानी ऊंचा निवासीगण बसपा नेताओं डॉ. कल्याण सिंह सिसोदिया, ब्रजेश सिसोदिया, जगदीश सिसोदिया, सर्वेश सिसोदिया, वीरभान सिसोदिया, महेश सिसोदिया, प्रभू सिसोदिया, अखिलेश सिसोदिया, प्रवीण सिसोदिया, जय सिंह सिसोदिया, नरेश सिसोदिया, सुनील सिसोदिया, राधारमन सिसोदिया, रामसुमिरन सिसोदिया, रामशरण सिसोदिया, ब्रजकिशोर सिसोदिया, पंकज कुमार सिसोदिया, उमेश चंद सिसोदिया, सुखदेव सिसोदिया को छिबरामऊ विधानसभा प्रभारी सुनैना चौहान ने स्वागत व सम्मान करनें के बाद समाजवादी पार्टी सदस्यता दिलवाई।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर पालिका परिषद ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

■ कूड़ा पृथक्कीकरण में मंडल में प्रथम स्थान, मंडल में स्टार रेटिंग पानी वाली एकमात्र निकाय

■ अपनी कैटेगरी में सोर्स सेग्रीगेशन में प्रदेश में दूसरे स्थान पर



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गुरुवार को घोषित हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणाम में नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज ने एक बार फिर से खुद को साबित करते हुए मंडल की समस्त नगर पालिकाओं/पंचायत के मध्य प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

गुरुवार को स्थानीय नगर पालिका परिषद स्थित कार्यालय में अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में 12500 का स्कोर बोर्ड निर्धारित किया गया था। जिसमें डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, सोर्स सेग्रीगेशन, आवासीय क्षेत्र की सफाई, व्यवसायिक क्षेत्र की सफाई, वाटर बॉडीज की सफाई आदि घटकों के आधार पर क्वालिटी काउंसिल आफ इंडिया द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया तदुपरांत आज उसके परिणाम घोषित किए गए हैं। घोषित परिणामों में पालिका को 8854 अंक प्राप्त हुए हैं जो कि पूरे मंडल में सभी नगर पालिकाओं एवं पंचायत में से अधिकतम आए। इसी के साथ ही मंडल में सभी नगर पालिका/पंचायत में गुरसहायगंज एकमात्र निकाय है जिसे स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है।

सोर्स सेग्रीगेशन में भी पालिका ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है 57 प्रतिशत के सोर्स सेग्रीगेशन के साथ मंडल में प्रथम स्थान एवं प्रदेश में अपनी कैटेगरी में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। ओडीएफ स्टेटस में भी पिछली बार जहां ओडीएफ प्लस का प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ था वहां इस बार ओडीएफ डबल प्लस का प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है।

## दर्जनो लोगो ने ग्रहण की सपा की सदस्यता



**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव की उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र बांगरमऊ के दीपक दिवाकर के साथ दर्जनों लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव में अपनी आस्था जताते हुए समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने अपने संबोधन में सभी से पीडीए समाज के अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़कर 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर जिला महासचिव हेमंत पाल, जिला उपाध्यक्ष शिवशंकर वर्मा,हाजी सैय्यद इरफान,सदर विधानसभा अध्यक्ष मनीष सैनी, जिला सचिव रामबहादुर यादव, यूथ ब्रिगेड ज़िलाध्यक्ष अंकित यादव, छात्रसभा जिलाध्यक्ष लकी यादव, लवकुश यादव, छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव विनय यादव, प्रदीप यादव, मोनू यादव, सुनील यादव, अमन यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## धवन रोड पर अतिक्रमण से राहगीर हलकान

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** शहर की धवन रोड अब व्यापार नहीं विवाद का कारण बनती जा रही है। सड़क किनारे दुकानदारों के अवैध अतिक्रमण से न केवल राहगीर परेशान हैं, बल्कि एंबुलेंस जैसी इमरजेंसी सेवाएं भी जाम में फंस कर रह जाती हैं। जगह-जगह अतिक्रमण, सड़कों पर ठेले-खोमचे, और दुकान के बाहर फैला सामान सड़क अब बाजार से ज्यादा हंगामे का मंच बन गई है। आए दिन दुकानदारों और राहगीरों के बीच कहासुनी और मारपीट की नौबत आ रही है, लेकिन उन्नाव पुलिस और नगर पालिका मूकदर्शक बनी बैठी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद ना कोई ठोस कार्रवाई, ना कोई अभियान।

# शिव की शरण जाने पर कट जाते हैं जघन्य पाप: प्रशांत प्रभु जी महाराज

■ चंचुला के उद्धार की कथा सुनाई गई

■ किलकार भैरव तंत्र महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** गोकुल बाबा मंदिर परिसर में शैवाचार्य प्रशांत प्रभुजी महाराज ने श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन भोलेनाथ की महिमा बताते हुए कहा शिव के साथ सारी विषमता है। वे औघड़ हैं, आशुतोष हैं, देवों में महादेव हैं, रुद्र हैं, गृहस्थ हैं, महायोगी हैं, त्यागी और तपस्वी हैं, पिता है, गुरु हैं, मृत्यु हैं, जीवन हैं। जघन्य पापों से युक्त व्यक्ति भी शिव की शरण जाकर प्रायश्चित करले तो वह पापों से मुक्त हो जाता है। इसी क्रम में महाराजश्री ने चंचुला के उद्धार की कथा सुनाई। बिंदुक नामक एक ब्राह्मण और उसकी पत्नी चंचुला, एक गांव में रहते थे। बिंदुक एक दुराचारी व्यक्ति था, जो बुरे आचरण में लिप्त रहता था। चंचुला ने अपने पति के बुरे आचरण को सहन किया और उसे सुधारने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं सुधरा। पति की उपेक्षा के कारण, चंचुला का मन भी भटकने लगा और वह भी गलत आचरण करने लगी। बीमारी के कारण बिंदुक की मृत्यु हो गई। चंचुला को अपने किए पर पश्चाताप हुआ और उसने शिव पुराण की कथा सुनने का निर्णय लिया। शिव पुराण की कथा सुनकर चंचुला का मन शांत हो गया और वह शिव भक्ति में लीन हो गई। चंचुला की मृत्यु के बाद, उसे शिव लोक में स्थान मिला, जहाँ पार्वती जी ने उसे सखी बनाया और उसे मोक्ष प्राप्त हुआ। शिव जी और पार्वती जी ने बिंदुक को भी प्रेत योनि से मुक्त कर दिया और उसे देव योनि प्राप्त हुई। इस कथा से यह सीख मिलती है कि पति-पत्नी को एक-दूसरे के प्रति ईमानदार और वफादार रहना चाहिए, और शिव भक्ति से जीवन में सुख-शांति और मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है। पूजन और आरती में सत्येंद्र सिंह, वंदना सिंह, हरिप्रसाद साहू, संतोष साहू, निशीथ निगम, राधा निगम, विक्रम सिंह, प्रिया सिंह, धीरज सिंह, सोनम सिंह, चंद्र प्रकाश बाजपेई, रंजना मिश्रा, संजय त्रिपाठी, डॉ मनीष सिंह सेंगर, राहुल कश्यप, संजीव पांडेय, जीतेन्द्र सिंह, श्याम जी गुप्ता आदि ने भाग लिया। नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा और उनके परिवार ने व्यास पीठ पर महाराजश्री को प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र आदि भेंट कर सम्मान करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। मनीष सिंह सेंगर ने सुबह 8 बजे से किलकार भैरव तंत्र महायज्ञ के शुभारंभ और विश्राम दिवस पर सामूहिक विराट रुद्राभिषेक हेतु रजिस्ट्रेशन कराने की जानकारी दी। आचार्य कार्तिकेय ने बताया महायज्ञ में शामिल होने वाले परिवार है।

## इटावा के युवा रेडियो डमरू के फाउंडर सीईओ सौहार्द दीक्षित को दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यंगप्रेन्योर समिट में सम्मानित किया



**इटावा/दिल्ली, वहाज अली निहाल।** इटावा के प्रतिष्ठित युवा उद्यमी और ऋड्डस्रद्बश्र छ्वड्डद्वह्म्श्र के संस्थापक एवं सीईओ, सौहार्द दीक्षित को दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा 'यंगप्रेन्योर समिट' के आयोजन के दौरान सम्मानित किया गया। यह समारोह भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। सौहार्द दीक्षित जिन्होंने इटावा में पहला रेडियो चैनल ऋड्डस्रद्बश्र छ्वड्डद्वह्म्श्र स्थापित किया है, को इस सम्मान से नवाजा जाना न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों की प्रशंसा है, बल्कि पूरे इटावा जिले के लिए गर्व का क्षण भी है। उनके इस योगदान से युवाओं को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय प्रतिभाओं को नई उड़ान मिलेगी। सम्मान प्राप्त करते हुए सौहार्द दीक्षित ने कहा, यह सम्मान सिर्फ मेरे लिए नहीं बल्कि पूरे इटावा के लिए है। हमारा उद्देश्य बदलाव लाना है और इस दिशा में यह उपलब्धि हमें और अधिक प्रेरित करती है। यंगप्रेन्योर समिट का उद्देश्य युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करना और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाना है। इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं में नवाचार और व्यवसायिक सोच को बढ़ावा देते हैं। इटावा के लिए यह गर्व की बात है कि एक युवा उद्यमी ने राष्ट्रीय मंच पर इस तरह की सफलता हासिल की है, जिससे क्षेत्र का नाम देश के सामने उज्जवल हुआ है।

## पूर्व विधायक ने युवक का किया स्वागत



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आगामी विधानसभा चुनाव की सफलता को लेकर समाजवादी पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता अभी से जुट गए हैं, और समाजवादी पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम मे पूर्व विद्यायक ताहिर हुसैन नें पीडीए यात्रा पर साईकिल से निकले युवा को सम्मानित कर उत्साहबर्धन किया। गुरूवार को जनपद कासगंज निवासी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अंकित यादव जो कि समाजवादी पार्टी की नीतियों को जनता के बीच पहुंचाने के उददेश्य से पीडीए यात्रा पर साइकिल से 75 जिलों के भ्रमण हेतु निकले हैं। अभी तक 30 जिलों का भ्रमण कर चुके हैं। बुधवार को फर्रुखाबाद की ओर से आने पर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी द्वारा स्वागत किया गया व अपने आवास पर विश्राम कराया गया। इसके बाद गुरुवार को कन्नौज के लिए रवाना किया गया। पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने जानकारी देते हुए बताया कि कल इनका सफर हरदोई के लिए होगा। इस दौरान मुजफ्फर खां, आकिल खां, गिरीश चंद्र तिवारी सहित कई सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पालिका के अतिक्रमण हटाओ अभियान सें मचा हडकम्प

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर में सडक किनारों की पटरियों पर अबैध रुप से ठेली, खोखा रखकर अतिक्रमण करनें बाले लोगों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर अबैध अतिक्रमण को हटवाकर भविष्य में पुनः अतिक्रमण न करनें की हिदायत देते हुये कडी कार्रवाई किये जाने की चेतावनी दी गई।गुरूवार को नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के निर्देश पर पालिका कर्मियों द्वारा नगर में अवैध अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिसमें जीटी रोड, फर्रुखाबाद रोड, तिराहा फुटपाथ पर अवैध रूप से ठेली, खोखा आदि रख कर कब्जा किये लोगों को पालिका के अतिक्रमण दस्ता द्वारा हटवाकर फुटपाथ को खाली कराया गया।

# डीपीएस ने जूडो चैंपियनशिप में जीते 12 मेडल

■ चारो सिल्वर मेडल विजेताओं ने नेशनल जूडो चैंपियनशिप के लिए किया क्वालीफाई

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** जनपद के एमनीव विजन स्कूल में सीबीएसई ईस्ट जोन जूडो चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन किया गया, जिसमे डीपीएस के चैंपियंस ने 12 मेडल विद्यालय के नाम कर लिए जिनमे 4 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज मेडल्स है। प्रतियोगिता में यूपी, बिहार और झारखंड राज्य की विभिन्न जूडो की टीमों ने प्रतिभाग किया था। जूडो कोच प्रभाकर सिंह के दिशा निर्देशन में दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा से जूडो खिलाड़ियों में अंडर 11 आयु एवम 40 किलो भार वर्ग में आराध्य कुमार ने शानदार सिल्वर मेडल जीता तो अक्षय यादव ने भी अंडर 14 आयु और 35 किलो भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीत लिया, इसी प्रकार से अंडर 17 आयु और 57 किलो भार वर्ग में स्पर्शिता सिंह ने सिल्वर मेडल जीता तो डीपीएस की ही एक अन्य छात्रा दिव्या यादव ने भी अंडर 19 आयु और 70 किलो भार वर्ग में कड़े मुकाबले के साथ सिल्वर मेडल अपने विद्यालय के नाम कर लिया। चारो सिल्वर मेडल विजेता खिलाड़ी सितंबर अक्तूबर माह में राजस्थान के श्री गंगानगर में आयोजित होने वाली नेशनल जूडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

इसी क्रम में नंदिनी यादव ने अंडर 14 आयु और 40 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता, अर्णव यादव ने अंडर 14 आयु एवम 50 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता, पायल यादव ने भी अंडर 17 आयु एवम 52 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता तो पलक तिवारी ने भी अंडर 17 आयु एवम 63 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज जीता वहीं अवियंशिखा सिंह ने अंडर 17 आयु एवम 70 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज जीता, देव यादव ने देव यादव ने अंडर 19 आयु एवम 81 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज जीता, विवान तिवारी ने अंडर 19 आयु एवम 40 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज जीता तो अदिति सिंह ने भी अंडर 14 आयु एवम 36 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीत कर अपने विद्यालय के नाम कर लिए। बच्चों के इस शानदार प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए प्रिंसिपल भावना सिंह ने कहा कि, हर खेल में हार जीत होती ही है इसलिए एक प्रतियोगिता से प्रेरणा लेकर दूसरे की तैयारी भी शुरू कर देनी चाहिए। दिल्ली पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ विवेक यादव एवम वाइस चेयरमैन डॉ प्रीति यादव ने बच्चों के खेल में बेहतरीन प्रदर्शन करने और भविष्य में ऐसे ही आगे बढ़ते रहने के लिए सभी को शुभकामनाएं और अपना आशीर्वाद दिया।

# ट्रक ने सफाई कर रहे खलासी को रौंदा, मौत

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र में बुधवार भोरपहर बिहार-बक्सर मार्ग पर अजबखेड़ा व भटखेरवा के मध्य एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रक खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब एक 18 चक्का ट्रक पंचर हो गया था और उसका चालक सड़क किनारे पहिया खोल रहा था। इसी दौरान एक अन्य ट्रक आकर पीछे खड़ा हो गया। उस गाड़ी के कंडक्टर हफीजुर्रहमान ट्रक का शीशा साफकर रहा था कि तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे तीसरे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि हफीजुर्रहमान दोनों ट्रकों के बीच दब गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही बिहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को अस्पताल भिजवाया। मगर अस्पताल पहुंचते ही चालक की मृत्यु हो चुकी थी। उसके बाद थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल उन्नाव भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मृतक खलासी हफीजुर्रहमान पुत्र हबीक उल्ला उम्र 24 वर्ष निवासी कमरिया खुर्द थाना धर्मपुर जनपद महराज गंज गोरखपुर बस्ती की दर्दनाक मौत हो गई। ट्रक चालक वसीम पुत्र मुस्तकीम निवासी उपरोक्त कबरई से गिट्टी लादकर महराजगंज जा रहा था। ट्रक चालक ने बताया ट्रक पंचर होने पर चालक टायर खोल रहा था उसी के सामने एक ट्रक और खड़ा था खलासी शीशा साफकर रहा था।

## भारतीय अंडर-19 टीम ने किया ऐतिहासिक लॉर्ड्स का दौरा

**नई दिल्ली।** आयुष म्हात्रे के नेतृत्व वाली भारतीय अंडर-19 टीम ने गुरुवार को ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड का दौरा किया। इस दौरान कोच ऋषिकेश कानिटकर भी मौजूद रहे।

भारतीय अंडर-19 टीम इन दिनों इंग्लैंड दौरे पर है। फिलहाल दोनों देशों की युवा टीमों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज जारी है, जिसका पहला मुकाबला मंगलवार को ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। दूसरा मुकाबला 20 जुलाई से केल्म्सफोर्ड में खेला जाएगा। इस मैच से पहले आयुष म्हात्रे के नेतृत्व वाली भारतीय अंडर-19 टीम ने गुरुवार को ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड का दौरा किया। इस दौरान कोच ऋषिकेश कानिटकर भी मौजूद रहे। चेन्नई सुपर किंग्स के युवा बल्लेबाज और भारतीय अंडर-19 टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे ने लॉर्ड्स में अपना 18वां जन्मदिन मनाया।

# सिंधू के बाद लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग भी हारे, जापान ओपन से हुए बाहर



**टोक्यो।** भारतीय खिलाड़ियों का जापान ओपन में निराशाजनक प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा। लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी दूसरे दौर में हारकर इस सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को पुरुष एकल में जापान के कोडाई नाराओका के हाथों 19-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला करीब एक घंटे तक चला।

इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले मैच में चीन के वांग झेंग जिंग पर 21-11, 21-18 से जीत दर्ज की थी, लेकिन वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख सके। इससे पहले पुरुष युगल में सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी को चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 44 मिनट तक चले मुकाबले में 22-24, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

इस जीत से पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता वेई केंग और वांग चांग ने भारतीय जोड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 7-2 कर लिया। सात्विक और चिराग ने धीमी शुरुआत की लेकिन जल्द ही लय हासिल करके पहले गेम में 18-14 से बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी हालांकि अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाई और चीन की जोड़ी ने वापसी करते हुए पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भारतीय टीम आक्रमण और रक्षा दोनों में लड़खड़ा गई और उसे वेई केंग और वांग चांग के खिलाफ लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा।

# प्रो लीग का प्रदर्शन एशियाई खेलों और विश्व कप से पहले अच्छा सबक, श्रीजेश का टीम इंडिया को लेकर बयान

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान और गोलकीपर पी आर श्रीजेश का मानना है कि हाल ही में समाप्त हुई एफआईएच प्रो लीग अगले साल होने वाले एशियाई खेलों और विश्व कप से पहले पुरुष राष्ट्रीय हॉकी टीम के लिए अच्छा सबक है। भारत को प्रो लीग के यूरोपीय चरण में संघर्ष करना पड़ा और वह नौ टीमों में से आठवें स्थान पर रहा। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत की कांस्य पदक विजेता टीमों का हिस्सा रहे श्रीजेश का मानना है कि खिलाड़ियों ने बहुत खराब प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन दुर्भाग्य से परिणाम टीम के पक्ष में नहीं रहे। श्रीजेश ने बुधवार की रात को एक कार्यक्रम के दौरान कहा, मुझे लगता है कि खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, हमने कई मौके बनाए। हमने कड़ी चुनौती दी लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है जब परिणाम आपके पक्ष में नहीं आते हैं। हमारी तैयारी अच्छी थी, लेकिन दुर्भाग्य से परिणाम हमारे लिए अच्छे नहीं रहे लेकिन कोचों के पास एशिया कप के लिए टीम तैयार करने के लिए पर्याप्त समय है और निश्चित रूप से अगले




साल एशियाई खेल और विश्व कप भी है। श्रीजेश ने कहा, मुझे लगता है कि इस प्रो लीग ने हमें विश्व कप और एशियाई खेलों की तैयारी के लिए कड़ा सबक सिखाया है। एशियाई खेलों का आयोजन 19 सितंबर से चार अक्तूबर तक जापान के आइची-नागोया में किया जाएगा। विश्व कप 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में आयोजित किया जाएगा। पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद संन्यास लेने के बाद श्रीजेश अब भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम के कोच हैं और वह इसका आनंद ले रहे हैं।

उन्होंने कहा, मेरी दिनचर्या पहले जैसी ही है। जब आप सुबह जल्दी उठते हैं तो खिलाड़ियों को तैयार करने के बारे में सोचते हैं। यह सुनिश्चित करते हैं कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं और बाकी दिन अगले सत्र की तैयारी करते हैं। अंतर सिर्फ इतना है कि पहले शारीरिक हिस्से पर अधिक जोर देना पड़ता था लेकिन अब दिमाग पर ज्यादा जोर देना पड़ता है लेकिन मैं इसका पूरा आनंद ले रहा हूं।

भारत इस वर्ष 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में एफआईएच जूनियर विश्व कप की मेजबानी करेगा और श्रीजेश अपने खिलाड़ियों को तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, उनके (खिलाड़ियों) लिए सबसे बड़ी चुनौती जूनियर विश्व कप है क्योंकि चार देशों के टूर्नामेंट और इस तरह की अन्य प्रतियोगिताएं उन पर जूनियर विश्व कप जितना दबाव नहीं डालतीं। मेरा काम उन्हें इन टूर्नामेंट के लिए अच्छी तरह से तैयार करना है। जूनियर विश्व कप में भारत को पूल बी में पाकिस्तान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया है। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण जूनियर विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं, लेकिन श्रीजेश किसी एक विशेष टीम पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहते हैं।

## लास वेगास फ्री स्टाइल शतरंज में भारतीय दल की अगुआई करेंगे प्रज्ञानंद, गुकेश नहीं होंगे शामिल

**लास वेगास।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन इस बार भी खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। प्रत्येक ग्रुप में आठ खिलाड़ी हैं और शीर्ष चार खिलाड़ी अगले चरण में पहुंचेंगे जबकि इसके बाद निचले स्थान पर रहने वाले आधे खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगे।

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद लास वेगास फ्री स्टाइल शतरंज टूर्नामेंट में भारतीय दल की अगुआई करेंगे। वहीं, विश्व चैंपियन डी गुकेश इस प्रतियोगिता में शामिल नहीं होंगे क्योंकि उन्हें एक महीने के अंदर ग्रैंडमास्टर टूर के मुख्य टूर्नामेंट में हिस्सा लेना है। प्रज्ञानंद को 16 खिलाड़ियों के इस टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है। अर्जुन एरिगेसी और विदित गुजराती दूसरे पूल में साथ होंगे।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन इस बार भी खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। प्रत्येक ग्रुप में आठ खिलाड़ी हैं और शीर्ष चार खिलाड़ी अगले चरण में पहुंचेंगे जबकि इसके बाद निचले स्थान पर रहने वाले आधे खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। 19 वर्षीय प्रज्ञानंद अपने अभियान की शुरुआत उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ करेंगे। कार्लसन अपने शुरुआती दौर में पहले चरण के विजेता जर्मनी के विन्सेंट कीमर से भिड़ेंगे।

अमेरिका के हैंस नीमन फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट में पहली बार भाग लेंगे और पहली बाजी में एरिगेसी के सामने होंगे। वहीं गुजराती का सामना अमेरिका के फैबियानो कारुआना से होगा। पहली बार एक महिला खिलाड़ी कजाखस्तान की बिबिसारा असाऊबुयेवा को विश्व के शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए टीम में शामिल किया गया है।

# हसीन जहां से विवाद के बीच शमी ने बेटी आयरा को दी जन्मदिन की बधाई, पुरानी यादों को किया ताजा

**नई दिल्ली।** अनुभवी गेंदबाज मोहम्मद शमी ने गुरुवार को अपनी बेटी आयरा शमी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर आयरा की तस्वीरें साझा कीं और खास मैसेज लिखा।

भारतीय टीम के अनुभवी गेंदबाज मोहम्मद शमी ने गुरुवार को अपनी बेटी आयरा शमी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर आयरा की तस्वीरें साझा कीं और खास मैसेज लिखा। बता दें कि, आयरा अपनी मां हसीन जहां के साथ रहती हैं। हसीन और शमी अलग-अलग रहते हैं और दोनों का तलाक के लिए कोर्ट में केस चल रहा है।



**जन्मदिन मुबारक हो बेटा**

शमी ने अपने इंस्टा हैंडल से बेटी आयरा की तमाम तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ उन्होंने खास मैसेज भी लिखा है। शमी ने लिखा- प्यारी बेटी, मुझे आज भी वो सारी रातें याद हैं जब हम जागे, बातें कीं, हंसे और खास तौर पर तुम्हारा डांस। यकीन नहीं हो रहा कि तुम इतनी जल्दी बड़ी हो रही हो। मैं तुम्हारे लिए जिंदगी में बस अच्छी चीजे चाहता हूं। ईश्वर तुम्हें हमेशा प्यार, शांति, खुशी और अच्छी सेहत प्रदान करे। जन्मदिन मुबारक हो।

भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी और उनकी पत्नी हसीन जहां इन दिनों सुर्खियों में हैं। दरअसल, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शमी को निर्देश दिया कि वह हसीन जहां और बेटी को उनके साथ चल रही कानूनी लड़ाई के दौरान हर महीने चार लाख रुपये गुजारा भत्ता दें। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अजय कुमार मुखर्जी द्वारा पारित आदेश में कहा गया है, मेरे विचार से, याचिकाकर्ता नंबर एक (हसीन जहां) को 1,50,000 रुपये प्रति माह और उसकी बेटी को 2,50,000 रुपये की राशि मामले का निपटारा होने तक दोनों याचिकाकर्ताओं के लिए वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उचित होगा। आदेश में कहा गया है, हालांकि याचिकाकर्ता के बच्चे के संबंध में पति/विपरीत पक्ष (शमी) को हमेशा स्वेच्छा से उसकी शिक्षा और/या अन्य उचित खर्चों में उपरोक्त राशि के अतिरिक्त सहायता करने की स्वतंत्रता होगी।

## इस साल 10 फिडे ट्रेनिंग सेमिनार की मेजबानी करेगा एआईसीएफ

**नई दिल्ली।** द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता आरबी रमेश, भारतीय टीम के मुख्य कोच एन श्रीनाथ, भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच अभिजीत कुंटे, ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से और ग्रैंडमास्टर तेजस बाकरे जैसे शीर्ष भारतीय कोच ने इन सेमिनार में कोच के रूप में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है।

अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने उभरती हुई प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करने के लिए सेमिनार आयोजित करने का फैसला किया है। इसके तहत एआईसीएफ इस साल 10 और अगले साल जनवरी में एक फिडे ट्रेनिंग सेमिनार की मेजबानी करेगा। इन सेमिनार का उद्देश्य भारतीय शतरंज प्रशिक्षकों को सभी स्तरों की उभरती प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करने के लिए सशक्त बनाना है।

इस सेमिनार की शुरुआत अगस्त में विजयवाड़ा में होगी और अंतिम सेमिनार जनवरी 2026 में रांची में होगा। देश के अन्य शहरों में भी सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। टीआरजी (फिडे प्रशिक्षक आयोग) के अध्यक्ष सामी खादर ने कहा, पहली बार हम एक राष्ट्रीय महासंघ को एक ही कैलेंडर वर्ष में 10 फिडे ट्रेनर सेमिनार आयोजित करते हुए देख रहे हैं और 11वें सेमिनार का प्रस्ताव जनवरी के लिए पहले ही प्रस्तुत किया जा चुका है। एआईसीएफ की यह उत्कृष्ट पहल शतरंज प्रशिक्षकों को विकसित करने और पूरे क्षेत्र में प्रशिक्षण मानकों को ऊंचा उठाने के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता आरबी रमेश, भारतीय टीम के मुख्य कोच एन श्रीनाथ, भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच अभिजीत कुंटे, ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से और ग्रैंडमास्टर तेजस बाकरे जैसे शीर्ष भारतीय कोच ने इन सेमिनार में कोच के रूप में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है।

# सलमान की फिल्म बजरंगी भाईजान को 10 साल पूरे

**मुंबई।** आज ही के दिन साल 2015 में सलमान खान अभिनीत फिल्म बजरंगी भाईजान रिलीज हुई। कबीर खान द्वारा निर्देशित इस फिल्म को दर्शकों ने खूब प्यार



दिया और यह फिल्म 2015 की ब्लॉकबस्टर साबित हुई। 17 जुलाई, 2025 को इस फिल्म ने अपनी रिलीज के 10 साल पूरे कर लिए। फिल्म में सलमान खान के अलावा हर्षाली मल्होत्रा, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और करीना कपूर खान अहम किरदार में थे। इस फिल्म ने लोगों का दिल जीत लिया और आज भी प्रशंसकों की पसंदीदा बनी हुई है। इस खास मौके पर, फिल्म निर्माता कबीर ने सेट से कलाकारों की कुछ अनदेखी झलकियां साझा कीं और एक नोट लिखा।

17 जुलाई को कबीर खान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर बजरंगी भाईजान के सेट से बिहाइंड-द-सीन कई तस्वीरें साझा कीं। पोस्ट में सलमान खान, हर्षाली मल्होत्रा, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और करीना कपूर खान नजर आ रहे हैं।

**कबीर खान ने लिखी पोस्ट**

पोस्ट में अच्छे पलों को साझा करते हुए, कबीर ने लिखा हैप्पी बजरंगी डे। यकीन करना मुश्किल है कि बजरंगी भाईजान को लोगों के दिलों में जगह बनाए हुए 10 साल हो गए हैं। पिछले एक दशक में इस फिल्म को दुनिया भर में मिल रहे प्यार से मैं पूरी तरह अभिभूत हूं। कबीर खान ने आगे कहा हमने एक ऐसी दुनिया में प्यार और उम्मीद की कहानी बताने का लक्ष्य रखा है जो कभी-कभी इन भावनाओं को भुला देती है।

आज भी मैं ऐसे लोगों से मिलता हूं जो मुझे बताते हैं कि यह फिल्म उन्हें हर बार हंसाती और रुलाती है। मेरे लिए यह जानना असली इनाम है कि बजरंगी भाईजान ने ना सिर्फ लोगों का मनोरंजन किया, बल्कि घाव भी भर दिया। बजरंगी भाईजान, पवन नामक एक भारतीय व्यक्ति की दिल को छू लेने वाली कहानी है। सलमान खान द्वारा निभाए गए इस किरदार ने एक खोई हुई गूंगी पाकिस्तानी लड़की मुन्नी को सीमा पार उसके परिवार तक वापस भेजने के लिए हर संभव प्रयास किया। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने एक पत्रकार, चांद नवाब की भूमिका निभाई।

## मस्ती फेम तारा शर्मा के करीबी का निधन, शेयर किया इमोशनल पोस्ट

**मुंबई।** फिल्म मस्ती फेम अभिनेत्री तारा शर्मा को सदमा लगा है। उनके करियर को शेप देने वाले उनके सचिव राजकुमार तिवारी का निधन हो गया है। ऐसे में तारा शर्मा ने उन्हें याद किया है और सोशल मीडिया के जरिए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। उनके फैंस इस पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

राजकुमार तिवारी के समर्थन और मार्गदर्शन को स्वीकार करते हुए, अभिनेत्री ने बताया कि उन्होंने जिन अहम फिल्मों में अभिनय किया, उनमें से कई तिवारी की कोशिशों से ही उन्हें मिलीं। गुरुवार को, तारा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने पहले और एकमात्र सचिव की एक तस्वीर एक भावुक नोट के साथ पोस्ट की।

पेज 3 अभिनेत्री ने लिखा तिवारी जी के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। उस समय मेरे पहले और एकमात्र वास्तविक फिल्म उद्योग सचिव को मैनेजर या एजेंट के रूप में जाना जाता था।

# साउथ फिल्मों की एक्ट्रेस रान्या राव को सोने की तस्करी के आरोप में जेल, जमानत भी नहीं मिली

**मुंबई।** कन्नड़ फिल्मों की एक्ट्रेस रान्या राव को सोने की तस्करी के एक मामले में COFEPOSA कानून के तहत एक साल की जेल हुई।

साउथ की एक एक्ट्रेस रान्या राव को एक साल की सजा हुई। एक्ट्रेस को सोने की तस्करी से जुड़े मामले में यह सजा हुई। विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (COFEPOSA) मामले को देख रहे सलाहकार बोर्ड ने हाल ही में फैसला सुनाया कि रान्या राव को हिरासत की समय सीमा के दौरान जमानत भी नहीं दी जाएगी।

**सजा**

**साउथ की एक एक्ट्रेस रान्या राव को एक साल की सजा हुई। एक्ट्रेस को सोने की तस्करी से जुड़े मामले में यह सजा हुई।**

**पहले मिली थी जमानत**

डीआरआई जब तय समय सीमा के भीतर आरोप पत्र दाखिल नहीं कर सकी तो रान्या राव को 20 मई को कोर्ट ने उनके सह-आरोपी तरुण राजू के साथ डिफॉल्ट बेल यानी जमानत दे दी थी। 2 लाख रुपये के बॉन्ड और जमानत शर्तों पर बेल मिलने के बावजूद रान्या और तरुण COFEPOSA के तहत हिरासत में ही रहे। दरअसल, COFEPOSA तस्करी के शक के आधार पर बिना किसी औपचारिक आरोप के भी एक साल तक की हिरासत की परमिशन देता है।

**हवाई अड्डे पर रान्या से बरामद हुआ था सोना**

इस साल मार्च महीने में रान्या राव दुबई से आई थीं और केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ग्रीन चैनल से गुजरने की कोशिश कर रही थीं। यह जगह आमतौर पर डयूटीबेल सामान वाले यात्रियों के लिए होती है। डीआरआई ऑफिसर ने रान्या से पूछा कि उनके पास कुछ अनडिक्लेयर सामान है। इस पर वह टेंशन में आ गईं। तलाशी के बाद एक्ट्रेस के पास लगभग 12.56 करोड़ रुपये की लागत का कुल 14.2 किलोग्राम सोना बरामद हुआ। इसके बाद रान्या को हिरासत में ले लिया गया।




रान्या की पहले की जमानत याचिका दो बार लोकल कोर्ट और बाद में कर्नाटक हाई कोर्ट ने खारिज कर दी गई थी।

# आठ सुपरहिट फिल्में और फिर अचानक दूरियां

## मोहित ने बताया फिर क्यों नहीं किया इमरान हाशमी के साथ काम

**मुंबई।** इमरान हाशमी और मोहित सूरी की जोड़ी ने बॉलीवुड में एक ऐसा दौर रचा था, जब दर्द, मोहब्बत और म्यूजिक को नए आयाम मिले। 'जहर', 'कलयुग', 'मर्डर 2', 'अवारापन', 'तुम मिले' से लेकर 'हमारी अधूरी कहानी' तक दोनों ने मिलकर 8 फिल्में कीं। लेकिन 2015 के बाद दोनों ने साथ में काम नहीं किया। आखिर ऐसा क्यों हुआ? क्या रिश्ता बदल गया या रास्ते? अमर उजाला डिजिटल से बातचीत के दौरान डायरेक्टर मोहित सूरी ने इमरान हाशमी के साथ अपने रिश्ते, ब्रेक के पीछे की असली वजह और दोबारा साथ काम करने की संभावना पर खुलकर बात की। साथ ही अपनी आने वाली फिल्म 'सैयारा' के बारे में भी बताया।

बातचीत के दौरान इमरान हाशमी के साथ कोलैबरेशन पर मोहित सूरी ने कहा कि मैंने इमरान के साथ आठ फिल्में की हैं और हम दोनों ने मिलकर काफी कुछ एक्सप्लोर कर लिया था। उसके बाद मैंने 'आशिकी 2' और 'एक विलेन' जैसी दूसरी टोन वाली फिल्में करना शुरू किया। ऐसा नहीं कि हम काम नहीं करना चाहते थे, लेकिन हम खुद को दोहराना नहीं चाहते थे। मैं आज भी उनके साथ काम करना चाहता हूं, लेकिन ऐसी कहानी पर जो कुछ नया और जरूरी जोड़े, सिर्फ एक और फिल्म बनाना मकसद नहीं है।

**अधूरी कहानी**

**'जहर', 'कलयुग', 'मर्डर 2', 'अवारापन', 'तुम मिले' से लेकर 'हमारी अधूरी कहानी' तक दोनों ने मिलकर 8 फिल्में कीं। लेकिन 2015 के बाद दोनों ने साथ में काम नहीं किया।**

आगे इमरान हाशमी के बारे में बात करते हुए निर्देशक ने कहा कि वो मेरे पहले हीरो नहीं थे, वो मेरे बड़े भाई जैसे हैं। अपने परिवार के साथ आप



बिजनेस जैसा व्यवहार नहीं कर सकते। जब तक मुझे नहीं लगेगा कि मैं उन्हें वाकई कुछ अनोखा दे पा रहा हूं, मैं वह रिश्ता प्रोफेशनल तरीके से इस्तेमाल नहीं करना चाहूंगा।

जब मोहित सूरे से हमने पूछा कि क्या दोनों के बीच फिल्म बनाने को लेकर बात नहीं होती है? इस पर निर्देशक ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, नहीं, कभी नहीं। इमरान वैसे इंसान ही नहीं हैं। जब हम मिलते हैं तो वो मेरी बेटी, मेरी बीवी, मेरी हेल्थ के बारे में पूछते हैं। हमारी बेटियां एक-दूसरे के घर जाती हैं, त्यौहार मनाती हैं। लेकिन कभी काम की बात नहीं होती। वो अब भी वही दोस्त हैं जो बचपन में थे। वही प्लेस्टेशन साथ में खेलना, वही सादगी। वो कभी ये महसूस नहीं होने देता कि वो एक फिल्म स्टार हैं।

इमरान हाशमी पर बायोपिक बनने के सवाल पर निर्देशक ने कहा कि अगर उन पर कभी बायोपिक बनती है तो उसका पहला अधिकार मैं अपने पास रखना चाहूंगा। वो सिर्फ मेरे पहले हीरो नहीं हैं, वो मेरा परिवार हैं।

हालांकि, मोहित सूरी और इमरान हाशमी क्या जल्द ही किसी फिल्म में दखाई देंगे, तो इसका जवाब है नहीं। मोहित सूरी ने कहा कि फिलहाल हम जल्दी काम करने वाले नहीं हैं। अगर मुझे लगता है कि मेरे पास कोई ऐसी कहानी है जो इमरान के करियर या उनकी जर्नी में कुछ जोड़ सकती है, तो सबसे पहले मैं उन्हीं को फोन करूंगा।


**18 जुलाई को रिलीज हो रही है 'सैयारा'**

मोहित सूरी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सैयारा' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। सैयारा इसी शुक्रवार यानी 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस म्यूजिकल लव स्टोरी में दो नए चेहरे अहान पांडे और अनीत पड्डा प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के गानों को काफी पसंद किया जा रहा है।

## कानूनी पचड़े में फंसे मलयालम एक्टर निविन पॉली और निर्देशक अब्रिद शाइन, करोड़ों की ठगी के लगे आरोप

**मुंबई।** मलयालम अभिनेता निविन पॉली और निर्देशक अब्रिद शाइन एक कानूनी पचड़े में फंस गए हैं। इन दोनों सितारों के खिलाफ थलयोलापरम्बु के रहने वाले एक व्यक्ति वित्तीय धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। अब पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है।

निविन पॉली और अब्रिद शाइन के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। यह शिकायत पीएस शमनास ने दी थी, जो अभिनेता निविन पॉली की 2022 में आने वाली फिल्म महावीरयार के सह-निर्माता थे। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि महावीरयार बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही थी। इसलिए पॉली ने उन्हें 95 लाख रुपये देने की पेशकश की थी। बाद में अभिनेता ने उन्हें शाइन द्वारा निर्देशित अपनी आगामी फिल्म एक्शन हीरो बीजू 2 में पार्टनर बनाने का वादा भी किया था। इसके चलते फिल्म की शूटिंग के लिए उनसे लगभग 1.9 करोड़ रुपये खर्च करवाए।



शमनास ने आगे आरोप लगाते हुए शिकायत में दावा किया कि फिल्म को शमनास की कंपनी - इंडियन मूवी मेकर्स के बैनर के तले रजिस्टर भी किया गया था। हालांकि, पॉली और शाइन ने कथित तौर पर एक दुबई की एक फर्म के साथ फिल्म के डिस्ट्रीब्यूशन के लिए 5 करोड़ रुपये का एग्रीमेंट किया, जिसमें दिखाया गया था कि फिल्म अभिनेता के प्रोडक्शन हाउस के तहत बनाई जा रही थी। शमनास ने आरोप लगाया कि ऐसे में उनसे बातें छिपाकर और झूठ बोलकर एक्टर और निर्देशक की जोड़ी ने उनसे 1.90 करोड़ रुपये की ठगी की है। इस मामले पर अभी तक पॉली या शाइन ने आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के दोषी को राहत

**नई दिल्ली।** अभियोजन पक्ष ने बताया कि जुलाई 2018 में मिठाई के बहाने से बुलाकर दोषी ने नाबालिग से अपनी झोपड़ी में दुष्कर्म किया और फिर सबूत मिटाने के मकसद से पीड़ित की हत्या कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में दोषी पाए गए एक व्यक्ति की मौत की सजा को बिना किसी छूट के उम्रकैद में बदल दिया है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि निचली अदालत और उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने सिर्फ अपराध की निर्दयता पर टिप्पणी की और दोषी को मौत की सजा सुना दी। 16 जुलाई को दिए अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतों ने निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए किसी अन्य परिस्थिति पर विचार नहीं किया और मामले को दुर्लभतम से दुर्लभ माना। लेकिन हमारे विचार से इसे बरकरार नहीं रखा जा सकता। पीठ ने प्रोबेशन अधिकारी, जेल प्रशासन और दोषी की मानसिक रिपोर्ट की समीक्षा का हवाला देते हुए कहा कि इनसे पता चलता है कि दोषी के परिवार की हालत बेहद खराब है और वे दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। साथ ही दोषी व्यक्ति 12 साल की उम्र से मजदूरी कर रहा है और कभी भी स्कूल नहीं गया। पीठ ने कहा कि इन बातों को ध्यान में रखते हुए और दर्लभतम से दुर्लभ कैटेगरी की सीमा को देखते हुए हमें लगता है कि दोषी को बिना छूट के उम्रकैद की सजा देना ज्यादा ठीक है न कि मौत की सजा देना। दोषी व्यक्ति ने जनवरी 2020 में उत्तराखंड उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। अभियोजन पक्ष ने बताया कि जुलाई 2018 में मिठाई के बहाने से बुलाकर दोषी ने नाबालिग से अपनी झोपड़ी में दुष्कर्म किया और फिर सबूत मिटाने के मकसद से पीड़ित की हत्या कर दी। दोषी की झोपड़ी से पीड़िता के शव की बरामदगी, अंतिम बार देखे जाने के सिद्धांत और डीएनए जांच के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया गया।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल

**कंपनी**

**आवासीय परियोजना का लाइसेंस मिलने के बाद जमीन की कीमत बढ़ गई। बाद में वाड्रा से जुड़ी कंपनी ने कंपनी ने ये जमीन डीएलएफ को 58 करोड़ में बेच दी।**



**नई दिल्ली।** हरियाणा के शिकोहपुर में भूमि सौदे से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी ने व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा और अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। आधिकारियों ने बताया कि ईडी ने मामले में रॉबर्ट वाड्रा और उनकी संस्थाओं से जुड़ी 36 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 43 संपत्तियां कुर्क की हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में आरोप पत्र दायर कर दिया है। इसमें कई अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, ईडी ने शिकोहपुर भूमि सौदा मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ एक पूरक अभियोजन शिकायत दायर की है। मामला सितंबर 2018 का है, जब सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ और एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर में भ्रष्टाचार, जालसाजी और धोखाधड़ी सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं। वाड्रा पर आरोप हैं कि उनसे जुड़ी कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपये में 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। इस सौदे का म्यूटेशन भी असामान्य तरीके से कर दिया गया। आरोप है कि हरियाणा के तत्कालीन भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार ने इस जमीन में से 2.70 एकड़ जमीन को कमर्शियल कॉलोनी के तौर पर डेवलप करने की इजाजत देते हुए रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी को इसका लाइसेंस दिया था। आवासीय परियोजना का लाइसेंस मिलने के बाद जमीन की कीमत बढ़ गई। बाद में वाड्रा से जुड़ी कंपनी ने कंपनी ने ये जमीन डीएलएफ को 58 करोड़ में बेच दी। आगे चलकर हुड्डा सरकार ने आवासीय परियोजना का लाइसेंस डीएलएफ को ट्रांसफर कर दिया। आरोप है कि इस पूरी डील में कई अनियमितताएं की गई। हरियाणा पुलिस ने 2018 में इस सौदे से जुड़े मामले में केस दर्ज किया। आगे चलकर ईडी ने भी इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की। राबर्ट वाड्रा से जुड़े इस मामले में हुई कथित गड़बड़ी का खुलासा आईएएस अशोक खेमका ने किया था। इसके बाद वे सुर्खियों में आ गए थे। बीते एक दशक से रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ लगे आरापों का इस्तेमाल विपक्षी पार्टियों ने अलग-अलग चुनावों में कांग्रेस पर आरोप साधने के लिए किया है। दिसंबर 2023 में ईडी ने इस मामले में यूएई स्थित व्यवसायी सीसी थंपी और ब्रिटेन के हथियार डीलर संजय भंडारी के रिश्तेदार सुमित चड्ढा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में वाड्रा और उनकी पत्नी प्रियंका गांधी का नाम आरोपी के तौर पर नहीं है, लेकिन उनकी भूमि खरीद-बिक्री का विवरण शामिल है। ईडी ने कहा था कि वाड्रा से कथित तौर पर जुड़े थंपी ने 2005 से 2008 के बीच दिल्ली-एनसीआर स्थित रियल एस्टेट एजेंट एचएल पाहवा के जरिए हरियाणा के फरीदाबाद के अमीरपुर गांव में लगभग 486 एकड़ जमीन खरीदी थी। आरोपपत्र के अनुसार रॉबर्ट वाड्रा ने 2005-2006 में एचएल पाहवा से अमीरपुर में 334 कनाल (40.08 एकड़) जमीन के तीन टुकड़े खरीदे और दिसंबर 2010 में उसी जमीन को एचएल पाहवा को बेच दिया।

# धमकाकर जमीन बेचने के लिए मजबूर किया, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की अग्रिम जमानत याचिका



**नई दिल्ली।** एक व्यक्ति को बंदूक के दम पर डराकर उसे जमीन बेचने के लिए मजबूर करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने याचिकाकर्ताओं ललित मोहन राय और ललित राय की याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ताओं के वकील से कहा कि आपके मुवक्किल गुंडे लग रहे हैं।

दरअसल याचिकाकर्ताओं ने साल 2023 में 60 खाता जमीन को धोखाधड़ी से खरीदा और जमीन के मालिक को बंदूक के दम पर डराकर उसके हस्ताक्षर कराए गए। इस मामले में 26 नवंबर 2023 को पटना के गांधी मैदान पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। आरोपियों ने इसके खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील की और अग्रिम जमानत देने की अपील की। हालांकि उच्च न्यायालय ने अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दोनों आरोपी सुप्रीम कोर्ट गए, लेकिन अब वहां से भी उन्हें निराशा हाथ लगी है।

चार साल के बच्चे की कस्टडी से जुड़े एक विवाद में, सुप्रीम कोर्ट ने विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय को एक रूसी महिला का पता लगाने के लिए लुकआउट नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। महिल कथित तौर पर अपने चार साल के बच्चे को लेकर फरार हो गई है। यह बच्चा विवाहेतर संबंधों से पैदा हुआ था। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर और डिफेंस कॉलोनी पुलिस स्टेशन के साह्र को बिना समय गंवाए लापता बच्चे का पता लगाने और उसकी कस्टडी प्रतिवादी को सौंपने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय अधिकारियों को रूसी महिला का पासपोर्ट जब्त करने का भी निर्देश दिया है और एयरपोर्ट और माइग्रेशन अथॉरिटीज को देश भर के सभी एयरपोर्ट्स के प्रवेश और निकास पर नजर रखने का निर्देश दिया है।

## इंफाल जाने वाला इंडिगो का विमान दिल्ली लौटा, बीच हवा में आई तकनीकी खराबी

**नई दिल्ली।** फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटराडार24.कॉम पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, उड़ान संख्या 6ई 5118 को संचालित करने वाला ए321 विमान दिल्ली लौटने से पहले एक घंटे तक हवा में रहा।

इंफाल जा रहा एक इंडिगो विमान गुरुवार सुबह तकनीकी खराबी के कारण एक घंटे तक हवा में रहने के बाद राष्ट्रीय राजधानी लौट आया। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, %17 जुलाई 2025 को दिल्ली से इंफाल जाने वाली उड़ान संख्या 6श्च 5118 में उड़ान भरने के तुरंत बाद एक मामूली तकनीकी खराबी का पता चला। एहतियाती कदम के तौर पर पायलटों ने विमान को वापस मोड़ने का फैसला किया। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतार लिया।%

इंडिगो ने कहा कि अनिवार्य प्रक्रियाओं के अनुसार विमान की आवश्यक जांच की गई। इसके बाद तुरंत यात्रा फिर से शुरू कर दी गई। उन्होंने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद भी जताया। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटराडार24.कॉम पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, उड़ान संख्या 6ई 5118 को संचालित करने वाला ए321 विमान दिल्ली लौटने से पहले एक घंटे तक हवा में रहा।

## अमेरिकी नागरिक बच्चे को गोद नहीं ले सकते भारतीय

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि भारतीय नागरिक को अमेरिकी नागरिक बच्चे को गोद लेने का कोई मौलिक अधिकार नहीं है, भले ही वह रिश्तेदार ही क्यों न हो। कोर्ट ने दंपत्ति की याचिका खारिज करते हुए कहा कि जब तक बच्चा देखभाल की जरूरत में न हो, भारतीय कानून ऐसा गोद लेना नहीं मानता। गोद लेने की प्रक्रिया पहले अमेरिका में पूरी करनी होगी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि भारतीय नागरिक का यह कोई मौलिक अधिकार नहीं है कि वह किसी रिश्तेदार के अमेरिकी नागरिक बच्चे को गोद ले सके। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब कोई बच्चा देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता में नहीं है या कानून के उल्लंघन से जुड़ा नहीं है, तब ऐसे बच्चे को भारतीय कानून के तहत गोद नहीं लिया जा सकता। यह फैसला न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने सुनाया।

# स्टेबलाइजर खराबी की भी होनी चाहिए जांच

**ईंधन**

**खालिद ने कहा कि हो सकता है कि गलती से पायलट ने स्टेबलाइजर स्विच की बजाय ईंधन स्विच को बंद कर दिया हो क्योंकि दोनों स्विच आसपास लगे होते हैं।**



**नई दिल्ली।** कैप्टन खालिद ने बताया कि स्टेबलाइजर विमान के पिछले भाग का हिस्सा होता है और यह टेकऑफ के दौरान विमान के अगले हिस्से को ऊपर-नीचे करने में मदद करता है। खालिद ने कहा कि विमान की कंट्रोल यूनिट में स्टेबलाइजर का कंट्रोल बटन, ईंधन बटन के पास ही लगे होते है। एक पूर्व पायलट और विमानन सलाहकार ने एअर इंडिया विमान हादसे की एक और थ्योरी दी है। उनके मुताबिक हादसे का शिकार हुए एअर इंडिया के विमान एआई171 के स्टेबलाइजर की भी जांच की जानी चाहिए। विमानन सलाहकार ने आशंका जताई कि स्टेबलाइजर की खराबी के चलते ऐसा भी हो सकता है कि पायलट ने गलती से ईंधन स्विच बंद कर दिए, जिसके कारण विमान के दोनों इंजन बंद हो गए और विमान हादसे का शिकार हो गया। एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई171 गुजरात के अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही सेकेंड बाद हादसे का शिकार हो गई थी। इस हादसे में कुल 260 लोग मारे गए थे। हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट 12 जुलाई को सामने आई है। हादसे को लेकर कई थ्योरी सामने आ रही हैं। जांच रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि जो विमान हादसे का शिकार हुआ, उसमें स्टेबलाइजर की भी खराबी थी और चालक दल ने उड़ान से पहले इंजीनियर्स को इसकी जानकारी दी थी। जिसे कथित तौर पर इंजीनियर्स द्वारा ठीक कर दिया गया था। अब विमानन विशेषज्ञ कैप्टन एहसान खालिद ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के साथ बातचीत में बताया कि जांचकर्ताओं को फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर से स्टेबलाइजर इनपुट की भी जांच करनी चाहिए। हो सकता है कि वह ठीक न हुआ हो, जिससे उड़ान के दौरान समस्या हुई। कैप्टन खालिद ने बताया कि स्टेबलाइजर विमान के पिछले भाग का हिस्सा होता है और यह टेकऑफ के दौरान विमान के अगले हिस्से को ऊपर-नीचे करने में मदद करता है। खालिद ने कहा कि विमान की कंट्रोल यूनिट में स्टेबलाइजर का कंट्रोल बटन, ईंधन बटन के पास ही लगे होते है। स्टेबलाइजर में खराबी आने पर पायलट को ही उनका स्विच ऑफ करना होता है। विमानन विशेषज्ञ ने आशंका जताई कि हो सकता है कि टेकऑफ के दौरान स्टेबलाइजर में कुछ खराबी आई होगी। उस स्थिति में पायलट ने एक हाथ से कंट्रोल कॉलम को संभाला होगा और दूसरे हाथ से स्टेबलाइजर के स्विच को बंद करने की कोशिश की होगी। खालिद ने कहा कि हो सकता है कि गलती से पायलट ने स्टेबलाइजर स्विच की बजाय ईंधन स्विच को बंद कर दिया हो क्योंकि दोनों स्विच आसपास लगे होते हैं। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि दोनों स्विच अलग-अलग होते हैं और छूने से दोनों का साफ पता चलता है, लेकिन टेकऑफ के दौरान इस गलती से इनकार नहीं किया जा सकता।

# यूक्रेन की जेलेंस्की सरकार में बड़ा फेरबदल, यूलिया स्विरीडेन्को को बनाया पीएम

**तुलना**

**रक्षा मंत्रालय का बजट यूक्रेन के अन्य मंत्रालयों की तुलना में सबसे बड़ा है, खासकर युद्ध की स्थिति में।**



**कीव।** यूक्रेन की अर्थव्यवस्था मंत्री और अमेरिका के साथ खनिज समझौते में प्रमुख वार्ताकार, यूलिया स्विरिडेन्को को नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। इस बदलाव का उद्देश्य न सिर्फ युद्ध की थकी हुई जनता में नई ऊर्जा भरना है, बल्कि घरेलू स्तर पर हथियारों के निर्माण को बढ़ावा देना भी है। माना जा रहा है कि पूर्व पीएम डेनिस शमिहाल को रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। यूक्रेन की अर्थव्यवस्था मंत्री और अमेरिका के साथ खनिज समझौते में प्रमुख वार्ताकार, यूलिया स्विरिडेन्को को नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। साल 2022 में रूस के व्यापक आक्रमण की शुरुआत के बाद से वह यूक्रेन की पहली नई सरकार प्रमुख बनीं हैं। स्विरिडेन्को यूक्रेन सरकार में नई भूमिकाएँ संभालने वाले अधिकारियों के समूह में से एक हैं। राष्ट्रपति जेलेंस्की युद्ध से थके हुए राष्ट्र में ऊर्जा भरने और रूस के लगातार आक्रमण के मद्देनजर घरेलू हथियारों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मंत्रिमंडल में फेरबदल कर रहे हैं। हालांकि, घरेलू स्तर पर, मंत्रिमंडल के पुनर्गठन को कोई बड़ा बदलाव नहीं माना जा रहा है। इस बदलाव का उद्देश्य न सिर्फ युद्ध की थकी हुई जनता में नई ऊर्जा भरना है, बल्कि घरेलू स्तर पर हथियारों के निर्माण को बढ़ावा देना भी है। दरअसल, राष्ट्रपति अपनी भरोसेमंद टीम के साथ ही रणनीतिक मोर्चों को आगे बढ़ाना चाहते हैं। वहीं, माना जा रहा है कि पूर्व पीएम डेनिस शमिहाल को रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। शमिहाल ने मंगलवार को अपने इस्तीफे की घोषणा की। वे 2020 से अब तक यूक्रेन के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री रहे। हालांकि वे सरकार से पूरी तरह अलग नहीं हो रहे हैं, बल्कि रक्षा मंत्री के तौर पर एक नई भूमिका निभाएंगे। रक्षा मंत्रालय का बजट यूक्रेन के अन्य मंत्रालयों की तुलना में सबसे बड़ा है, खासकर युद्ध की स्थिति में। शमिहाल को इस मंत्रालय में लाने का मकसद शायद अधिक स्थिरता और नियंत्रण स्थापित करना है। शमिहाल जिन रुसतेम उमेरोव की जगह लेंगे, उनके कार्यकाल में रक्षा मंत्रालय पर कई बार कुप्रबंधन और घोटालों के आरोप लगे। उमेरोव ने सुधारों को आगे बढ़ाने की कोशिश की थी, लेकिन उनके समय में खरीद-फरोख्त की पारदर्शिता और सिस्टम की कार्यप्रणाली पर कई सवाल उठे। हालांकि अंतरराष्ट्रीय मंच पर उमेरोव की मौजूदगी सक्रिय रही, लेकिन देश के भीतर मंत्रालय को प्रभावी ढंग से चलाने में उनकी भूमिका को आलोचना का सामना करना पड़ा।

# बांग्लादेश में भड़की हिंसा, 4 की मौत

**हिंसा**

**बांग्लादेश में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है और इस हिंसा में चार लोगों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हैं।**



**ढाका।** नाहिद इस्लाम ने सार्वजनिक तौर पर मुजीब की विरासत को खत्म करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि वे अपने हाथों से गोपालगंज को मुजीबवाद से मुक्त कराएंगे। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भी हिंसा की निंदा की। बांग्लादेश में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है और इस हिंसा में चार लोगों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हैं। यह हिंसा उस वक्त भड़की, जब नवगठित नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) और शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। जब पुलिस ने हालात संभालने की कोशिश की तो हिंसा और भड़क गई, जिससे पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलानी पड़ीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एनसीपी पार्टी, अवामी लीग के गढ़ गोपालगंज जिले में एक रैली आयोजित कर रही थी। जिसका अवामी लीग ने विरोध किया, जिससे हिंसा भड़की। हिंसा में मारे गए लोगों की पहचान दीप्तो साहा (25 वर्षीय), रमजान काजी (18 वर्षीय) और सोहेल मुल्ला (41) के रूप में हुई है। एक मृतक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। गोपालगंज जनरल अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि नौ अन्य लोगों को गोलियां लगी हैं, जिनका इलाज चल रहा है। तनावपूर्ण हालात को देखते हुए पैरामिलिट्री फोर्स की चार अतिरिक्त प्लाटून गोपालगंज में तैनात की गई है। सरकार ने हिंसा के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की बात कही है। वहीं एनसीपी नेता नाहिद इस्लाम ने भी चेतावनी दी है कि अगर न्याय नहीं हुआ तो फिर उनकी पार्टी खुद न्याय करेगी। गोपालगंज जिला अवामी लीग का गढ़ माना जाता है। यह बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु मुजीबुर रहमान का गृहनगर भी है। छात्र राजनीति से पारंपरिक राजनीति में आने वाले नाहिद इस्लाम की पार्टी एनसीपी ने गोपालगंज में बुधवार को एक रैली का आयोजन किया था। हालांकि रैली से पहले ही कथित तौर पर अवामी लीग पार्टी के समर्थकों ने रैली स्थल और एनसीपी कार्यकर्ताओं पर हमला कर दिया। आरोप है कि अवामी लीग कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर भी हमला किया। जिसके जवाब में पुलिस ने फायरिंग की, जिससे लोगों की जान गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अवामी लीग के समर्थकों ने लाठी, डंडों से एनसीपी नेताओं और सुरक्षाबलों पर हमला किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के वाहनों में तोड़फोड़ भी की। एनसीपी नेता नाहिद इस्लाम ने टूटे हुए मंच से ही कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और चेतावनी दी कि अगर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो वे खुद न्याय करेंगे। नाहिद इस्लाम ने सार्वजनिक तौर पर मुजीब की विरासत को खत्म करने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि वे अपने हाथों से गोपालगंज को मुजीबवाद से मुक्त कराएंगे। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भी हिंसा की निंदा की और अवामी लीग को हिंसा के लिए जिम्मेदार ठहराया।

# शॉपिंग मॉल में भीषण आग: इराक में जिंदा जले 61 लोग, कई झुलसे



**बगदाद।** इराक के एक हाइपरमार्केट में भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में 50 लोगों की मौत हो गई है। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। पूर्वी इराक के वासित प्रांत ते अल-कुट शहर के एक हाइपरमार्केट में भीषण आग लगने से 61 लोगों की मौत हो गई। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इराक के गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कुट शहर में बुधवार देर रात लगी आग में 61 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से ज़्यादातर की मौत दम घुटने से हुई। मृतकों में 14 जले हुए शव भी शामिल हैं, जिनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। इस दुर्घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा सकता है कि पांच मंजिला इमारत में रात भर आग की लपटें उठती रहीं। बयान में यह भी बताया गया कि नागरिक सुरक्षा दलों ने इमारत के अंदर फंसे 45 से अधिक लोगों को बचा भी लिया। वहीं, कि लोग अभी भी लापता हैं। यह मॉल एक सप्ताह पहले ही खुला था। वहीं प्रांतीय गवर्नर मोहम्मद अल-मायह ने हादसे के बाद तीन दिन के शोक की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। इमारत के मालिक और मॉल के मालिक के खिलाफ कानूनी मामले दर्ज किए गए हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि उन पर क्या आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हम जिम्मेदार लोगों के प्रति किसी तरह की कोई नरमी नहीं बरतेंगे। प्रारंभिक जांच के परिणाम 48 घंटे के भीतर जारी कर दिए जाएंगे। वहीं, इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने भी हादसे पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि आंतरिक मामलों के मंत्री को घटना स्थल पर जाकर जांच करने तथा ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया है।

# गाजा की एकमात्र कौथोलिक चर्च पर एयरस्ट्राइक, पादरी भी हुए घायल



**गाजा पट्टी।** गाजा के एकमात्र कैथोलिक चर्च 'होली फैमिली' पर हुए हमले में पादरी गैब्रियल रोमानेली समेत कई लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमला इजरायली टैंक से किया गया। पोप फ्रांसिस से जुड़े रहे रोमानेली इस चर्च में शरण ले रहे लोगों की देखभाल कर रहे थे। इस्राइल और हमास के बीच जारी युद्ध में अब तक 58,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

गाजा पट्टी में जारी युद्ध की विनाशकारी तस्वीरें एक बार फिर सामने आई हैं। इस बार हमला हुआ है गाजा के एकमात्र कैथोलिक चर्च 'होली फैमिली चर्च' पर, जहां गुरुवार सुबह की गई एयरस्ट्राइक में कई लोग घायल हो गए। घायलों में चर्च के पेरिश पादरी फादर गैब्रियल रोमानेली भी शामिल हैं, जो पोप फ्रांसिस के करीबी माने जाते थे और युद्ध के दौरान उनसे नियमित बातचीत करते थे। चर्च के अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमला संभवतः एक टैंक शेलिंग के जरिए हुआ। हमले में चर्च की इमारत को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है। फिलहाल इस पर इस्राइली सेना की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। फादर गैब्रियल रोमानेली का नाम उन लोगों में आता है जो गाजा में शांति की आवाज बने रहे। उनकी पोप फ्रांसिस से नजदीकी ऐसी थी कि पोप ने युद्ध के दौरान अंतिम 18 महीनों में कई बार गाजा स्थित इसी चर्च में कॉल कर लोगों की स्थिति की जानकारी ली थी। फादर रोमानेली उन कॉल्स का अहम हिस्सा रहे हैं। गाजा में रहने वाले कई नागरिक इस चर्च में शरण लिए हुए थे, क्योंकि यह जगह अभी तक अपेक्षाकृत सुरक्षित मानी जा रही थी। इस हमले ने अब वहां छिपे हुए लोगों की चिंता और बढ़ा दी है।

होली फैमिली चर्च गाजा का एकमात्र कैथोलिक चर्च है। इस पर हुआ हमला यह दर्शाता है कि अब धार्मिक स्थल भी युद्ध की चपेट से बाहर नहीं हैं। यहां पहले महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शरण लिए हुए थे। चर्च पर हमला अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों के तहत गंभीर चिंता का विषय बनता है। इस हमले के बाद मानवाधिकार संगठनों और धार्मिक संस्थानों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिक्रिया आने की संभावना है। यह युद्ध 7 अक्टूबर 2023 को उस समय शुरू हुआ था जब हमास के आतंकियों ने इस्राइल पर अचानक हमला कर दिया था। उस दिन करीब 1,200 लोगों की मौत हुई थी और 251 लोगों को बंधक बनाया गया था। इनमें से ज्यादातर नागरिक थे। बाद में कई बंधक युद्धविराम या समझौते के तहत रिहा कर दिए गए, लेकिन अभी भी 50 लोग बंधक हैं, जिनमें से आधे से भी कम के जीवित होने की संभावना है। इस हमले के बाद इस्राइल की ओर से चलाए जा रहे जवाबी सैन्य अभियान में अब तक गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार 58,000 से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार मरने वालों में महिलाओं और बच्चों की संख्या आधे से ज्यादा है। हालांकि यह मंत्रालय हमास के नियंत्रण वाली सरकार का हिस्सा है, लेकिन इसमें कार्यरत अधिकतर लोग मेडिकल पेशेवर हैं और संयुक्त राष्ट्र समेत कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं इसके आंकड़ों को विश्वसनीय मानती हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि युद्ध में आम नागरिकों को सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है और राहत या बचाव की कोई स्थायी व्यवस्था फिलहाल नजर नहीं आ रही है। गुरुवार को हुए इस हमले के बाद अभी तक इस्राइल की सेना ने कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। यह स्पष्ट नहीं है कि यह हमला इरादतन किया गया था या गलती से। लेकिन चर्च के अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान इसे एक सीधा हमला मान रहे हैं। इस हमले से गाजा के लोगों में भय और असुरक्षा की भावना और गहरी हो गई है। अब अंतरराष्ट्रीय समुदाय पर दबाव बढ़ेगा कि वह इस युद्ध को रोकने और मानवीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए ठोस पहल करे।

# ट्रेलर, ट्रैक्टर में भीषण टक्कर एक की मौत दो घायल





अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (खेतासराय)।** जौनपुर शाहगंज नेशनल हाइवे पर खेतासराय अंतर्गत गुरैनी पेट्रोल पंप के पास बुधवार की देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रेलर ने सामने से आ रहे ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर चालक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो अन्य सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायल व मृतक अंबेडकर नगर जिले के निवासी हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही खेतासराय थाना प्रभारी रामाश्रय राय, उप निरीक्षक अनिल पाठक, कस्बा इंचार्ज तारिक अंसारी, कांस्टेबल अंकुश सिंह, शुभम त्यागी, नफीस अहमद मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने देर रात को ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को वाहन में से बाहर निकलवाया। तीनों लोगों को उपचार के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी भेजवाया। जहाँ डॉक्टर ने ट्रैक्टर चला रहे महेंद्र पुत्र नोहरलाल (28) को मृत घोषित कर दिया। बाकी दोनों की हालत नाजुक देख उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार हादसा बुधवार रात 10 बजे हुआ है। जब ट्रैक्टर सवार तीनों व्यक्ति जौनपुर पुलिस लाइन में ईंट उतारकर अपने जिले अंबेडकर नगर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रेलर (P 62 CT 4139) ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर चला रहे महेंद्र पुत्र नोहरलाल (28), निवासी अमीनपुरवा, थाना इब्राहिमपुर अंबेडकर नगर की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के अनुसार मृतक की दो वर्षीय बेटी है और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए दो अन्य लोगों की पहचानवाचिरंजो पुत्र मगरु (74), निवासी दराफपुर राजकुमार पुत्र रामदुलार, निवासी भरौली, थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकर के रूप में हुई है। हादसे के बाद पुलिस ने मृतका के परिवार वालों को सूचना भेज दिया। सुचना के बाद परिजन थाने आ गए।

# डीएम ने किशनी से राम नगर जाने वाले मार्ग का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने श्रावण मास के पावन अवसर पर कांवड़ियों द्वारा आवागमन करने के दौरान कांवड़ यात्रा मार्ग से सम्बन्धित समस्याओं के निदान के मद्देनजर स्वयं किशनी से राम नगर जाने वाले मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया, मौके पर उपस्थित अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण ने बताया कि वर्तमान में मार्ग पर गड्ढों में डब्ल्यूबीएम पत्थर तथा स्क्रीनिंग मैटेरियल, स्टोन डस्ट भरकर ठीक कराया गया है, झाड़ियों की सफाई का कार्य भी कराया जा चुका है। उन्होने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि कांवड़ियों के साथ-साथ उक्त मार्ग पर आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, सड़क पर जहां भी गड्ढे, जल-भराव की स्थिति है, वहां पर प्राथमिकता पर कार्य कराया जाये। उन्होने कहा कि श्रावण मास में किसी भी श्रद्धालु को आवागमन में असुविधा का सामना न करना पड़े, मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था के साथ साफ-सफाई के बेहतर प्रबन्ध किये जायें। इस दौरान उप जिलाधिकारी किशनी गोपाल शर्मा, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण ए.के. अरूण, प्र. निरीक्षक किशनी ललित भाटी, अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# विवेकानंद पुस्तकालय में 21 प्रशिक्षुओं ने किया कार्यभार ग्रहण

**प्रशिक्षण पूरा करने वाले को दी गई समारोह में विदाई**



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में प्रशिक्षुओं का नया प्रभात उत्साह, अनुभव और उम्मीदों की रोशनी लेकर आया। विश्वविद्यालय एवं नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग बोर्ड, कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में चयनित 21 नवप्रवेशी प्रशिक्षुओं ने कार्यभार ग्रहण किया, वहीं पूर्व प्रशिक्षुओं ने सफलता पूर्वक एक वर्षीय प्रशिक्षण पूर्ण कर प्रमाणपत्र प्राप्त किए।

पूर्व प्रशिक्षुओं ने साझा किया कि जब वे यहां आए थे, तो उनके पास केवल पुस्तकीय ज्ञान था, लेकिन यहां से विदा होते समय वे पुस्तकालय संचालन के हर पहलू में दक्ष हो चुके हैं। टाइम मैनेजमेंट, बुक्स की एक्सिसनिंग, प्रोसेसिंग, सर्कुलेशन, और स्हरु सॉफ्टवेयर जैसे तकनीकी अनुभवों ने उनके व्यक्तित्व को निखार दिया। इस शुभ प्रभात का श्रेय कुलपति प्रो. वंदना सिंह के प्रेरणादायी मार्गदर्शन और कुलसचिव डॉ. विनोद सिंह के सहयोग को जाता है, जिनके प्रयासों से पुस्तकालय ऑटोमेशन की दिशा में सार्थक कदम बढ़ा है। कार्यक्रम में प्रो. राजकुमार ने नियुक्तिपत्र एवं प्रमाणपत्र वितरित करते हुए सभी प्रशिक्षुओं को आशीर्वाद दिया। प्रभारी डॉ. इंद्रेश कुमार गंगवार ने जहां नवप्रवेशियों का स्वागत किया, वहीं पूर्व प्रशिक्षुओं को भावपूर्ण विदाई दी।यह कार्यक्रम सिर्फ एक प्रशिक्षण की समाप्ति नहीं, बल्कि ज्ञान, अनुशासन और तकनीकी दक्षता के प्रभात की शुरुआत है। यह एक ऐसी रोशनी है जो प्रशिक्षुओं के भविष्य को आलोकित करेगी। विदाई समारोह में अवधेश प्रसाद, मसूदुल हसन खान, शशांक, विकास, नीरज, जयचंद, दीपिका , उपासना, वरूणा, खुशी, पूनम, प्रिया सिंह यादव आदि अन्य लोगों उपस्थित थे।

## न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया

**आजमगढ़।** उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशानुसार एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपड़ अभियान के अन्तर्गत जनपद न्यायालय, आजमगढ़ परिसरों में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण द्वारा विभिन्न प्रजातियों का वृक्षारोपण किया गया। जय प्रकाश पाण्डेय, माननीय जनपद न्यायाधीश, आजमगढ़ द्वारा बताया गया कि ऐसे वृक्ष लगाये गये है जो आक्सीजन प्रदान करते है व कुछ ऐसे वृक्ष भी है जो फलदार है, यह भी कहाँ गया है कि एक वृक्ष सौ पुत्र के समान है। इसी उद्देश्य से हम लोगों ने आज जो पेड़ लगाये है वो माँ को समर्पित कर लगाये गये है। इस अवसर पर अजय कुमार शाही, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-01, कमला पति-। विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस.टी. एक्ट, अजय श्रीवास्तव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-03, विजय कुमार वर्मा-। विशेष न्यायाधीश ई.सी. एक्ट, सन्तोष कुमार यादव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-06, जैनुद्दीन अंसारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफ.टी.सी.-प्रथम, सत्यवीर सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नं0-13 व अन्य न्यायिक अधिकारीगण, जिला वन अधिकारी आजमगढ़ व वन विभाग के अन्य पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विवाहिता की महाराष्ट्र में संदिग्ध मौत, दहेज हत्या का आरोप

**पूना से शव उसके मायके लाया गया,फिर ससुरालियों ने किया धोखे से अंतिम संस्कार**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (खुटहन)** स्थानीय विकास खंड के ख्वाजापुर गांव में बुधवार की रात विवाहित बेटी का शव महाराष्ट्र के पूना शहर से एंबूलेंस से पहुंचते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। देर रात उसका शव ससुराल पक्ष के द्वारा मायके में भेज दिया गया आधी रात में ससुराल के लोगों ने गोमती नदी के तट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। मृतका के पिता का आरोप है। कि दस लाख दहेज की मांग को लेकर उसकी बेटी को फांसी लगाकर हत्या कर दी गई। उनके द्वारा पति,सास, ससुर सहित पांच के खिलाफ पुणे के एक थाने में नामजद तहरीर दी है। गांव निवासी रमेश चन्द्र श्रीवास्तव का आरोप है उसने अपनी बेटी आंचल का विवाह इसी थाना क्षेत्र के पनौली गांव निवासी सुनील श्रीवास्तव के पुत्र निखिल के साथ नवम्बर 2024 में की थी। शादी में सामर्थ्य अनुसार दान उपहार दिया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही सास, ससुर,पति,देवर व ननद उसे प्रताड़ित करती रही। करीब दो माह पूर्व निखिल उसे लेकर पूना शहर चला गया। जहां गत मंगलवार को रहस्यमय परिस्थितियों में फाँसी से लटका हुआ शव पाया गया, पिता का आरोप है की पति ने हत्या कर दी। वहीं ससुराल पक्ष का कहना है कि उपचार के दौरान उसकी मौत हुई है। पोस्टमार्टम होने से पहले लड़की के पिता को सूचना दी गई थी मायके के लोग वहां जाने के बाद पोस्टमार्टम कराने की बात कह रहे थे इस बात पर शव का पोस्टमार्टम होना था लेकिन ससुराल वालों ने लड़की की पिता की मौजूदगी बताते हुए लड़की के पिता के नाम से पोस्टमार्टम करवा दिया वही घर लाने के बाद थाना अध्यक्ष खुटहन के समक्ष 17 जुलाई की सुबह दस बजे अंतिम संस्कार करने की बात कही गई थी लेकिन ससुराल वालों ने आधी रात को ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया और मायके के लोगों को सूचना नहीं दी गई. ससुराल वालों का कहना है की मायके वालों को अंतिम दर्शन के लिए शव सीधे उनके घर भेजा गया था। बाद में उसका अंतिम संस्कार किया गया। सभी आरोप बेबुनियाद है।

## वीआईपी कॉलोनी में चलती ई-स्कूटी में लगी आग

**जौनपुर।** शहर की पॉश अनुपम कॉलोनी, हुसेनाबाद में गुरुवार की सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक चलती ई-स्कूटी अचानक आग का गोला बन गई। स्कूटी में अचानक धुआं उठता देख चालक घबराया, लेकिन साहस दिखाते हुए समय रहते खुद को बचा लिया और सुरक्षित दूरी पर खड़ा हो गया। बाद में वह जलती स्कूटी का वीडियो बनाने लगा। घटना टीडी कॉलेज रोड की ऑफिसर कॉलोनी के पास हुई, जहां आसपास के लोग और राहगीर सहम गए। कुछ लोग डर के मारे रास्ता बदलकर निकल गए तो कुछ युवक वीडियो बनाने में जुट गए। आश्चर्यजनक रूप से यह हादसा वीआईपी इलाके में हुआ, फिर भी फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर नहीं पहुंची। हालांकि जिला विकास अधिकारी के आवास से एक कर्मचारी पानी से किसी तरह आग पर काबू पाने में मदद की। पीड़ित स्कूटी मालिक आलोक सिंह, निवासी हौज गाँव (थाना जफराबाद) ने बताया कि उसने यह स्कूटी 10 दिन पहले ही 35 हजार रुपए में खरीदी थी। आज करीब साढ़े दस बजे वह किसी काम से अनुपम कालोनी आया था, तभी स्कूटी से धुआं निकलने लगा और कुछ ही पलों में उसमें आग लग गई। यह हादसा ई-वाहनों की सुरक्षा पर एक बार फिर सवाल खड़ा करता है।

# प्रमुख शिक्षाविद व समाजसेवी बजरंग त्रिपाठी के निधन पर शोक की लहर

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जनपद के प्रमुख शिक्षाविद एवं समाजसेवी बजरंग त्रिपाठी के असामयिक निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। जनपद के वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल कादिर बागी ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि बजरंग त्रिपाठी के निधन से शिक्षा जगत को एक अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि उनकी द्वारा किए गए कार्य शिक्षा जगत में अविस्मरणीय और बहुमूल्य हैं। शोक संदेश मे जनपद के वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल कादिर बागी ने कहा, ÷बजरंग त्रिपाठी के योगदान और शिक्षण शैली ने लाखों लोगों को प्रेरित किया। उनकी शिक्षाएं सदैव हमारे साथ रहेंगी।÷ उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि वह त्रिपाठी जी के परिजनों को इस कठिनाई का सामना करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यह एक अपूरणीय क्षति यह सत्य है कि जब हम ऐसे व्यक्तियों को खोते हैं, जो शिक्षा के क्षेत्र में इतना योगदान दे चुके हैं, तब उनकी अनुपस्थिति का स्थान भरना कठिन होता है। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी व उत्तरदायित्व है कि हम उनके विचारों और कार्यों को आगे बढ़ाएं और उनके योगदान को याद रखें। उनके शिक्षा और समाज के प्रति समर्पण को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इस मौके पर उनके योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) से संबद्ध विद्यालयों के संगठन एवं यू.पी. बोर्ड संबद्ध विद्यालयों के संगठन ने कल एक दिवसीय शोक संवेदना कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर जिले के सभी सीबीएसई, आईसीएसई, यू पी बोर्ड सहित सभी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में शिक्षण कार्य स्थगित रहेगा। यह निर्णय संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव, मंडल अध्यक्ष शिव गोविंद सिंह, अयाज़ अहमद खान, प्रदूम्न जायसवाल, अशोक खंडेलिया, आलोक जायसवाल, गौरव अग्रवाल, नितिन गौंड, संजय पाठक, देवी प्रसाद मौर्य, उमेश चौहान, रमाकांत वर्मा एवं अनिल यादव जिले के सभी विद्यालय प्रबंधकों की उपस्थिति में विचार-विमर्श के उपरांत लिया गया। सभी ने शिक्षाविद त्रिपाठी जी के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान को अविस्मरणीय बताते हुए गहरा दुख व्यक्त किया।संगठन की जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि दिवंगत आत्मा की शांति हेतु कल सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य भाग लेंगे। बजरंग त्रिपाठी ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना संपूर्ण' जीवन समर्पित कर दिया था। उनकी शिक्षण पद्धति, अनुशासन और छात्रों के प्रति समर्पण भाव को सदैव स्मरण किया जाएगा।

## मंदिर के समीप मदिरा की दुकानों का लिया जायज़ा

**मैनपुरी।** आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर कस्बा कुरावली में निर्धारित मानकों की अनदेखी, विद्यालय, मंदिर के समीप देशी शराब, विदेशी मंदिरा की संचालित की जा रही दुकानों के संबंध में जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने स्वयं मौके पर जाकर संचालित दुकानों का जायजा लिया। उन्होंने नगर क्षेत्र कुरावली में संचालित देशी शराब की दुकान नंबर-02 एवं अंग्रेजी शराब एवं बियर की दुकान नंबर-02 के दोनों ओर निर्धारित मानक 75 मीटर की दूरी को नपवाकर देखा गया, दुकानों की बाएं ओर संचालित मलखान सिंह इंटर कॉलेज एवं दुकानों के दाएं ओर स्थित मंदिर की दूरी नापने के दौरान प्रथमदृष्टत्या थोड़ी कम पाई गई, मौके पर उपस्थित जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि उक्त दोनों दुकानें 2019 से संचालित है, दोनों विक्रेताओं से मानकों का पालन कराया जा रहा है, जिस पर उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आज सायं तक आवंटन पत्रावली में चौहद्दी, अन्य मानकों का परीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस दौरान जिला आबकारी अधिकारी हितेन्द्र कुमार शेखर, अनिल कुमार सक्सेना, अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# नीट परीक्षा में सफल होने वाले छात्र को किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** सिधारी स्थित महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल में नीट-2025 परीक्षा में सफल होने वाले अमन यादव को सम्मानित किया गया। आपको बताते चले की महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल में अपने प्रारंभिक शिक्षा की शुरुआत एवं 12वीं तक की शिक्षा पूर्ण करने वाले अमन यादव को बड़ी सफलता मिली जिससे परिवार के साथ-साथ विद्यालय में भी हर्ष का माहौल रहा। नीट-2025 मे आल इंडिया रैंक-14317 व श्रेणी रैंक 6222 प्राप्त करने पर अमन यादव को विद्यालय प्रबंधक- डीपी मौर्य, प्रधानाचार्य- रामनयन मौर्य, उप प्रधानाचार्य- एसएन यादव, कोऑर्डिनेटर आनंद मौर्य ने माला एवं अंगवस्त्रम पहनाकर बधाई दी एवं विद्यालय की तरफ से सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया । अमन ने अपने अनुभव साझा कर अन्य छात्रों को प्रेरित किया की कड़ी मेहनत एवं लगन से सफलता हासिल की जा सकती है।

विद्यालय प्रबंधक डीपी मौर्य ने कहा कि छात्र की सफलता उनकी मेहनत का परिणाम है। आज मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि अमन यादव ने 12वीं कक्षा में भी 96.1 परसेंटेज अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया था । यह शुरू से ही बहुत होनहार थें और नीट-2025 की परीक्षा में सफल होकर यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस सफलता पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों को भी धन्यवाद देता हूं जिनके अथक परिश्रम और उचित मार्गदर्शन का बड़ा योगदान रहा ।

सम्मान समारोह को सफल बनाने में- प्रधानाचार्य- रामनयन मौर्य, उप प्रधानाचार्य एस. एन. यादव, कोऑर्डिनेटर-आनंद मौर्य, राम चरण मौर्य, दीपिका सिंह, दिनेश यादव, मीनाक्षी अस्थाना, किशन यादव, राहुल तिवारी, धीरेंद्र मोहन, शरद गुप्ता, अजय कुमार यादव , आरोही मोदनवाल, आदित्य मिश्रा आदि शिक्षक व शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## बारिश में पेड़ की डाल टूटकर गिरी, सिंचाई विभाग कर्मी की मौत

**प्रयागराज।** तेज बारिश और हवा के बीच ही सदियाबाद में सड़क पर पीपल के पेड़ की बड़ी डाल टूटकर गिर गई। इसकी चपेट में आने से स्कूटी सवार सिंचाई विभाग के कर्मचारी की मौत हो गई। सड़क पर हुए हादसे से राहगीरों में खलबली मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। प्राप्त जानकारी के लिए सुल्तानपुर जिले के 45 वर्षीय अजय कुमार प्रयागराज के सिंचाई विभाग में कार्यरत थे। वह कर्नलगंज क्षेत्र में किराए का कमरा लेकर रहते थे। रोजाना की तरह अजय कुमार गुरुवार की सुबह स्कूटी से ड्यूटी पर जाने के लिए निकले। रास्ते में सदियाबाद के समीप बारिश के बीच ही अचानक विशालकाय पीपल की बड़ी डाल टूटकर गिर गई। इसकी चपेट में आने से अजय कुमार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दी।

हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं करेली के शम्स नगर में एक पेड़ की डाली टूटकर गिरने से एक कार क्षतिग्रस्त हो गई।

# गंगा स्नान के बाद खुले बड़े हनुमान मंदिर के द्वार

अवधनामा संवाददाता

**भव्य श्रृंगार और आरती के बाद हनुमान मंदिर में शुरू हुई पूजा**

**प्रयागराज।** बंधवा क्षेत्र में स्थित लेटे हनुमान जी के मंदिर के कपाट गुरुवार को श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोल दिए गए। बीते मंगलवार को गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण मंदिर परिसर में पानी प्रवेश कर गया था, जिससे मंदिर के कपाट सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिए गए थे। लेकिन अब गंगा और यमुना दोनों नदियों के जलस्तर में गिरावट आने के बाद मंदिर से पानी पूरी तरह हट गया है, और एक बार फिर श्रद्धालुओं के लिए द्वार खोल दिए गए हैं। कपाट खोले जाने से पहले मंदिर परिसर की व्यापक साफ-सफाई की गई। भगवान हनुमान की लेटी हुई प्रतिमा का विशेष रूप से पुष्पों से श्रृंगार किया गया और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई। आरती के दौरान घंट-घड़ियाल बजते रहे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया।

ऐसी मान्यता है कि संगम के बड़े हनुमान जी को भगवान शिव का वरदान प्राप्त है कि मां गंगा स्वयं उनका अभिषेक करेंगी। इस मान्यता के अनुसार, जब भी बाढ़ का पानी मंदिर में प्रवेश करता है और मूर्ति तक पहुंचता है, तो उसे शुभ संकेत माना जाता है। इस बार भी मंगलवार को गंगा जल मंदिर तक पहुंचा, जिसे भक्तों ने %गंगा जलाभिषेक% के रूप में देखा।

बड़े हनुमान जी को %शहर का कोतवाल% माना जाता है, इसलिए जब भी मंदिर दोबारा श्रद्धालुओं के लिए खुलता है, बड़ी संख्या में लोग दर्शन और भव्य आरती में शामिल होते हैं। गुरुवार को भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और मंदिर प्रांगण को भक्ति से सराबोर कर दिया।

## बक्शी बांध पंपिंग स्टेशन के तीन पंप बंद होने से हाहाकार



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** बक्शी बांध स्थित पंपिंग स्टेशन के तीन पंप बंद होने से अल्लापुर से दारागंज तक हाहाकार मच गया। लगातार हो रही बारिश के बीच गुरुवार सुबह से बिजली के तीन पंप बंद रहे, जिसकी वजह से अल्लापुर, दारागंज क्षेत्र की तमाम सड़कों पर जलभराव हो गया। सैकड़ों घरों में पानी घुसने से अफरा-तफरी मच गई। अल्लापुर के कैलाशपुरी कॉलोनी के घरों में एक फीट पानी भर गया। प्रयागराज संगम स्टेशन के सामने सडक डूब गई। दारागंज के फुलवरिया रोड के पास कॉलोनी में पानी भर गया। क्षेत्र से पानी निकासी नहीं होने की सूचना मिलने पर लोगों के साथ पंपिंग स्टेशन पहुंचे पार्षद विनय मिश्रा ने पूछताछ की तो बताया गया कि 33 केवी की लाइन पर बिजली सप्लाई बंद होने से तीन पंप सुबह से बंद कर दिया गया है।

## सीए परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र और छात्रा हुए सम्मानित



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** रसूलपुर के बेटे और बेटियों ने फिर से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। समीर खान और कहकशा फारूकी ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से चार्टड अकाउंटिड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शाहिद कमाल द्वारा रसूलपुर बड़ी मस्जिद के पास आयोजित सम्मान समारोह में सांसद उज्जवल रमण सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और दोनों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अरशद ने किया। कार्यक्रम के दौरान जीशान मेहंदी, अरशद खान, मोहम्मद नकी खान, तारिक खान, राशिद खान, शकील, अशफाक, पप्पू खान उर्फ त्रिपाठी, मोईन हबीबी और चुन्नू मामू उर्फ चुन्नू प्रेस, रियाज खान और तुलसीपुर रसूलपुर के तमाम लोग वहां पर मौजूद रहे हैं। इस अवसर पर जीशान मेहंदी ने अपने बैंक में इन दोनों बच्चों को 100000 महीने की नौकरी देने और रहने के लिए मकान मुंबई में देने की घोषणा की। समीर खान और कहकशा फारूकी सहित उनके माता पिता को भी मीडिया प्रभारी अकरम शगुन ने बधाई और शुभकामनायें दीं।

## संगठन कार्य के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण भी प्राथमिकता: संजय गुप्ता



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सिविल लाइन स्थित पार्टी कार्यालय में जनसमस्याओं की सुनवाई व निस्तारण करते हुए कहा कि संगठन कार्य के साथ लोगों व पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनना व उनका निराकरण करना भी प्राथमिकता में है। इसीलिए पार्टी कार्यालय में जनसमस्या अधिकारी की नियुक्ति भी की है जो आम लोगों व पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्या को सुनेंगे। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र हित समाज हित को सर्वोपरि रखकर कार्य करता है। गुरुवार को जनसुनवाई के दौरान महानगर अध्यक्ष ने पीडीए, व पार्टी कार्यकर्ताओं से जुड़े कई मामलों का निस्तारण करवाया। इस दौरान मनोज कुशवाहा, वरुण केसरवानी, संजय पासवान, गोपाल श्रीवास्तव, विजय पटेल, राजेश गोंड, मीडिया प्रभारी पवन श्रीवास्तव, सह मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, निर्दोष सिंह गोलू, नीरज दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# तेज हवाओं के साथ देर रात से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

अवधनामा संवाददाता

**स्कूल की छुट्टी, गिरे पेड़, बिजली आपूर्ति ठप**

**प्रयागराज।** बुधवार से लगातार हो रही बारिश और बाढ़ को देखते हुए गुरुवार को स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। छुट्टी का फैसला स्कूल मैनेजमेंट ने लिया लेकिन बाद में प्रशासन ने भी आधिकारिक रूप से छुट्टी की घोषणा कर दी। हालांकि, ज्यादातर स्कूलों की तरफ देर से छुट्टी का मैसेज भेजा गया। इस वजह से काफी स्टूडेंट स्कूल पहुंचे, लेकिन, छुट्टी की वजह से उन्हें लौटना पड़ा। बारिश के चलते कई स्थानों पर पेड़ गिरे तो कई मोहल्लों में बिजली आपूर्ति हुई ठप फाफामऊ बाईपास पर पेड़ गिरा। जिले में तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हो रही है इससे सड़कें जहां ताल तलैया बन गयी है, तेज रफ्तार हवाओं के चलने से बड़ी संख्या में पेड़ सड़कों पर गिर गये है जिससे कि सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। पेड़ों के सड़कों पर गिरने से जाम लग गया है इससे लोगों को आने - जाने में भारी परेशानी हो रही है।



चक्रवाती तूफान की वजह से जहां पिछले 11 घंटे से प्रयागराज में लगातार बारिश हो रही है वही तेज हवाओं की वजह से जगह-जगह पर पेड़ उखड़ कर सड़क को जाम कर दिया है। सुबह सवेरे से ही प्रशासनिक अधिकारी जगह-जगह पर पेड़ों की सफाई करवा रहे हैं ताकि किसी प्रकार का जाम या अवरोध सड़कों पर ना हो सके। शहर की बात करें तो शहर के सभी प्रमुख सड़कें एमजी मार्ग, एसपी मार्ग, नवाब युसुफ रोड, कमला नेहरू रोड, जीटी रोड, जार्जटाउन, टैगोर टाउन, विवि मार्ग, स्टेनली रोड, राजापुर मार्ग सहित लगभग सभी सड़कों पर पानी भरा हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 11 घंटे में से हो रही बारिश से प्रयागराज क्षेत्र में 110 मिली मीटर बारिश रिकार्ड किया गया है, वहीं अगले 24 घंटे में 240 से 260 मिली मीटर बरसात होने की आशंका जताई जा रही है। इस पूरे चक्रवात का केंद्र प्रयागराज मंडल के विंध्य श्रेणी क्षेत्र के आसपास का केंद्र होने की वजह से सबसे अधिक बारिश से नुकसान प्रयागराज, विंध्याचल, मिर्जापुर, चित्रकूट और भदोही जिले को होने की आशंका भी जताई जा रही है। पेड़ गिरने से यातायात हुआ बाधित नवाब यूसुफ रोड होटल रॉयल के बगल करवारिया के प्लॉट के सामने पेड़ गिर गया है।यहां बारिश के साथ ठंडी हवाएं भी चल रही है जिसमें मौसम भी बिल्कुल ठंडा हो गया है। लोगों को अब गर्मी से भी राहत मिलने लगी है। वहीं अब तापमान गिरकर 26 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। देर रात से शुरू हुई बारिश ने सुबह तक थमने का नाम नहीं लिया। लगातार हो रही बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रयागराज में गंगा और यमुना के जलस्तर में कुछ कमी हो रही है। लेकिन देर रात से यहां भारी हो रही है। गुरुवार की सुबह भी बारिश होने से यहां के स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। हालांकि ज्यादातर स्कूलों की तरफ देर में छुट्टी का मैसेज मिलने की वजह से काफी बच्चे भीगते हुए स्कूलों में पहुंचे। लेकिन छुट्टी होने की वजह से उन्हें लौटना पड़ा। यहां बारिश के साथ ठंडी हवाएं भी चल रही है जिसमें मौसम भी बिल्कुल ठंडा हो गया है। लोगों को अब गर्मी से भी राहत मिलने लगी है। देर रात से हो रही झमाझम बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल दिया है।

## दो पहिए, एक संदेशः हाथरस, उत्तर प्रदेश में सड़क सुरक्षा बनी प्राथमिकता

### 2600 से ज़्यादा स्कूल स्टूडेंट्स और स्टाफ ने लिया जिम्मेदार रोड यूज़र बनने का संकल्प

**हाथरस।** जागरूक और ज़म्मेदार सड़क उपयोगकर्ताओं को तैयार करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अपने देशव्यापी सड़क सुरक्षा अभियान को हाथरस, उत्तर प्रदेश स्थित बीएलएस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित किया। इस कार्यक्रम के ज़रिए 2600 से अधिक प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। मोबिलिटी तेज़ी से बदल रही है, और पूरे देश में टू-व्हीलर का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में रोड सेफ्टी की एजुकेशन पहले से कहीं ज़्यादा ज़रूरी हो गई है। हाथरस में चलाया गया अवेयरनेस कैंपेन एक आम कॉलेज क्लासरूम को रोड डिसिप्लिन की बेसिक जानकारी देने वाले लर्निंग प्लेटफॉर्म में बदल दिया। प्रतिभागियों को कई जानकारीपूर्ण सेशंस के ज़रिए जोड़ा गया जिसमें रोड सेफ्टी से जुड़ा थ्योरी सेशन, इंटरएक्टिव डिस्कशंस और ऐसे स्टैटिक डेमोंस्ट्रेशन शामिल थे जो सुरक्षित राइडिंग आदतों के प्रभाव को दर्शाते थे। सेशंस के दौरान हेलमेट का उपयोग, सिचुएशनल अवेयरनेस और रोड पर तुरंत निर्णय लेने जैसी अहम बातों पर भी ज़ोर दिया गया। प्रतिभागियों को क्रिटिकल थिंकिंग अपनाने और एक्टिव तरीके से हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इन सेशंस का उद्देश्य सिर्फ जानकारी देना नहीं, बल्कि हर व्यक्ति में ज़म्मेदारी की भावना को जगाना भी था। एचएमएसआई के प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर्स ने लीड किया, और स्टूडेंट्स को रोड सेफ्टी से सिर्फ एक नियम की तरह नहीं, बल्कि एक सोच की तरह जुड़ने में मदद की। ये अवेयरनेस कैंपेन, देशभर में चल रहे कई अभियानों में से एक है, जो इंडिया की अगली जनरेशन के राइडर्स में रोड सेफ्टी की आदत और समझ को बढ़ावा देने के विज़न का हिस्सा है। मेट्रो सिटीज़ से लेकर टियर-2 और 3 शहरों तक, कंपनी की कोशिश है कि हर रोड यूज़र के लिए सफर को और सेफ बनाया जा सके। जैसे-जैसे एचएमएसआई अपनी रोड सेफ्टी मुहिम को आगे बढ़ा रहा है, हाथरस के युवा भी अब जागरूक और ज़म्मेदार नागरिकों के उस बढ़ते नेटवर्क से जुड़ गए हैं जो हर एक समझदारी भरे फैसले से बदलाव ला रहे हैं।

होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया की सड़क सुरक्षा के प्रति सीएसआर प्रतिबद्धता-

साल 2021 में होंडा ने वर्ष 2050 के लिए अपना वैश्विक विज़न जारी किया, जिसमें यह लक्ष्य रखा गया है कि होंडा की मोटरसाइकिलों और चारपहिया वाहनों से जुड़ी किसी भी सड़क दुर्घटना में कोई भी जान की हानि न हो। भारत में, होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) इस लक्ष्य के अनुरूप और भारत सरकार के उस उद्देश्य के साथ काम कर रही है, जिसमें 2030 तक सड़क हादसों में होने वाली मौतों को 50त्न तक कम करने की योजना है।

यह लक्ष्य हासिल करने का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि हम अपने बच्चों में 2030 तक सड़क सुरक्षा के प्रति एक सकारात्मक सोच विकसित करें और उसके बाद भी उन्हें लगातार शिक्षित करते रहें। स्कूलों और कॉलेजों में सड़क सुरक्षा की शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ जागरूकता फैलाना नहीं है, बल्कि यह सुरक्षा संस्कृति को युवाओं के मन में स्थापित करना है, ताकि वे आगे चलकर सड़क सुरक्षा के सच्चे प्रतिनिधि बन सकें। यह शिक्षा आने वाली पीढ़ियों को जिम्मेदार नागरिक बनने की शक्ति देती है और एक सुरक्षित समाज के निर्माण में उनका सक्रिय योगदान सुनिश्चित करती है।

एचएमएसआई का उद्देश्य एक ऐसी कंपनी बनना है जिसे समाज ज़रूरत समझे। इसी सोच के साथ एचएमएसआई समाज के हर वर्ग में रोड सेफ्टी (सड़क सुरक्षा) को लेकर जागरूकता फैलाने पर ज़ोर दे रहा है।

## बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम को नज़रअंदाज़ न करें



**लखनऊ।** जैसे-जैसे भारत बच्चों के टीकाकरण में आगे बढ़ रहा है, विशेषज्ञों ने अभिभावकों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं से आग्रह किया है कि वे बच्चों के टीकाकरण कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण कड़ी को नज़रअंदाज़ न करें स्कूल प्रवेश की आयु पर डिप्थीरिया, टिटनेस, पर्टुसिस और पोलियो के लिए बूस्टर डोज़ हालांकि शिशु अवस्था में दी गई प्रारंभिक टीकाकरण सुरक्षा प्रदान करता है, वैज्ञानिक प्रमाण दर्शाते हैं कि डिप्थीरिया, टिटनेस, पर्टुसिस और पोलियो के प्रति प्रतिरक्षा समय के साथ कम हो जाती है। यदि बच्चों को समय पर बूस्टर डोज़ नहीं दी जाती, तो वे इन गंभीर बीमारियों के प्रति संवेदनशील हो सकते हैं विशेष रूप से जब वे स्कूल जाना शुरू करते हैं और अधिक बच्चों और लोगों से संपर्क में आते हैं।

डॉ. एम. यू. हसन, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, बाल रोग एवं नवजात रोग विभाग, मैक्स अस्पताल, लखनऊ बताते हैं, 4 से 6 वर्ष की आयु में बच्चे अपने परिवार के दायरे से बाहर दुनिया को समझना और अनुभव करना शुरू करते हैं। यह बदलाव नए अनुभवों के साथ-साथ नई स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां भी लाता है। इस उम्र में बूस्टर डोज़ देना सुनिश्चित करता है कि शुरुआती सुरक्षा फिर से मज़बूत हो, ठीक तब जब उनका संपर्क और जोखिम बढ़ता है। स्कूल प्रवेश के समय दिया गया टीका सिर्फ एक बच्चे को नहीं, बल्कि पूरे स्कूल समुदाय की सामूहिक प्रतिरक्षा को मजबूत करता है, डॉ. हसन कहते हैं। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स 4 से 6 वर्ष की उम्र में दिए जाने वाले बूस्टर को एक ज़रूरी पड़ाव मानती है, जिससे शुरुआती सुरक्षा को फिर से सुदृढ़ किया जा सके खासकर ऐसे माहौल में जहां बच्चे कक्षाओं, खेल के मैदानों और भोजन में साथ होते हैं। इस तरह के घनिष्ठ संपर्क वाले परिवेश में प्रतिरक्षा में थोड़ी सी भी कमी प्रकोप का कारण बन सकती है।

## फ्लिपकार्ट ने सेलर्स के लिए एडवर्टाइज नाउ पे लेटर की शुरुआत की

**लखनऊ।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपने सेलर्स के लिए नवीनतम इनोवेशन एडवर्टाइज नाउ पे लेटर (एएनपीएल) की पेशकश की है। यह एक अनूठी पहल है, जिसके माध्यम से सेलर्स को डिजिटल विज्ञापनों की क्षमता का लाभ उठाने में मदद मिलेगी। एएनपीएल के माध्यम से सेलर्स को पहले से कोई भुगतान किए बिना ही एडवर्टाइजिंग कैंपेन चलाने का मौका मिलेगा। इससे उनकी विजिबिलिटी व पहुंच बढ़ेगी और स्ट्रेटजिक एड प्लेसमेंट के माध्यम से कारोबारी विकास के नए अवसर खुलेंगे। इस पहल ने छोटे-बड़े सभी तरह के कारोबारियों को विकास को गति देने का नया रास्ता दिया है और तेजी से बढ़ती डायनामिक डिजिटल रिटेल की दुनिया में प्रभावी तरीके से हिस्सा लेने में सक्षम बनाया है।

एएनपीएल को लेकर फ्लिपकार्ट एड्स के वाइस प्रेसिडेंट एवं जनरल मैनेजर विजय अय्यर ने कहा फ्लिपकार्ट में हम विज्ञापन को ज्यादा समावेशी, सुगम और परिणाम आधारित बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 'एडवर्टाइज नाउ, पे लेटर' के माध्यम से हम छोटे कारोबारियों, नए ब्रांड एवं पहली बार विज्ञापन देने वालों के सामने आने वाली वित्तीय एवं परिचालन संबंधी चुनौतियों को दूर कर रहे हैं। पहले से भुगतान की जरूरत खत्म करते हुए और पहुंच आसान बनाते हुए एएनपीएल ने अपने सेलर्स को प्रोडक्ट विजिबिलिटी बढ़ाने, तेजी से विस्तार करने और सतत विकास में सक्षम बनाया है। यह सिर्फ एक फीचर नहीं है, बल्कि फ्लिपकार्ट पर डिजिटल एडवर्टाइजिंग को लोकतांत्रिक बनाते हुए सेलर्स को सशक्त बनाने के हमारे मिशन की दिशा मंप एक महत्वपूर्ण कदम है।

फ्लिपकार्ट के सेलर एजरो डील के मालिक श्री अजय पांडे ने इस पहल को लेकर कहा एएनपीएल से मुझे पूरे महीने सुकून रहता है। पहले से कोई भुगतान नहीं और न ही रोजाना कोई ट्रांसफर, सिर्फ और सिर्फ तरक्की। मैं सिर्फ सेल्स पर ध्यान देता हूं और बाकी सब कुछ यह फीचर खुद संभाल लेता है।

पहुंच एवं भरोसा बढ़ाने के लिए शुरू की गई इस पहल में कोई ब्याज, कोई जॉइनिंग फीस, कोई जुर्माना और कोई छिपा हुआ शुल्क नहीं है। विज्ञापन पर होने वाले खर्च को फ्लिपकार्ट पर अगले महीने होने वाली सेलर की कमाई में से काट लिया जाता है। सेलर्स को रियल टाइम में यह जानने का मौका मिलता है कि कैंपेन कैसा प्रदर्शन कर रहा है।

## आरआरपी डिफेंस लिमिटेड ने सीवाईजीआर (फ्रेंको-अमेरिकन) के साथ साझेदारी की

**नवी मुंबई।** एयरोस्पेस और रक्षा प्रौद्योगिकी में भारत की आत्मनिर्भरता को मज़बूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, आरआरपी डिफेंस लिमिटेड (आरआरपी ग्रुप, भारत), अपनी समर्पित इकाई विमाननु लिमिटेड और सीवाईजीआर (फ्रेंको-अमेरिकन) ने मेक इन इंडिया पहल के तहत भारत में एक ड्रोन निर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए एक रणनीतिक सहयोग की घोषणा की है। इस साझेदारी का उद्देश्य, फ्रांसीसी-अमेरिकी तकनीक और भारतीय विनिर्माण क्षमता का लाभ उठाते हुए सामरिक, निगरानी और औद्योगिक उपयोग के लिए डिज़ाइन किए गए उन्नत ड्रोन सिस्टम प्रदान करना है। नवी मुंबई में स्थित यह सुविधा अगली पीढ़ी के ड्रोन के उत्पादन में सहयोग करेगी, जिनमें शामिल हैं- हैंड-लॉन्च्ड फिक्स्ड विंग ड्रोन - फील्ड परिनियोजन के लिए हल्के और पोर्टेबल। नैनो ड्रोन - नज़दीकी और आंतरिक निगरानी के लिए कॉम्पैक्ट प्लेटफ़ॉर्म। आईएसआर ड्रोन - खुफिया, निगरानी और टोही के लिए डिज़ाइन किए गए। इस साझेदारी पर टिप्पनी करते हुए, आरआरपी डिफेंस लिमिटेड के अध्यक्ष राजेंद्र चोडनकर ने कहा, यह सहयोग भारत के यूएवी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक निर्णायक क्षण है। अपनी स्थानीय विनिर्माण क्षमता और क्षेत्रीय समझ को सीवाईजीआर की विश्वस्तरीय ड्रोन तकनीकों के साथ जोड़कर, हम ऐसे सिस्टम बना रहे हैं जो भारत की अनूठी परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक गौरवपूर्ण कदम है।

## 'सारे जहां से अच्छा': एक रोमांचक जासूसी ड्रामा, 13 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर




**लखनऊ।** 1970 के दशक की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित नेटफ्लिक्स की आने वाली सीरीज़ 'सारे जहां से अच्छा' देशभक्ति, बलिदान और जासूसी की एक दिलचस्प कहानी लेकर आ रही है। इस काल्पनिक कहानी में प्रतीक गांधी एक सतर्क और अडिग खुफिया अधिकारी विष्णु शंकर की भूमिका निभा रहे हैं। यह सीरीज़ एक मिशन पर आधारित है, जिसमें काफी तनाव और सस्पेंस है। इसमें सनी हिंदुजा, सुहैल नय्यर, कृतिका कामरा, तिलोत्तमा शोम, रजत कपूर और अनुप सोनी जैसे बेहतरीन कलाकार शामिल हैं। 13 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर आने वाली यह सीरीज़ गौरव शुक्ला द्वारा बनाई गई है और बॉम्बे फेबल्स ने प्रोड्यूस किया है, जबकि भावेश मंडालिया इसके क्रिएटिव प्रोड्यूसर हैं।। 'सारे जहां से अच्छा' देश की खुफिया दुनिया की उस अनदेखी हकीकत को दर्शाता है, जहाँ महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचाने में थोड़ी सी भी देरी देश के भविष्य को प्रभावित कर सकती है।

इस सीरीज़ मे एक बेहद खतरनाक मिशन के तहत विष्णु को एक संभावित परमाणु संकट को टालने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। इस मिशन को पूरा करने के लिए उसे कई मुश्किल और धोखेभरे रास्तों से होकर गुजरना होगा ताकि भारत अपने शत्रुओं से हमेशा एक कदम आगे रह सके। प्रतीक गांधी कहते हैं, ÷सारे जहां से अच्छा में हमने एक ऐसी दुनिया बनाई है जो बेहद तेज़, तनावपूर्ण और रोमांचक है। खुफिया अधिकारी विष्णु शंकर का किरदार निभाना, जो कर्तव्य और नैतिकता के बीच संतुलन बनाए रखता है, मेरे लिए अब तक के सबसे चुनौतीपूर्ण रोल्स में से एक रहा है।

## निसान मोटर इंडिया ने की बाढ़ प्रभावित वाहन मालिकों को पूरा सपोर्ट देने की घोषणा

**गुरुग्राम।** भारत के कई क्षेत्रों में बाढ़ की हालिया घटनाओं को ध्यान में रखते हुए निसान मोटर इंडिया ने इससे प्रभावित ग्राहकों की मदद के लिए सपोर्ट प्रोग्राम शुरू किया है। ग्राहकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए कंपनी इस चुनौतीपूर्ण समय में मुश्किलों को कम करने के लिए ग्राहकों को कई तरह की सर्विसेज प्रदान कर रही है। निसान ने हालिया बाढ़ से प्रभावित ग्राहकों के लिए व्यापक सपोर्ट प्रोग्राम लॉन्च किया है। बाढ़ के कारण प्रभावित वाहनों की मदद के लिए डेडिकेटेड हेल्पडेस्क (1800 209 3456) की व्यवस्था की गई है। इस पहल के तहत प्रभावित वाहन को निसान के नजदीकी अधिकृत वर्कशॉप तक टो करने का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, वर्कशॉप पर अतिरिक्त समय तक काम होगा और एक्सेस क्लॉज फी की कवरेज समेत इंश्योरेंस क्लेम करने में भी पूरी मदद की जाएगी। सर्विस सपोर्ट के अलावा निसान इंजन ऑयल और ऑयल फिल्टर रिप्लेसमेंट पर 10 प्रतिशत की छूट दे रही है। साथ ही फ्लोर कार्पेट रिप्लेसमेंट पर भी 10 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जाएगी। गाड़ी में किसी भी तरह की खराबी का पता लगाने के लिए व्यापक व्हीकल हेल्थ चेकअप भी किया जाएगा, जिससे बेहतर परफॉर्मेंस और सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इस मौके पर निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा, 'कार सिर्फ एक मशीन नहीं होती, बल्कि यह लोगों को अपने प्रियजनों की देखभाल करने, अवसरों का लाभ उठाने और बाकी दुनिया से जुड़े रहने में भी मदद करती है। हम दैनिक जीवन में कार की भावनात्मक एवं व्यावहारिक भूमिका को समझते हैं। निसान में हमारे हर कदम के केंद्र में ग्राहक होते हैं। इसीलिए हमारा लक्ष्य बाढ़ से प्रभावित अपने ग्राहकों को पूरा भरोसा प्रदान करना है। अपनी हेल्पडेस्क और जरूरी सर्विसेज की तत्काल डिलीवरी के माध्यम से हमारा लक्ष्य इस चुनौतीपूर्ण समय में अपने ग्राहकों के साथ बने रहने की प्रतिबद्धता को मजबूती देना है।'

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निसान के सर्विस सेंटर पर काम के घंटे बढ़ा दिए गए हैं, जिससे इस मुश्किल समय में ग्राहकों को बेहतर सपोर्ट मिल सके। ब्रांड लगातार ग्राहकों के हितों को प्राथमिकता दे रहा है और सुनिश्चित कर रहा है कि ग्राहकों को उस समय मदद मिल सके, जब उन्हें सबसे ज्यादा जरूरत होती है।

## मृणाल ठाकुर के क्रश, रवि किशन की भावुक बातें, नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो के इस एपिसोड में है सब कुछ!



**मुंबई।** 19 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर देखिए द ग्रेट इंडियन कपिल शो में जबरदस्त फिल्मी धमाका, जब सोन ऑफ सरदार 2 की पूरी टीम शो पर हाजिर होगी। अजय देवगन, मृणाल ठाकुर, रवि किशन, दीपक डोबरियाल, कुब्रा सैत, संजय मिश्रा और विंदू दारा सिंह सभी मिलेंगे कपिल और उनकी टीम से, लेकर आएंगे मस्ती, मसाला और ढेर सारे सरप्राइज़. एक मजेदार पल में, कपिल ने अजय देवगन की हर प्रकार की शैली की तारीफ की - एक्शन से लेकर कॉमेडी और थ्रिलर तक जिस पर अजय देवगन ने अपने खास अंदाज़ में जवाब दिया, मैं असल में सिद्धू पाजी से सीखा हूं उन्होंने एक रुमाल क्रिकेट में डाला है, एक पॉलिटिक्स मेंज और यहां तो पूरी चादर है!

## टेन्डर पाम हॉस्पिटल ने की नेफ्रोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट में अभूतपूर्व प्रगति



**लखनऊ।** टेन्डर पाम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपनी नई नेफ्रोलॉजी, ट्रांसप्लांट और डायलिसिस टीम की एक वर्ष की उत्कृष्ट सेवाओं का उत्सव मनाया। यह वर्ष किडनी की देखभाल में परिवर्तनकारी प्रगति और उपलब्धियों से भरा रहा है। हॉस्पिटल के उन्नत नेफ्रोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट प्रोग्राम ने बीते साल में क्लीनिकल परिणामों, तकनीकी विकास और मरीज-केंद्रित सेवा में शानदार प्रगति की है।

डॉ. (कर्नल) अरुण कुमार (डायरेक्टर - नेफ्रोलॉजी व रीनल ट्रांसप्लांट)डॉ. शहज़ाद आलम (चीफ कंसल्टेंट व डायरेक्टर) डॉ. फिरोज मोहम्मद खान (एसोसिएट डायरेक्टर - यूरोलॉजी व ट्रांसप्लांट सर्जन) डॉ. नेहल अग्रवाल (कंसल्टेंट)की देखरेख में यह विभाग उ. प्र. में किडनी देखभाल के लिए एक मान्यता प्राप्त उत्कृष्टता केंद्र बन चुका है।

बीते वर्ष की प्रमुख उपलब्धियाँ बताते हुए डॉ. शहज़ाद आलम ने कहा पिछले 12 महीनों में हॉस्पिटल ने 68 किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किए, जो पहले के औसतन 16 प्रतिवर्ष की तुलना में 400त्न की वृद्धि है। टीम ने कई जटिल केसों को सफलतापूर्वक हैंडल किया है, जिनमें इनकंपैटिबल ट्रांसप्लांट भी शामिल हैं।

मासिक डायलिसिस सेशंस की संख्या 350-400 से बढ़कर 1000 से अधिक हो गई है, वो भी उच्चतम गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के साथ। साथ ही पेरिटोनियल डायलिसिस प्रोग्राम भी सफलतापूर्व संचालित हो रहा है। डॉ. शहज़ाद आलम ने कहा, यह यात्रा हमारी मरीज-केंद्रित और प्रमाण-आधारित देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इतनी तीव्र प्रगति हमारे टीम वर्क, मजबूत प्रोटोकॉल और मरीजों के विश्वास का परिणाम है। हम नेफ्रोलॉजी और ट्रांसप्लांट देखभाल में नई ऊँचाइयों को छूने के लिए समर्पित हैं।

टेन्डर पाम हॉस्पिटल इस मील के पत्थर को मनाते हुए अपने विज़न को दोहराता है एक ऐसा अग्रणी केंद्र बनना जो संपूर्ण, सुलभ और उच्च गुणवत्ता वाली किडनी देखभाल प्रदान कर सके पूरे भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर।

## Felicity Theatre प्रस्तुत करता है मैग्नमओपस हमारे राम, लखनऊ में



भारत की अग्रणी थिएटर कंपनी, फेलिसिटी थिएटर द्वारा इस महाकाव्यात्मक हमारे राम की नाट्य प्रस्तुति सगर्व आपके समक्ष प्रस्तुत की जा रही है। गौरव भारद्वाज द्वारा निर्देशित इस महान कृति में रामायण के कुछ ऐसे अभूतपूर्व दृश्य दिखाए गए हैं, जिन्हें इससे पहले कभी किसी मंच पर नहीं दिखाया गया। बॉलीवुड के प्रमुख दिग्गज आशुतोष राणा ने रावण की प्रतिष्ठित भूमिका निभाई है, भगवान राम की भूमिका में दिखाई देंगे प्रशंसित अभिनेता राहुल आर भूचर, भगवान हनुमान की भूमिका में दानिश अख्तर, तरूण खन्ना भगवान शिव की भूमिका में, हरलीन कौर रेखी ने माता सीता की, और करण शर्मा सूर्यदेव की भूमिका में दिखाई देंगे। इस समूह में थिएटर की दुनिया के अन्य अनुभवी कलाकार भी शामिल हैं। भारत भर के शहरों में हाउस फुलशो रहने के बाद नाट्य नाटक हमारे राम लखनऊ के दर्शकों को 26 जुलाई 2025 कोडॉ. बी.आर. अंबेडकर ऑडिटोरियम में, अपनी कला से मंत्रमुग्ध करेंगे।

पार्श्व गायक कैलाश खेर, शंकर महादेवन और सोनू निगम ने विशेष रूप से ''हमारे राम'' के लिए बनाई गई मूल रचनाओं में अपनी आवाज दी है,जो श्रवण अनुभव को बढ़ाता है। यह शानदार नाटकीय अनुभव असाधारण प्रदर्शन, शक्तिशाली संवाद, आत्मा-उत्तेजक संगीत, जीवंत कोरियोग्राफी, उत्कृष्ट वेशभूषा और अत्याधुनिक प्रकाश व्यवस्था और विशेष प्रभाव प्रदान करता है।

''हमारे राम'' की विशिष्ट विशेषताएं पहले से न कही गई रामायण कहानियों की अंतर्दृष्टि में निहित हैं।

## फिटनेस एक्सपर्ट यास्मीन कराची वाला ने शेयर किए आसान और असरदार टिप्स

सेलिब्रिटीज़ को देखकर अक्सर लगता है कि उनके लिए फिट रहना बहुत आसान होता है, लेकिन इसके पीछे होता है अनुशासन और लगातार की गई मेहनत। हाल ही में मशहूर फिटनेस एक्सपर्ट यास्मीन कराचीवाला ने एक इंटरव्यू में बताया कि सितारे अपनी फिटनेस को लेकर क्यों इतना सजग रहते हैं—क्योंकि उन्हें हर वक्त कैमरे के सामने तैयार रहना होता है।

यास्मीन ने आम लोगों के लिए भी कुछ आसान और असरदार हेल्थ टिप्स साझा किए हैं, जो बिना सख्त डाइट या भारी एक्सरसाइज़ के भी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में अपनाए जा सकते हैं। बस थोड़ा समझदारी से खाना और थोड़ा स्मार्ट तरीक़े से एक्टिव रहना और आप भी रह सकते हैं फिट, हेल्दी और एनर्जेटिक।

**समझदारी से करें स्नैकिंग**

हमारी डाइट अक्सर तब बिगड़ती है जब हम भूख लगने पर कुछ भी झटपट खा लेते हैं खासकर सुबह के बीच में या शाम को। यास्मीन ऐसे मौकों पर पोषण से भरपूर स्नैक्स चुनने की सलाह देती हैं। उनकी पसंदीदा चीज़ है - एक मुट्ठी बादाम।

बादाम न सिर्फ स्वाद में क्रंची और तृप्त करने वाले होते हैं, बल्कि इनमें ऊर्जा देने वाले तत्व भी भरपूर होते हैं। ये पेट लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराते हैं, जिससे वजन कंट्रोल में रहता है। इसके अलावा, बादाम ब्लड शुगर को संतुलित रखने और दिल की सेहत बेहतर बनाने में भी मददगार होते हैं। इसीलिए, स्मार्ट स्नैकिंग के लिए बादाम एक बेहतरीन रोज़ाना विकल्प हैं।

**शरीर को रखें सक्रिय**

फिटनेस का मतलब सिर्फ अच्छा दिखना नहीं है, बल्कि शरीर की कार्यप्रणाली को सपोर्ट करना और मेटाबॉलिज़्म को बेहतर बनाना भी है। यास्मीन कहती हैं कि एक्सरसाइज़ वही चुनें जो आपकी दिनचर्या और लाइफस्टाइल से मेल खाती हो और उसे नियमित रूप से करें।

चाहे वह जिम जाना हो, हर दिन के स्टेप्स पूरे करना हो या यास्मीन की पसंदीदा पिलाटेस – सबसे जरूरी है एक्टिव रहना। लगातार मूवमेंट न सिर्फ शरीर को चुस्त रखता है, बल्कि इम्यूनिटी को भी मजबूत बनाता है और मूड बेहतर करता है। यही वजह है कि एक्टिव रहना कोई विकल्प नहीं, बल्कि एक जरूरत है।

**सोच-समझकर खाएं, फिट रहें**

फिटनेस सिर्फ एक्सरसाइज़ से नहीं, बल्कि आपकी थाली से शुरू होती है। यास्मीन बताती हैं कि यह बहुत ज़रूरी है कि हम जो कुछ भी खा रहे हैं, उस पर ध्यान दें। इसके साथ ही, प्रोटीन, फैट्स और कार्ब्स जैसे मैक्रोन्यूट्रिएंट्स और विटामिन्स व मिनरल्स जैसे माइक्रोन्यूट्रिएंट्स का संतुलन बनाए रखना भी अहम है।

इसका मतलब यह नहीं कि आपको एकदम से अपनी पूरी डाइट बदलनी होगी। शुरुआत छोटे-छोटे बदलावों से करें – जैसे खाने में प्रोटीन से भरपूर चीज़ें जैसे बादाम, मछली, चना या सोया को शामिल करना। आप सीज़नल चीज़ों के साथ थोड़ा प्रयोग भी कर सकते हैं – जैसे सलाद में ताज़े आम के टुकड़े डालना और ऊपर से क्रश किए हुए बादाम छिड़कना। इससे न सिर्फ स्वाद और टेक्सचर बढ़ेगा, बल्कि पोषण भी मिलेगा।

## यामाहा ने लॉन्च किया FZ-X हाइब्रिड मोटरसाइकिल



**चेन्नई।** इंडिया यामाहा मोटर (आईवाईएम-IYM) ने आज अपने नए 2025 FZ-X मॉडल को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह मॉडल अब हाइब्रिड इंजन टेक्नोलॉजी, कलर टीएफटी (TFT) मीटर और टर्न-बाय-टर्न (TBT) नेविगेशन सिस्टम जैसी सुविधाओं से लैस है, जो राइडर्स को और अधिक सुविधा और प्रीमियम अनुभव प्रदान करती हैं। हाइब्रिड इंजन से सुसज्जित यह नया स्र्नं-ङ्ग मॉडल 'मैट टाइटन' रंग में उपलब्ध है और इसकी कीमत 1,49,990 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है। यामाहा के इस हाइब्रिड इंजन में अब स्मार्ट मोटर जेनरेटर (SMG) और स्टॉप एंड स्टार्ट सिस्टम (स्स्स) जैसी उन्नत तकनीकें शामिल हैं। ये तकनीकें बाइक को बेहद स्मूद और शांत तरीके से स्टार्ट करने में मदद करती हैं, एक्सेलेरेशन के समय बैटरी से सपोर्ट देती हैं और बाइक रुकने पर इंजन को अपने-आप बंद कर देती हैं, जिससे माइलेज बेहतर होता है। जैसे ही क्लच दबाया जाता है, इंजन दोबारा चालू हो जाता है। नए FZ-X हाइब्रिड में अब 4.2-इंच का रंगीन TFT इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है, जो Y-कनेक्ट ऐप के ज़रिए स्मार्टफोन से आसानी से जुड़ जाता है। इसके साथ ही, इसमें गूगल मैप्स से इंटीग्रेटेड टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन भी है, जो राइड के दौरान रीयल-टाइम दिशा-निर्देश, रास्तों के नाम और इंटरसेक्शन जैसी जानकारी दिखाता है, जिससे सफर और भी सहज और आसान हो जाता है।

## सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया ने पूरे देश में चलाए जाने वाले एचपीवी-कैंसर पब्लिक अवेयरनेस कैंपेन की शुरुआत की

**लखनऊ।** सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा पूरे देश में चलाए जाने वाले पब्लिक हेल्थ इनिशिएटिव के सिलसिले में लखनऊ में ÷कॉनकर एचपीवी एंड कैंसर कॉन्क्लेव 2025÷ का आयोजन किया गया।

भारत एचपीवी से जुड़ी बीमारियों की चुनौती का लगातार सामना कर रहा है और इनमें भी सर्वाइकल कैंसर खास तौर पर हमारी चिंता की वजह है। एचपीवी देश में महिलाओं में होने वाली कैंसर की दूसरी सबसे बड़ी वजह है। आईसीओ/आईएआरसी इंफॉर्मेशन सेंटर ऑन एचपीवी एंड कैंसर (2023) के मुताबिक हर साल भारत में 1.23 लाख सर्वाइकल कैंसर के मामले सामने आते हैं और इनमें 77,000 मौतें होती हैं। इसके अलावा गुदा के कैंसर के 90 प्रतिशत और लिंग के कैंसर के 63 प्रतिशत मामले एचपीवी से ही जुड़े होते हैं।

लखनऊ के कार्यक्रम में चिकित्सा विशेषज्ञों ने एचपीवी के




लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर पर गहन विचार-विमर्श किया। इस पैनल मे डॉ. अभिषेक बंसल, सलाहकार एवं निदेशक, किलकारी शिशु एवं बाल चिकित्सालय, लखनऊ सचिव - लखनऊ एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स कार्यकारी बोर्ड सदस्य - यूपीआईएपी (2017-19), डॉ. संगीता मेहरोत्रा, वरिष्ठ सलाहकार, गैस्ट्रो एवं स्त्री रोग केंद्र सचिव - लखनऊ मेनोपॉज सोसाइटी कार्यकारी सदस्य - लखनऊ प्रसूति एवं स्त्री रोग सोसाइटी, डॉ. सौम्या गुप्ता, स्त्री कैंसर रोग विशेषज्ञ, कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान एवं अस्पताल, लखनऊ, डॉ. सोनिया लूथरा, प्रोफेसर एवं इकाई प्रमुख, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, हिंद आयुर्विज्ञान संस्थान, बाराबंकी, लखनऊ संयुक्त कोषाध्यक्ष - लॉग्स (2022-24) एवं डॉ. आशुतोष वर्मा, मुख्य परामर्शदाता बाल रोग विशेषज्ञ एवं नवजात रोग विशेषज्ञ, चिल्ड्रन मेडिकल सेंटर उपाध्यक्ष - लखनऊ एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (2018) शामिल थे।

सत्र का संचालन डॉ. उत्कर्ष बंसल, प्रोफेसर और प्रमुख (बाल रोग), हिंद आयुर्विज्ञान संस्थान, बाराबंकी सचिव - आईएपी लखनऊ शाखा (2024-25) द्वारा किया गया। इन सभी चिकित्सकों ने इस बात पर जोर दिया कि एचपीवी से सुरक्षा के लिए जागरूकता की बहुत जरूरत है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि किशोरों और उनके माता-पिता को इस बारे में बताने की जरूरत है और सुरक्षात्मक कदम उठाने में स्वास्थ्य सुविधाएं देने वालों की बहुत अहम भूमिका है। सभी विशेषज्ञों ने विशेष रूप से कहा कि एचपीवी से सिर्फ सर्वाइकल कैंसर ही नहीं होता है, बल्कि इससे वलवा, वैजाइना, गुदा, लिंग और ओरोफेरिंक्स का कैंसर भी होता है। यह महिला और पुरुष दोनों को समान रूप से प्रभावित करता है। एचपीवी के संक्रमण का खतरा 15 से 25 साल की उम्र के बीच ज़्यादा होता है। इसी वजह से शुरुआत में ही इसकी पहचान करना और इसे फैलने से रोकने के कदम उठाना बेहद जरूरी है। अब कम खर्चीली एचपीवी वैक्सीन (टीके) उपलब्ध है।

## योद्धा ईपॉड इलेक्ट्रिक योद्धा लॉन्च



**नई दिल्ली।** भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के बाजार को नया आकार देने के उद्देश्य से योद्धाब्रांड ने अपने पहले उत्पाद ईपॉड को राष्ट्रीय स्तर पर लॉन्च किया है। हालांकि इस वाहन की घोषणा देशभर के लिए की गई है, लेकिन इसकी पहली बिक्री और रोलआउट असम बिहार, और मध्यप्रदेश से शुरू किया जा रहा है।कंपनी ने असम बिहार, और मध्यप्रदेश को अपना पहला प्राथमिक बाज़ार इसलिए चुना है क्योंकि यहां ई-वाहनों को अपनाने की गति तेज़ है, तीन-पहिया वाहनों की मांग अधिक है और बड़ी संख्या में स्व-रोजगार करने वाले ड्राइवर एक किफायती और टिकाऊ समाधान की तलाश में हैं।योद्धा ईपॉड एक अत्याधुनिक तकनीक से युक्त एल5 कैटेगरी का पैसेंजर इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर है, जो एक बार फुल चार्ज होने पर 227 किलोमीटर तक चल सकता है। साथ ही, यह वाहन 300 मिमी की वॉटर वॉडिंग क्षमता के साथ आता है, जिससे बारिश या जलभराव वाले रास्तों पर भी आसानी से चल सकता है।योद्धा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आयुष लोहिया का कहना है, हम सिर्फ एक वाहन नहीं दे रहे, हम आत्मनिर्भरता और सम्मान के साथ कमाई का ज़रिया पेश कर रहे हैं। योद्धा ईपॉड उन सभी भारतीय ड्राइवरों और उद्यमियों के लिए है, जो तकनीक, भरोसे और पहचान के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। इस वाहन का निर्माण उत्तराखंड के काशीपुर स्थित कंपनी के अत्याधुनिक संयंत्र में किया जा रहा है, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 1 लाख यूनिटहै। इस प्लांट में आधुनिक असेंबली लाइन, टेस्टिंग स्टेशन और गुणवत्ता नियंत्रण की कड़ी प्रक्रिया अपनाई जाती है, जिससे हर वाहन वैश्विक मानकों पर खरा उतर सके।इस नए ब्रांड की टैगलाइन चलाओ शान से, कमाओ आन से है, जो सिर्फ सफर का नहीं बल्कि सम्मान और आत्मनिर्भरता का संदेश भी देती है।

# मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजित विद्यालय की कवायद तेज

**खर्च होंगे 30 करोड़**

- जिले के हर एक तहसील में बनेगा विद्यायल, जमीन की जा रही चिन्हित
- शिक्षा की बुनियादी ढांचे होगा मजबूत : डीएम

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सुविधाओं के दृष्टिगत उप्र सरकार द्वारा प्रत्येक जनपद में एक ऐसे विद्यालय स्थापित करने जा रही है जिसमें प्रत्येक विद्यालय पर लगभग 25-30 करोड़ रुपए खर्च होंगे और वे स्मार्ट क्लास रूम, डिजिटल लाइब्रेरी, प्रयोगशालाओं सहित सभी आधुनिक सुविधाओ से लैस होंगे। इस परियोजना से शिक्षा की बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी।

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि इस विद्यालय में प्री प्राइमरी से कक्षा 12 तक की कक्षाएं संचालित होंगी, तथा इसके अंतर्गत माध्यमिक वर्ग अंतर्गत विज्ञान गणित,वाणिज्य एवं कला वर्ग की विषयवार कक्षाओं का आधुनिक सुविधाओं एवं शैक्षणिक संसाधनों के साथ संचालित की जाएंगी, यह परियोजना शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी। उक्त विद्यालय भवन में लगभग 1500 छात्र-छात्राओं को आधुनिकतम शैक्षणिक परिवेश में शिक्षित किए जाने के उद्देश्य से 30 कक्षा कक्षों से युक्त विद्यालय भवन का निर्माण किया जाएगा। मॉडल कंपोजिट विद्यालय में कक्षा 1 से 12 तक की पृथक पृथक कक्षाओं का संचालन किया जाएगा साथ ही कक्षा 11 एवं 12 के लिए विज्ञान कला एवं गणित विषयों के लिए पृथक पृथक कक्षाओं का प्राविधान किया जाएगा, इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा कक्ष में बच्चों को डिजिटल एजुकेशन प्लेटफॉर्म एवं डिजिटल लर्निंग के माध्यम से गुणवत्ता परक शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु स्मार्ट क्लास की स्थापना एवं डिजिटल उपकरणों की व्यवस्था की जाएगी।



मॉडल कंपोजिट विद्यालय

जिलाधिकारी ने बताया कि मॉड्यूलर कंपोजिट विद्यालय 5 से 10 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित है। इसमें मैथ, विज्ञान, लेबोरेट्री, मॉड्यूलर फिजिक्स, केमेस्ट्री और बायोलॉजी लेबोरेट्री, कंप्यूटर लैब, भाषा लैब सॉल्यूशन, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक हेतु अलग अलग पुस्तकालय, सेपरेट स्टाफ रूम पुरुष/महिला, प्रधानाचार्य कक्ष, ऑफिस, रिकॉर्ड रूम, सीसी टीवी कैमरा, कंट्रोल सिक्योरिटी सेंटर, 300 व्यक्तियों की क्षमता से युक्त ऑडिटोरियम हाल, म्यूजिक रूम, एन सीसी रूम मल्टी एक्टिविटी रूम, रोबोटिक लर्निंग सेंटर, मेडिकल कक्ष, क्राफ्ट रूम, प्रतिदिन लगभग 1000 बच्चों के लिए भोजन को स्वच्छता पूर्वक एवं शुद्धता के साथ पकाने के उद्देश्य एक मॉड्यूलर किचन, 1000 बच्चों हेतु मिड डे मिल डायनिंग हाल, ओपन जिम, रेस ट्रैक, वालीबाल/बैडमिंटन कोर्ट, साइकिल पार्किंग, सोलर प्लांट, आर ओ वाटर शीतल पेय जल, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, दिव्यांग जनों हेतु रैम्प आदि आधुनिक सुविधाओं को विकसित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त खेल गतिविधियों के लिए पर्याप्त स्थल के साथ असेंबली स्थल और सपोर्ट ग्राउंड का विकास किया जाएगा तथा एक अस्थाई स्टेट के साथ झंडा फहराने और बच्चों के परदे मार्च के लिए समुचित स्थान होगा इसके अतिरिक्त बच्चों के खेलकूद के लिए विभिन्न प्रकार के झूलों ओपन जिम के भी स्थापना की जाएगी।

### तहसीलों क्षेत्र में चिन्हित की गई जमीन

जिलाधिकारी ने शासन के निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त तहसीलों में भूमि चिन्हित किए जाने हेतु पूर्व में समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया था, जिसके क्रम में तहसील पडरौना हेतु ढोरही ग्राम पंचायत में 29000 वर्ग मीटर, तमकुहीराज के ग्राम पंचायत रजवटिया में 22257 वर्ग मीटर, कसया अंतर्गत नदवा विशुनपुर में 34398 वर्ग मीटर, हाटा अंतर्गत ग्राम पंचायत मुजहना हेतिमपुर में 21120 वर्ग मीटर, कप्तानगंज अंतर्गत अमडरिया में 43750 वर्ग मीटर, खड्डा अंतर्गत नवल छपरा में 27480 वर्ग मीटर, भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा उक्त चिन्हित भूमि से संबंधित समस्त विवरण सहित शासन से बजट आवंटन हेतु मांग पत्र प्रेषित की गई है, ताकि शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जा सके।

# इज्जत और जिल्लत देना अल्लाह के हाथ में है : मौलाना तसदीक हुसैन

- अंजुमन गुलदस्ता मातम हल्लौर के सालाना अशरे की दसवीं मजलिस हुई आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के उपनगर हल्लौर स्थित वक्फ शाह आलमगीर सानी में अंजुमन गुलदस्ता मातम रजि0 के सालाना अशरे की दसवीं मजलिस का आयोजन बुधवार शाम को किया गया जिसमें मौलाना तसदीक हुसैन ने मजलिस को खिताब किया। जबकि मर्सियख्वानी के फ़रायज़ को शाहिद आलम व हमनवा ने किया।



मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना तसदीक हुसैन ने कहा कि परवर दीगार की मारेफ़त सबसे पहले ज़रूरी है कि अल्लाह की राह में वही कुर्बानी दे सकता है जो अल्लाह को पहचानता हो। मौलाना ने आगे कहा के इज्जत और ज़िल्लत देने वाला सिर्फ अल्लाह है अल्लाह हमेशा मोमिन का सर बुलंद रखता है। यह दर्स हमे कर्बला से मिला है करबला सिर्फ एक वाक्य नहीं बल्कि एक दर्सगाह है जिससे हमको अपनी जिंदगी में दर्स लेना चाहिए और कर्बला के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए।

अंत में मौलाना में कर्बला का मसाएब बयान किया तो हर आंख में आंसू नज़र आये। मजलिस के दौरान मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी, सदर काज़िम रज़ा, सिकरेट्री इंतेज़ार हुसैन शबाब, बेताब हल्लौरी, तशबीब हसन, अज़ीम हैदर, आले रज़ा, इकबाल मेंहदी पप्पू, अफसर मेंहदी, शराफत हुसैन, शहनवाज़ हुसैन, वज़ीहुल हसन, जैगम, सोजफ़, सनी, अरमान, मार्शल, सलमान, अरशद, शम्स हैदर, खुशतर रज़ा, कामयाब सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## डीएम ,एसपी ने कानून व्यवस्था को लेकर की समीक्षा बैठक

**अमेठी।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक की संयुक्त अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, अभियोजन विभाग के अधिकारी सहित राजस्व और पुलिस प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया की प्रभावशीलता केवल मामलों के त्वरित निस्तारण से ही सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने अभियोजन कार्यों में गति लाने, लंबित मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित कराने और स्पीडी ट्रायल को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। अभियोजन से जुड़े मामलों की नियमित मॉनीटरिंग की जाए, ताकि न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित हो सके।

# यूरिया की भीषण किल्लत के बीच 1325 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त होने की कृषि विभाग का दावा

- यूरिया, डीएपी, एमओपी एवं एनपीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध : मेनका

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले में भीषण यूरिया के किल्लत के बीच 1325 मीट्रिक टन यूरिया की खाद जिले आने की दवा कृषि विभाग द्वारा की जा रही है। जिला कृषि अधिकारी डॉ मेनका ने बताया कि खरीफ अभियान में किसान बंधुओं द्वारा धान एवं गन्ना का टाप ड्रेसिंग का कार्य किया जा रहा है। खरीफ फसलों के लिए सभी प्रकार का उर्वरक प्रयाप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। जनपद में कुल 8275 मीट्रिक टन यूरिया, 3551 मी. टन डीएपी, 1051 मी. टन एमओपी एवं 4131 मी. टन एनपीके उपलब्ध है।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को पडरौना रैक प्वाइंट से 1325 मी. टन यूरिया की मे. यारा कम्पनी से जनपद को प्राप्त हो रही है जिसमें से 530 मीट्रिक टन पीसीएफ को शेष 795 मी0 टन निजी क्षेत्र को प्राप्त हो रही है इसी क्रम में एचयूआर एल. कम्पनी से 490.5 मी. टन पीसीएफ को आवंटित कर दिया गया है। 19 जुलाई को 1200 मीट्रिक टन कृभको की यूरिया जनपद में प्राप्त हो रही है। जो जनपद की विभिन्न समितियों एवं फुटकर विक्रेताओं को प्रेषित किया जा रहा है।

उन्होंने किसान बंधुओं से अनुरोध किया है कि तात्कालिक आवश्यकता के लिए ही उर्वरक का क्रय करें एवं संस्तुत मात्रा में ही प्रयोग करें ताकि अधिक उपज के साथ-साथ मिट्टी की गुणवत्ता भी बनी रहे। कृषि, सहकारिता एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा सहकारी एवं निजी केंद्रों पर उर्वरक का वितरण सुचारु रूप से कराया जा रहा है। अंतर्राज्यीय सीमाओं पर सचल दल का गठन किया गया है जिससे सीमाओं पर निरन्तर निगरानी किया जा रहा है इसी क्रम में विभागीय पोर्टल पर उर्वरकों के उपलब्धता एवं वितरण की सतत निगरानी एवं अनुश्रवण किया जा रहा है। उन्होंने किसान भाईयो से अपील किया है कि अपनी आवश्यकतानुसार जोत बही/खतौनी के अनुसार अपने नजदीकी निजी/सहकारी क्षेत्र के उर्वरक प्रतिष्ठान से पीओएस मशीन के माध्यम से आधार कार्ड से उर्वरक प्राप्त करे। साथ ही किसान भाईयों से यह भी अपील की जाती है कि उर्वरक क्रय करने मे किसी प्रकार की समस्या हेतु कन्ट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 8317015135 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। जिसका निस्तारण तत्कालिक रूप से किया जायेगा।

## मुख्यमंत्री से मिले हाटा विधायक प्रकरण से अवगत कराया

**अमृता हत्याकांड**

अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** पिछले दिनों हाटा कोतवाली क्षेत्र के कपूर पिपरा निवासी एक किशोरी की निर्मम हत्या की घटना से हर कोई आक्रोश है। इसी बीच हाटा विधायक मोहन वर्मा ने मुख्यमंत्री योगी से मिलकर पूरे प्रकरण को अवगत कराया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने का निर्देश दिया है ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो सके तथा इस घटना में शामिल अपराधियों व साजिश को भी ध्यान में रखकर जांच पड़ताल करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्हाटसएप व सोशल मीडिया पर चल रहे अराजक गैंग के बारे में भी जानकारी साझा किया। अमृता शर्मा को इंसाफ मिलेगा साथ ही परिवारजनों को आर्थिक मदद भी सरकार देगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की फंदे से लटकी मिली लाश, हत्या का आरोप

- तमकुहीराज थाना क्षेत्र के माधोपुर बुजुर्ग टोला मंझरिया का मामला

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** तमकुहीराज थानाक्षेत्र के माधोपुर बुजुर्ग टोला मंझरिया में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की घर में ही फंदे ले लटकती लाश मिली। शव देखते ही परिवारजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। मौके पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। नायब तहसीलदार एवं सीओ ने घटनास्थल की जांच पड़ताल के बाद पुलिस टीम को कारवाई के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को तमकुहीराज थानाक्षेत्र के माधोपुर बुजुर्ग टोला मंझरिया निवासी सनोज चौहान की पत्नी मिन्दू देवी 24 की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवारजनों के अनुसार पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर आपसी मनमुटाव था। इसी के चलते विवाहिता ने फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली है।



घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए कारवाई की मांग की। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष तमकुहीराज सुशील कुमार शुक्ला ने शव को कब्जे में लेकर घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार कुंदन वर्मा एवं सीओ राकेश प्रताप सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। आवश्यक कारवाई के निर्देश पुलिस टीम को दिए। थानाध्यक्ष तमकुही राज ने बताया कि घटना स्थल पर फॉरेंसिक एवं डॉग स्क्वायड टीम पहुंच रही है। मामले की जांच पड़ताल कर आवश्यक कारवाई की जाएगी।

## तालाबों की नीलामी चेयरमैन, नायब तहसीलदार की उपस्थिति में संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**बिस्कोहर।** नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित तालाबों की वार्षिक नीलामी प्रक्रिया आज सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस नीलामी कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत चेयरमैन अजय गुप्ता नायब तहसीलदार तथा अधिशाषी अधिकारीकी उपस्थिति में की गई।

नीलामी में क्षेत्र के विभिन्न मत्स्य पालकों एवं स्थानीय निवासियों ने भाग लिया। प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रही और नियमों के अनुसार उच्चतम बोली लगाने वाले को तालाब आवंटित किया गया। चेयर मैन अजय गुप्ता व अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि तालाबों का व्यवस्थित उपयोग मत्स्य पालन, सिंचाई और जल संरक्षण के उद्देश्यों को पूरा करने में सहायक होगा। साथ ही, इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**जामो, अमेठी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत घाटमपुर में एक महिला की जहरीले सर्प के काटने से मौत हो गई। गुरुवार को ग्राम बक्शी का पुरवा निवासी लालमती वर्मा पत्नी रमेश कुमार वर्मा हर रोज की तरह सुबह घर के बाहर साफ सफाई कर रही थी । जैसे ही वह कूड़ा फेंकने के लिए गई वहां पहले से मौजूद सर्प ने उसे काट लिया। जैसे परिजनों को पता चला कि सांप ने काट लिया। परिजन आनन फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल की दौड़े ,अस्पताल पहुंचने के पहले उसकी मौत हो गई।

## 3.50 लाख पशुओं को लगेगा खुरपका व मुंहपका रोग से बचाव हेतु टीका

- विकास खण्डों को लक्ष्य के अनुसार वैक्सीन की आपूर्ति की जा रही

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पशुओं में खुरपका व मुंहपका रोग नियंत्रण व बीमारी के पूर्ण उन्मूलन के लिए जनपद में सघन टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ आगामी 23 जुलाई से किया जायेगा। इस अभियान में करीब साढ़े तीन लाख टीका लगाया जाएगा।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. रविन्द्र कुमार ने बताया कि यह अभियान 23 जुलाई से 5 सितंबर तक कुल 45 दिनों तक चलाया जायेगा। इस कार्यक्रम हेतु जनपद को तीन लाख एक हजार नौ सौ टीका डोज पशुओं को टीकाकरण हेतु प्राप्त हो गई है। टीके को कोल्ड रूम में उचित तापमान में रखा गया है। जनपद के समस्त विकास खण्डों को लक्ष्य के अनुसार वैक्सीन की आपूर्ति की जा रही है, जिनको आईसलाईनर व फ्रिज में सुरक्षित रखा गया है। अभियान के दृष्टिगत विकास खण्ड स्तरीय टीकाकरण हेतु टीमों का गठन किया गया है। जिसमें 01 पशुचिकित्साधिकारी, 01 पशुधन प्रसार अधिकारी, 01 चतुर्थ श्रेणी व 02 स्थानीय पैरावेट/मैत्री शामिल है। पशुपालन विभाग द्वारा उक्त अभियान को सुचारू रूप से संचालन हेतु जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी डॉ विद्याराम वर्मा, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी सदर पडरौना होगें, जिनका मोबाईल नम्बर 9450556594 है। कन्ट्रोल रूम पशु चिकित्सालय सदर पडरौना पर स्थापित किया गया है, जिसका नम्बर 05564-242008 एवं 9140236432 है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त गठित टीमें पशुपालकों के घर-घर जाकर पशुपालकों की उपस्थिति में पशुओं का रजिस्ट्रेशन कर निःशुल्क टीकाकरण करेगी तथा स्थल पर ही भारत पशुधन एप पर टीकाकरण सूचना अपलोड करेगी। प्रतिदिन की सूचना विकास खण्ड स्तरीय नोडल अधिकारी के माध्यम से जनपद स्तर पर नामित नोडल अधिकारी डॉ विद्याराम वर्मा, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी सदर पडरौना के मोबाईल नम्बर 9450556594 पर व्हाट्सएप के माध्यम से किया जायेगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला युवती का शव

- अस्पताल में भर्ती कराने की बात परिजनों ने पुलिस से कह गुमराह किया था

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौनरिया के सत्तन टोला में एक युवती का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में ही फंदे से लटका मिला। इसकी सूचना पुलिस को मिली, मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ किया तो परिजन अस्पताल में इलाज कराने की बात कहे लेकिन पुलिस अस्पताल गई तो युवती का शव नहीं था। इसी बीच पुलिस को एक घंटे बाद कहीं शव ले जाने की सूचना मिली तो अजीजनगर के सिवान से दबोच लिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी गेन राजभर की 21 वर्षीय बेटी निशा राजभर की लाश गुरुवार को दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में घर में ही फंदे से लटकता मिला। इसकी सूचना किसी ने कप्तानगंज पुलिस को दिया। करीब तीन बजे के आसपास आधा दर्जन की संख्या में मौके से पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ किया तो परिजनों ने बताया कि युवती को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस शक के आधार पर अगल बगल के घरों में भी तलाश की लेकिन शव नहीं था। इस संबंध में चौकी इंचार्ज मथौली अरविंद राय ने उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराते हुए अस्पताल गए तो लाश वहां नहीं था।

एक घंटे बाद परिजन एक बोलेरो से युवती को लादकर कही ले जाने के फिराक में थे कि सूचना मिलते ही पुलिस अजीजनगर गांव के सिवान से दबोच लिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष कप्तानगंज चंद्रभूषण प्रजापति ने कहा कि पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। तहरीर मिलने के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## रामकोला चीनी मिल में मियावाकी पद्धति से हुआ वृक्षारोपण



चीनी मिल परिसर में वृक्षारोपण करते मैनेजर

अवधनामा संवाददाता

**रामकोला, कुशीनगर।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अहम पहल करते हुए त्रिवेणी इंजीनियरिंग एण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रामकोला इकाई एवं उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में मियावाकी पद्धति से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ फैक्ट्री के प्रधान प्रबंधक श्री यशराज सिंह द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर कारखाना प्रबंधक मानवेन्द्र राय, लेखा विभागाध्यक्ष जोगिंदर यादव, गन्ना विभागाध्यक्ष इंद्र कुमार शर्मा, मुख्य अभियंता अवधेश सिंह, उत्पादन विभागाध्यक्ष संजय कुमार तिवारी, आशीष सिंह, कल्याण अधिकारी राज मनोहर कुमार, आनंद नारायण मिश्रा, अंशुल त्रिपाठी समेत अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यशराज सिंह ने इस अवसर पर कहा कि, पर्यावरण संतुलन एवं हरित भविष्य की दिशा में वृक्षारोपण अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। फैक्ट्री परिसर को हरित बनाना हमारा सामाजिक और नैतिक उत्तरदायित्व है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने मिलकर पौधारोपण किया और वृक्षों की देखभाल का संकल्प लिया।

# मेरा युवा भारत ने आयोजित किया विश्व युवा कौशल दिवस पर संगोष्ठी व व्याख्यान कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** मेरा युवा भारत अमेठी की ओर में पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक आकाश द्वारा तत्वावधान में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर कौशल कौशल प्रशिक्षण केंद्र टिकरिया में किया गया । मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूजा मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत युवाओं का देश है जिनमें असीमित ऊर्जा भरी हुई है और जिसको हमें बाहर निकालने की आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति में कौशल छिपा हुआ होता है। जिसको निकालने की जरूरत है। जो हमारे जीवन को सफल व रोजगारपरक बनाता है। विकसित भारत के निर्माण में युवा अपना बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं, उन्होंने एक पेड़ मां के नाम लगाने का आग्रह करते हुए कहा कि मां के समान ही पेड़ का पालन व पोषण करें और पर्यावरण को बचाएं। युवाओं की क्षमता का संवर्धन हेतु वर्तमान पर्यावरण संरक्षण हेतु निशुल्क विविध विषयो हेतु अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक आकाश ने किया।



बाल कल्याण समिति सदस्य अरविंद मिश्रा ने कहा कि हम अपने अंदर के कौशल का सदुपयोग करें तथा स्वावलंबी भारत एवं स्वदेशी उपयोग तथा कुटीर उद्योग का उपयोग करें साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए नौकरी की तरफ ना भागे नौकरी देने वाले बने इस बात पर जोर दिया। युवाओं को कौशल विकास के साथ-साथ सामाजिक समरसता और पर्यावरण, नदी संरक्षण एवं जागरूकता की सीख देते हुए कहा कि प्रत्येक युवा कौशल के माध्यम से रोजगार को हासिल करें और रोजगार प्रदान करने वाले बने। कार्यक्रम के दौरान छात्रा सपना, द्वितीय सिद्धि सिंह ,तृतीय प्रीतिका मैडल से सम्मानित किया गया ।

## सीएचसी पर आयोजित हुई ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला

**अमेठी।** गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण कार्यक्रम को लेकर ब्लाक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डा एम के त्रिपाठी ने ए एन एम और स्वास्थ्य कर्मियों को टीकाकरण कार्यक्रम का माइक्रो प्लान बनाने के तरीके भी बताए।

उन्होंने कहा कि नगर से लेकर ग्रामीण अंचल तक सभी केंद्रों पर नियमित टीकाकरण समय से होना चाहिए। टीकाकरण के दौरान एक भी बच्चा और गर्भवती महिलाएं टीका विहीन न रह जाएं । जिसे बाद में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़े। विभाग की ओर से चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचना चाहिए। सरकार की यही मंशा है। उन्होंने प्रशिक्षण के साथ सर्विलांस की भी जानकारी विस्तार से दी। कार्यशाला में सभी एएनएम, सीएच ओ , स्वास्थ्य पर्यवेक्षक और चिकित्सा अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कसा शिकंजा, 75 स्कूलों को नोटिस थमाई

- बेसमेंट में चल रही शिक्षा की दुकानें, अधिकारी मौन
- नवीन नामांकन? की प्रतिदिन हो रही समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** परिषदीय विद्यालयों में नवीन नामांकनों में वृद्धि के साथ जिले में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को बंद कराने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी ने कड़े कदम उठाए हैं। सभी विकास खंडों से प्रतिदिन होने वाले नामांकनों की रिपोर्ट रोज मांगी जा रही है। खंड शिक्षा अधिकारियों की रिपोर्ट पर बी एस ए ने 75गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को नोटिस जारी की है।

बीईओ के बाद बीएसए ने भी सभी स्कूलों को नोटिस जारी कर बंद करने का निर्देश दिया है। अगर जल्द से स्कूल संचालक द्वारा खुद स्कूलों को बंद नही किया गया तो प्रसाशन सख्ती के बाद उसे बंद करवाएगा।



जिले में शिक्षा विभाग की लापरवाही से बड़े पैमाने पर अवैध स्कूलों का संचालन हो रहा था। जांच में पूरे जिले में 75 विद्यालय पाए गए। जो गैर मान्यता प्राप्त थे। जिसके बाद सभी स्कूलों को बंद करने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी की तरफ से स्कूल संचालकों को नोटिस जारी किया गया था । लेकिन स्कूल संचालकों ने स्कूलों को बंद नही किया। गैर मान्यता प्राप्त के खिलाफ बीएसए ने भी सख्ती करनी शुरू कर दी है। बीएसए ने सभी स्कूल संचालकों को नोटिस स्कूल बंद करने के लिए नोटिस जारी करते हुए स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया। अगर स्कूल संचालक जल्द से जल्द स्कूलों को बंद नही करते है तो उन पर कार्यवाही करते हुए उन्हें बंद करवाया जाएगा। बीएसए संजय तिवारी ने कहा कि जिले में 75 गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित हो रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारीयों के बाद मेरे द्वारा नोटिस जारी किया गया है । अगर जल्द से जल्द यह स्कूल संचालक अपने स्कूलों को बंद नहीं करते हैं तो विभाग खुद अभियान चला कर सभी स्कूलों में ताला लगाएगा।

### बड़ी संख्या में बेसमेंट में चल रहे हैं स्कूल

शासन की ओर से रोक लगाए जाने के बाद बड़ी संख्या में लोग बेसमेंट में शिक्षा की दुकानें चला रहे हैं। बेसमेंट में चल रहे स्कूलों पर अधिकारियों की नजर नहीं जा रही है।

नगर अमेठी में धम्मौर रोड पर लम्बे समय से एक स्कूल बेसमेंट में संचालित हैं। भेंटुआ में टिकरी चौराहे के पास एक विद्यालय संचालित है। बेसमेंट में चल रहे इस विद्यालय में 150 से अधिक छात्र हैं। हारीपुर बाजार में एक विद्यालय दुकान में चल रहा है। भादर में भी कई विद्यालय बिना मान्यता के छोटे छोटे कमरों में संचालित हैं।

### बीईओ ने की हेडमास्टरों के साथ बैठक

**भादर।** खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव ने बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर हेडमास्टरों के साथ बैठक कर स्कूल चलो अभियान और नवीन नामांकन की प्रगति की समीक्षा की।

# नागरिक सुरक्षा व्यवस्था हेतु बैठक आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय सभागार में नागरिक सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नागरिक सुरक्षा के संचालन, वॉलिंटियर्स की तैनाती तथा अन्य अतिरिक्त कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने वार्डन सर्विस वॉलिंटियर्स के चयन की प्रक्रिया की जानकारी ली। बताया गया कि वॉलिंटियर्स की आयु 18 से 50 वर्ष अधिकतम 60 वर्ष तक होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पूर्व से कार्यरत वॉलिंटियर्स का प्राथमिकता के आधार पर चयन किया जाए, इसके बाद सेक्टर स्तर पर वॉलिंटियर्स का चयन किया जाए।

उन्होंने चयन प्रक्रिया में पुलिस वेरिफिकेशन तथा स्वास्थ्य परीक्षण को अनिवार्य रूप से शामिल करने के निर्देश दिए। आपात स्थिति में त्वरित सूचना और चेतावनी हेतु शहर के 10 प्रमुख स्थानों पर सायरन लगाने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि शहर को चार-चार वार्डों में विभाजित कर सेक्टर बनाए जाएं ताकि निगरानी और राहत कार्य सुचारु ढंग से संचालित किए जा सकें। जिलाधिकारी ने नागरिक सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा नागरिक सुरक्षा एक ऐसी प्रणाली है, जो युद्ध, प्राकृतिक आपदा या अन्य आपात स्थितियों में नागरिकों को सुरक्षित रखने, जीवन और संपत्ति की रक्षा करने, बुनियादी सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने और सामुदायिक मनोबल को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु कार्य करती है।

नागरिक सुरक्षा, जिसे नागरिक संरक्षण भी कहा जाता है, एक ऐसी व्यवस्था है जो सरकार द्वारा नागरिकों की रक्षा के लिए बनाई जाती है। इसका उद्देश्य यह होता है कि जब भी कोई बड़ा संकट आए - जैसे युद्ध, भूकंप, बाढ़ या कोई और आपदा - तो लोगों की जान और संपत्ति की रक्षा की जा सके, जरूरी सेवाएं चलती रहें और लोग घबराएं नहीं।

इस व्यवस्था के तहत आपदाओं के आने से पहले ही तैयारी की जाती है, जैसे सुरक्षा उपाय और संसाधनों की व्यवस्था। जब कोई आपदा आती है, तब तुरंत राहत पहुंचाने का काम होता है, जैसे लोगों को सुरक्षित निकालना, प्राथमिक इलाज देना और भोजन, पानी आदि की व्यवस्था करना। आपदा के बाद भी यह व्यवस्था सक्रिय रहती है और लोगों को दोबारा सामान्य जीवन में लौटने में मदद करती है, जैसे कि टूटे हुए घरों का निर्माण, लोगों को बसाना और अन्य जरूरी सहायता देना।

बैठक में नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० विवेक कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरे, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# निःशुल्क नेत्र शिविर ग्राम बड़ोखर बुजुर्ग में 22 जुलाई को

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** जिला मुख्यालय से पन्द्रह किलोमीटर दूर नरैनी कालिंजर राजमार्ग पर स्थित ग्राम बड़ोखर बुजुर्ग के प्राथमिक विद्यालय में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन आगामी 22 जुलाई दिन मंगलवार को होगा। संयोजक हीरालाल त्रिपाठी समाजसेवी ने बताया कि श्रीसदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुण्ड चित्रकूट के सौजन्य से आयोजित इस विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र परीक्षण के दौरान जिन मरीजों को नजदीक में देखने पढ़ने लिखने की समस्या होगी उन्हें निःशुल्क चश्मा प्रदान किया जायेगा। चश्मा लेने के लिए आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। मोतियाबिंद के मरीजों का आपरेशन उसी दिन चित्रकूट में होगा। आपरेशन हेतु आधार कार्ड की फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है तथा मरीज के पास घर के किसी सदस्य का मोबाइल नम्बर जरूरी है। निःशुल्क आपरेशन के एक महिने पश्चात फालोअप से निःशुल्क चश्मा मिलेगा। उत्तर प्रदेश के मरीजों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मोतियाबिंद आपरेशन की सुविधा उपलब्ध है। आपरेशन की व्यवस्था श्रीसदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के सदगुरु नेत्र चिकित्सालय एवं स्नातकोत्तर नेत्र विज्ञान संस्थान जानकीकुण्ड चित्रकूट में होगी जहां भर्ती नेत्र मरीजों को आपरेशन के बाद शिविर स्थल में पहुंचा दिया जाएगा,मरीज के साथ एक तीमारदार जा सकता है। कार्यक्रम के संयोजक समाजसेवी हीरालाल त्रिपाठी ने बताया कि दो महीने पहले भी ग्राम बड़ोखर बुजुर्ग में विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में नेत्र रोगियों ने लाभ उठाया था और आगे भी ऐसे नेत्र शिविरों का आयोजन क्षेत्र में किया जाता रहेगा। श्री त्रिपाठी ने कहा कि मानव सेवा के इस पुण्य कार्य में योगदान से उन्हें कर्तव्यपरायणता के निर्वाह का बोध और आत्मसंतुष्टि का अनमोल अनुभव होता है, उन्होंने शिविर को सफल बनाने के लिए क्षेत्रवासियों से सहयोग की पुरजोर अपील की है।

# जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विकास खंड बंडा एवं खुटार के विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में किये जा रहा है शिक्षण कार्य की गुणवत्ता पर एवं अध्यापकों के उपस्थित पर विशेष ध्यान दिया गया।

जिसके के क्रम में विकासखंड खुटार के प्राथमिक विद्यालय सौफरी में निरीक्षण के दौरान उपस्थित छात्र एवं छात्राओं के द्वारा निर्धारित परिवेश में उपस्थिति पाए गए जिसमें समस्त स्टाफ को प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। साथ ही कंपोजिट विद्यालय खमरिया में अध्यापक एवं स्टाफ के द्वारा किचन गार्डन को विद्यालय में रिक्त भूमि पर ही स्थापित किया गया है, तथा वहां पर घुइयां, करेला, हरि मिर्च एवं इत्यादि सब्जियों को उगाया गया है जिन्हें देखकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बहुत प्रसन्न हुई

# पारिवारिक परामर्श केंद्र में सुलझाए गए दो दम्पति विवाद

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन जनपद शाहजहांपुर में किया गया पत्रावली पर सुनवाई की गयी तथा 02 दम्पति का आपसी विवाद सुलझा कर विदा किया गया जिनमें थाना मदनापुर जनपद शाहजहांपुर के एक दम्पति जिनकी शादी लगभग 04 वर्ष पूर्व हुई थी। पति शराब पीकर मारपीट करता था। आवेदिका नाराज होकर 4 माह से मायके में थी। इसी बात को लेकर पारिवारिक विवाद चल रहा था। दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र जनपद शाहजहांपुर बुलाया गया। दोनो पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया दृ प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार है। दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया। वही थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहांपुर के एक दंपति जिनकी शादी को 3 वर्ष हो चुके हैं आवेदक ने बताया कि घर के काम को लेकर विवाद था जिस बात से नाराज होकर पत्नी सारे जेवर और पैसे लेकर अपने मायके चली गई इसी बात को लेकर विवाद था पत्नी करीब 2 माह से अपने मायके में रह रही हैं। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया और समझाया गया। जिसमें दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनों पक्ष एक साथ रहने को तैयार हैं। दोनों पति पत्नी को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया। इस मौके पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र जनपद शाहजहांपुर उपनिरीक्षक मधु यादव, मुख्य आरक्षी पूनम मिश्रा, महिला आरक्षी मोनिका रानी, महिला आरक्षी करुणा, महिला आरक्षी पिंकी, महिला आरक्षी मोनिका कुमारी आदि मौजूद रहे।

# शार्क दा वाटर वर्ल्ड बना ईमानदारी की मिसाल

- वॉटर पार्क में भूला बैग, 45,000 नकद और जरूरी दस्तावेज सही सलामत लौटाए

अवधनामा संवाददाता



**शिकोहाबाद।** शार्क द वॉटर वर्ल्ड आगरा में बुधवार को ईमानदारी की एक मिसाल देखने को मिली, जब पेशे व्यापारी नितिन गोयल अपने परिवार के साथ पिकनिक मनाने शार्क दा वाटर वर्ल्ड पहुंचे। नहाने के दौरान वह अपना बैग वहीं भूल गए, जिसमें 45,000 नकद के साथ-साथ जरूरी दस्तावेज और कपड़े रखे हुए थे। वाटर पार्क के सुरक्षा गार्ड की सतर्कता से बैग वॉटर पार्क कार्यालय में सुरक्षित जमा करा दिया गया। जब पार्क के मैनेजर अमित कुमार को बैग की जानकारी मिली, तो उन्होंने व्यापारी नितिन गोयल को तुरंत इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही नितिन गोयल घबराते हुए आगरा से दोबारा ग्वालियर रोड पर शार्क दा वॉटर पार्क पहुँचे। जहाँ वाटर पार्क के ऑनर मनमोहन सिंह चाहर ने उन्हें उनका बैग सही सलामत लौटा दिया, जिसमें न केवल पूरी नकदी थी, बल्कि सभी जरूरी दस्तावेज और निजी सामान भी सुरक्षित था। व्यापारी ने वॉटर पार्क की ईमानदारी और संवेदनशीलता की सराहना की और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्य की आगरा मंडल मे चर्चा बनी हुई है

# भारतीय किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन 24 को

**टूंडला।** भारतीय किसान यूनियन भानु के जिला प्रभारी शीलू सिकरवार की अध्यक्षता में क्षेत्रीय किसानों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि एनएचआई के खिलाफ 24 जुलाई को बड़ा आंदोलन किया जाएगा। यदि फिर भी किसानों की बात नहीं मानी गई तो आंदोलन अनिश्चितकालीन कर दिया जाएगा। गांव मोहम्मदाबाद के छोटे से रास्ते पर एक अंडरपास का निर्माण एनएचआई द्वारा किया जा रहा है जो कि किसानों के लिए बिल्कुल भी उपयोगी नहीं है। इसलिए क्षेत्रीय किसानों द्वारा बैठक में निर्णय लिया गया कि नगला महादेव वाली पुलिया पर अंडर पास बनाया जाए। जिससे क्षेत्र के 25 से 30 गांव के किसानों को लाभ मिल सके। नगला महादेव पर अंडर पास बनने से मेडिकल व्यवस्था, कोल्ड स्टार, स्कूल एवं एटा रोड पर जाने की सुविधा आदि किसानों के लिए उपयोगी होगी। बैठक में विक्रम यादव, सुनील सिंह, विपिन सिसोदिया, हिमांशु प्रजापति, देशराज सिंह, बिहारी यादव, धनी सिंह आदि मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में डाक्टरों की टीम ने किया अनोखा आपरेशन, बचाई जान

- मरीज के परिजनों ने डाक्टरों के प्रति व्यक्त की कृतज्ञता

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज बनते ही हिकमतों के जादूगरों ने अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवाना शुरू कर दिया है।देखते ही देखते ऐसे कई सीजर/सर्जरी हुई जो जनपद के लिए एक नये तजुर्बे से कम नही है। जिले के कुछ बाजारू व्यवसायिक निजी नर्सिंग होम/सेंटरों ने अपने संस्थान में भर्ती मरीजों को तबतक चूसने का काम किया जबतक उसके शरीर में खून की बूंदे बची रही, और अंत में अंतिम समय समझकर उसे अंयत्र जाने के लिए संस्थान खाली करने का फ़रमान सुना दिया,आखिर में मरीज के परिजनों के पास जब विकल्प के रूप में सिर्फ जिला अस्पताल /मेडिकल कॉलेज बचता है, तो फिर (मरता क्या ना करता) थक-हार कर पहुंचता है, तो उसके पास सिर्फ भगवान और धरती के भगवान मात्र यही दो सहारा बचता है। ऐसा ही एक मामला बीती रात देखने को मिला। एक निजी नर्सिंग होम से आरती मौर्य को उस समय बाहर का रास्ता दिखा दिया गया, जब आरती के पेट में लगभग 3लीटर खून का थक्का जम गया, डेढ़ माह का गर्भ भी खराब हो गया, आरती मौर्य और मौत के फासले में कम अंतर देखकर व्यवसाई ने हाथ खड़े कर लिए। परिजन आरती को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे, रात में ही डाक्टरों ने आरती की हालत की स्थिति को देखते हुए टीम तैयार की और शुरु हुआ आपरेशन, वरिष्ठ एनेस्थेटिक्स डॉ. निशीकांत गुप्ता, डॉ. अंजली चौधरी, ओटी टेक्निशियन इरफान, स्टाफ नर्स सुमन गौतम, नमिता यादव, वार्ड आया पिंकी यादव के अथक प्रयास से दो घंटे चला आपरेशन कामयाब रहा। मरीज के परिजनों ने डाक्टरों की टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहाकि मेरे लिए भगवान यही है, जिनकी वजह से हम आज अपने मरीज को अपने बीच देख रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

### नगरपालिका अधिकारी जनसुनवाई पोर्टल की शिकायत पर लगा रहे अधूरी रिपोर्ट

**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** निराला नगर मुहल्ले वासियो द्वारा 50 छुट्टा सांडो की फोटो सहित नगरपालिका मे शिकायतबकी गई थी।आये दिन छुट्टा सांड बुजुर्गो बच्चों को निशाना बना रहे हैं।ज़ब मुहल्ले वासियो ने इसकी शिकायत नगरपालिका से की, तो केवल छोटा सा बछड़ा पकड़कर नगर पालिका अधिकारियो ने शिकायत बंद कर दिया। जबकि अभी भी कोई ऐसी गली नहीं है जिसमे 2 4 सांड मौजूद ना हो। निराला नगर से प्रियंक श्रीवास्तव, शिव तिवारी, अंकुर द्विवेदी, सचिन सिंह सचिन उपाध्याय ने फिर से मुहिम चलाकर शिकायत दर्ज करवाई है।

### फर्जीवाड़े के आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी हुई खारिज

**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ निशा सिंह की अदालत ने बुधवार को एक महिला समेत तीन आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। अमेठी जिले के पीपरपुर थाने के खरगपुर निवासी वादी बृजलाल ने 16 अगस्त 2024 को रामगंज थाने में करीब दर्जन भर आरोपियो को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपियो के खिलाफ बेरोजगारो को नौकरी का झांसा देकर लाखो रुपये हड़प लेने का आरोप है। आरोपियो की तरफ से प्रस्तुत अग्रिम जमानत अर्जी पर शासकीय अधिवक्ता विजय शंकर शुक्ल ने विरोध जताया। इस मामले में नामजद प्रयागराज जिले के रहने वाले आरोपी वरुण मिश्र व उनकी पत्नी निशा मिश्रा एवं बस्ती जिले के कप्तानगंज निवासी सरवन त्रिपाठी उर्फ श्रवण की अग्रिम जमानत को कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

### संग्रह अमीन हत्याकांड में दूसरे गवाह का बयान दर्ज

**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** चाचा-भतीजा हत्याकांड में बुधवार को एडीजे प्रथम संतोष कुमार की अदालत में दूसरे साक्षी शुभम वर्मा का मुख्य बयान दर्ज हुआ। शासकीय अधिवक्ता वेदप्रकाश शर्मा ने बताया कि अदालत ने साक्षी की जिरह के लिए 17 जुलाई की तिथि नियत की है। अमेठी जिले के मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को चुनावी रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में आरोपी जलालुद्दीन समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ ट्रायल चल रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने मामले में शीघ्र विचारण का भी निर्देश दिया है,जिस कारण अदालत मामले में तेजी से सुनवाई कर रही है।

### 20 जुलाई से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

**बहराइच।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह अगस्त 2025 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 20 जुलाई से 10 अगस्त 2025 तक होगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 10 अगस्त 2025 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। समस्त उचित दर विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगवाकर ई-वेइंग स्केल मशीन से खाद्यान्न तौल करते हुए तत्समय ही लाभार्थी को खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण करें। यदि किसी विक्रेता के विरूद्ध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

### अवैध तमंचे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**बांदा, अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । गौरतलब हो कि दिनांक 16.07.2025 की शाम थाना तिन्दवारी पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि काली जी रोड पीपल के पास एक व्यक्ति खडा हुआ है जिसके पास अवैध तमंचा है । सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर व्यक्ति को हिरासत में लिया गया तथा तलाशी के दौरान उसके कब्जे से से 01 अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ।

### समाजवादी अम्बेडकर वाहिनी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनी आरती



**टूंडला, अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी बाबा साहेब आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा आरती बघेल को राष्ट्रीय सचिव बनाये जाने पर नगर के कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों ने स्वागत किया। समाजवादी बाबा साहेब आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने आरती बघेल को राष्ट्रीय सचिव बनाये जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओ ने टूंडला कंपनी बाग स्थित रेलवे आवास पर उनका फूलमाला स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव आरती बघेल ने कहा कि समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। इस मौके पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्यवीर यादव, संदीप यादव, अजब सिंह यादव, अशोक यादव, झाँझन सिंह बघेल, वीरेश यादव, मोहम्मद फहीम, पवन कक्कड़, भोला यादव, मयंक यादव, सोमेश यादव, अनिल यादव, जीतू यादव, आशीष निगम आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में फील्ड लेवल कार्मिकों की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच में कृषि विभाग के फील्ड लेवल कार्मिको की बैठक उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी बहराइच शिशिर कुमार वर्मा, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए व बी तथा जिले के सभी ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर, बीटीएम उपस्थित रहे। उप निदेशक कृषि ने विभाग में चल रही योजनाओं की समीक्षा की तथा सभी कर्मचारियो को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होनें जिले में कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान सभी ग्रुप बी को निर्देश दिया कि फील्ड विजिट कर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अधिक से अधिक किसानों का बीमा कराने हेतु प्रेरित करें ध्यान रहे 31 जुलाई 2025 प्रधानमंत्री फसल बीमा करने की अंतिम तिथि है, इसके पूर्व किसानो को अधिक से अधिक फसल बीमा से जोड़ना है।

डीडी एग्रीकल्चर ने उपस्थित वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए को निर्देश दिया कि तहसील स्तर पर उपस्थित होकर सभी कर्मचारियों की दय-नंदानी का अवलोकन करें,तथा उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करें। दादा एग्री ने निर्देश दिया कि समस्त नेचुरल फार्मिंग क्लस्टर प्रभारी अपने अपने क्लस्टरों में कम से कम 16 दिवस उपस्थित सुनिश्चित करें।अन्यथा क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी जिसका उत्तरदायित्व संबंधित कर्मचारियों का होगा। डीडी एग्री ने कहा कि जनपद में आयोजित हो रहे डिमॉन्स्ट्रेशन की सप्ताह में 3 दिवस अवश्य विजिट करें। फील्ड डे आयोजित कर कराए जा रहे कार्यों की जनपद के दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञप्ति भी दे ,जिससे आस पास के किसान भी डिमॉन्स्ट्रेशन पद्धति से लाभान्वित हो सके। डीडी एग्री ने पीएम किसान योजना के तहत अवशेष डेटा का सत्यापन शतप्रतिशत सुनिश्चित करें। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा भी अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए कृषि विभाग के उपस्थित क्षेत्रीय कर्मचारियों को फेरोमेन ट्रैप के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। फेरोमेन ट्रैप के उपयोग से कीड़े मकोड़े पर नियंत्रण पाया जा सकता है तथा सब्जियों में उपयोग होने वाले रसायनों से बचा जा सकता है जो मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी है।

# बीडीओ बलहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई बाल संरक्षण समिति की बैठक

**बहराइच।** विकास खण्ड बलहा में खण्ड विकास अधिकारी बलहा सुश्री अर्पणा की अध्यक्षता में ब्लॉक बाल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान मिशन वात्सल्य (बाल संरक्षण), बाल श्रम, शिक्षा सुरक्षा, बाल विवाह, आवश्यकता एवं देख-रेख, दत्तक ग्रहण प्रकिया, बाल सेवा योजना, प्रर्वतकता (स्पानसरशिप), बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना को प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श के साथ-साथ बच्चों के अधिकारों, विकास एवं बाल संरक्षण से सम्बंधित हेल्प लाईन नम्बर 1098 (चाइल्ड हेल्प लाइन), 181, 1090, 112 आदि तथा किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के क्रियाकलापों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। खण्ड विकास अधिकारी श्री गौतम ने निर्देश दिया कि ब्लाक व ग्राम स्तर पर नियमित रूप से बैठकों का आयोजन किया जाय। इस अवसर पर परामर्शदाता सुशील वर्मा, खण्ड शिक्षाधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई से परामर्शदाता व सामाजिक कार्यकर्ता, डीसी. प्रथम संस्था व ग्राम सभा अध्यक्ष एवं आमजन मौजूद रहे।

# वृक्षारोपण की आड़ में होता है फोटोशूट

- पौधे कम लगायें किंतु वृक्ष बनने तक उनकी सेवा भी करें : सुमित शुक्ला

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** वृक्षारोपण पर्यावरण और वायुमंडल को सुरक्षित रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है तथा इस दिशा में सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम काबिले तारीफ हैं किंतु प्रश्नचिंह तब खड़ा होता है जब प्रतिवर्ष करोड़ों कि संख्या में वृक्षारोपण होता है व उसके बाद भी वायुमंडल के लिए अतिआवश्यक वृक्षों की संख्या कमतर है समाजसेवी सुमित शुक्ला ने वृक्षारोपण कार्य में योगदान देने वाले अधिकारी राजनेता व समाजसेवी समूह की जमकर सराहना की तथा सभी से आग्रह किया कि कम से कम एक पौधा लगाकर उसके वृक्ष बनने तक पुत्रवत सेवा कर करें ताकि बाद में वह पितृवत फल स्वच्छ वायु व ईंधन हेतु अपनी लकड़ी देकर आपका कल्याण कर सके इसके साथ ही उनके द्वारा वृक्षारोपण के नाम पर फोटो शूट या कहें दिखावे पर सवाल खड़े किए गए उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण कोई किसी पर उपकार नहीं बल्कि हमारे जीवन को सुगम व निरोग बनाने की सामूहिक विधि है जिस पर हम सबको मिलकर इसे सफल बनाने के लिए कार्य करना चाहिए प्रतिवर्ष अंतिम संस्कार के रूप में ईंधन के रूप में विकास के नाम पर व निर्माण कार्य के रूप में बहुतायत में वृक्षों को काटा जा रहा है तथा पौधरोपण के नाम पर फोटो सूट ज्यादा देखने को मिल रहा है जो कि दुखद व निंदनीय है हमारे ऋषि-मुनियों ने वृक्षों में जीवन की संज्ञा दी है अतः छोटे-छोटे पौधों को फोटो सूट के नाम पर बली का बकरा नहीं बनाना चाहिए हमारे द्वारा किया गया वृक्षारोपण अगर जानवरों का भाजन बन जाए तो यह कोई पौधरोपण नहीं बल्कि पौध हत्या हैं यदि शासन प्रशासन पर्यावरण के प्रति चिंतित हैं व उनकी इच्छा है कि वृक्षारोपण जमीन पर दिखाई दे तो सबसे पहले अन्ना गौवंश की उचित व्यवस्था कर उनकी निगरानी करने का कार्य करें तत्पश्चात् ग्राम सभा अंतर्गत एक कमेटी गठित कर निशुल्क पौधे ग्रामीण जनों के बीच वितरित करें जिससे किसान व ग्रामीण जन अपनी देख-रेख में पौधों को तैयार कर सकें।

# उर्वरकों की दुकानों पर किया जाए निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने सख्त शब्दों में सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों और कृषि विभाग की सम्पूर्ण टीम को निर्देशित किया है कि आज दिन में जाकर कम से कम पांच उर्वरक की दुकानों पर इस बात का निरीक्षण करें, कि खाद प्राप्ति के लिए आ रहे किसानों के लिए उर्वरकों की दुकानों पर बैठने के लिए छायायुक्त व्यवस्था है, कि नहीं, हर उर्वरक की दुकान के सामने खाद की कीमत प्रति बीघा, एकड़ एवं हेक्टेयर का बैनर दुकानों पर लगा है, अथवा नहीं, साथ ही साथ निरीक्षण के दौरान यह भी देखना है की दुकानों पर खाद की उपलब्धता है, कि नहीं अगर है तो, यह देखना है कि उन दुकानों पर कितनी मात्रा में खाद की उपलब्धता है, साथ ही साथ कृषकों को खाद आवंटित किए जाते समय उनकी खतौनी, आधार एवं मोबाइल नंबर रजिस्टर पर अंकित किए जा रहे हैं अथवा नहीं। निरीक्षण के उपरांत यह संपूर्ण रिपोर्ट शाम तक अवश्य उपलब्ध करा दें, अगर कहीं पर भी कोई भी कमी पाई जाती है, तो उन खाद दुकानों का लाइसेंस रद्द करने की कार्यवाही की जाएगी, इसके अलावा शासन द्वारा भी निर्देश दिए गए हैं, कि जनपद के निजी एवं सहकारी क्षेत्र में नत्रजन एवं फास्फोरिक उर्वरकों को राजस्व अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर वितरण कराया जाए, जिलाधिकारी ने इस क्रम में पर्यवेक्षणाधीन लेखपालों की ड्यूटी उर्वरकों की अधिक उपलब्धता वाले प्रतिष्ठानों पर नियमानुसार जोतवही के अनुसार एवं निर्धारित दर पर वितरण हेतु लगाई है और उनसे कहा गया है कि इस वितरण को नियमानुसार सम्पन्न कराए, इस वितरण में किसी प्रकार की कोई लापरवाही न हो, साथ ही साथ उन्होने सभी किसान भाइयों से अपील की है कि 'जनपद में पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता है, किसान किसी के बहकावे में न आए, साथ ही साथ किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, प्रशासन आपकी सहायता हेतु सदैव तत्पर है।

# 167 समितियों और निजि बिक्री केन्द्रों की गयी जांच

- 3806 मीट्रिक टन डी ए पी वितरण कराया

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** किसानों को सही और संतुलित मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता हो सके, इसके लिए प्रशासन ने जिलाधिकारी के नेतृत्व में सम्पूर्ण व्यवस्थाऐं सुनिश्चित कर ली है, इसी क्रम में जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, सभी उपजिलाधिकारियों, सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा कुल 167 समितियों और निजी बिक्री केंद्रों की जाँच की गयी, निरीक्षण में बिक्री केंद्रों पर सामान्य रूप से बिक्री होती पायी गयी, कही भी अव्यवस्था की स्थिति नही पायी गयी, किसानों को जोत, बही और फसल के अनुसार उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है, ज्यादातर बिक्री केंद्रों पर फसलों हेतु संस्तुत मात्रा के बैनर पाए गए, ऐसी समितियों जिनके सचिवों पर 2 समितियों का चार्ज है, वहां रोस्टर बना कर उर्वरक वितरण का कार्य कराया जा रहा है, सभी सचिवों और विक्रेताओं को जोत बही और संस्तुत मात्रा के अनुसार ही वितरण के निर्देश जारी गए, जिलाधिकारी ने उन सचिवों पर कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए, जो समितियों पर अनुपस्थित पाए गए, जनपद मे खरीफमे धान की रोपाई और बाजरा की बुबाई के लिए फास्फेटिक उर्वरकों की आवश्यकता होती है जनपद मे मुख्य फसलों मे धान की फसल की रोपाई लगभग 70 प्रतिशत किसानों द्वारा पूर्ण कर ली गयी है, बाजरा की फसल की भी 60 प्रतिशत बुबाई पूर्ण हो चुकी है, उर्वरकों की जनपद मे कोई कमी नहीं है पिछले वर्ष खरीफ मे 16 जुलाई तक 10395 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण हुआ था जबकि इस वर्ष 16 जुलाई तक 12740 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण हुआ है, 17.7.2025 को 18697 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। पिछले वर्ष खरीफ मे 16 जुलाई तक 2370 मीट्रिक टन डी ए पी का वितरण हुआ था जबकि इस वर्ष 16 जुलाई तक 3806 मीट्रिक टन डी ए पी का वितरण हुआ है 17.7.2025 को 2990 मीट्रिक टन डी ए पी उपलब्ध है। इसी प्रकार पिछले वर्ष खरीफ मे 16 जुलाई तक 146 मीट्रिक टन एन पी के का वितरण हुआ था जबकि इस वर्ष 16 जुलाई तक 375 मीट्रिक टन एन पी के का वितरण हुआ है 17.7.2025 को 1259 मीट्रिक टन एन पी के उपलब्ध है, साथ ही कल शिकोहाबाद रैक पॉइंट पर नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड कंपनी की डी ए पी की रैक लग रही है जिससे सहकारी समितियों और निजी क्षेत्र मे डी ए पी की आपूर्ति की जाएगी। ग्राम सलेमपुर खुटियाना जसराना के किसान जयवीर सिंह ने बताया कि मेरे द्वारा 25 बीघा मे धान की रोपाई की गयी है जिसके लिए जोतवाही के आधार पर समिति से डी0ए0पी0 प्राप्त हो गयी थी, जोत वही के नियम से किसानों को सुविधा हुई है। ग्राम सिकरारी टूंडला के किसान किताब सिंह का कहना है कि मेरे द्वारा 12 बीघा मे बाजरा की बुबाई की गयी है जिसके लिए जोतबाही के आधार पर समिति से डी0ए0पी0 प्राप्त हो गयी थी जोत वही के नियम से किसानों को सुविधा हुई है।

# बाढ़ क्षेत्रों का निरीक्षण और विकास कार्यों की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जलशक्ति विभाग के राज्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने आज बेतवा और यमुना तट के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों, डिग्गी रमेडी, और कुछेछा डिग्री कॉलेज के बाढ़ राहत शिविर का निरीक्षण किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट के डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सभागार में जिला योजना समिति, विकास कार्यों, बाढ़ पूर्व तैयारियों और अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

निरीक्षण के दौरान पुराने यमुना घाट और संगमहेश्वर मंदिर के बचाव के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। बाढ़ के समय जनता को सभी आवश्यक सुविधाएं और राहत सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला योजना समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रगति की समीक्षा हुई, जिसमें 28,703.20 लाख रुपये की स्वीकृत राशि के सापेक्ष 28,624.08 लाख रुपये व्यय किए गए। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जिले की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि सीएम डैशबोर्ड पर विकास प्राथमिकता कार्यक्रम में जिला दिसंबर 2024, मार्च और जून 2025 में प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। आईजीआरएस निस्तारण में उच्च रैंक हासिल हुई। वृक्षारोपण महा अभियान 2025 में 75.062 लाख के लक्ष्य के सापेक्ष 75.25 लाख पौधे रोपे गए। एनआरएलएम के तहत बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर ने 216 ग्रामों में 198.28 करोड़ रुपये का भुगतान महिला पशुपालकों को किया। 78 विद्युत सखियों ने 20,10,95,223 रुपये का बिजली बिल संग्रह किया, जिसमें उन्हें 16,30,930 रुपये का कमीशन मिला। समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री ने जिला प्रशासन की उपलब्धियों की सराहना की, लेकिन चिकित्सा, लोक निर्माण और विद्युत विभागों में कमियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने सीएमओ, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी और विद्युत अधिकारियों को कार्य सुधारने के सख्त निर्देश दिए। अनुपस्थित रहकर अन्य शहरों में प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सभी पात्र लोगों को पेंशन, राशन वितरण में पारदर्शिता, क्षतिग्रस्त पुलियों का पुनर्निर्माण, खराब कार्य करने वाली फर्मों को ब्लैक लिस्ट करने और विद्युत शिकायतों, विशेषकर ट्रांसफार्मर बदलने में 48 घंटे के भीतर कार्रवाई के निर्देश दिए। सावन के दौरान कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने को कहा।

इस अवसर पर भूजल सप्ताह के तहत जल संरक्षण की sow.®" class="emojione" style=" vertical-align: -®.xem;" class="emoji emoji-vfya{" alt=" " title=":droplet:"> शपथ दिलाई गई और उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य आपदा मोचक निधि पुस्तिका का विमोचन किया गया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष जयन्ती राजपूत, विधायक सदर डॉ. मनोज कुमार प्रजापति, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद, पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला, अपर जिलाधिकारी विजय शंकर तिवारी, रिजवाना शाहिद सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# आईटीआई में बदहाल व्यवस्था



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा (हमीरपुर)** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) मौदहा, जो नगर से लगभग तीन किलोमीटर दूर छिमौली रोड पर स्थित है, इन दिनों बदहाली की चपेट में है। संस्थान तक पहुंचना किसी जंग जीतने से कम नहीं है। रोड निर्माण कार्य में देरी के कारण बरसात में सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। प्रशिक्षुओं ने प्रशासन से संस्थान तक पहुंचने के लिए अस्थाई मार्ग बनवाने की मांग की थी, लेकिन इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई।

स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब बात संस्थान की मूलभूत सुविधाओं की आती है। वर्तमान में चल रही प्रयोगात्मक परीक्षाओं के दौरान प्रशिक्षुओं को पीने के पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। संस्थान में दो बूंद साफ पानी तक उपलब्ध नहीं है। इसके साथ ही शौचालयों की हालत अत्यंत खराब है, जहां गंदगी का अंबार लगा है और नलों में पानी की आपूर्ति तक नहीं है। सफाई व्यवस्था का भी पूरी तरह अभाव है। प्रशिक्षुओं का कहना है कि सुबह से परीक्षा देने के दौरान वे प्यास से व्याकुल रहे, लेकिन संस्थान प्रबंधन मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने में पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है। इस स्थिति से प्रशिक्षुओं में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल पेयजल, साफ-सफाई और सड़क की स्थिति सुधारने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### यमुना नदी में मिले महिला-पुरुष के शव



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** यमुना नदी में गुरुवार को एक महिला और एक पुरुष के शव बहते हुए पाए गए, जो मेरापुर पंप कैनाल के पास आकर फंस गए। सूचना पर कोतवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, लेकिन भारी बारिश के कारण शवों को निकालने का कार्य स्थगित करना पड़ा।कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि बारिश रुकने के बाद शवों को बाहर निकाला जाएगा और जांच शुरू की जाएगी। स्थानीय लोगों के अनुसार, महिला के शव पर पूरे कपड़े थे, जबकि पुरुष केवल अंडरवियर में था। कुछ ग्रामीणों ने दावा किया कि दोनों शव एक-दूसरे से बंधे हुए प्रतीत हो रहे थे, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। ग्रामीणों में चर्चा है कि यह मामला आत्महत्या, हत्या या प्रेम-प्रसंग से जुड़ा हो सकता है। हालांकि, पुलिस ने अभी किसी निष्कर्ष की पुष्टि नहीं की है। शवों की पहचान, आपसी संबंध और मौत के कारणों की जांच के लिए शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और बारिश रुकने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तालाब में तैरता मिला युवक का शव



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** जरिया थाना क्षेत्र के करियारी गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई जब ग्रामीणों ने सुबह गांव के एक तालाब में एक युवक का शव उतराता हुआ देखा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से निकलवाया। शिनाख्त के बाद मृतक की पहचान गांव निवासी 45 वर्षीय अरविंद कुमार के रूप में हुई है। फिलहाल परिजन घटना को लेकर कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं हैं और न ही उन्होंने पुलिस को कोई तहरीर सौंपी है। अरविंद तालाब में कैसे डूबा, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में सीओ सरीला राज कुमार पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। गांव में इस घटना से शोक को लहर है और परिजनों में कोहराम मचा है।

### घर में घुसकर लोहे के राड से पीटा

**मौदहा हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** घर में सो रहे युवक को एक युवक ने घर में घुसकर लोहे के राड से पीट दिया पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला हैदरिया निवासी अबरार पुत्र चुन्ना ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया बीती रात जब वह अपने परिवार के साथ सो रहा था तभी रात में करीब तीन बजे कांशीराम कालोनी छिमौली रोड निवासी अशरफ पुत्र रमजान लोहे की राड लेकर चोरी छिपे घर में घुस आया और मारपीट करने लगा।पीड़ित ने बताया कि जब उसने शोर मचाया तो घर के अन्य लोग आ गए तो उनके साथ भी मारपीट की और गाली गलौज करते हुए चला गया पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नाजायज तमंचा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**मौदहा हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** बिंवार पुलिस ने बाहरी जनपद के युवक को नाजायज तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बिंवार पुलिस अपराध और अपराधियों की तलाश और मुकदमों की विवेचना के सिलसिले में क्षेत्र में थी तभी मुखबिर ने सूचना दी कि डीहाडेरा मोड़ पर एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है जो कहीं जाने की तलाश में है पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर विश्वास कर तत्काल प्रभाव से युवक को घेर कर पकड़ लिया तब आरोपी ने अपना नाम मुन्ना पुत्र राजू अहिरवार निवासी गुजैनी कानपुर नगर बताया जामा तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक नाजायज तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत एक दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### गगनजीत शुभांशु शुक्ला की वापसी पर कंपोजिट विद्यालय में केक काटा और पौधा रोपा



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** भारत के गगनजीत अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की धरती पर सकुशल वापसी पर समाजसेवियों द्वारा शहर की शांति कॉलोनी स्थित कंपोजिट जूनियर विद्यालय में बच्चों के बीच केक काटकर एवं पौध रोपण कर बधाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्यपाल द्वारा सम्मानित एवं नगर पालिका परिषद इटावा के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ.हरीशंकर पटेल तथा भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा के वरिष्ठ सदस्य सुधीर मिश्र द्वारा उक्त विद्यालय में जाकर प्रधानाध्यापिका श्रीमती मंजुलता राजपूत की उपस्थिति में सबसे पहले मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजन कर भारत के यशस्वी स्पेस वैज्ञानिक शुभांशु शुक्ला की अभूतपूर्व सफल अंतरिक्ष यात्रा के उपलक्ष में उन्हें बधाई देते हुए केक काटा गया तथा शुभांशु के नाम पर विद्यालय में बेल वृक्ष का पौधा भी रोपा। इस अवसर पर डॉ हरीशंकर पटेल ने कहा कि विश्व अंतरिक्ष के इतिहास में शुभांशु शुक्ला ने वह कर दिखाया, जो अब तक कोई नहीं कर सका, इससे पूरा भारत अपने गगनजीत वैज्ञानिक पर गर्व अनुभव कर रहा है। सुधीर मिश्र ने बच्चों का आह्वान करते हुए कहा कि आप भी अपनी पढ़ाई इतनी लगन से करें कि एक दिन इसी तरह आपके माता पिता और देश का नाम भी रोशन हो। प्रधान अध्यापक मंजुलता राजपूत ने अपने विद्यालय में बधाई आयोजन करने के लिए दोनों समाजसेवियों का आभार जताया। सहा.अध्यापक बेबी कुमारी, कार्तिकेय वर्मा, प्रशिक्षु रुचि, अभिभावक सरला देवी, अशोक कुमार, रवि बाबू, ललिता देवी और छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

### श्रमिकों का कराया गया पंजीयन



**इटावा, जसवंतनगर, अवधनामा ब्यूरो।** कैस्त में जीरो पॉवर्टी के अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के लिए सैकड़ा भर से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कराया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अशोक कुमार पांडेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड के अंतर्गत 40 प्रकार के श्रमिकों को उनके हितार्थ संचालित योजनाओं के लाभ दिलाने के लिए सैकड़ा भर से अधिक श्रमिकों का पंजीयन किया गया। गरीब श्रमिको को उनकी बेटियों के शादी विवाह हेतु तथा दुर्घटना बीमा लाभ हेतु आर्थिक सहायता का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में भी इस तरह के शिविर लगाकर श्रमिकों के पंजीयन कराए जा रहे हैं। इस दौरान श्रम विभाग की ओर से फैजल व विपिन तथा समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य उपस्थित रहे। जन सेवा श्रमिक स्वाभिमान समिति के अध्यक्ष मन्नालाल माहौर व सचिव सुरेंद्र सिंह तथा अन्य पदाधिकारियों ने सहयोग प्रदान किया।

# फर्जी एसडीएम बनकर लूट की घटना करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में इटावा पुलिस थाना सैफई पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस टीम ने फर्जी एसडीएम बनकर लूट की घटना कारित करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार किये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रेसवार्ता में बताया क्षेत्राधिकारी सैफई राम गोपाल शर्मा के नेतृत्व में थाना सैफई पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस टीम थाना क्षेत्रान्तर्गत हैवरा कोठी के पास भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि दो व्यक्ति हैवरा बाईपास पर घूम रहें हैं, जो संदिग्ध प्रतीत हो रहे है तथा किसी घटना को अन्जाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना सैफई पुलिस द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर दो व्यक्तियों अमर पाण्डेय पुत्र इन्द्र कुवर पाण्डेय निवासी ग्राम बेलवा विन्होनी भीखमपुर थाना बलरामपुर देहात जनपद बलरामपुर, रामाधीन पुत्र रामदेव निवासी समदा थाना कोतवाली देहात जनपद बलरामपुर को हैवरा बाईपास से करहल बाईपास जाने वाले रास्ते के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये दोनो व्यक्तियों के कब्जे से 2 तमंचा 315 बोर, 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर, स्कॉर्पियो गाडी यूपी 32 पीटी 0932, पर्स काले रंग का, 2 क्रेडिट/डेबिटकार्ड, आधार कार्ड, 4000 रुपये नकद बरामद हुए। आरोपियों ने बताया 11 जुलाई 2025 हम दोनों ने ब्ला-ब्ला एप के माध्यम से अपनी स्कॉर्पियो गाडी में लखनऊ से फिरोजाबाद तक के लिए एक सवारी को बैठाया था तथा थाना सैफई क्षेत्र के लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर 105 के पास तमंचों से डरा धमका कर उस सवारी का मोबाइल व पर्स लूट लिया था, पर्स में मिले रुपयों को हमने आपस में बांट लिया। आरोपी अमर पाण्डेय ने बताया कि वह दिल्ली में रहरकर यूपीएससी की तैयारी की थी तथा वह यूपीएससी की परीक्षा में सफल नही हो सका और स्वयं को आईएएस प्रोबेशनरी बताने लगा जिसका फर्जी कूटरचित लेटर यूपीएससी आयोग भी तैयार कर लिया था।

## टॉपर विद्यार्थियों के सम्मान व संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद परिसर स्थित केन्द्रीय विद्यालय, डीएवी पब्लिक स्कूल एवं सेंट जोसेफ विद्यालय के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन शिवालिक अतिथिगृह में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव द्वारा परंपरागत रूप से किया गया। सर्वप्रथम उन्होंने सभी टॉपर विद्यार्थियों का रोजबड देकर अभिनंदन किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों को विशेष प्रस्तुतीकरण के माध्यम से साझा किया गया। कार्यक्रम की विशेषता 'खुले मंच संवाद सत्र' रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने परियोजना प्रमुख से अपने जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे। श्रीवास्तव ने सभी प्रश्नों का सहज, प्रेरणात्मक उत्तर देते हुए विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। समारोह के दौरान सभी टॉपर विद्यार्थियों को मेमेंटों प्रदान कर सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं में सेंट जोसेफ विद्यालय की मैत्रयी ने 95.6 प्रतिशत, डीएवी के सुमित केशरी ने 95.2 प्रतिशत एवं केन्द्रीय विद्यालय के मोहित कुमार ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

# कचहरी में दोपहिया वाहनों के अनाधिकृत प्रवेश रोकने की मांग

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** कचहरी में दुपहिया वाहनों के अंधाधुंध अनधिकृत प्रवेश और अन्य सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राजस्व अधिवक्ता एसोसिएशन उ.प्र., जिला इटावा ने गुरुवार को जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर इस पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष शिव किशोर दुबे एडवोकेट ने साथी अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल के साथ जाकर जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला से भेंट की और उन्हें प्रार्थना पत्र देते हुए मांग की कि कचहरी में इन दिनों दोपहिया वाहनों का भारी संख्या में अनाधिकृत प्रवेश होने के चलते ये वाहन सड़कों पर और वकीलों के बस्तों आदि के सामने आड़े तिरछे खड़े हो जाते हैं, जिससे अधिवक्ताओं को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है, तथा आए दिन वाद-विवाद झगड़ों की नौबत बन जाती है, इसके अलावा इन अवैध वाहनों से आकर कोई अपराधी बदमाश कचहरी में कभी कोई विस्फोट आदि कर आसानी से निकल सकता है, जो प्रशासन के लिए गंभीर चुनौती पैदा करेगा। इसलिए हमारी मांग है कि कचहरी परिसर में इन अनाधिकृत दोपहिया वाहनों का प्रवेश रोककर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। इसके साथ ही श्री दुबे ने एसोसिएशन की ओर से एसडीएम सैफई पर कदाचार का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ न्यायिक जांच कराए जाने की भी मांग की है। इस अवसर पर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रवींद्र बाबू त्रिपाठी रमन एडवोकेट, यज्ञदत्त श्रीवास्तव एडवोकेट, रामेंद्र मिश्रा एडवोकेट, शैलेन्द्र सविता एडवोकेट आदि साथ रहे।

## नपा अध्यक्ष ने सभासदों में वितरित किया इलेक्ट्रिक लाइटें



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** आदर्श नगर पालिका परिषद में समाहित गांवों में प्रकाश के लिए वृहस्पतिवार को अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने ईओ मुकेश कुमार चौधरी के साथ इलेक्ट्रिक लाइट वितरित किया। इस दौरान अध्यक्ष ने सभी सभासदों में 40-40 इलेक्ट्रिक लाइटें वितरित कीं। नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि नपा क्षेत्र में विस्तारितकरण से करीब 15 नए वार्ड जुड़े हैं। समाहित वार्डो में प्रकाश की समूचित व्यवस्था न होने से वार्डवासियों को रात में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जनहित की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए उक्त वार्डो में प्रकाश के लिए सभासदों को 40-40 इलेक्ट्रिक लाइटें वितरित किया गया है। सभासद अपने-अपने वार्डो में लाइटें लगवाएंगे। इस मौके पर जेई राजकुमार, सभासद राकेश कुमार, मनोज चौबे, ओम प्रकाश, गायत्री, अनवर अली, अशोक कुमार, चंद प्रकाश दूबे, भैया लाल, हीरावती, सितारा के अलावा अजीत सिंह, विमलेश कुमार, राजीव कुमार, संत सोनी आदि मौजूद रहे।

## वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न




**सोनभद्र/रेणुकूट, अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 13-जुलाई 2025 लायंस क्लब रेणुकूट द्वारा पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत मुर्धवा स्थित लायन सदस्य सियाराम सिंह जी के प्लॉट पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे पास डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन वीरेन्द्र गोयल, मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन लायन श्री रविंद्र सागर जी अपनी धर्मपत्नी के साथ, क्लब अध्यक्ष लायन रोबिन श्रीवास्तव, सचिव लायन बृजेश जैसवाल, कोषाध्यक्ष लायन नवीन जोशी, पास्ट प्रेसिडेंट लायन संजय सक्सेना, मेज़बान लायन सियाराम सिंह, एवं वरिष्ठ सदस्य लायन सुनील दुबे, लायन सुनील अग्रवाल सहित अनेक लायन सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना एवं समाज को हरा-भरा बनाने की दिशा में जन-जागरूकता फैलाना था। क्लब द्वारा ÷क्योंकि साँसे हो रही हैं कम, आओ पेड़ लगाएं हम÷ के संदेश के साथ सतत प्रयास किए जा रहे हैं। लायंस क्लब रेणुकूट ने संकल्प लिया है कि अधिकाधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित एवं संतुलित बनाया जाएगा।

## एनसीएल के निगाही स्थित डीपीएस में एक्सटेंशन बिल्डिंग का हुआ उद्घाटन

**सोनभद्र/सिंगरौली।** सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने गत बुधवार को निगाही परियोजना स्थित डीपीएस एक्सटेंशन बिल्डिंग का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबन्धक (निगाही), सुमन सौरभ, स्टाफ अधिकारी (मानव संसाधन), गौरव वाजपेयी एवं परियोजना जेसीसी सदस्य एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी व विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे। वर्तमान में एनसीएल की निगाही परियोजना स्थित डी. पी. एस. विद्यालय में 1440 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

# एनसीएल की 40वीं वार्षिक आम बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता




- भौतिक व वित्तीय मानकों पर वित्त वर्ष 2024ङ्क25 में कंपनी ने किया शानदार प्रदर्शन
- वित्त वर्ष 24-25 में नई सीएसआर पहलों से सिंगरौली परिक्षेत्र के समेकित विकास को मिला नया बल

**सोनभद्र/सिंगरौली।** गुरुवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की 40वीं वार्षिक आम बैठक सिंगरौली स्थित मुख्यालय में सम्पन्न हुई। इस दौरान बैठक में एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पी. एम. प्रसाद, एनसीएल सीएमडी बी. साईराम, निदेशक (मानव संसाधन) कोल इंडिया, विनय रंजन, एनसीएल के निदेशक (मानव संसाधन), मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीक) सुनील प्रसाद सिंह, कंपनी सचिव (कोल इंडिया) बी. पी. दूबे, कंपनी सचिव (एनसीएल) सुशांत पांडा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पी. एम. प्रसाद ने एनसीएल की कार्य संस्कृति को अनुकरणीय बताते हुए इसे कोल इंडिया की उत्कृष्ट कंपनी बताया व वित्त वर्ष में शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

इसके साथ ही उन्होंनें सभी कर्मियों से राष्ट्र की ऊर्जा आत्मनिर्भरता के आलोक में सुरक्षित संचालन के साथ निरंतर योगदान देने का आह्वान किया। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कंपनी की गतिविधियों व प्रदर्शन का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। एनसीएल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोयला उत्पादन, प्रेषण, अधिभार हटाव जैसे भौतिक पैमानों के साथ वित्तीय मानकों पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर एनसीएल सीएमडी बी. साईराम ने कंपनी की इस वर्ष की सफलताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनसीएल ने वित्त वर्ष 2024-25 में 139 मिलियन टन कोयला उत्पादन, 137.70 मिलियन टन कोयला प्रेषण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वर्ष 2024-25 में एनसीएल ने देश की ऊर्जा आकांक्षाओं के अनूरूप अपने कुल प्रेषण का लगभग 86 प्रतिशत (118.51 मिलियन टन) कोयला बिजली क्षेत्र को प्रेषित किया है। शेयरहोल्डर्स को संबोधित अपने संदेश में एनसीएल, सीएमडी श्री साईराम ने कहा कि एनसीएल पर्यावरण अनुकूल पद्धतियों के साथ सतत खनन के लिए प्रतिबद्ध है और वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी ने 84प्रतिशत से अधिक कोयला हरित माध्यमों से प्रेषित किया है। इतना ही नहीं कंपनी ने वित्तीय मानकों पर भी अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है जिसके तहत कंपनी का सकल टर्नओवर वित्त वर्ष 2024-25 में 35,138.09 करोड़ रुपये रहा है। साथ ही कंपनी का कर पूर्व लाभ 12,803.13 करोड़ रुपये व कर उपरांत लाभ 9,583.29 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने वर्ष 2024-25 में शेयरहोल्डर्स को 4,038.02 करोड़ रुपये का लाभांश भी दिया है। एनसीएल ने एमओयू लक्ष्य 2170.00 करोड़ रुपये के मुकाबले 3,289.56 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया है।

# लगातार बारिश से सोन नदी उफान पर, डेंजर लेवल पार

- नदी किनारे बसे लोगों का नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने जाना हाल

अवधनामा संवाददाता



**चोपन/सोनभद्र।** क्षेत्र में बीते कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते सोन नदी का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे तटीय इलाकों में स्तिथि चिंताजनक बनी हुई हैं। नदी का पानी अब धिरे धिरे किनारे के रिहायशी क्षेत्रों की ओर बढ़ रहा है, जिससे स्थानीय लोग सतर्क हो गए हैं। इसी बीच, नदी के किनारे स्थित रेलवे मोटर रूम में पानी भर गया है, जिससे रेलवे कालोनियों में पानी सप्लाई बाधित हो सकती है रेलवे कर्मचारी मोटर रुम से मोटर निकाल कर सुरक्षित स्थान पर रख दिए हैं बताया कि यदि जलस्तर और बढ़ा तो पानी सप्लाई बाधित हो सकती है वहीं नदी के जलस्तर बढ़ने की सूचना मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली मौके पर पहुंचे और नदी किनारे बसे लोगों से बातचीत कर उनकी स्थिति जानी। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने की अपील की और भरोसा दिलाया कि प्रशासन हर स्थिति पर नजर बनाए हुए है। इस संबंध में जलनिगम के कुशल कार्य सहायक रामनरेश ने बताया कि नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और यह खतरे के निशान से ऊपर पहुंच चुका है। समाचार लिखे जाने तक नदी का गेज 171.580 मीटर दर्ज किया गया है। प्रशासन द्वारा जलस्तर की लगातार निगरानी की जा रही है और आवश्यकतानुसार राहत व बचाव कार्यो की तैयारी की भी जा रही है। नगर पंचायत ने भी तटीय इलाकों में अलर्ट जारी कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।स्थिति गंभीर बनी हुई है, ऐसे में आमजन से अपील है कि अनावश्यक रूप से नदी के पास जाने से बचें और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को तुरंत सूचित करें।

# कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर द्वारा कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के सभागार में एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

यह आयोजन जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेंद्र कुमार पांडेय ने PCPNDT एक्ट और इससे संबंधित दंडात्मक प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह बेटा-बेटी में भेदभाव न करे और न ही दूसरों को इसके लिए प्रेरित करे। उन्होंने जोर देकर कहा कि बेटा और बेटी दोनों समान हैं। बेटी भी वही कार्य कर सकती है, जो बेटा करता है, बल्कि कई बार वह इसे और बेहतर तरीके से कर सकती है। इसलिए, गर्भ से पहले या गर्भ के दौरान भ्रूण के लिंग परीक्षण को किसी भी स्थिति में नहीं करना चाहिए। हर शिशु को इस दुनिया में समान अवसर मिलना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी गीतम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एस.पी. गुप्ता, PCPNDT एक्ट के नोडल अधिकारी अनूप कुमार, लीगल डिफेंस काउंसिल आनंद सक्सेना, समाजसेवी जलीस खान, पी.एम.वी. प्रमोद कुमार, छाया, आशा बहुएं और अन्य लोग उपस्थित रहे। अन्य वक्ताओं ने भी PCPNDT एक्ट के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। यह शिविर समाज में जागरूकता फैलाने और कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध को रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

# स्वच्छता में इतिहास, लखनऊ बना देश का तीसरा सबसे स्वच्छ शहर



- भारत सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2024-25 में दिखी नए भारत के नए उ0प्र0 की झलक
- उ0प्र0 कई श्रेणियों में हुआ पुरस्कृत
- देश के प्रथम तीन स्वच्छतम बड़े नगरों में पहले एक भी नगर नहीं, लखनऊ पहली बार हुआ शामिल
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कर-कमलों से तीसरे स्थान के लिए लखनऊ को मिला 'प्रेसीडेंशियल एवार्ड'
- प्रथम दस स्वच्छतम नगरों में पहले एक भी नगर नहीं था, अब दो हैं लखनऊ और आगरा
- प्रथम 25 स्वच्छतम नगरों में पहले एक नगर था, अब हैं सात- लखनऊ, आगरा, गाजियाबाद, प्रयाग, कानपुर, वाराणसी, मेरठ
- कम जनसंख्या वाले स्वच्छतम नगरों में यूपी के अनेक नगरों ने बनाया स्थान, कूड़ा मुक्त शहर (जीएफसी) की संख्या बढ़कर 43 हुई

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ ने स्वच्छता के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए देश के तीसरे सबसे स्वच्छ शहर का गौरव प्राप्त किया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लखनऊ नगर निगम को राष्ट्रीय 'प्रेसीडेंशियल अवार्ड' से सम्मानित किया। भारत सरकार के स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार 2024-25 में नए भारत के नए उ0प्र0 की झलक दिखाई दी। इस वर्ष उ0प्र0 कई श्रेणियों में पुरस्कृत हुआ। देश के प्रथम तीन स्वच्छतम नगरों में पहले एक भी नगर नहीं था, लखनऊ पहली बार शामिल हुआ। प्रथम 10 स्वच्छतम नगरों में भी पहले एक भी नगर नहीं था, अब इसमें लखनऊ और आगरा भी शामिल हैं। प्रथम 25 स्वच्छतम नगरों में पहले उ0प्र0 का मात्र एक नगर शामिल था, अब इसकी संख्या 07 है-लखनऊ, आगरा, गाजियाबाद, प्रयाग, कानपुर, वाराणसी व मेरठ है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए स्वच्छ भारत मिशन के दूरदर्शी दृष्टिकोण और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिबद्धता व कार्य संस्कृति का प्रतिफल है। उत्तर प्रदेश में नगरीय स्वच्छता को एक जन आंदोलन के रूप में परिवर्तित करने में मुख्यमंत्री जी का अहम योगदान रहा है जिन्होंने प्रत्येक शहर को साफ सुथरा और सुंदर बनाने की दिशा में स्पष्ट लक्ष्य और संसाधन प्रदान किए।

लखनऊ ने इस वर्ष लंबी छलांग लगाते हुए पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि विशेष रूप से नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा के कुशल नेतृत्व, सशक्त निर्णयों तथा सतत निरीक्षण एवं मार्गदर्शन का प्रत्यक्ष परिणाम है। शर्मा के कुशल पर्यवेक्षण, सरलता, त्वरित निर्णय शक्ति व दूरदर्शिता के चलते लखनऊ ने विगत वर्ष की रैंकिंग (44 वाँ स्थान) से सीधा शीर्ष तीन में स्थान बनाया। उनके त्वरित निर्णय लेने की शक्ति से लखनऊ ने स्वच्छता के क्षेत्र में न केवल राज्य में बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर एक अनुकरणीय मॉडल प्रस्तुत किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष की रैंकिंग में 44वें स्थान पर रहा लखनऊ इस बार चरणबद्ध योजना, तकनीकी नवाचार और जनसहभागिता के माध्यम से सीधे शीर्ष तीन में पहुंचा है। नगर निगम द्वारा कूड़ा प्रबंधन को लेकर अपनाई गई डिजिटल निगरानी प्रणाली, कचरा पृथक्करण एवं शिवरी वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट पर किए जा रहे प्रभावी निस्तारण कार्यों को देश-विदेश में सराहा गया है। ए. के. शर्मा ने इस ऐतिहासिक सफलता पर लखनऊ की जनता, निगम प्रशासन, सफाई कर्मियों एवं स्वच्छता योद्धाओं को बधाई देते हुए कहा- यह सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की 'स्वच्छ भारत' संकल्पना और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित उत्तर प्रदेश की स्वच्छता नीति की बड़ी सफलता है। लखनऊ ने यह सिद्ध कर दिया है कि इच्छाशक्ति, पारदर्शिता और जनसहभागिता से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# मौसम विभाग ने जारी किया भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में मानसूनी बारिश कहीं राहत तो कहीं आफत जारी है। बीते कई दिनों से प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में रुक रुक हो रही बारिश से अब जनजीवन अस्त व्यस्त होने लगा है। मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए विंध्य और बुंदेलखंड के बांदा, चित्रकूट, ललितपुर, झांसी समेत कुल 11 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 19 अन्य जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है। वहीं, 58 जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका प्रकट की गई है। इससे पहले बुधवार को सुल्तानपुर, वाराणसी, प्रयागराज और विंध्य क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार झारखंड के आसपास एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना है जो पूर्वी उप्र. की ओर बढ़ रहा है। गुरुवार को विंध्य , बुंदेलखंड और दक्षिण उप्र. में जोरदार बारिश संभव हैं।

## राज्य परिवहन प्राधिकरण उ0प्र0 की बैठक आगामी 07 अगस्त, 2025 को होगी

**लखनऊ।** राज्य परिवहन प्राधिकरण उ0प्र0 की बैठक आगामी 07 अगस्त, 2025 को अपराह्न 02:00 बजे परिवहन आयुक्त कार्यालय, उ0प्र0 टेहरी कोठी, लखनऊ के सभागार कक्ष में आयोजित की जायेगी। यह जानकारी राज्य परिवहन प्राधिकरण के सचिव सगीर अहमद अंसारी ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में परमिटों के नवीनीकरण तथा हस्तान्तरण हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्रों, नये परमिट के आवेदन पत्रों, मोटरयान अधिनियम-1988 की धारा-86 के अंतर्गत परमिटों को निरस्त/निलंबित करने, मथुरा-भरतपुर व गोवर्धन-भरतपुर मार्ग पर लंबी अवधि के असंचालित परमिटों को निरस्त करने की कार्यवाही एवं अन्य तात्कालिक प्रकरणों पर विचार किया जायेगा। उक्त बैठक में उ0प्र0 व बिहार राज्य के मध्य हुए पारस्परिक परिवहन समझौता-2016 एवं उ0प्र0 व उत्तराखंड राज्य के मध्य हुए पारस्परिक परिवहन समझौता-2018 के अंतर्गत बलिया, बक्सर वाया बरेली बार्डर मार्ग पर 04 एवं नगीना काशीपुर वाया धामपुर अफजलगढ़ मार्ग पर 14 स्थाई सवारी गाड़ी परमिट हेतु रिक्तियों के सापेक्ष आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं।

# काकोरी रजबहे पर चला बुलडोजर

- 15 अवैध पुलिया ध्वस्त



अवधनामा ब्यूरो

**काकोरी लखनऊ।** दुबग्गा क्षेत्र में काकोरी रजबहे पर प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा अवैध रूप से बनाई गई दर्जनों पुलियों पर गुरुवार को सिंचाई विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें ध्वस्त कर दिया। इस ध्वस्तीकरण अभियान के दौरान सिंचाई विभाग के एसडीओ स्पर्श अग्रवाल, अवर अभियंता विवेक गुप्ता सहित अन्य अधिकारी और पुलिस बल मौजूद रहा।

शारदा नहर से निकलने वाले काकोरी रजबहे पर सराय प्रेमराज, महिपतमऊ और लालनगर में प्रॉपर्टी डीलरों ने सिंचाई विभाग की अनुमति के बिना ही अवैध रूप से सीमेंट पाइप डालकर पुलियों का निर्माण कर लिया था। इन अवैध पुलियों के कारण न केवल जल प्रवाह बाधित हो रहा था बल्कि सरकारी भूमि पर भी अतिक्रमण हो रहा था।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार, लालनगर से महिपतमऊ के बीच लगभग एक किलोमीटर की दूरी में कुल 14 अवैध पुलियां बनी हुई थीं। इनमें से प्रॉपर्टी डीलर चांद ने अकेले छह पुलिया बनाकर रास्ता तैयार कर लिया था। इसके अतिरिक्त, लालनगर में काकोरी रजबहा और लालनगर माइनर के मुहाने पर प्रॉपर्टी डीलर सगीर अहमद ने भी अवैध पुलिया बना ली थी। यह गौरतलब है कि सगीर अहमद द्वारा बनाई गई पुलिया को सिंचाई विभाग ने एक बार पहले भी ध्वस्त किया था, लेकिन इसके बावजूद उसने दोबारा उसका निर्माण करा लिया था। एसडीओ स्पर्श अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान के तहत काकोरी रजबहा पर अवैध रूप से बनी कुल पंद्रह पुलियों का ध्वस्तीकरण किया गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अवैध निर्माण करने वाले सभी प्रॉपर्टी डीलरों की पहचान की जा रही है और उन्हें जल्द ही नोटिस जारी किए जाएंगे। सिंचाई विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसे अवैध निर्माणों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को मिलेगा सेवा विस्तार,

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और 1988 बैच के आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह को सेवा विस्तार मिल सकता है। सूत्रों के अनुसार प्रदेश सरकार ने केंद्र को पत्र लिखकर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के सेवा विस्तार का अनुरोध किया है। सिंह का 31 जुलाई, 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इनको दुर्गा शंकर मिश्रा की सेवानिवृत्ति के बाद 30 जून, 2024 को राज्य के शीर्ष पद पर नियुक्त किया गया था।

रअसल मनोज कुमार सिंह से पहले यूपी के मुख्य सचिव रहे पूर्व आईएएस दुर्गाशंकर मिश्रा को दो बार एक-एक साल के लिए और तीसरी बार छह महीने के लिए सेवा विस्तार मिला था। इस तरह उनको ढाई साल का सेवा विस्तार मिला। माना जा रहा है कि यूपी के बुनियादी ढाँचे और औद्योगिक विकास में सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका के साथ-साथ राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में उनके योगदान को लेकर सरकार ने केंद्र से विस्तार का आग्रह किया है।

# डिजिटल अरेस्ट : साइबर थाने की पैरवी से पहली बार हुई ठग को सजा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** साइबर अपराधियों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। साइबर क्राइम थाने के इंस्पेक्टर व उनकी टीम प्रभावी पैरवी से देश में डिजिटल अरेस्ट के मामले में पहली बार किसी ठग को कोर्ट ने सजा सुनाई है। लखनऊ के केजीएमयू की डॉ. सौम्या गुप्ता को दस दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर 85 लाख रुपये ठगने वाले आरोपी देवाशीष राय को विशेष सीजेएम न्यायालय कस्टम अमित कुमार की कोर्ट ने सात वर्ष की कठोर कारावास और 68 हजार रुपये का अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपी मई 2024 से जेल में बंद है।

इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाना बृजेश कुमार यादव के मुताबिक महानगर इलाके के इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट में रहने वाली डॉ. सौम्या गुप्ता केजीएमयू में तैनात है। डॉ. सौम्या ने 1 मई 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। डॉ. सौम्या के मुताबिक 15 अप्रैल को उनके पास कॉल आई। कॉल करने वाले कहा कि वह दिल्ली के इंदिरागांधी एयरपोर्ट के कस्टम विभाग से बोल रहा है। आपके नाम से कारगो बुक किया गया है। जिसमें फर्जी पासपोर्ट व ड्रग्स है।

कहा कि कॉल सीबीआई अधिकारी को ट्रांसफर की जा रही है। साथ ही जेल भेजने की धमकी दी। जाल में फंसाने के बाद 85 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिये। एक मई को रिपोर्ट दर्ज करने के बाद साइबर क्राइम थाने की टीम ने खाते में छह लाख रुपये फ्रीज करा दिये। इसके बाद पांच दिन के अंदर ही आरोपी देवाशीष राय को गोमतीनगर विस्तार स्थित मंदाकिनी अपार्टमेंट से गिरफ्तार कर लिया। देवाशीष मूलतः आजमगढ़ के मसौना का रहने वाला है। उसने एमसीए की शिक्षा ग्रहण की है। 14 माह से जेल में बंद है आरोपी = इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाना बृजेश कुमार यादव के मुताबिक आरोपी देवाशीष राय को पांच मई को गिरफ्तार किया गया।

# वेतन कटौती से भड़के मीटर रीडर, सड़क पर उतरे, कंपनी पर गंभीर आरोप



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मेसर्स इन्वेन्टिव सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस प्रा. लिमिटेड, गोमतीनगर, लखनऊ पर गंभीर आरोप लगाते हुए सभी पावर हाउस के मीटर रीडर आज सड़क पर उतर आए। जून 2025 के वेतन में भारी कटौती से नाराज इन रीडरों ने अपना विरोध दर्ज कराया।

मीटर रीडरों का कहना है कि उन्हें 11,300 रुपये का वेतन बताया गया था, लेकिन भुगतान के रूप में उन्हें केवल 4,500, 5,000, 6,700 और 7,200 रुपये जैसे कम भुगतान मिले हैं। इस अप्रत्याशित कटौती से गुस्साए सभी मीटर रीडर आउटर रिंग रोड पर एफसीआई गोदाम पुल के नीचे हड़ताल पर बैठ गए।

हड़ताल पर बैठे मीटर रीडरों ने अपनी परेशानी बयां करते हुए कहा, 5,000 रुपये में हम अपना परिवार चलाएंगे या गाड़ी का पेट्रोल खर्च करेंगे? उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले वे जिस कंपनी में कार्यरत थे, वहां भी उनके 20,000 रुपये रोक लिए गए थे, जिसका आज तक कोई समाधान नहीं हुआ है।

मीटर रीडरों ने साफ कर दिया है कि जब तक उन्हें पूरा और बताया गया वेतन नहीं मिलता, तब तक वे अपना काम दोबारा शुरू नहीं करेंगे। इस संबंध में जोनल मैनेजर, सर्किल इंचार्ज, इन्वेन्टिव सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस प्रा. लिमिटेड के साथ-साथ विद्युत वितरण खंड दुबग्गा के सुपरवाइजर को भी उनकी मांगों से अवगत करा दिया गया है। अपनी मांगों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए मीटर रीडरों ने बड़ी संख्या में प्रार्थना पत्रों पर हस्ताक्षर भी किए हैं।

## निदेशक होम्योपैथी प्रो. अरविंद कुमार वर्मा पर गिरी गाज


अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने बड़ी कार्रवाई करते हुए निदेशक होम्योपैथी प्रो. अरविंद कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया है। विगत दिनों हुए ट्रांसफर-पोस्टिंग में अनियमिताओं को लेकर प्रो. वर्मा पर गंभीर आरोप लगे थे। जानकारी मिलने पर मंत्री ने सभी ट्रांसफर निरस्त कर दिए थे और जांच के आदेश दिए थे।

जांच में और भी अनियमितताएं आई सामने। इस पूरे मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मिले थे आयुष मंत्री डॉ दयालु। सूत्रों की माने तो निदेशक वर्मा खुद को बचाने के लिए खूब हाथ-पैर मारे। लेकिन मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते नहीं बच पाए निदेशक होम्योपैथी। विभाग को अब जल्द मिलेगा नया निदेशक।

# हजयात्रा नियमो में बड़ा बदलाव

- अब 12 साल से कम उम्र के बच्चों को यात्रा की अनुमति नहीं, रोगी भी नहीं कर पाएंगे आवेदन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हज कमेटी ऑफ़ इंडिया ने हज के नियमों में बदलाव करते हुए हज-2026 की एडवायजरी जारी कर दी है। इस एडवायजरी के अनुसार अब 12 साल तक के बच्चे और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोग हजयात्रा पर नहीं जा सकेंगे।

दरअसल सऊदी अरब सरकार ने ही 12 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए हज पर आने की रोक लगाई है इसलिए हज कमेटी ऑफ़ इंडिया ने कहा है कि 12 साल तक के बच्चे और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोग हज के लिए आवेदन ही न करें। गंभीर बीमारियों में कैंसर, टीबी, गुर्दे और सांस के रोगियों को शामिल किया गया है।

हज कमेटी ऑफ़ इंडिया के अनुसार 12 से 18 साल तक की उम्र के बच्चों के आवेदन अगर मां-बाप के साथ आये हैं तो उन्हें स्वीकार किया जाएगा लेकिन अगर 18 साल की उम्र का कोई आवेदक अकेले हज पर जाने के लिए आवेदन कर रहा है तो उसे अपने मां-बाप या कानूनी अभिभावक से अनुमति लेनी होगी।

राज्य हज समिति के सचिव एसपी तिवारी ने बताया कि हज-2026 की जो पालिसी है उसके मुताबिक़ हज कमेटी के जरिये व्यक्ति जीवन में एक बार ही हज यात्रा के लिए आवेदन कर सकता है लेकिन 65 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग दोबारा भी हज के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## सड़कों की लागत में और आयेगी कमी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा पीएमजीएसवाई की सड़को के निर्माण में एफ डी आर तकनीक के विभिन्न पहलुओं पर लगातार अनुश्रवण किया जाता रहा है। एफ डी आर बेस की लागत को और कम करने व गुणवत्ता उच्च कोटि की बनाये रखने के बारे में उप मुख्यमंत्री द्वारा विश्लेषण किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। मौर्य के निर्देशो के क्रम में सड़क निर्माण कार्यो के तकनीकी विशेषज्ञो, संस्थाओं आदि के विश्लेषण व अध्ययन के बाद एफ डी आर बेस के निर्माण मे प्रस्तुत दरों में लगभग एक हजार रूपये प्रति घनमीटर की कमी आने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया है। पूर्व के प्रस्तावो मे प्रयुक्त की गयी एफ डी आर बेस की दर रू 3760.00 के स्थान पर एनालिसिस के अनुसार आगणित दर रू 2784.00 प्रति घनमीटर किये जाने के उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के प्रस्ताव को उप मुख्यमंत्री द्वारा सहमति /अनुमोदन प्रदान किया गया है।

## समूचे भारत में सपनों को साकार करने के लिए पीएनबी ने देशव्यापी मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया




**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** सार्वजनिक क्षेत्र में भारत के अग्रणी बैंकों में से एक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने देश भर में 130 से अधिक स्थानों पर सपने कई, मंज़िल एक की थीम के साथ एक मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल को लोगों को बैंकिंग के करीब लाकर विविध वित्तीय आवश्यकताओं के मुताबिक रिटेल ऋण उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला तक तत्काल पहुँच प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था। इस आउटरीच में पीएनबी के शीर्ष प्रबंधन की सक्रिय भागीदारी रही, जिसमें एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र ने कोलकाता में इस अभियान की अगुवाई की और कार्यपालक निदेशक गणों व कारपोरेट कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर हिस्सा लिया जो वित्तीय समावेशन और ग्राहक-फर्स्ट बैंकिंग के प्रति बैंक की गहरी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

**कार्यक्रम के आकर्षण:** ऋणों की पेशकश: आवास, वाहन, शिक्षा, बंधक ऋण और रूफटॉप सौर ऊर्जा प्रणाली के लिए ऋण

**ग्राहक सुविधा:** मौके पर परामर्श, तत्काल पात्रता जांच और सैद्धांतिक स्वीकृति

**खास लाभ:** आकर्षक ब्याज दरें और चुनिंदा रिटेल उत्पादों के लिए प्रोसेसिंग शुल्क पर 100 प्रतिशत की छूट

**पहुंच के स्थल:** हमारे पीएनबी वन ऐप के जरिए और देश भर में भौतिक आउटरीच केंद्रों पर निर्बाध सेवा

इस पहल के बारे में टिप्पणी करते हुए एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र ने कहा: पीएनबी का मेगा रिटेल आउटरीच प्रोग्राम बैंकिंग को अधिक सुलभ, समावेशी और जवाबदेह बनाने के हमारे मिशन का एक प्रमाण है। चाहे वह किसी को घर खरीदने, शिक्षा प्राप्त करने, या सतत ऊर्जा में निवेश करने में मदद करना हो, हमें लाखों लोगों के सपनों को सहारा देने पर गर्व है। पूरे भारत के ग्राहकों से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया हमें नवाचार करते रहने और मूल्य प्रदान करने के लिए प्रेरित करती है।

# हर एक आंख में अश्के अज़ा सजाना है

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अंजुमन नासिरुल अज़ा की चार दिवासीय 150 साला शब्बेदारी का आगाज असगर विला कश्मीरी मोहल्ला में हो गया। शब्बेदारी की मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि वह नुसरत जो कर्बला के 72 ने की थी न वो 10 मोहर्रम से पहले हुई और न जहूर ए इमाम से पहले होगी।

मौलाना ने कहा कि ऐसी शानदार व यादगार शब्बेदारी लखनऊ की तारीख में नहीं देखी। उन्होंने का कि इमाम की नजर में जो नौहे पढ़े,जो मर्सिये कहे और जो गमे हुसैन में रोये वो नासिरुल अजा है। नासिरुल आज का मतलब है अजादारी की नुसरत करने वाला। शब्बेदारी में अंजुमन गुंचाए मजलुमिया ने अंजुमन के शायर हैदर रिजवी का लिखा सलाम चरागे इश्क से दुनिया को जगमगाना है, हर एक आंख में अश्के अजा सजाना है पढ़ा तो लोगों ने खूब दाद दी। सलाम की धुन धुनसाज गजन्फर हुसैन पप्पू ने बनायी थी। इसके बाद शायर-ए-अहलेबैत हैदर रिजवी का लिखा नौहा तड़पके यह कहतीं थी बाली सकीना मुझे मेरे बाबा का चेहरा दिखा दो,बालाएं में लूंगी उतारूंगी सदका मुझे मेरे बाबा का चेहरा दिखा दो, पढ़ा तो अजादारों की आंखें अश्कबार हो गयीं। इसके अलावा अंजुमन शाहे इंसो जां, शब्बीरया,शमशीरे हैदरी और मुहिब्बाने हुसैन ने अपने कलाम व नौहे पेश किये।



## अंजुमन नासिरुल अजा में मेहमाने खुसूसी होंगे कल्बे जव्वाद

**लखनऊ।** अंजुमन नासिरुल अजा की असगर विला कश्मीरी मोहल्ला में हो रही150 साला चार दिवसीय शब्बेदारी में अंजुमन के मुख्य साहिबे बयाज रफीकुल हसन ने मौलाना कल्बे जव्वाद को बतौर मेहमाने खुसूसी शामिल के लिए आमंत्रित किया है।

## अंजुमन नासिरुल अजा की 150 साला शब्बेदारी

### अंजुमनों को मिले तबरुकात

शब्बेदारी में पढ़ रही अंजुमनों और उनके पदाधिकारियों दिये रहे तबरुकात जिसमे अंजुमन को तीन देगे बिरयानी सहित ,टी कंटेनर,डायरी का सेट,एक 500 ग्राम का चांदी का अलम, डोलची,पटका, फारैरा,मश्क,बयाज और जन्नतुल फिरदौस। इसके अलावा धुनसाज, शायर, अलमबरदार, नौहाख्वान (1× 2 ) और सचिव को बोन चायना का डिनर-सेट दिया जा रहा है। अलमबरदार को चांदी का नोट भी दिया जा रहा है। साथ ही अंजुमन के हर सदस्य को एक बोन चायना की प्लेट में शीरमाल भी दी जा रही है।

## मोहर्रम का दसवां का जुलूस निकाला गया



सीतापुर मोहल्ला कोट कर्बला में बृहस्पतिवार को हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में मोहर्रम का दसवां का जुलूस निकाला गया। दोपहर बाद ताजिए अपने-अपने मकामों से कर्बला की ओर रवाना हुए। जुलूस पारंपरिक मार्गों से होकर गुजरा। हजारों की संख्या में अकीदतमंद ताजिया के दर्शन करते रहे। ढोल-नगाड़ों की धुन पर अकीदतमंदों ने या हुसैन की सदाएं लगाईं। इस दौरान पारंपरिक मेले का आयोजन भी किया गया द्य जुलूस में या हुसैन- या हुसैन% के नारे गूंजते रहे। मार्ग में जगह-जगह लंगर का वितरण किया गया। सभी ताजिये शांतिपूर्ण तरीके से कर्बला पहुंचे। जहां नम आंखों से सभी ताजिए को परंपरा के अनुसार सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस अवसर पर हिंदू-मुस्लिम एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली कोट कर्बला में ऐतिहासिक 52 डंडा का भी ताजिया रखा जाता हैं जो सदियों से चला आया है और जो अपने आप में एक परंपरा का प्रतीक है इसका आयोजन कोट कर्बला के सभासद इकबाल अंसारी ने किया और मिट्टी का ताजिया भी बना के रखा जाता है जो कि गुफरान वारसी और इमरान वारसी ने रखा